सूर्योदय : 5:26
सूर्यास्त : 6:40
अधिकतम तापमान : 42.0
न्यूनतम : 28.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-339 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, मंगलवार, 21 मई 2024
12 ज़िक़ादा, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



# कांग्रेस ने 70 साल तक धारा-370 को बच्चे की तरह पालाः अमित शाह

**कटाक्ष**

- इंडी गठबंधन पर बरसे गृहमंत्री
- पीओके भारत का है और आगे भी रहेगा




**नई दिल्ली।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दिल्ली की एक चुनावी सभा में कांग्रेस, उसके नेता राहुल गांधी, मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और इंडिया गठबंधन पर तीखा हमला बोला। अमित शाह ने कहा कि दिवंगत पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित के खिलाफ भ्रष्टाचार का मामला दर्ज कराने की बात कर सत्ता हासिल करने वाले अरविंद केजरीवाल खुद ही भ्रष्टाचार में जेल चले। वहीं, कांग्रेस की भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन किया, पार्टी बनाई और आज उनके साथ गठबंधन लिया है। अमित शाह ने एलान किया कि पीओक भारत का है और आगे भी रहेगा। भाजपा की सरकार उसे लेकर रहेगी। दक्षिण दिल्ली के संगम विहार में अमित शाह ने कहा कि धारा 370 हटाने के बाद अब इंडिया गठबंधन के नेता कह रहे हैं कि पीओके की बात मत करो। पाकिस्तान का सम्मान करो। वह इसलिए कि उसके पास भी एटम बम है। लेकिन आज देश में नरेंद्र मोदी की सरकार है, हम लोग भाजपा से हैं, एटम बम से नहीं डरते हैं। पीओके भारत का है, रहेगा और हम उसे लेकर रहेंगे। अरविंद केजरीवाल पर हमला बोलते हुए अमित शाह बोले, केजरीवाल जैसा यू-टर्न लेने वाला शख्स उन्होंने आज तक नहीं देखा है। शपथ लेकर कहा करते थे कि वह राजनीति में नहीं आएंगे। लेकिन पार्टी तक बना ली। फिर कहा, कांग्रेस से समझौता नहीं करूंगा, लेकिन पहली बार उसकी मदद से मुख्यमंत्री भी बन गए। वो कहते थे दिल्ली में कांग्रेस की सरकार गिराकर उन्हें जेल में डालेंगे। आज सत्ता के लिए वो खुद कांग्रेस के साथ में चुनाव लड़ रहे हैं। सेक्युरिटी, गाड़ी, आवास नहीं लेने की बात करने वाले आज शीश महल लेकर रह रहे हैं।

### लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में 57 प्रतिशत से अधिक मतदान

# पश्चिम बंगाल में सबसे ज्यादा वोटिंग

**8 राज्यों की 49 सीटों पर मतदान खत्म**



**राजनाथ-राहुल समेत कई दिग्गजों की किस्मत ईवीएम में बंद**

**नई दिल्ली।** 2024 लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में सोमवार को 6 राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों की 49 सीटों पर मतदान खत्म हो गया है। कुल 57.80 प्रतिशत वोटिंग हुई।

सबसे ज्यादा पश्चिम बंगाल में 73.06 प्रतिशत और सबसे कम महाराष्ट्र में 49.64 प्रतिशत मतदान हुआ है। इसके अलावा ओडिशा विधानसभा के सेकेंड फेज की 35 सीटों पर 61.25 प्रतिशत, झारखंड की गांडेय विधानसभा सीट पर 68.26 प्रतिशत और लखनऊ ईस्ट सीट पर 52.2 प्रतिशत वोटिंग हुई है। उत्तर प्रदेश के महोबा में ड्यूटी के दौरान सीआरपीएफ के एक जवान की मौत हो गई। पश्चिम बंगाल के बैरकपुर और हुगली में भाजपा कैंडिडेट्स और टीएमसी समर्थकों के बीच झड़प हुई है। मुंबई में मतदान केंद्र के पास डमी ईवीएम रखने के आरोप में पुलिस ने शिवसेना के तीन कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया है। मुंबई में केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल, गुलजार, सुभाष घई, अक्षय कुमार, नाना पाटेकर, अनिल कपूर, मनोज बाजपेयी के अलावा आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास और अनिल अंबानी ने वोटिंग की। इसके अलावा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, बसपा सुप्रीमो मायावती, सतीश चंद्र मिश्रा ने लखनऊ में, राहुल गांधी के खिलाफ चुनाव लड़ रहे दिनेश प्रताप सिंह ने रायबरेली में वोट डाला। 543 लोकसभा सीटों में चौथे फेज तक 380 सीटों पर मतदान हुआ था। आज की सीटों को मिलाकर कुल 429 सीटों पर मतदान पूरा हो चुका है। बाकी 2 चरणों में 114 सीटों पर वोटिंग होनी अभी बाकी है।

### यूपी की 14 सीटों पर 57.98 प्रतिशत मतदान

लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में उत्तर प्रदेश की 14 सीटों पर मतदान हुआ। इस चरण में इन सीटों पर कुल 57.98 प्रतिशत मतदान हुआ। प्रदेश की राजधानी लखनऊ में 52.23 प्रतिशत वोटिंग हुई जबकि बाराबंकी सीट पर मतदान का प्रतिशत सबसे ज्यादा रहा। यहां पर 67.10 प्रतिशत वोटिंग हुई। लखनऊ से सटे मोहनलालगंज में 62.72 प्रतिशत, रायबरेली में 58.04 प्रतिशत, अमेठी में 54.40 प्रतिशत, जालौन में 56.15 प्रतिशत मतदान

**लखनऊ में 52.23 प्रतिशत वोटिंग, बाराबंकी सबसे आगे**

हुआ। इसी तरह झांसी में 63.70 प्रतिशत, हमीरपुर में 60.56 प्रतिशत, बांदा में 59.64 प्रतिशत, फतेहपुर में 57.05 प्रतिशत, कौशाम्बी में 52.79 प्रतिशत मतदान हुआ। इसके अलावा, फैजाबाद लोकसभा सीट पर 59.10 प्रतिशत, कैसरगंज में 55.68 प्रतिशत और गोंडा में 51.64 प्रतिशत मतदान हुआ।

## जल रही है राजधानी 11 साल बाद सबसे गर्म दिन रहा आज

**नई दिल्ली।** दिल्ली का अधिकतम तापमान सोमवार को सामान्य से चार डिग्री अधिक रहा। मौसम विभाग के मुताबिक, 11 साल बाद 20 मई के दिन पारा 44 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंचा है। इससे पहले 2013 में इस दिन अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक अधिकतम आर्द्रता का स्तर 50 फीसदी रहा। मौसम विभाग के मुताबिक आने वाले चार दिनों में मौसम शुष्क बना रहेगा, इससे अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हो सकती है। मौसम विभाग के मुताबिक नजफगढ़ इलाका सर्वाधिक गर्म रहा। यहां अधिकतम 47.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया। मुंगेशपुर में 47.1, पीतमपुरा में 46.6, जाफरपुर में 46.3, पूसा में 46 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान दर्ज किया।

# ईरान के राष्ट्रपति रईसी का निधन

**हादसा**

- भारत में एक दिन का शोक
- वाइस प्रेसिडेंट मुखबेर अंतरिम राष्ट्रपति बने



**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने हेलीकॉप्टर दुर्घटना में मारे गए ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी के सम्मान में मंगलवार को पूरे भारत में एक दिन के राजकीय शोक की घोषणा की।

पूरे भारत में उन सभी इमारतों पर राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका रहेगा, जहां इसे नियमित रूप से फहराया जाता है और राजकीय शोक की अवधि के दौरान मनोरंजन वाला कोई आधिकारिक कार्यक्रम नहीं होगा। ईरान के उत्तर-पश्चिम स्थित पर्वतीय क्षेत्र में खराब मौसम के बीच हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने की घटना में राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी, विदेश मंत्री और अन्य की मौत हो गई। गृह मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने कहा कि ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी और विदेश मंत्री हुसैन अमीर अब्दुल्लाहियन का हेलीकॉप्टर दुर्घटना में निधन हो गया। प्रवक्ता ने कहा, दिवंगत गणमान्य व्यक्तियों के सम्मान में भारत सरकार ने निर्णय लिया है कि 21 मई को पूरे भारत में एक दिन का राजकीय शोक रहेगा।'' उन्होंने बताया, ''शोक के दिन पूरे भारत में उन सभी इमारतों पर राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका रहेगा, जहां राष्ट्रीय ध्वज नियमित रूप से फहराया जाता है और उस दिन मनोरंजन वाला कोई आधिकारिक कार्यक्रम नहीं होगा। रईसी का हेलिकॉप्टर अजरबैजान की सीमा के करीब ईरान के वरजेघन शहर के पास क्रैश हुआ। यह पहाड़ी इलाका है। रेस्क्यू एजेंसियों ने भारी बारिश, कोहरे और तेज सर्दी के बीच रातभर सर्च ऑपरेशन चलाया। इस दौरान तीन बचावकर्मी भी लापता हो गए। सोमवार सुबह अजरबैजान की पहाड़ियों में हेलिकॉप्टर का मलबा मिला।

### मज़लूमों के तरफ़दार इब्राहीम रईसी



ईरानी सदर आयतुल्लाह सय्यद इब्राहीम रईसी और उनके दीगर साथियों की मौत ऐसे वक़्त में हुई है जब ईरान मज़लूम फ़लस्तीनी मुस्लमानों के लिए सहयूनी हुकूमत से नबुर्द-आज़मा है। इस हैलीकाप्टर हादिसे ने ऐसे मुजाहिदों को शहीद कर दिया जिनकी आवाज़ मज़लूमों के लिए हमेशा बुलंद रही। मरहूम ईरानी सदर रईसी ना सिर्फ एक आलिमे-दीन थे बल्कि उन्होंने शोबा-ए-क़ानून में डाक्टरेट की डिग्री भी हासिल की थी। ऐसे नेक ख़सलत उलमा जो दुनयावी उमूर को ब-हुस्नो-ख़ूबी अंजाम देने के साथ साथ हक़ की पैरवी भी करते हैं, बेशक वो हमारे लिए और बिलख़ुसूस जो इल्म-ए-दीन हासिल कर रहे हैं या फिर मिंबरे-रसूल पर जलवा अफ़रोज़ होते हैं, उन अफ़राद के लिए नमूना-ए-अमल हैं। मैं ख़ुदा से दुआगो हूँ कि वो तमाम मुतवफ़्फ़ीन की मग़फ़िरत फ़रमाएं और जवारे-मासूमीन में उन्हें जगह अता फ़रमाए।

**तक़दीस फ़ातिमा**
**प्रोपराइटर अवधनामा**

# अब कांग्रेस को कभी नहीं मिलेगी सत्ताः सीएम योगी

### मुख्यमंत्री ने सिरसा की अनाज मंडी में जनसभा को किया संबोधित

**तंज**

- हमारी 400 पार की बात पर कांग्रेस को आने लगते हैं चक्कर
- कांग्रेस 400 सीटों पर नहीं लड़ रही चुनाव तो जीतेगी कैसे



**सिरसा।** देश में चार चरणों के चुनाव संपन्न हो चुके हैं। उस दौरान पूरे देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जो लहर चली थी, वह आज पांचवे चरण में सुनामी बन चुकी है। पूरे देश में एक ही स्वर गूंज रहा है एक बार फिर मोदी सरकार और अबकी बार 400 पार। जब हम 400 पार की बात करते हैं तो कांग्रेस को चक्कर आने लगते हैं क्योंकि वह 400 सीटों पर चुनाव ही नहीं लड़ रही है। ऐसे में वह जीतेगी कैसे। देश की जनता जनार्दन अब कांग्रेस को एक जवाब दे रही है कि जो जो राम को लाए हैं हम उनको लाएंगे।

हमारी पीढ़ी सौभाग्यशाली क्योंकि हम नये भारत के नागरिक हैं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में काम कर रहे हैं, जो दुनिया के लिए असंभव है। वहीं जो कांग्रेस के लिए असंभव था, उसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संभव करके दिखाया है। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को हरियाणा में सिरसा की अनाज मंडी में जनसभा को संबोधित करते हुए कही। इस दौरान उन्होंने लोकसभा प्रत्याशी अशोक तंवर के पक्ष में वोट की अपील की। उन्होंने कहा कि इनके पास जब सत्ता तो देशवासियों के लिये कोई काम किया नहीं और अब हिंदुओं की भावनाओं के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। इनके अंदर औरंगजेब की आत्मा आ गयी है। यह कहते हैं कि सत्ता में आए तो आपकी संपत्ति का सर्वे कराएंगे। उसके बाद उस पर विरासत टैक्स लगाएंगे यानी यह औरंगजेब का जजिया कर लगाएंगे, जिस हम आप कभी होने नहीं देंगे। मुख्यमंत्री ने कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा कि इन्हे सत्ता पर काबिज होने की इतनी जल्दी थी कि यह करतारपुर साहिब को ही भूल गई थी।

### कांग्रेस ने भारत की विरासत का विरोध किया

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि अयोध्या में रामलला अपने भव्य और दिव्य मंदिर में विराजमान हो गये हैं और देश-विदेश के लाखों श्रद्धालु दर्शन के लिए आ रहे हैं। ऐसे में इन्हे अब किसी भी जन्म में सत्ता नहीं मिलने वाली है क्योंकि यह चुनाव राम भक्त और रामद्रोहियों के बीच में हो गया है। कांग्रेस ने भारत की विरासत का विरोध किया है। ऐसे में इनको अब सत्ता कभी भी नहीं मिल सकती है। भारतीय जनता पार्टी सबका साथ सबका विकास के तहत काम कर रही है। हम तुष्टीकरण नहीं बल्कि संतुष्टीकरण पर काम कर रहे हैं। वहीं इंडी गठबंधन के लोग सुबह से लेकर शाम तक झूठ और अफवाहें फैलाने का काम कर रहे हैं।

# राम मंदिर बनने से बहुतों के छाती पर सांप लोट रहा : एमपी सीएम

**अवधनामा संवाददाता**



- भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में विपक्ष पर बरसे

**गाजीपुर।** एमपी के मुख्यमंत्री मोहन यादव गाजीपुर में भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में आयोजित सभा में विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि राम मंदिर बनने से बहुतों की छाती पर सांप लोट रहा है।

मुख्यमंत्री मोहन यादव ने बिना नाम लिए सपा मुखिया अखिलेश यादव पर जमकर निशाना साधा। कहा कि यदुवंशियों और निर्दोष लोगों की हत्या पर शोक जताने नहीं जाते हैं। लेकिन, वह हत्या करने वालों की कब्र पर जाकर फूल चढ़ाने का काम करते हैं। ऐसे लोगों को अब नकार देना चाहिए। भाजपा प्रत्याशी पारसनाथ राय के पक्ष में शेखपुर में आयोजित चुनावी सभा को सभा को संबोधित कर रहे थे। मोहन यादव ने कहा कि आज अयोध्या में भव्य मंदिर का निर्माण हुआ है। देशभर में श्री राम का नारा गूंजा करता है। अयोध्या में भगवान राम मुस्कुरा रहे हैं। लेकिन यह देखकर बहुतों के पेट में दर्द और उनकी छाती पर सांप लोट रहा है। उन्होंने कहा कि ये चुनाव गीता, गाय, गौ माता, गंगा और राम-कृष्ण का चुनाव है। जब मैं यह कहता हूं तो कांग्रेस के साथी कहते हैं कि आप धर्म की बात करते हैं तो मैं कहता हूं क्या हम अधर्म की बात करें। हम यदुवंशी हैं और गीता को मानने वाले हैं। हमारा प्रत्याशी गीता को मानने वाला होना चहिए। हम यदुवंशियों ने जब-जब अन्याय हुआ आतंकवाद, जब कोई गलत मार्ग पर गया उसे सही मार्ग पर लाया, ये परंपरा बंद नहीं होनी चाहिए। गाजीपुर में फैक्ट्री नहीं है, इसका कारण पूछा तो लोगों ने बताया कि फैक्ट्री तो है, लेकिन यहां पर हथियार और आतंक का काम होता है।

# इंडी गठबंधन के बिखरने का काउंटडाउन हो चुका शुरूः मोदी

**संग्राम**

- एक ओर मोदी का रिपोर्ट कार्ड, दूसरी ओर टीएमसी का रेट कार्ड है : पीएम



**कोलकाता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक रैली को संबोधित करते हुए कहा टीएमसी से बंगाल के लोगों को और बंगाल की पहचान को भी खतरा है। बंगाल में दंगे आम बात हो गई है। आदिवासी भाई बहनों की पहचान खत्म करने के प्रयास हो रहे हैं लेकिन टीएमसी को अपने वोट बैंक की चिंता है। ये लोग घुसपैठियों को बुला बुलाकर बसा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि हार सामने देख टीएमसी का आक्रोश चरम पर है। कल तक टीएमसी कांग्रेस को गाली दे रही थी और आज कह रहे हैं कि हम इंडी गठबंधन का हिस्सा हैं। लेकिन बंगाल के लोग जानते हैं कि कांग्रेस डूब चुका जहाज है। एक ओर केंद्र में मोदी की रिपोर्ट कार्ड सरकार है, दूसरी ओर बंगाल में टीएमसी की रेट कार्ड सरकार है। टीएमसी ने बंगाल में हर नौकरी का रेट कार्ड लगा रखा है। पैसा दो... नौकरी लो! मैंने सोशल मीडिया पर कांग्रेस के शहजादे का एक वीडियो देखा है। 11-12 साल पुराने इस वीडियो में कांग्रेस के शहजादे खुलेआम कह रहे हैं कि कांग्रेस पार्टी मुसलमानों को आरक्षण देगी।




**वायदा** देश में इंडिया एलायंस की बनने जा रही सरकार

# पक्की नौकरी के साथ आटा-डाटा मुफ़्तः अखिलेश

**संबोधन**

- गठबंधन की सरकार बनने पर किसानों का कर्ज माफ करेंगे
- डाटा देने से लोगो को बहुत जानकारी मिलेगी
- शिक्षा महंगी होती जा रही है



**इरशाद सिद्दीकी / कैलाश नाथ दिवेदी**

**सिद्धार्थनगर।** पूर्व मुख्यमंत्री व सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोमवार को बीएसए कार्यालय के बगल में इंडिया गठबंधन के सपा प्रत्याशी भीष्म शंकर उर्फ कुशल तिवारी के समर्थन में आयोजित विशाल जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा है कि आरक्षण को समाप्त करने और संविधान को बदलने की साजिश करने वाली मोदी सरकार के जाने में अब चंद दिनों की देरी है। इसलिए संविधान में आस्था रखने वालों को चाहिए कि वह इस जनविरोधी सरकार को उखाड़ फेंकें और इंडिया एलायंस के प्रत्याशियों को वोट दें। 4 जून को देश में इंडिया एलायंस की सरकार बनने जा रही है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि मोदी सरकार एलक्टोरल बांड के माध्यम से चंदा वसूल रही है और वसूली में इतना आगे बढ़ गई है कि नागरिकों को जहरीला कैरोना वैक्सीन देकर कंपनी से करोड़ों वसूल लिए और सबको मौत के मुंह में झोंक दिया। गठबंधन की सरकार बनने पर किसानों का कर्ज माफ करेंगे। सोमवार दोपहर लगभग 1.30 बजे बीएसए ग्राउंड पहुंचे अखिलेश यादव ने डुमरियागंज के सपा प्रत्याशी भीष्म शंकर उर्फ कुशल तिवारी की जीत के लिए साइकिल का बटन दबाने की अपील करते हुए कहा कि मोदी सरकार चार जून को चली जाएगी। इंडिया गठबंधन निश्चित रूप से जीतने जा रहा है। ऐसे में जनता का राज कायम होगा। भाजपा सरकार लोगों को राशन दे रही है लेकिन गठबंधन की सरकार बनने पर आटा के साथ डाटा भी मुफ्त में दिया जायेगा, डाटा देने से लोगो को बहुत जानकारी मिलेगी। जनसभा के दौरान भीड़ बेकाबू हो गई। अखिलेश यादव को देखने के लिए लोग दौड़ पड़े। बीएसए ग्राउंड के मैदान पर विशाल जनसभा को सम्बधित करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि इंडिया गठबंधन और पीडीए की संयुक्त नीति से मतगणना के बाद नये भारत का निर्माण शुरू होगा। आज का नौजवान सबसे ज्यादा उत्पीड़न व उपेक्षा का शिकार है। शिक्षा महंगी होती जा रही है। मां बाप बच्चों को मुश्किलों से पढ़ा पा रहे हैं, मगर पढ़ाई करने के बाद उन्हें नौकरी अथावा रोजगार मिलना मुश्किल है। नौकरियों के फार्म भरने के नाम पर सरकार करोड़ों रूपये वसूलती है। परन्तु बाद में पर्चा लीक करा कर परीक्षाएं रद कर दी जाती हैं। आज का नौजवान मोदी राज की इस नीति को समझ गया है और सरकार बदलने पक्का मन बना चुका है। ऐसे पढ़े लिखे बेराजगारों को स्टाइपेंड के नाम पर इंडिया एलायसं की प्रतिवर्ष एक लाख रुपये देने की घोषणा पसंद आ रही है। उन्होंने तीस लाख नौकरियां देने का वादा किया। अग्निवीर योजन समाप्त करने की बात भी कही। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि आज प्रदेश का हर तबका भाजपा की नीतियों से परेशन है। (शेष पेज-3 पर)

अवधनामा

लखनऊ, मंगलवार, 21 मई 2024



# कैंटीन के शटर व फ्रीजर में उतरे करंट की चपेट में आने से चाचा-भतीजे की मौत



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** फूलबेहड़ थाना क्षेत्र के सुंदरवल कस्बा स्थित शराब की दुकान के पास कैंटीन के शटर व फ्रीजर में उतरे करंट की चपेट में आने से चाचा-भतीजे की मौत हो गई सोमवार सुबह ग्रामीण उधर से निकले तो दोनों के शव दुकान में फर्श पर पड़े देख पुलिस को सूचना दी मौके पर पुलिस पहुंची तो फ्रीजर और शटर में करंट था पुलिस ने विद्युत निगम के कर्मचारियों को बुलाकर बिजली कटवाई तब शवों को बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया थाना नीमगांव क्षेत्र के बेहजम निवासी दीपक (30) पुत्र गंगाराम, चचेरा भाई विमल और साढ़ू रोहित पार्टनरशिप में सुंदरवल चौराहे पर शराब की दुकान के पड़ोस में कैंटीन चलाते थे शनिवार की देर शाम विमल घर चला गया तो उसकी जगह उसका भतीजा धीरज कैंटीन पर आकर रुका हुआ था रोजाना देर रात तक कैंटीन खुली रहती थी सोमवार सुबह पांच बजे ग्रामीण कैंटीन के पास गुजरे तो दुकान का आधा शटर खुला हुआ था दीपक व उसका भतीजा धीरज (19) पुत्र रमेश चंद्र के शव फ्रीजर से चिपके हुए थे यह देखकर ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने देखा तो शटर और फ्रीजर में करंट दौड़ रहा था पुलिस ने विद्युत निगम को फोन किया और बिजली तार कटवाकर सप्लाई बंद कराई, तब दोनों के शवों को बाहर निकाला।

## दो बाइकों की भिड़ंत में 27 वर्षीय युवक की मौत



**लखीमपुर खीरी।** गोला तहसील क्षेत्र में अलीगंज रोड पर दो बाइकों की भिड़ंत में मोहल्ला नीची भूड निवासी 27 वर्षीय युवक जहीरूद्दीन की मौत हो गई। घटना रविवार की रात करीब 10 बजे की बताई गई है जहीरूद्दीन ईंट भट्टे पर मुनीम था, जो रात लेबरों को खाना देने जा रहा था सामने से अलीगंज की ओर से भुसोरिया गांव निवासी 22 वर्षीय सचिन कुमार बाइक से आ रहा था। दोनों की बाइकें आमने-सामने टकरा गईं। दोनों को प्राथमिक उपचार के बाद गोला सीएचसी ले जाया गया, जहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया लेकिन रास्ते में जहीरूद्दीन की मौत हो गई।

## हजारों रुपए की नगदी व सीसीटीवी कैमरा डीबीआर उठा ले गए चोर



**लखीमपुर खीरी।** सीओ आफिस के सामने सड़क के दूसरी ओर चोरों ने बियर की एक दुकान को रविवार रात निशाना बनाया। दुकान के पीछे टीन शेड को हटाकर घुसे चोरों ने हजारों रुपए की नगदी व सीसीटीवी कैमरा डीबीआर उठा ले गए है। सेल्समैन ने पुलिस को लिखित सूचना दी है।मितौली में प्राइवेट बस स्टैंड के पास सीओ कार्यालय के सामने बनी दुकानों में शराब की दुकानेंसंचालित हो रही है। इन्हीं में एक बियर की दुकान है। दुकान के सेल्समैन जीवन ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि रविवार देर रात वह दुकान बंद कर घर चला गया था। रात को दुकान के पीछे पड़ी टीन सेड हटाकर दूसरी दुकान होते हुए चोर प्लाई काटकर बियर की दुकान में घुस आए। चोर सीसीटीवी कैमरा व दो दिन की बिक्री की नगदी करीब 81 हज़ार, दस कैन बियर उठा ले गए। सुबह जब सेल्समैन दुकान खोलने पहुंचा तो घटना की जानकारी हो सकी है। सूचना पर पुलिस ने मौका मुआयना किया है।

## आरोपी की गिरफ्तारी न होने पर व्यापारियों ने किया विरोध प्रदर्शन

**लखीमपुर खीरी।** धौरहरा कस्बे में चार मई को शफीक खां नाम के युवक ने सोशल मीडिया पर देवी-देवताओं को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। इस मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया लेकिन आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया। इससे सोमवार को हिंदू संगठनों के साथ व्यापारियों का आक्रोश भड़क उठा। सुबह से दोपहर करीब 12 बजे तक व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठान बंद रखे और आरोपी को गिरफ्तार करने की मांग उठाई बड़ी संख्या में लोग रामनवमी मंदिर परिसर में एकत्र हुए और धरना प्रदर्शन किया। धौरहरा पुलिस पर जानबूझकर आरोपी को गिरफ्तार नहीं करने का आरोप लगाया। करीब दो बजे तक व्यापारियों ने विरोध प्रदर्शन किया। इसके बाद पुलिस ने आरोपी शफीक खां निवासी वीर अब्दुल अमीद नगर को गिरफ्तार कर लिया तब जाकर व्यापारियों का गुस्सा शांत हुआ।

## रेलवे लाइन किनारे पड़ा मिला 11वीं की छात्रा का शव

**लखीमपुर खीरी।** लखीमपुर में 11वीं की छात्रा का शव मिलने से सनसनी फैल गई वह सोमवार की सुबह करीब सात बजे घर से स्कूल जाने के लिए निकली थी दोपहर करीब डेढ़ बजे उसका शव रेलवे लाइन किनारे पड़ा मिला उसका एक हाथ कटा हुआ है शरीर पर कई जगह चोट के निशान हैं शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है पुलिस जांच कर रही है जानकारी के मुताबिक लखीमपुर शहर के शांतिपुरम निवासी 14 वर्षीय छात्रा शहर के ग्रीनफील्ड अकेडमी में पढ़ती थी सोमवार सुबह वह स्कूल जाने के लिए घर से निकली थी, लेकिन स्कूल में नहीं पहुंची। स्कूल में पैरेंट्स मीटिंग भी थी दोपहर में करीब डेढ़ बजे छात्रा का शव संदिग्ध अवस्था में देवकली रोड पर रेल पटरी से महज 15 मीटर दूर पड़ा मिला छात्रा यहां कैसे पहुंची, पुलिस इसकी जांच कर रही है। जांच के दौरान यह बात भी सामने आई है कि स्कूल जाने के दौरान छात्रा का मोबाइल तीन युवकों को छीनते कुछ लोगों ने देखा था पुलिस ने युवकों को सीसीटीवी फुटेज के जरिए ट्रेस कर लिया है छात्रा की मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया।

# योजनाओं की सही जानकारी से ही विकास सम्भवः जिलाधिकारी
## वित्तीय नियमों के पालन में लापरवाही क्षम्य नहीं

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी डॉ.दिनेश चन्द्र ने कहा कि योजनाओं की सही जानकारी से ही विकास सम्भव है। उन्होने विकास की मूल अवधारणा में संवेदनशील नागरिक होने के साथ-साथ कुशलतापूर्वक योजनाओं एवं वित्तीय नियमों की जानकारी प्राप्त करने के लिए सचिव ग्राम पंचायत को बडे ही मार्मिक तरीके से अभिप्रेरित किया।

जिलाधिकारी आज यहां विकास भवन सभागार में ग्राम पंचायत सचिव अभिमुखीकरण कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बेजुबान पशु-पक्षियों के प्रति करूणा तथा उत्तरदायित्व का भाव पैदा करने के साथ-साथ सचिव ग्राम पंचायतों का आवाहन किया कि भीषण गर्मी के अवसर पर गौ-आश्रय स्थलों पर पानी चारा इत्यादि की व्यवस्था अत्यन्त सजग होकर की जाए। जिलाधिकारी ने ग्राम पंचायत के स्तर पर कार्यरत सचिव ग्राम पंचायत को शासन का मुख्य दर्पण बताते हुए निर्देशित किया कि विकास योजनाओं का क्रियान्वयन सबसे गरीब व्यक्ति की पात्रता को वरीयता प्रदान करके किया जाए।

डॉ.दिनेश चन्द्र ने कहा कि वित्तीय नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी। उन्होने कहा कि ग्राम विकास अधिकारी विकास की धुरी है इनके बिना ग्रामीण क्षेत्रों का विकास संभव नहीं है। अपने कर्तव्यों एवं दायित्वों का ईमानदारी से भलीभांति निर्वहन करें। बेहतर कार्य करने वालों को सम्मानित किया जाएगा। उन्होने सभी को निर्देश दिए कि ग्राम पंचायत भवनों में फलदार पौधों का रोपण किया जाए।

मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन ने कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए ग्राम पंचायत सचिवों को नियमानुसार कार्य कर जन सरोकार से जुडी गलत शिकायतों के प्रवाह को रोकने का आवाहन किया। उन्होने जन सरोकार से जुडी हुई समस्त योजनाओं की गम्भीरता पर प्रकाश डालते हुए निर्देशित किया कि योजनाओं के क्रियान्वयन संबंधी दिशा निर्देशों को आत्मसात करके, योजनाओं का सफल संचालन एवं प्रभावी क्रियान्वयन किया जाए।



जिला पंचायत राज अधिकारी आलोक शर्मा द्वारा कार्यशाला के उद्देश्य के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए अतिथियों का स्वागत किया गया। अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) एवं पीडी डीआरडीए द्वारा भी कार्यशाला को सम्बोधित किया गया।

कार्यशाला के प्रथम सत्र में ग्राम पंचायत विकास योजना के सम्बन्ध में जिला परियोजना प्रबन्धक विजय यादव ने विस्तार पूर्वक प्रस्तुतिकरण कर ग्राम पंचायत विकास योजना के संचालन के सम्बन्ध में जानकारी दी। कार्यशाला के द्वितीय सत्र में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के योजना सहायक व लेखाकार ओम प्रकाश वर्मा ने वित्तीय नियमों के सम्बन्ध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। तृतीय सत्र में सन्दीप कुमार, जिला स्वच्छता सलाहाकार, स्वच्छ भारत मिशन(ग्रामीण) ओडीएफ प्लस के अन्तर्गत ठोस एवं तरल अपशिष्ठ प्रबन्धन के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। इस अवसर पर ग्राम विकास अधिकारी एवं ग्राम पंचायत अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यशाला का संचालन जिला स्वच्छता सलाहाकार देव भास्कर पाण्डेय द्वारा किया गया।

# घर बैठे खुद करिये अपने घर के पानी की जांच
## नगर निगम ने जारी किया पानी में मिश्रित किये जाने वाले क्लोरीन की मात्रा का चार्ट



*अवधनामा संवाददाता*

फोटो 5-ओवर हैड टैंक

सहारनपुर। नगर निगम की टंकियों से आपके घर आपूर्ति किया जा रहा पेयजल पीने योग्य है या नहीं इसकी जांच आप अपने घर बैठे ही कर सकते है। लोगों की जानकारी के लिए नगर निगम के जलकल विभाग ने पेयजल आपूर्ति करने वाली सभी टंकियों (ओवर हैड टैंक) पर जलापूर्ति में मिश्रित किये जाने वाली क्लोरीन की मात्रा का चार्ट (विवरण) लगाया है।

नगरायुक्त संजय चौहान के निर्देश पर जलकल विभाग ने जलापूर्ति में मिश्रित किये जाने वाली क्लोरीन की मात्रा का चार्ट सभी ओवरहैड टैंक पर लगाया है। महाप्रबंधक जल बी के सिंह ने बताया कि चार्ट में पानी में मिश्रित क्लोरीन की मात्रा के अनुसार पानी का कलर दर्शाया गया है। उन्होंने बताया कि 0.15 एमजी प्रति लीटर तक क्लोरीन की मात्रा पानी में पर्याप्त नहीं है। उन्होंने बताया कि 0.20-0.50 एमजी प्रति लीटर क्लोरीन पानी में मिश्रित किया जाना सुरक्षित होता है। जलकल विभाग द्वारा इसी अनुपात में क्लोरीन की मात्रा पेयजल में मिश्रित की जाती है। इस अनुपात में क्लोरीन मिश्रित किये जाने पर पानी का रंग लगभग बिल्कुल सफेद आता है।

महाप्रबंधक ने बताया कि यदि इससे अधिक यानि 1.00 एमजी/लीटर क्लोरीन पानी में मिश्रित की जाती है तो पानी में पीलापन आना शुरु हो जाता है। जैसे-जैसे यह मात्रा बढ़ती जायेगी पानी का रंग पीला आना शुरु हो जायेगा। उन्होंने बताया कि 2.00-5.00 एमजी/प्रति लीटर पानी का रंग पीला हो जाता है। 5.00 एमजी/प्रतिलीटर क्लोरीन पानी में मिश्रित किये जाने पर पानी का रंग काफी पीला आता है। इस प्रकार आप अपने घर की टंकियों में आने वाले पानी का रंग देखकर स्वयं ज्ञात कर सकते है कि जिस पानी की आपके घर आपूर्ति की जा रही है वह कितना सुरक्षित है।

## ताल से ताल मिला के सोलो वर्ग में 32 प्रतिभागी फाइनल राउण्ड में पहुंचे



**सहारनपुर।** जिला अन्तर विद्यालय, नृत्य प्रतियोगिता 'ताल से ताल मिला' के सेमीफाईनल राउण्ड में प्रतिभागियों के बीच जमकर एक दूसरे से आगे निकलने की होड़ रही और अन्त में सोलो वर्ग के 32 प्रतिभागी फाईनल राउण्ड में पहुँच गये।

सहारनपुर सिटीजन फाउण्डेशन द्वारा नेशनल पब्लिक स्कूल में आयोजित प्रतियोगिता का शुभारम्भ नन्हीं नृत्यांगना संस्कृति शर्मा ने माँ शारदे वन्दना से किया। निर्णायक योगिता झिंगरन व आस्था शर्मा ने ग्रुप-ए में वामसी खुराना, नन्दनी सैनी, आमरीन नरूला, नैनीका चावला, मेहर लूथरा, राव्या छाबड़ा, अथर्व ग्रोवर, रोज अली, वन्दना मिढ्ढा, अक्ष्या जैन को फाईनल की हरी झण्डी दिखायी। ग्रुप-बी में रीत छाबड़ा, अयाना जैन, अद्रिका जैन, अवनी अरोडा, हरनूर भटेजा, अमाया सूरी, पीहू गांधी, नव्या बत्रा, जन्नत धींगड़ा, भव्य नरूला, मान्या भाटला व परी को फाईनल में प्रवेश मिल गया। ग्रुप-सी में वंशिका तनेजा, शिखा नौटियाल, सिमनर भण्डारी, ऐनी परुथी, माधवी गिल्होत्रा, आयुषी चौहान, चेतना त्यागी, रिया सैनी, अर्नव अरोड़ा व रोहित ने भी फाईनल में प्रवेश कर लिया। ग्रुप-डी में ओम ड़ांस ग्रुप, एन्जिल ग्रुप, जन्नत/भव्या नरूला ग्रुप, परी/प्रीसा ग्रुप, राइजिंग रिया ग्रुप, ज्ञान कलश इण्टरनेशनल ग्रुप व सैन्ट मैरीज गर्ल्स ग्रुप ने फाईनल में जगह बनायी। संयोजक सुभाष अग्रवाल ने बताया कि ताल से ताल मिला का मेघा फिनाले 18 जून को होगा। इस दौरान पंकज बंसल, राम राजीव सिंघल, राकेश शर्मा, शिव कुमार आदि उपस्थित रहे।

## कवि सारस्वत को मातृ शोक

सहारनपुर। समन्वय साहित्यिक संस्था के सचिव व कवि डॉ. आर पी सारस्वत की माता शांति देवी का 90 वर्ष की आयु में आज सुबह पंत विहार स्थित उनके निवास पर स्वर्गवास हो गया । वे पिछले काफी समय से बीमार थी। उनके निधन पर ष्समन्वयष् तथा साहित्यिक संस्था ष्विभावरीष् से जुड़े शहर के समस्त साहित्यकारों डॉ विजेन्द्र पाल शर्मा, हरिराम पथिक, डॉ. वीरेंद्र आजम, विनोद रंग नरेंद्र मस्ताना, डॉ. ओ पी गौड़, डॉ.संदीप मिश्रा, डॉ सुमेधा, डॉ अनिता, कश्मीर सिंह, सुनील जैन राना, रमेश छबीला व सुधीर परवाज़ आदि ने शोक व्यक्त किया है।

# विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित कर खेल महोत्सव का किया समापन



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** जिला ओलम्पिक संघ व जेवी जैन कॉलेज पुरातन छात्र परिषद के तत्वावधान में आयोजित खेल महोत्सव के अंतिम दिन विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया।

जेवी जैन कॉलेज में आयोजित बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में 55 किलोग्राम भार वर्ग में अनस ने प्रथम, अंकित ने द्वितीय व हिमांशु ने तृतीय स्थान हासिल किया, जबकि 55 से 60 किग्रा भार में समीर ने पहला, शाकिब ने दूसरा व समीर सिद्दकी ने तीसरा स्थान हासिल किया। जबकि 60 से 65 किग्रा ने हर्ष ने प्रथम, सौरभ ने द्वितीय रोहित ने तृतीय स्थान तथा 65 से 70 किलोग्राम वर्ग में उदित ने पहला, रजत ने दूसरा व सलमान ने तीसरा स्थान हासिल किया। इसी कडी में 70 से 75 किलोग्राम वर्ग में विजय कुमार ने प्रथम, साहिब ठकराल ने द्वितीय व हेमन्त ने तृतीय स्थान तथा 75 से अधिक वर्ग में गोपाल ने पहला, शमशाद ने दूसरा तथा मसूद खान ने तीसरा स्थान हासिल किया। इसके आलवा वेट केटेगरी मेंस फिजिक के 170 सेमी से कम में एल्विन ने प्रथम, अनस ने दूसरा, सौरभ ने तीसरा तथा 170 सेमी से अधिक में रजत ने प्रथम, शाहबाज ने द्वितीय व मीजान ने तृतीय स्थान हासिल किया।

प्रतियोगिता के समापन समारोह में पूर्व राज्य मंत्री संजय गर्ग, भारतीय जनता पार्टी के महानगर अध्यक्ष पुनीत त्यागी व कॉलेज कार्यवाहक प्राचार्य प्रोफेसर हरिओम गुप्ता ने संयुक्त रूप से खिलाड़ियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन गौरव कपिल ने किया। इस दौरान आयोजन सचिव प्रोफेसर संदीप गुप्ता, मनीष कुमार, अनुज रोहिल्ला, तरुण शर्मा, नदीम, अलीम, नवीन, हिमांशु, विवेक पंवार, अंकित कुमार, समीर, नवीन खटाना, रविंदर सैनी, विनय सैनी आदि रहे।

## जिलाधिकारी ने 04 वर्षीय बच्ची स्वस्ति सिंघल को किया सम्मानित



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी डॉ.दिनेश चंद्र द्वारा 4 वर्ष की प्रतिभाशाली बच्ची स्वस्ति सिंघल को सम्मानित किया और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। बच्ची दोनों हाथ से एक साथ लिखने की प्रतिभा रखती है। जिसके लिए ब्रेन बूस्टेबल के अध्यापक श्री अरिहंत जैन द्वारा मार्गदर्शन किया गया। इनफ्लुएंसर बुक ऑफ़वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम अंकित हुआ इससे सहारनपुर जनपद का गौरव बढा है। सहारनपुर की स्वस्ति सिंघल ने दोनों हाथों से लिखकर असाधारण कौशल का प्रदर्शन किया। 5 सितंबर, 2019 को जन्मी स्वास्ति ने 4 साल, 7 महीने की उम्र में केवल 11 मिनट 39 सेकंड में 50 अंक लिखने की उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की। यह उत्कृष्ट उपलब्धि स्वस्ति की असाधारण प्रतिभा और समर्पण को दर्शाती है। 5 अप्रैल, 2024 को पुष्टि की गई और स्वस्ति का नाम आधिकारिक तौर पर इन्फ्लुएंसर बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज किया गया। स्वस्ति ने ब्रेन बूस्टेबल में अपना असाधारण कौशल सीखा, जिससे उनकी संज्ञानात्मक क्षमताओं में और वृद्धि हुई।

# डीएम ने गायों को हरा चारा व गुड़ खिलाया
## भारतीय संस्कृति में बेजुबान पशुओं की सेवा का है बड़ा महत्वः डीएम

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी दिनेश चन्द्र को आज जनपद में कार्यभार ग्रहण किये हुए एक वर्ष हो गया। इस अवसर पर वो प्रातः अपने आवास पर पल रही गायों के पास पहुँचे और गोसेवा करने के साथ उनको गुड और हरा चारा खिलाया। जिलाधिकारी का गायों के प्रति प्रेम किसी से छुपा नहीं है। वो प्रतिदिन अपने आवास पर पल रहीं गायों और बछड़ों की सेवा जरूर करते हैं। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी जनपद में स्थित गौशालाओ में जाते रहते हैं। गायों को हरे चारे की कमी न हो इसके लिए उन्होंने नेपियर घास के उत्पादन को बढ़ावा दिया। उनके नेपियर घास के अभिनव प्रयास को प्रदेश भर में अपनाया जा रहा है। भारतीय संस्कृति में बेजुबान पशुओं की सेवा का बड़ा महत्व है। निराश्रित गोवंशों के प्रति सच्ची सेवा का भाव रखकर जिलाधिकारी जनपद वासियों को बेहतर संदेश दे रहे हैं। जिलाधिकारी ने बढती गर्मी के दृष्टिगत सभी उपजिलाधिकारियों, खण्ड विकास अधिकारियों एवं पशु चिकित्साधिकारियों को निराश्रित गोआश्रय स्थलों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि गोवंश का चिकित्सीय परीक्षण करने के साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि गौशालाओं में गर्मी से बचाव के पर्याप्त इंतेजाम हो। उन्होने कहा कि सभी गौशालाओं में भूसा, हरा चारा, छाया एवं पानी की उपलब्धता सुनिश्चित हो। उन्होने निर्देश दिए कि सभी गोवंश को शीतल जल से नहलाने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।



## दो घरों के ताले तोड़ लाखों के जेवरात, हजारों की नगदी ले उड़े चोर



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** थाना फतेहपुर क्षेत्रान्तर्गत गांव मुजफ्फरपुर में अज्ञात चोरों ने दो घरों के ताले तोड़ सोने चांदी के जेवरात व हजारों रूपये की नगदी उड़ा ली। पीड़ितों ने थाने में तहरीर दे दी है, पुलिस मामले की जांच में जुटी हुयी है। थाना फतेहपुर क्षेत्रान्तर्गत गांव मुजफ्फरपुर में निवासी मुल्कीराज सैनी और गुलाब सिंह के अपने परिजनों के साथ अपने-अपने घरों में सो रहे थे। इसी दौरान अज्ञात चोरों ने मुल्कीराज सैनी के घर में घुसकर चांदी के जेवर और साढ़े 8 हजार रुपए की नगदी चोरी कर ली। जबकि गुलाब सिंह के घर से भी सोने चांदी के जेवरात और 45 हजार रुपए की नकदी चोरी कर ली। सुबह जागने पर दोनो परिवारों को चोरी के बारे में ज्ञात हुआ। बताया जाता है कि चोरों ने इसी गांव निवासी विक्रम सिंह के घर पर लगे हुए ताले को तोड़ने की कोशिश की, लेकिन सफल नहीं हुए। चोरी की घटना की सूचना मिलते ही थाना फतेहपुर प्रभारी धर्मेंद्र कुमार गांव मुजफ्फरपुर पहुंचे और मामले की जांच कर चोरी की घटना का जल्द से जल्द खुलासा करने का आश्वासन देते हुए चोरों को शीघ्र गिरफ्तार करने की बात कही।

## एसएएम इंटर कॉलेज में पुरातन छात्र व भारतीय संसद के अवर सचिव का सम्मान



*अवधनामा संवाददाता*

सहारनपुर। एसएएम इंटर कॉलेज में पुरातन छात्र व भारतीय संसद में अवर सचिव के पद तैनात राकेश छावड़ा का कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ.अजय कुमार गुप्ता ने सम्मान किया।सम्मानित किया गया।

विदित हो कि भारतीय संसद में अवर सचिव के पद पर कार्यरत राकेश छाबड़ा ने सन् 1983 में एसएएम इंटर कॉलेज से इंटर मीडिएट मानविकी वर्ग की परीक्षा उत्तीर्ण की थी। इससे पूर्व कॉलेज प्रधानाचार्य डॉ.अजय कुमार गुप्ता ने कॉलेज पहुंचने पर राकेश छावड़ा का स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया तत्पश्चात भारतीय संसद में अवर सचिव राजेश छावड़ा ने भी कॉलेज प्रधानाचार्य डॉ.अजय कुमार गुप्ता को स्मृति स्वरूप पुरातन एवं नवीन संसद की तस्वीर भेंट की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राकेश छावड़ा ने अपने छात्र जीवन के संस्मरण को सुनाककर उनका मार्गदर्शन किया तथा वर्तमान छात्र जीवन की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए छात्रों को पढ़ाई के प्रति प्रेरित किया। साथ ही उन्होंने छात्रों एवं शिक्षकों को शैक्षिक भ्रमण के अंतर्गत संसद आने के लिए भी आमंत्रित किया।

कार्यक्रम का संचालन एनसीसी अधिकारी एवं भूगोल प्रवक्ता ब्रिजेश पुंडीर ने किया। इस दौरान रामवीर सिंह, नवीन गुलाटी, मनोज कुमार काकरान,महेंद्र पाल, सुधीर शर्मा, संजय कुमार शर्मा, सुबोध कुमार पुंडीर, सुनील कुमार, अनिल शर्मा, अभिषेक कुमार सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## अलीगंज विधानसभा के बूथ 343 पर 25 को होगा पुर्नमतदान

**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं रिटर्निंग ऑफिसर डॉक्टर बीके सिंह ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली ने जारी पत्र में मुख्य निर्वाचन अधिकारी लखनऊ के पत्र सी0ई0ओ0 द्वारा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 58 की उप-धारा (2) के तहत 40-फर्रुखाबाद लोक सभा निर्वाचन क्षेत्रान्तर्गत 103 अलीगंज विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के मतदेय स्थल संख्या 343-प्रा0पा0, खिरिया पमारान पर 13 मई, 2024 को हुए मतदान को शून्य घोषित करते हुए 25 मई, 2024 (शनिवार) को प्रातः 07 बजे से सांय 06 बजे तक पुर्नमतदान की तिथि निर्धारित की है। 40-फर्रुखाबाद लोक सभा निर्वाचन क्षेत्रान्तर्गत 103-अलीगंज विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के मतदेय स्थल संख्या 343-प्रा0पा0, खिरिया पमारान पर 25 मई, 2024 (शनिवार) को प्रातः 07 बजे से सांय 06 बजे तक पुर्नमतदान सम्पन्न होगा।

## मतदाताओं को एसडीएम ने समझा कर शुरू कराया मतदान



**जालौन अवधनामा संवाददाता।** कुठौदा खुर्द में रोड नहीं तो वोट नहीं के तहत मतदान का बहिष्कार कर रहे ग्रामीणों को उपजिलाधिकारी अतुल कुमार ने अपनी सरस तथा मृदुल भाषा में समझा बूझा कर मतदान शुरू कराया। ग्रामीण राम सेवक राम सिंह अशोक छोटू प्रदीप आदि ने उप जिलाधिकारी अतुल कुमार द्वारा जिस तरह से ग्रामीणों को समझा बूझा कर मतदान शुरू कराया उसकी उन्होंने तारीफ करते हुए कहा कि जिस क्षेत्र में इस प्रकार के सरल मृदुल भाषी अधिकारी हो उस क्षेत्र में कोई समस्या हो ही नहीं सकती।

## नगदी, जेवर सहित हजारों की संपत्ति चोरी

**महमूदाबाद/सीतापुर अवधनामा संवाददाता।** बीती रात अज्ञात चोरों ने मकान के पीछे चढ़ कर एक घर में धावा बोल दिया। चोर नगदी ,जेवर सहित हजारों की संपत्ति चोरी कर रफूचक्कर हो गए। सदरपुर थाना क्षेत्र के भुलभुलिया मजरे लालपुर पट्टी निवासी अनूप कुमार पुत्र रामलखन के घर बीती अज्ञात चोर मकान के पीछे से चढ़ कर जीने के सहारे घर में प्रवेश कर गए,और कमरे की कुंडी खोल कर कमरे में रखे बक्से और अलमारी का लॉक तोड़ दिया। और उसमे रखी तीन हजार की नगदी, करीब 40 किलो वजनी फूल के बर्तन,एक जोड़ी पायल,एक जोड़ी मीना, एक सोने का ओम सहित करीब 50 हजार की संपति चोरी कर ले गए। गुलशन प्लाईवुड से नाइट की ड्यूटी कर देर रात आए गृहस्वामी को घर का खुला दरवाजा और बिखरा सामान देख घर में चोरी होने का पता चला। ग्रह स्वामी ने थाना सदरपुर में तहरीर देकर घर में चोरी होने को सूचना दे दी है। थाना प्रभारी राकेश सिंह ने बताया मौके पर जाकर जांच की गई है,आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

## नया जोड़ा आया वोट डालने



**जालौन अवधनामा संवाददाता।** लोकसभा चुनाव में नई दुल्हन तथा दूल्हे ने भी सबसे पहले वोट डालकर लोगों को एक नया संदेश दिया कि पहले मतदान बाद में कोई अन्य काम नगर के एक मोहल्ला के अनूप कुमार अपनी पत्नी जूली देवी के साथ सबसे पहले मतदान करने के लिए अपने-अपने बूथो पर आए और अपना मतदान किया। आए हुए नये जोड़े का उपजिलाधिकारी अतुल कुमार ने पुष्प देकर स्वागत किया। मतदान स्थलों पर मतदान करने आये बुजुर्ग मतदाताओं को वोट डालने पर उपजिलाधिकारी अतुल कुमार ने उन्हें पुष्प देकर उनका स्वागत किया। उपजिलाधिकारी द्वारा तहसील क्षेत्र के हर जगह बने बूथो पर पहुंचकर बुजुर्ग मतदाता को मतदान स्थल तक ले गये।उनकी इस कार्य शैली को सभी ने जमकर सराहा। उपजिलाधिकारी अतुल कुमार ने इस भीषण गर्मी की परवाह न करते हुये हर बूथों पर पहुंच कर मतदान प्रतिशत बढ़ाने में अहम योगदान किया।

## लेखपाल सहित चार दोस्तों को आजीवन कारावास

**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** पुलिस महानिदेशक के निर्देश पर अभियुक्तों को सजा दिलाने के लिए प्रभावी पैरवी के लिये सम्बन्धित थाना प्रभारी व पैरोकारो को अपराधियों को अधिक से अधिक सजा दिलाने के लिए निर्देशित किया गया था। अभि युक्त 1. प्रवेश सिंह तोमर पुत्र वीरेन्द्र 2. मनोज शाक्य पुत्र श्रीकृष्ण शाक्य 3. सोनू तिवारी उर्फ रत्नेश तिवारी 4. विमल कुमार पुत्र आनन्द कुमार 5. विष्णु शरण पुत्र स्व0 हरिशरण और श्रीमती राधा पत्नी वीरेन्द्र सिंह को पाक्सो एक्ट कोतवाली फतेहगढ में पंजीकृत हुआ था जिसकी विवेचना पूरी कर अभियुक्त के विरूद्ध आरोप पत्र न्यायालय में पेश किया। फतेहगढ़ पुलिस टीम/मानीटरिंग सेल एवं अभियोजन पक्ष और कोर्ट पैरोकार / कोर्ट मोहर्रिर के द्वारा अथक प्रयास एवं प्रभावी पैरवी कराते हुए सोमवार को न्यायालय स्पेशल पाक्सो कोर्ट द्वारा अभि युक्त गण को दोषसिद्द होने पर आजीवन कारावास व 05 लाख 55 हजार रुपये अर्थदण्ड व अभियुक्त राधा को 08 वर्ष का कारावास व 50 हजार रुपये अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। एडीजीसी हरिनाथ सिह,कोर्ट मोहर्रिर स्वाती और पैरोकार हे0का0 नरेन्द्र सिंह की अहम भूमिका रही।

## पेज एक का शेष

### पक्की नौकरी के साथ आटा-डाटा....

किसानों को खाद और बीज की महंगाई मार रही है तो महिलाओं को गैस सिलेंडर का दाम अधमरा किये हुए है। बढ़ती कीमतों के चलते गरीब की थालियों में सब्जी, दाल की मात्रा कम होती जा रही है। अस्पतालों में डाक्टर नहीं हैं। दवा की कीमतें भी आसमान छू रही है। कानून व्यवस्था भी सपा शासन से बेहतर नहीं है। पूर्व मुख्यमंत्री ने क्षेत्र में बाढ़ की समस्या का भी जिक्र किया। उन्होंने योगी सरकार पर सपा काल की योजनाओं को बदलन की भी आरोप लगाया। सभा को पूर्व विधानसभा अध्यक्ष माता प्रसाद पांडेय व विधान परिषद के पूर्व सभापति गणेश शंकर पांडेय ने भी सम्बोधित किया। इसके अलावा जिलाध्यक्ष लालजी यादव, विधायक सैयदा खातून, पूर्व विधायक विनय शंकर तिवारी, पूर्व विधायक विजय पासवान, सपा नेता उग्रसेन सिंह, नगरपालिका अध्यक्ष चमनआरा राइनी, मो इद्रीस पटवारी, मोनू दूबे, बेचई यादव, सोनू यादव, सपा नेता कमरुज्जमा खां, जुबैदा चौधरी, जावेद प्रधान उर्फ चुन्ने मो. हारून, भवानी शुक्ल, कलाम पोखभिटवा, कलाम सिद्दीकी, कांग्रेस जिलाध्यक्ष काजी सुहेल अहमद, कांग्रेस के पूर्व सांसद मो मुकीम, कांग्रेस नेत्री रंजना मिश्रा व अशोक पांडेय आदि सहित बड़ी संख्या में आम जन भी मौजूद रहे।

## समस्या समाधान का आश्वासन मिलने के बाद भी जायघा के तीन बूथों पर नहीं हुआ मतदान



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** सड़क निर्माण की मांग को लेकर चुनाव बहिष्कार कर रहे ग्रामीणों को भाजपा की जिलाध्यक्षा एवं क्षेत्रीय विधायक द्वारा समस्या का समाधान किए जाने के आश्वासन के बाद भी ग्राम जायघा में मतदान नहीं हुआ। माधौगढ़ तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत जायघा के बूथ क्रमांक तीन व चार तथा ग्राम पंचायत में सम्मिलित मजरा ग्राम कर्रा के बूथ क्रमांक 05 पर पूर्व नियोजित योजना के तहत ग्रामीणों द्वारा मतदान नहीं किया गया। ग्राम जायघा व कर्रा तथा समीपवर्ती ग्राम मोहब्बतपुर समेत चार बूथो पर मतदान न होने की जानकारी प्रशासन को हुई। सूचना पाकर उपजिलाधिकारी माधौगढ़ विश्वेश्वर सिंह एवं क्षेत्राधिकारी शैलेंद्र कुमार बाजपेई उक्त तीनों गांव पहुंचे एवं लोकतंत्र में वोट की कीमत व उसके महत्व को बताते हुए ग्रामीण को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। उपजिलाधिकारी के प्रयास से ग्राम मोहब्बतपुरा के बूथ क्रमांक 41 पर 2 घंटे विलंब से प्रातः 9 बजे मतदान प्रारंभ हुआ। वहीं ग्राम पंचायत जायघा के तीनों बूथ क्रमांक तीन व चार जायघा तथा बूथ क्रमांक पांच ग्राम कर्रा पर मतदान शुरू नहीं हो सका। ग्रामीण किसी जिम्मेदार जनप्रतिनिधि को बुलाने की जिद पर खड़े रहे। ग्रामीणो की मांग पर दोपहर लगभग 1:30 बजे भारतीय जनता पार्टी की जिलाध्यक्षा श्रीमती उर्विजा दीक्षित, क्षेत्रीय विधायक मूलचंद सिंह निरंजन ब्लाक प्रमुख रामपुरा अजीत सिंह सेंगर , पुष्पेंद्र सिंह सेंगर सदस्य जिला पंचायत , सुनील शर्मा पूर्व जिला उपाध्यक्ष सहित अनेक पदाधिकारी ग्राम जायघा पहुंचे जहां ग्रामीणों ने वर्षा ऋतु में बाढ़ के दौरान जायघा व कर्रा को पानी से घिर जाने पर आवागमन के रास्ते बंद हो जाने से उत्पन्न समस्या के निदान हेतु व जायघा एवं कर्रा से जगम्मनपुर तक लगभग 06 किमी सड़क मार्ग बनवाने एवं पहूज नदी पर पेंटून पुल के स्थान पर पक्का पुल बनवाने , जायघा में राजकीय इंटर कॉलेज तथा ग्राम कर्रा में बारात घर बनवाने की मांग का प्रार्थना पत्र देकर लिखित अनुरोध किया। जिलाध्यक्षा श्रीमती उर्विजा दीक्षित एवं क्षेत्रीय विधायक मूलचंद सिंह निरंजन द्वारा चुनाव बाद सभी मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिए जाने के बावजूद ग्रामीणों ने मतदान बहिष्कार का अपना निर्णय बरकरार रखा परिणाम स्वरूप उक्त तीनों बूथों मतदान नहीं हुआ।

## पति ने अपनी पत्नी को बुरी तरह मारा पीटा

**महमूदाबाद/सीतापुर अवधनामा संवाददाता।** दहेज की मांग पूरी न होने के कारण पति ने अपनी पत्नी को बुरी तरह मारा पीटा विरोध करने पर पत्नी का सर मुड़वा कर गुप्तांग में लाल मिर्च का पाउडर भर दिया। हाल चाल जानने के लिए पीड़िता की ससुराल पहुंचे परिजनों ने पीड़िता को थाने लेकर तहरीर दे दी है। मानपुर थाना क्षेत्र निवासी एक महिला ने थाना सदरपुर में तहरीर देते हुए बताया है कि उसकी शादी रिज़वान पुत्र सलीम निवासी महुआ डांडा थाना सदरपुर के साथ तीन वर्ष पूर्व मुस्लिम रीति रिवाजों से हुई थी। पीड़िता के घर वालों ने अपनी हैसियत के अनुसार दान दहेज दिया था। लेकिन पति और उसके घर वाले मिले दहेज से संतुष्ट न होकर और दहेज की मांग करने लगे। दहेज की मांग पूरी न होने के कारण पति रिजवान पीड़िता को शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगा।लेकिन अपने परिवार को सजोने के लिए पीड़िता पति की प्रताड़ना को सहती रही।शुक्रवार को पीड़िता का पति गुस्से में घर आया और गंदी गंदी गालियां देने लगा , पीड़िता ने जब पति को गाली देने से मना किया तो उसको बुरी तरह लात घूंसों लाठी डंडों से मारा और बाल काटने की मशीन से पीड़िता का सर के बाल कर मुंडा कर दिया।लेकिन जालिम पति और उसके घर वाले इस से भी संतुष्ट न हुए और पीड़िता को बदचलन का ताना देते हुए उसके गुप्तांग में मिर्च पाउडर भर दिया।

# समय बदला, हुक्मरान बदले, नहीं बदली रेता के बाशिंदों की बदनसीबी

शकील अहमद

**कुशीनगर (अवधनामा ब्यूरो)।** आजादी के 77 साल बाद भी रेता क्षेत्र के कई ऐसे गांव हैं जहां के वाशिंदे आज भी बुनियादी सुविधाओं का टकटकी लगाए हुए समस्याओं के मकड़जाल में जकड़े हैं। इन गांवो के लोग आज भी विकास के मुख्य धारा

**आज भी विकास से कोसों दूर है रेता क्षेत्र के लोग**

से कोसों दूर है। यहां बिजली-पानी, सड़क, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाओं का घोर अभाव है। इन्हें सुलभ जीवनयापन के लिए कोई सुविधा उपलब्ध नहीं हैं। ऐसे में कहना मुनासिब होगा कि समय बदला, सरकारें बदली, हुक्मरान बदले, नही बदली रेता वासियों की बदनसीबी। यही वजह है कि शिक्षक के बिना विद्यालय, चिकित्सक के बिना चिकित्सालय और ढेबरी युग में रात गुजारना रेतावासियों की पहचान बन गई है।

खड्डा विधानसभा के रेता क्षेत्र में बसे शिवपुर, नारायणपुर, मरचहवा, हरिहरपुर, बसंतपुर सहित तमाम गांव ऐसे है जहां के वाशिंदे को वोट डालने का अधिकार तो मिला है लेकिन इसका फायदा चुनाव लडने वाले जनप्रतिनिधियों तक सीमित है। चुनाव जीतने के बाद सरपंच से लगायत विधायक और सांसदों को इस गांव के विकास के लिए कभी समय नहीं मिला।

यह हालात एकाएक नहीं बने, बल्कि आजादी के बाद से ही इस गांव के लोग बदनसीब के दंश झेलते आ रहे हैं। ग्रामीणों की माने तो इस गांव में न तो शुद्ध पेयजल की उपलब्धता के लिए कोई सरकारी योजना संचालित है, न ही गांव से शहर की ओर जाने के लिए पक्का मार्ग ही यहां निर्मित हो सका है। नतीजतन यहां रहने वाले लोगो का जीवन नारकीय हो गया है। बताया जाता है कि इन गांव मे कोई बीमार पड़ जाए तो यहां एंबुलेंस आदि का आना नामुमकिन है। ग्रामीण अपने बीमार स्वजन को चारपाई पर लेटाकर उसे कांधे पर रखकर शहर की ओर भागते हैं। बात करने पर ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ता है। वह तल्ख लहजे मे कहते है। देश को आजाद हुए भले ही 75 साल से अधिक का वक्त हो गया हो लेकिन उन्हें इसका कोई फायदा नहीं मिला है। वह आज भी समस्याओं के गुलामी में जीने को विवश हैं।

## जर्जर व बदहाल शिवपुर में बना अस्पताल



जर्जर व बदहाल शिवपुर का अस्पताल

कहना न होगा कि चिकित्सकीय सुविधा के अभाव में हर वर्ष सर्पदंश प्रसव पीड़ा और जनजनित व अन्य गंभीर बीमारी से सैकड़ों लोग असमय काल के गाल में समा जाते है जिसका कोई झाकी पारने (हाल जानने) तक नही आता है। बताया जाता है कि दो दशक पूर्व ग्रामीणों के हित को ध्यान मे रखते हुए शिवपुर में बना अस्पताल शुरूआती दौर में ही हाथी दांत बनकर रह गया। सबब यह है कि अस्पताल बनने के बाद आज तक कभी यहां चिकित्सक नही आए। बताया जाता है कि यहां तैनात चिकित्सक, अटैचमेंट प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खड्डा करा लेते है और जिले के स्टोर से शिवपुर अस्पताल के लिए भेजी गई दवाएं खड्डा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर खपत करते है। दैविक आपदा के समय चिकित्सको की टीम कभी-कभार खानापूर्ति के लिए गांव मे दर्शन जरुर दे देती है। ग्रामीण केशव, धनंजय, राम लखन, बेचन, हीरामन और नथुनी गुस्से मे बोलते है कि पहले तो सिर्फ नेताओं का झूठ आश्वासन मिलता था अब मुट्ठी भर अनाज और नेता का झूठा वादा के सिवाय कुछ नही मिलता है। ग्रामीण बताते है कि योगी सरकार के प्रथम कार्यकाल में सभी ग्राम सभाओं की सड़कों को ब्लाक मुख्यालय से जोडने का वादा किया गया था लेकिन वह वायदा आज तक पूरा नही हुआ दुर्दशा जस की तस बनी हुई है। **सड़क नही तो वोट नहीः** रेतावासियों को एक गांव से दुसरे गांव में जाने के लिए नाव का सहारा लेना पड़ता है। यहां के बाशिंदों को खड्डा ब्लाक मुख्यालय जाने के लिए पहले महराजगंज के सोहगीबरवा जाना पड़ता है फिर पड़ोसी राज्य बिहार के नौरंगिया, मदनपुर के ऊबड़ खाबड़ मार्ग से होते हुए 45 किमी की दूरी तय कर ब्लाक मुख्यालय पहुंचना पड़ता है। इस बार ग्रामीणों ने तय किया बहुत हो गया वादाखिलाफी अबकी बार सड़क नही तो वोट नही।



रेता क्षेत्र के ग्रामीणों की फोटो

## मुंगेरीलाल के हसीन सपना दिखाते रहे नेता

नरायनपुर के ग्राम प्रधान नरसिंह, बेचन आदि कहते है कि रेता क्षेत्र के लोगो की सुधि लेने वाला कोई नही है। चुनाव के समय मे सभी दल के नेता आते है और मुंगेरीलाल का हसीन सपना दिखा कर चले जाते है। हम लोगों को अपने ब्लॉक मुख्यालय आने के लिए बिहार प्रदेश के रास्ते 45 किमी की दूरी तय करनी पड़ती है। मार्ग नही होने के कारण बरसात के दिनों 4 माह के लिए खड्डा से संपर्क टूट जाता है।ऐसे में हमे भारी दुश्वारियों का सामना करना पड़ता है।

### लोकसभा से अब तक निर्वाचित सांसद

| | | |
|---|---|---|
| **देवरिया पूर्वी लोकसभा** | | |
| 1952 | रामजी | (सोपा) |
| 1957 | काशीनाथ पाण्डेय | (कांग्रेस) |
| 1962 | काशीनाथ पाण्डेय | (कांग्रेस) |
| **पडरौना लोकसभा** | | |
| 1967 | काशीनाथ पाण्डेय | (कांग्रेस) |
| 1971 | गेंदा सिंह | (कांग्रेस) |
| 1977 | रामधारी शास्त्री | (जनता पार्टी) |
| 1980 | सीपीएन सिंह | (कांग्रेस) |
| 1984 | सीपीएन सिंह | (कांग्रेस) |
| 1989 | बालेश्वर यादव | (जनता दल) |
| 1991 | राम नगीना मिश्र | (भाजपा) |
| 1996 | राम नगीना मिश्र | (भाजपा) |
| 1998 | राम नगीना मिश्र | (भाजपा) |
| 1999 | राम नगीना मिश्र | (भाजपा) |
| 2004 | बालेश्वर यादव | (निर्दल/नेलोपा) |
| **कुशीनगर लोकसभा** | | |
| 2009- | आरपीएन सिंह | (कांग्रेस) |
| 2014- | राजेश पाण्डेय | (भाजपा) |
| 2019- | विजय कुमार दूबे | (भाजपा) |

# गंदगी से बजबजाई नालियां, सफाई कर्मी का कोई अता पता तक नहीं

अवधनामा संवाददाता



**राजेपुर फर्रुखाबाद।** देश में साफ सफाई को लेकर प्रधानमंत्री तक ने झाड़ू उठाकर संदेश दिया कि घर से लेकर बाहर तक सफाई का क्या महत्व होता है। इसके बारे में उन्होंने सफाई करते हुए संदेश जारी किया कि जब साफ सफाई युक्त माहौल में जीवन यापन होता है तो स्वास्थ्य भी सही रहेगा और बीमारियां भी नहीं पनप पाएंगी। परंतु इस संदेश का असर राजेपुर कस्बे में बिल्कुल भी नहीं दिखाई दे रहा।

यहां के ग्राम विकास अधिकारी व ग्राम प्रधान पूर्ण तरीके से मौन बैठे हुए हैं कि उन्हें कस्बे की गलियों में कीचड से भरी नालियां दिखाई नहीं दे रही। अगर गंदगी का यही माहौल रहा तो मक्खी मच्छर कीड़े मकोड़े से फैलने वाली बीमारियों को नहीं रोका जा सकता। कस्बे की प्रमुख सड़क पर गंदगी का अंबार है। इसी रोड पर खंड विकास अधिकारी का कार्यालय भी है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीज भी आते जाते हैं। थाना कॉलेज और मवेशी हॉस्पिटल भी इसी रोड पर संचालित है। मार्केट इसी रोड पर ही लगता है परंतु सड़कों पर फैली गंदगी और गंदे पानी से बजबजाती नालियां ना तो सफाई कर्मियों को दिखाई दे रही हैं और ना ही ग्राम प्रधान को। यहां के रहने वाले रामविलास रामदास राजेश कल्लू भुरे आदि लोगों ने बताया कि सफाई को लेकर कई बार आवाज उठाई गई परंतु किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं हुई। कस्बे की गालियां तो और भी गंदगी से पटी पड़ी हुई है। सफाई कर्मी कभी आता है और कभी हफ्तों नदारत रहता है। रोजमर्रा की दुकानदारी करने वाले दुकानदार भी इस गंदगी से काफी परेशान है। उनकी दुकानों के सामने नाली का गंदा पानी बहने लगता है। जिससे ग्राहक दूकान तक नहीं पहुंच पाते। कस्बे के निवासियों का कहना है कि अगर नालियों की साफ सफाई नहीं की गई तो बह दिन दूर नहीं जब इस गंदगी से फैलने वाली बीमारियां तेजी से फैलने लगेगी।

# लेखक दिनेश सोनी का प्रबंध काव्य अपराजित क्रांतिवीर चन्द्रशेखर आजाद का हुआ लोकार्पण



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** लक्ष्य साहित्यिक सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्थान, लखनऊ के तत्वावधान में काव्य संध्या का आयोजन एम -1/6 सेक्टर बी श्री शिवराम धर्मार्थ ट्रस्ट कपूरथला अलीगंज लखनऊ में किया गया जिसकी अध्यक्षता हास्य के प्रसिद्ध कवि श्याम जी मिश्रा ने की। मुख्य अतिथि वरिष्ठ कवि डॉ सुभाष गुरुदेव एवं विशिष्ट अतिथि श्री शिवराम धर्मार्थ ट्रस्ट के अध्यक्ष मनोज शुक्ला थे। काव्य संध्या का प्रारंभ माँ सुरसति की प्रतिमा पर पुष्पांजलि, दीप प्रज्जवलन, गीतकार डॉ रेनू द्विवेदी की वाणी वंदना व वरिष्ठ पत्रकार एवं छंदकार शरद पाण्डेय सशांक के कुशल संचालन से हुआ। वाणी वंदना के पश्चात वरिष्ठ कवि दिनेश सोनी की प्रबंध काव्य कृति अपराजित क्रांतिवीर चंद्रशेखर आजाद का लोकार्पण हुआ। द्वितीय सत्र में कवियों ने अपनी कविताओं, गीत, गजल, मुक्तक, छंद हास्य व्यंग्य से दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया। जिन कवियों ने काव्यपाठ किया उनमें सर्व श्री श्याम मिश्रा, डॉ सुभाष गुरुदेव, डॉ शरद पांडे शशांक, डॉ रेनू द्विवेदी, दिनेश सोनी, कृष्णानंद राय, महेश चंद्र गुप्त महेश, शायर एवं कवि पण्डित बेअदब लखनवी, मनमोहन बाराकोटी तमाचा लखनवी, गोबर गणेश, मनोज शुक्ला, श्रीमती भारती अग्रवाल पायल आदि के नाम मुख्य हैं। एडवोकेट विनोद द्विवेदी ने अपने विचार व्यक्ति किये। अंत में धन्यवाद ज्ञापन संस्था के उपाध्यक्ष मनमोहन बाराकोटी तमाचा लखनवी ने किया।

# सनबीम स्कूल देवरिया में मेधावियों को स्मृति चिन्ह को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर किया सम्मानित

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** सनबीम स्कूल देवरिया में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद नई दिल्ली द्वारा घोषित हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट के परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावियों को सम्मानित करने के लिए प्रोत्साहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि कर्नल के. वी. थापा, विशिष्ट अतिथि लेफ्टिनेंट कर्नल ए.के. सिंह व सम्मानित अतिथि कुंवर विजय सिंह, विद्यालय के निदेशक अवनीश मिश्र, उपनिदेशिका नीतू मिश्रा व प्रधानाचार्य अरविंद शुक्ल ने संयुक्त रूप से तुलसी वेदी पर दीप प्रज्वलित करके किया। इस अवसर पर सभी मेधावियों के साथ उनके अभिभावक भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत कक्षा आठवीं की छात्राओं द्वारा स्वागत नृत्य से किया गया। उसके बाद मुख्य अतिथि वह अन्य अतिथियों ने मेधावियों को स्मृति चिन्ह को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया, जिसमें सर्वप्रथम कक्षा 12 के वाणिज्य वर्ग के छात्र उत्कर्ष मित्तल जिन्होंने 98.6 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त करने के साथ ही जनपद में प्रथम स्थान प्राप्त किया है को सम्मानित किया गया। उसके बाद छात्रा प्रज्ञा कुमारी जिन्होंने 96.2 प्रतिशत अंकों के साथ मानविकी वर्ग में प्रथम स्थान तथा विद्यालय में द्वितीय स्थान, छात्रा तनिष्ठा अग्रवाल जिन्होंने 95.8 प्रतिशत अंकों के साथ विज्ञान वर्ग में प्रथम स्थान तथा विद्यालय में तृतीय स्थान प्राप्त किया को सम्मानित किया गया।कक्षा बारहवीं के सम्मानित होने वाले अन्य मेधावियों में संस्कृति सिंह 94.2 प्रतिशत, अन्वीक्षा द्विवेदी 93.4 प्रतिशत, वैष्णवी सिंह 91.4 प्रतिशत तथा श्रेया सिंह 90.8 प्रतिशत रहे। कक्षा दसवीं के सम्मानित होने वाले छात्रों में अब्दुल फैज 96.2 प्रतिशत एवं रिया मिश्रा 96.2 प्रतिशत अंकों के साथ संयुक्त रूप से प्रथम स्थान, अक्षय प्रताप राय 95.6 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान, कुणाल सिंह 95.4 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान, सुंदरम कानून 94.8 प्रतिशत अंकों के साथ चतुर्थ स्थान, श्रेयाश्री राय 94.4 प्रतिशत अंकों के साथ पांचवा स्थान व अन्य मेधावियों में अंशिका पांडेय 93.4 प्रतिशत, आकाश सिंह 92.8 प्रतिशत, अनुराग यादव 92.5 प्रतिशत, ओजस त्रिपाठी 92.2 प्रतिशत, श्रेया गुप्ता 91.8 प्रतिशत, निमिषा सिंह 91 प्रतिशत तथा मयंक सिंह 90.8 प्रतिशत रहे। जनपद में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र उत्कर्ष मित्तल ने अपनी सफलता का श्रेय विद्यालय के शैक्षिक एवं अनुशासित वातावरण, अध्यापकों के कुशल मार्गदर्शन व अपने माता-पिता के कुशल मार्गदर्शन को दिया। उत्कर्ष के पिता मुरारी जायसवाल ने उनकी सफलता के लिए सनबीम विद्यालय परिवार को धन्यवाद देते हुए कहा कि विद्यार्थियों की सफलता के पीछे विद्यालय के साथ-साथ माता-पिता की भी अहम भूमिका होती है।

# दो लाख रुपये से अधिक के बैंक ट्रांसजेक्शन पर रखे निगाह



अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** व्यय प्रेक्षक एम रतन कुमार की अध्यक्षता में लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 का दृष्टिगत पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस के नव निर्मित वीवीआईपी भवन स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में आज समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में व्यय प्रेक्षक ने बैंक ट्रांजेक्शन पर विशेष निगाह रखने का निर्देश दिया।

उन्होंने कहा कि दो लाख से अधिक के लेनदेन पर निगाह रखे और दस लाख रुपये के प्रत्येक ट्रांजेक्शन की सूचना आयकर विभाग को अनिवार्य रूप से दी जाए। आयकर विभाग एवं निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण टीम सुनिश्चित करे कि बड़ी धनराशि का प्रयोग मतदाताओं को प्रभावित करने में न हो। व्यय प्रेक्षक ने प्रत्याशियों द्वारा विभिन्न समाचार पत्रों में दिए गए विज्ञापन एवं पेड न्यूज के संबन्ध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि यदि पेड न्यूज का कोई भी प्रकरण सामने आता है तो उसे विज्ञापन मानते हुए प्रत्याशियों के निर्वाचन खर्च में जोड़ा जाए। व्यय प्रेक्षक ने एफएसटी तथा एसएसटी को अधिक सतर्कता बरतने का निर्देश दिया। कहा कि जैसे-जैसे मतदान की तिथि निकट आ रही है, प्रत्येक संदिग्ध वाहन की जांच की जाए। जांच करते समय इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए कि पूरी प्रक्रिया की वीडियो रिकॉर्डिंग हो और लोगों को असुविधा न हो। व्यय प्रेक्षक ने आबकारी अधिकारी, जीएसटी, बैंक व आयकर के नोडल अधिकारियों को जांच बढ़ाने व अवैध लेन-देन, शराब के अवैध वितरण आदि पर प्रतिबन्ध लगाने पर विशेष ध्यान देने को कहा। बैठक में वरिष्ठ कोषाधिकारी अतुल कुमार पांडेय, अपर पुलिस अधीक्षक दीपेंद्रनाथ चौधरी, जिला सूचना अधिकारी शांतनु श्रीवास्तव, वित्त एवं लेखाधिकारी माध्यमिक शिक्षा अबरार आलम, वित्त एवं लेखाधिकारी स्वास्थ्य विभाग दिव्या प्रधान, आबकारी निरीक्षक मनीष कुमार सिंह सहित विभिन्न अधिकारी उपस्थित थे।

### व्यय प्रेक्षक ने कंट्रोल रूम तथा मीडिया मॉनिटरिंग सेंटर का किया निरीक्षण

व्यय प्रेक्षक एम रतन कुमार ने आज अपराह्न निर्वाचन कंट्रोल रूम तथा मीडिया मॉनिटरिंग सेंटर का निरीक्षण किया। कंट्रोल रूम के निरीक्षण के दौरान उन्होंने सीविजिल एप के संबन्ध में जानकारी प्राप्त की। कंट्रोल रूम प्रभारी कृष्णकांत राय ने बताया कि अब तक 227 शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिनका समयबद्ध निस्तारण किया गया है। प्रति शिकायत निस्तारण की औसत समयावधि 32 मिनट है। व्यय प्रेक्षक ने एफ़एसटी टीम की जिओ लोकेशन चेक की तथा उनके द्वारा अब तक जब्त की गई संपत्ति के ब्यौरे का भी अवलोकन किया। इसके पश्चात व्यय प्रेक्षक ने एमसीएमसी एवं मीडिया मॉनिटरिंग सेंटर का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि फेक न्यूज़, पेड न्यूज, अफवाह एवं हेट स्पीच को लेकर विशेष एहतियात बरता जाए। विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रसारित न्यूज़ कंटेंट का भी रिकॉर्ड मेंटेन किया जाए। इस दौरान वरिष्ठ कोषाधिकारी अतुल कुमार पांडेय, डीआईओ शांतनु श्रीवास्तव, सीडीपीओ ऋचा पांडेय, केके सिंह, इडीएम राजीव कुमार, अमित पांडेय, मारुति सिंह, अंकित मिश्रा, संतोष सोनी, अभय प्रताप सिंह बघेल, रंजन कुमार सहित विभिन्न लोग मौजूद थे।

# भाजपा लोकसभा चुनाव कार्यालय में बने कन्ट्रोल रूम से चुनाव प्रक्रिया की होती रही मानीटरिंग

■ मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को किया जा रहा था निर्देशित



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा चुनाव कार्यालय में बने कन्ट्रोल रूम से चुनाव प्रक्रिया की मानीटरिंग की गई। कन्ट्रोल रूम में लोक सभा प्रभारी श्री कृष्ण शास्त्री, जिला प्रभारी मिथिलेश त्रिपाठी, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश पाण्डेय बादल मौजूद थे। सभी विधानसभाओं से मतदान के विषय में जानकारी ले रही थी। विधानसभाओं से आ रही दिक्कतों कन्ट्रोल रूम में मौजूद पदाधिकारी लगातार उच्चाधिकारियों के सम्पर्क में थे। अधिकारियों से वार्ता करके दिक्कतों को दूर किया जा रहा था।

महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने बताया कि पार्टी कार्यालय से लगातार चुनाव की मॉनिटरिंग व बूथ एवं पन्ना प्रमुखों को दिशा निर्देश जारी किए जा रहे थे। मतदान को लेकर किसी भी प्रकार की कमी मिलने पर संबंधित से वार्ता करके उसे दूर करने का प्रयास किया जा रहा था। मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए लगातार पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया जा रहा था।पूर्व जिला अध्यक्ष अवधेश पांडे बादल ने बताया कि कई बूथों पर मतदान कार्मिकों तथा पुलिस बलों के व्यवहार को लेकर समस्याएं आई थी। दो-तीन बूथों में ईवीएम में कमी की शिकायतें आईं। कुछ बूथों पर जागरूकता की भी कमी थी। 80 बूथों पर समस्याएं आईं। सभी को अधिकारियों से वार्ता करके दूर किया गया। वोटर लिस्ट से नाम डिलीट होने के सूचना भी कई से बूथों से प्राप्त हुई।जिला मीडिया प्रभारी दिवाकर सिंह ने बताया कि भाजपा के कार्यकर्ता सुबह से ही लगातार घर-घर जाकर मतदान करने की अपील कर रहे थे। मतदान केन्द्रों के बाहर मतदाता सहायता केन्द्र स्थापित किया गया था।

# जिले में शांतिपूर्ण चल रहा मतदानः जिलाधिकारी





*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए लोग बड़ी संख्या में घरों से निकलकर मतदान कर रहे हैं, इसी क्रम में जिलाधिकारी नीतीश कुमार ने जीजीआईसी स्थित मतदान केंद्र पर पहुंच अपने मत का प्रयोग किया। उन्होंने कहा कि पूरे जिले में शांतिपूर्ण मतदान हो रहा है, इस बीच 10 ईवीएम मशीनों में गड़बड़ी पाई गई जिसको रिस्पांस टीम भेज कर तत्काल ठीक कर दिया गया। इसके अतिरिक्त जिले में मतदाताओं की सुविधा के लिए गर्मी को देखते हुए तरह-तरह की अन्य सुविधाएं भी प्रदान की गई है। वहीं रसिया से एमबीबीएस कर रहे पीयूष पटेल ने भी किया वोट उन्होंने बताया की पहले मेरा टिकट 1जून को था लेकिन जैसे ही पता चला हमारे यहां वोटिंग 20 मई को है तो मैने टिकट को रिसेड्यूल किया और डायरेक्ट फ्लाइट मास्को टू दिल्ली किया... फिर मॉर्निंग वंदे भारत पकड़ कर डायरेक्ट पॉलिंग बूथ पर आ रहा मेरा मानना है हमें लोकतंत्र का हिस्सा बनने को लेकर गर्व महसूस हो रहा है। मुद्दे को लेकर किए गए प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि हम ऐसी सरकार चाहते हैं,जो सब का विकास करें, युवाओं के लिए और बुजुर्गों के लिए सबके विकास का कार्य करें। उन्होंने बेरोजगारों के लिए रोजगार की अपेक्षा करते हुए कहा कि अयोध्या तेज गति से विकसित हुई है यह अपने आप में एक बड़ा मुद्दा है।

## हिन्दू महासभा ने अंतरात्मा की आवाज पर मतदान करने की अपील कीन्राकेश दत्त मिश्र

**अयोध्या।** अयोध्या लोकसभा चुनाव के लिए मतदान जारी है। अखिल भारत हिन्दू महासभा उत्तर प्रदेश के मंत्री अधिवक्ता राकेश दत्त मिश्र ने धीमे मतदान को चिन्ता का विषय बताते हुए मतदाताओं से घरों से निकलकर मतदान करने और लोकतंत्र के इस महापर्व को सार्थकता प्रदान करने की अपील की है। अधिवक्ता राकेश दत्त मिश्र ने अपनी धर्मपत्नी डॉक्टर सुमन मिश्रा के साथ हसनू कटरा प्राइमरी स्कूल में मतदान करने के बाद जारी बयान के माध्यम से अपनी अपील में मतदाताओं से अपनी अंतरात्मा की आवाज पर वोट डालने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक, जातीय और पंथवाद की विचारधारा से ऊपर उठकर अयोध्या के सर्वांगीण विकास एवं जनसमस्याओं के समाधान में रुचि लेने वाले प्रत्याशी की परख करने के बाद मतदाताओं को मतदान का निर्णय लेना होगा और अपने निर्णय को सार्थक बनाने के लिए उसके पक्ष में मतदान कर उसे लोकसभा में भेजना होगा।अधिवक्ता राकेश दत्त मिश्र ने कहा कि यह मात्र चुनाव नहीं बल्कि धर्मयुद्ध है। यह चुनाव लोकतंत्र के रक्षकों और भक्षकों के बीच हो रहा है। मतदाता अपने वोट के शस्त्र से लोकतंत्र के भक्षकों को सबक सिखाने और रक्षकों को निर्वाचित कर लोकतंत्र की रक्षा में अपना महत्वपूर्ण योगदान देंगे। उन्होंने अयोध्या के मतदाताओं से शत प्रतिशत मतदान कर एक नया इतिहास बनाने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि हिन्दू महासभा के जिलाध्यक्ष रामधन निषाद प्रधान जी, जिला महामंत्री भानु प्रताप सिंह, जिला उपाध्यक्ष राहुल निषाद फौजी व अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता मतदाताओं के बीच जाकर उन्हें मतदान के लिए प्रेरित कर रहे हैं, जो मतदान का प्रतिशत बढ़ाने में सहायक सिद्ध होगा।

# जीवन रक्षक दवाओं के साथ जिले के सभी बूथों पर तैनात रही आशा बहू

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** जिले के 2035 मतदेय स्थलों पर मतदान के दौरान स्वास्थ्य सेवाएं भी मजबूत रही, वहीं सीएमओ ने संबंधित आशा बहुओं को जीवन रक्षक दवाओं और चिकित्सीय उपकरणों के साथ उपलब्ध रहने के निर्देश दिए थे। संबंधित अधीक्षकों को मतदेय स्थलों पर चिकित्सीय संसाधनों के इंतजाम कराने और सीएचसी पर 24 घंटे विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने को कहा गया था।बताते चले जिले के 1126 मतदान केंद्रों के 2035 मतदेय स्थलों पर आज सोमवार को सुबह 7 बजे से मतदान शुरू हुआ है। कड़क धूप और उमस भरी गर्मी में मतदाताओं और केंद्रों पर मौजूद, अधिकारी-कर्मचारियों के स्वास्थ्य सुविधा के लिए विभाग ने तैयारी की है। इसके लिए जिले की सभी सीएचसी पर 24 घंटे इमरजेंसी सेवाएं मुकम्मल रखने और हर समय चिकित्सकों के उपलब्ध रहने के निर्देश हैं। सीएमओ डॉ. संजय जैन ने बताया कि सभी सीएचसी अधीक्षकों को निर्देशित किया गया है कि वह अपने क्षेत्र के मतदेय स्थलों पर आशा बहू की उपलब्धता सुनिश्चित करें। उन्हें पर्याप्त मात्रा में आवश्यक दवाएं, ओआरएस पाउडर समेत प्राथमिक उपचार के चिकित्सीय उपकरण मुहैया कराएं गये 102-108 एंबुलेंस को भी अलर्ट किया गया है कि सूचना मिलते ही संबंधित क्षेत्र में तेजी से पहुंचे और अस्पताल तक मरीज को अविलंब पहुंचाकर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराएं।

# फैजाबाद लोकसभा क्षेत्र में सुबह से ही लम्बी-लम्बी कतारें लग गईं

## सांसद लल्लू सिंह ने सहादतगंज स्थित बूथ पर पहुंचकर किया मतदान

*अवधनामा संवाददाता*



**अयोध्या।** फैजाबाद लोकसभा क्षेत्र में सुबह से ही लम्बी-लम्बी कतारें लग गईं हैं, लोग कतारबद्ध होकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर रहे हैं। इसके अलावा भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह ने भी सहादतगंज स्थित अपने बूथ पर पहुंचकर मतदान किया। कांशीराम कालोनी बूथ पर मतदान करने के बाद महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, विधायक अयोध्या ने मनोहर लाल स्थित बूथ पर मतदान किया।,जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रोली सिंह व प्रतिनिधि आलोक कुमार सिंह रोहित ने अपने बूथ सरायरासी पर अपना मतदान किया।,विद्या कुंड अयोध्या बूथ पर पूर्व महापौर ऋषिकेश उपाध्याय ने अपना मतदान किया।शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र बहादुर सिंह ने राजकीय बालिका इण्टर कालेज बूथ पर मतदान किया।जिला मीडिया प्रभारी दिवाकर सिंह ने मनोहर लाल बूथ पर मतदान किया।निर्वाचन आयोग की सख्ती और सुचारू व्यवस्था का जीता जागता नमूना भी यहां देखने को मिल रहा है 7पहली बार मतदाता हुआ युवा वर्ग विशेष उत्साह में है और हर चेहरे पर लोकतंत्र के उत्सव का उल्लास झलक रहा है। सुरक्षा कर्मियों की सजगता निष्पक्ष और निर्भय मतदान को परवान चढ़ा रही है। सम्पूर्ण लोक सभा क्षेत्र से शान्ति पूर्ण मतदान के समाचार मिल रहे हैं।मतदान केन्द्रों पर अधिकारियों के दौरे लगातार हो रहे हैं, जिले में 2034 बूथ है और 1060 मतदान केदो की वेब कास्टिंग की जायेगी, चुनाव संपन्न करने के लिए लगभग 8000 मतदान कर्मी लगाए गए है, 19 लाख 27 हजार 759 मतदाता 13 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे, प्रमुख रूप से भाजपा से लल्लू सिंह, इंडिया गठबंधन से अवधेश प्रसाद, बसपा से सच्चिदानंद पाण्डेय व कम्युनिस्ट पार्टी से पूर्व आईपीएस अरविंद सेन यादव चुनाव मैदान में है।

# आदर्श मतदान केंद्र युवा मतदाताओं के लिए रहा आकर्षण का केंद्र

*अवधनामा संवाददाता*

**बीकापुर- अयोध्याधाम।** मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए बनाए गए आदर्श मतदान केंद्र युवा मतदाताओं के लिए आकर्षण का केंद्र बने रहे। बीकापुर की विधानसभा क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय बल्लीपुर बूथ संख्या 331, 332 मतदान केंद्र पर मतदाताओं को आकर्षित करने तथा मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए प्रधान संघ के जिला सचिव मुकुल आनंद द्वारा आदर्श चुनाव बूथ बनाया गया था। विद्यालय परिसर के अंदर रंग-बिरंगे गुब्बारे से सजाया गया था। विद्यालय के गेट पर लगे सेल्फी पॉइंट पर पहली बार मतदाता बने युवा मतदाताओं में मतदान करने के बाद सेल्फी लेने की होड लगी रही। पहली बार मतदाता बनी रुचि वर्मा और उनकी बहन क्रांति तथा शिवानी ने मतदान के बाद सेल्फी पॉइंट पर पहुंचकर सेल्फी लिया। उन्होंने बताया कि उनके द्वारा महिलाओं के सम्मान, अच्छी शिक्षा, बेरोजगारी दूर करने तथा देश के विकास के लिए अपना मतदान किया है। उन्होंने बताया कि मतदाता बनने के पहली बार मतदान करने का अनुभव बहुत अच्छा रहा। प्रधान संघ के जिला सचिव मुकुल आनंद द्वारा अपनी टीम के साथ मतदाताओं को शत-शत मतदान करने के लिए प्रेरित और उत्साहवर्धन किया गया।

## भाजपा नेता का निधन

**गोशाईगंज-अयोध्या।** भाजपा नेता वह पूर्व प्रधान प्रदीप त्रिपाठी 55 वर्ष का निधन रविवार को सुबह अपने निवास स्थान तेजापुर गोसाईगंज पर हो गया वह ग्राम पंचायत बोधिपुर के 5 वर्ष तक प्रधान भी रहे उनका अंतिम संस्कार शेरवा घाट स्थित सरयू तट पर हुआ मुखाग्नि उनके पुत्र शांत त्रिपाठी ने दी।

# भीषण गर्मी रही बेअसर जमकर हुआ मतदान, मतदाताओं ने ईवीएम में कैद की उम्मीदवारों की किस्मत

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** बाराबंकी लोकसभा सीट के लिए सोमवार की सुबह मतदान शुरू हुआ। भीषण धूप व उमस के बावजूद मतदाताओं का उत्साह चरम पर रहा। सुबह से ही कतारबद्ध मतदाता ने अपने मतदान केंद्र पहुंच कर अपने उम्मीदवार का चयन मत डालकर किया। दोपहर 3 बजे तक सारी विधानसभा मिलाकर 55.35 प्रतिशत, जबकि शाम 5 बजे तक 64.38 प्रतिशत मतदान हुआ था। देर शाम इस सीट पर अपना भाग्य आजमा रहे 13 प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला ईवीएम में कैद हो गया। जिला प्रशासन ने एक दिन पहले ही सोमवार के मतदान की सारी तैयारी पूरी कर ली थी। सोमवार को लोकसभा सीट पर वोटिंग सुबह 7 बजे से शुरू हो गई। सुबह 9 बजे तक 15.47 प्रतिशत मतदान हुआ था। इस समय तक धूंप चारो ओर पसर गई थी इसके बावजूद महिलाओं पुरुषों युवाओं ने मतदान केन्द्र पर कतारबद्ध होकर मताधिकार का प्रयोग किया। 11 बजे तक 30.60 प्रतिशत मतदान हुआ जबकि दोपहर 3 बजे तक 55.35 प्रतिशत मतदान हो चुका था। बताते चलें कि जिले में कुल में 1,701 मतदान केंद्रों के 2,615 बूथों पर मतदान शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने के लिए बड़ी संख्या सुरक्षाकर्मियों की तैनाती की गई थी। जिले में मतदान को सकुशल संपन्न करने के लिए जिला प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए। कुल 2,615 बूथों पर करीब 15 हजार सुरक्षा कर्मियों की तैनाती की गई। भयमुक्त और निष्पक्ष मतदान करवाने में इनकी बड़ी भूमिका रही। बाराबंकी लोकसभा में पांच विधानसभा क्षेत्र-कुर्सी, हैदरगढ़, बाराबंकी, रामनगर व जैदपुर शामिल हैं जबकि दरियाबाद और रुदौली आंशिक फैजाबाद लोकसभा क्षेत्र में शामिल हैं। बाराबंकी सीट पर कुल मतदाताओं की संख्या 23 लाख 37 हजार 810 है। तीन महीने पहले भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जारी हुई लोकसभा चुनाव की अंतिम मतदाता सूची के समय 25,964 वोटर कम रहे लेकिन जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार की पहल पर चलाए गए विभिन्न जागरुकता कार्यक्रम के बाद अब जिले में वोटरों की संख्या 25,964 बढ़कर 23,37,810 हो गई है। देर शाम तक पूरे जिले में मतदान का सिलसिला जारी रहा। मतदान समाप्ति के बाद पोलिंग पार्टियों ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच ईवीएम जिला मुख्यालय पर जमा कराई यह काम देर रात तक चलता रहा। जिले के आला अधिकारी के अलावा प्रेक्षक भी मतदान सकुशल सम्पन्न कराने के लिए दिन भर दौरा करते रहे।

## पुल नही बना तो ग्रामीणों ने मतदान का किया बहिष्कार

रामसनेहीघाट क्षेत्र में स्थित कल्याणी नदी पर एक लम्बे अरसे से ग्रामीणों पुल के निर्माण की मांग पूरी न होने पर ग्रामीणों ने मतदान का बहिष्कार कर दिया। काफी मान-मनौव्वल और पीपे का पुल बनवाने के आश्वासन पर ग्रामीण माने और मतदान शुरू हो सका। विधानसभा दरियाबाद में तहसील रामसनेही घाट अंतर्गत बनीकोडर विकास खंड की ग्राम पंचायत पाराहाजी अयोध्या संसदीय क्षेत्र में आता है जबकि विधानसभा क्षेत्र प्रदेश सरकार के मंत्री सतीश चन्द्र शर्मा का है। ग्राम पंचायत पाराहाजी में मतदाताओं ने मतदान का बहिष्कार कर दिया। उनका कहना था कि लंबे समय से मांग की जा रही है उसके बाद भी कल्याणी नदी पर पुल नहीं बना। ग्रामीणों का आरोप था कि उनकी मांग पर न तो जनप्रतिनिधियों ने कोई ध्यान दिया और न ही प्रशासन ने। इसके चलते यहां के ग्रामीणों को आवागमन की असुविधा हो रही है।

## मतदान सम्पन्न होते ही शुरू हो गया कयासों का दौर

सोमवार को शांतिपूर्ण ढंग से मतदान कार्य सम्पन्न हुआ। जिस पर अफसरों ने राहत की सांस ली। वहीं भीषण गर्मी की परवाह न करते हुए मतदाताओं ने अपने समीकरण और चुनावी गणित के जरिये परिणाम पर बहस शुरू कर दी। किसके माथे जीत होगी।और किसे चुनेगी हार, इस पर शर्त व दावे लगने शुरु हो गए। सबसे ज्यादा दांव इस बात पर है कि किसे कितना वोट मिलेगा और जीत हार का अंतर क्या रहेगा। शाम होते ही होटलों, गली मोहल्लों व दुकानों पर आमजन का जमावड़ा हो गया और चर्चा का दौर शुरू हो गया। 4 जून को नतीजे आने तक लगभग यही दृश्य पूरे जिले का रहेगा।

## डीएम एसपी रहे दौरे पर, दिखा पुलिस का मानवीय चेहरा

सोमवार को जिला निर्वाचन अधिकारी, जिला मजिस्ट्रेट सत्येन्द्र कुमार ने पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के साथ प्रातः करीब 8 बजे वारसी इंटर कॉलेज देवा में बने बूथ संख्या 71, 72, 73, 74, 75, 75, 76 व 77 का निरीक्षक किया और मतदान प्रक्रिया का जायजा लिया। मतदान कार्मिको से मतदान सम्बन्धी जानकारी ली और सम्बन्धित को निर्देश दिए कि किसी भी बूथ पर मतदाता मोबाइल फोन लेकर बूथ तक ना जाने पाये। सब लोग शांतिपूर्ण तरीके से मतदान करें। इसी प्रकार प्राथमिक विद्यालय देवा प्रथम के बूथ संख्या 67, 68, कंपोजिट स्कूल देवा के बूथ संख्या 69, 70 और प्राथमिक विद्यालय देवा द्वितीय के बूथ संख्या 81और 82 का निरीक्षण किया। सम्बन्धित को निर्देश दिए कि किसी भी बूथ पर मतदाता मोबाइल फोन लेकर बूथ तक ना जाने पाये।

# अविवि व सम्बद्ध महाविद्यालयों की सेमेस्टर परीक्षाएं 31 मई से

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अन्तर्गत स्नातक व परास्नातक सम सेमेस्टर की परीक्षाए 31 मई से शुरू होकर 09 जुलाई तक चलेगी। इस संबंध में विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा परीक्षा कार्यक्रम जारी किया गया। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक उमानाथ ने बताया कि आवासीय परिसर एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों में संचालित एनईपी के अन्तर्गत स्नातक स्तर पर द्वितीय, चतुर्थ एवं षष्टम सेमेस्टर और परास्नातक स्तर पर द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर-2023-24 की परीक्षाएं 31 मई से शुरू हो रही है जो 09 जुलाई तक चलेगी। इस आशय से सम्बद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्यों, केन्द्राध्यक्षों व आवासीय परिसर के




विभागाध्यक्षों तथा समन्वयकों को सूचित किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त इस अधिसूचना को विश्वविद्यालय के वेबसाइट एवं कालेज लॉगिन पर अपलोड कर दिया गया है। विवि के मीडिया प्रभारी डॉ0 विजयेन्दु चतुर्वेदी ने बताया कि शुक्रवार को स्नातक व परास्नातक सम सेमेस्टर के परीक्षा कार्यक्रम को जारी कर दिया गया है।

# युवक ने पत्नी और अधेड़ पर लोहे की रॉड से किया हमला, अधेड़ की मौत

■ घटना को अंजाम देने के बाद मौके से भाग निकला आरोपी

■ पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना ने घटनास्थल का किया निरीक्षण

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** निचलौल थानाक्षेत्र के अंतर्गत भारत नेपाल सीमा के करीब बैठवलिया गांव में रविवार रात एक मनबढ़ युवक ने पत्नी और गांव के ही रहने वाले एक अधेड़ व्यक्ति पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया। जिसमें पत्नी और अधेड़ व्यक्ति लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़े। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस लेकिन तबतक अधेड़ व्यक्ति की मौत हो चुका था और आरोपी युवक की पत्नी गंभीर रुप से घायल थी। जिसको पुलिस ने लोगों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निचलौल में भर्ती कराया।

पुलिस को दिए तहरीर में मृत अधेड़ बिठ्ठल केवट (55) की पत्नी सुभावती ने बताया है कि घर की आर्थिक हालात ठीक नहीं है। ऐसे में पति विठ्ठल गांव के बाहर बन रहे खेल मैदान की रखवाली करते है। वह हर रोज की तरह रविवार रात को भी पोती शशिकला के साथ पति विठ्ठल के लिए खाना लेकर खेल मैदान के पास जा रही थी। अभी वह खाना लेकर घर से कुछ दूर पहुंची थी। जहां पर देखी की गांव के ही रहने वाले अमृत उर्फ धन्नू के घर पर पति विठ्ठल से किसी बात को लेकर बहस हो रही है। इसी बीच मनबढ़ युवक अमृत उर्फ धन्नू आक्रोशित हो उठा। फिर युवक ने घर में रखे लोहे की रॉड लाकर पति विठ्ठल पर ताबड़तोड़ हमला करने लगा। इतना ही नहीं आक्रोशित युवक ने मौके पर मौजूद अपनी पत्नी गुड्डी देवी (32) को भी लोहे की रॉड से बेरहमी से मारने पीटने लगा। वही चीख पुकार सुन आस पास के लोगों को जुटते देख आरोपी युवक अमृत उर्फ धन्नू मौके से भाग निकला। इस दौरान पति विठ्ठल केवट की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि आरोपी युवक की पत्नी गुड्डी देवी की हालत नाजुक बनी हुई थी। थाना प्रभारी निरीक्षक सत्यप्रकाश सिंह ने कहा मृतक की पत्नी सुभावती देवी के तहरीर पर आरोपी युवक अमृत उर्फ धन्नू के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर गिरफ्तारी के लिए तलाश की जा रही है। जल्द ही आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# रेलवे ट्रक पर मिली लाश का पुलिस ने किया खुलासा, दो गिरफ्तार



**महाराजगंज।** बीते 18 मई को घुघली थानक्षेत्र के अंतर्गत जोगिया गांव के समीप रेलवे ट्रक पर हत्या कर फेकी गई लाश का सोमवार को पुलिस ने खुलासा कर दिया। मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से हत्या में प्रयुक्त गड़ासे को बरामद कर लिया हैं। हत्या का कारण आपसी झगड़ा बताया जा रहा हैं।

घटना का खुलासा करते हुए पुलिस ने बताया कि मनीष हत्याकांड में शामिल दोनों हत्यारोपी 58 वर्षीय अशोक यादव घुघली के वार्ड नंबर सात का निवासी है वहीं दूसरा नाबालिक आरोपी जो 17 साल का है ये दोनों मृतक मनीष के साथ ट्रेन में पानी बेचते थे। अपर पुलिस अधीक्षक आतिश कुमार सिंह ने बताया है कि मृतक मनीष से दोनों हत्यारोपियों से पिछले दिनों किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ था जिसके बाद नाबालिक आरोपी ने मनीष के मर्डर का प्लान अशोक यादव के साथ मिलकर बनाया और 17 मई की रात में फोन कर घर से बुलाकर योजनाबद्ध तरीके से धोखे से निर्माणाधीन रेल ट्रैक पर ले जाकर गड़ासे से मनीष के ऊपर हमला कर गर्दन, हाथ, चेहरा और पेट काटकर नृशंस हत्या की घटना को अंजाम दिए थे। बताते चले की मृतक अपने पिता माता और चार बहनों में इकलौता था जो ट्रेन में पानी बेचकर घर चलाता था। मृतक मनीष के पिता ठेला चलाकर रोजी रोटी कमाते हैं। पिछले 15 साल से मृतक मनीष का परिवार घुघली नगर के वार्ड नंबर 9 में किराए के मकान में रहता है।

# ट्रेन यात्रियों के बैग, मोबाइल फोन चोरी करने वाला बदमाश गिरफ्तार



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** ट्रेन यात्रियों से मोबाइल व बैग व अन्य कीमती सामान चुराने वाले एक शातिर चोर को थाना जीआरपी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जिसके कब्जे से एक नाजायज चाकू भी बरामद हुआ है। थाना जीआरपी पुलिस ने रेलवे स्टेशन पर चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से चलाये जा रहे चैकिंग अभियान के दौरान एक शातिर चोर साजिद पुत्र मंजूर निवासी इंदिरा नगर कस्बा व थाना आकोट फेल जिला कोला महाराष्ट्र को गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी संजीव कुमार ने बताया कि दबोचा गया अपराधी साजिश एक पेशेवर चोर है, जो योजना के तहत टिकट लेकर ट्रेन के जरिये शहरों में घूम-घूम कर ट्रेन यात्रियों का मोबाइल, बैंग सामान इत्यादि चोरी कर लेता है और आवश्यकता पड़ने पर अपने पास रखे चाकू से भी यात्रियों को डराने धमकाने का काम करता है। उन्होंने बताया कि साजिद के खिलाफ थाना जीआरपी सहारनपुर व लखनऊ में कई मामले पंजीकृत है। आरोपी को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में हैड कांस्टेबल पवन राणा व कांस्टेबल प्रेम प्रकाश शामिल रहे।

# अलग अलग हादसों में दो लोगों की अस्वाभाविक मौत

**बाराबंकी।** बीते 24 घण्टो में दो लोगों की अस्वाभाविक मौत हो गई। एक का शव नहर में मिला तो दूसरे की मौत हादसे में हुई।

जानकारी के अनुसार दीपक (18) पुत्र श्री राम वर्मा निवासी थाना गुडाम्बा सेक्टर जे कालोनी अलीगंज लखनऊ अपने दोस्तों के साथ किसान पथ स्थित जरवा गॉव घूमने आया था। कुर्सी थाना क्षेत्र में इंदिरा नहर में नहाते समय बीते दिन डूब गया था। सोमवार सुबह तीन किलोमीटर दूर परसौंदी गॉव के पास उसका शव बहता हुआ मिला। मृतक किराये पर ई रिक्शा चलाता था।

दूसरी घटना सफदरगंज थाना क्षेत्र में हुई। सियाराम यादव निवासी ग्राम दादरा जलालपुर थाना सफदरगंज सुबह गॉव के सामने हाईवे पर शौच से वापस लौट रहा था। तभी अज्ञात वाहन ने रौंद दिया। घायल होने पर उसे जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां उपचार के दौरान कुछ ही देर में मौत हो गई।

## निर्वाचन सामग्री पैकिंग को देखा गया



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** ईवीएम, वी0वी0पैट कमीशनिंग का कार्य आज पूर्ण हो गया जिसका जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी श्री पवन अग्रवाल द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी श्री पवन अग्रवाल द्वारा पीठासीन अधिकारियों को दी जाने वाली निर्वाचन सामग्री पैकिंग को देखा गया। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी श्री पवन अग्रवाल ने निर्देश देते हुए कहा कि पैकिंग का कार्य सुनिश्चित करा ले। जिलाधिकारी ने लेखपालो को निर्देश देते हुए कहा कि बूथो पर पानी अन्य आवश्यक सामग्री की व्यवस्था कराना सुनिश्चित करे। ईवीएम, वीपीपैट के कमीशनिंग का कार्य पूरा हो चुका है। सामान्य लोकसभा निर्वाचन 2024 का मतदान 25 मई को है। ईवीएम में प्रत्याशियों का नाम लिखा एवं चुनाव चिन्ह अंकित पतपत्र को ईवीएम में सील किया जा चुका है। बैलेट यूनिट एवं कन्ट्रोल यूनिट, ईवीएम जो रिजर्व रखी है उन पर रिजर्व स्टीकर अवश्यक लगवा दे। इस अवसर पर उपरोक्त के अतिरिक्त समस्त उपजिलाधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी आदि उपस्थित थे।

## आवश्यकतानुसार वाहनो का अधिग्रहण कर लिया गया है: जिलाधिकारी

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल, शान्तिपूर्ण एवं भयमुक्त वातावरण में सम्पन्न कराये जाने के लिए की गयी समस्त तैयारियों के संबध में जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट श्री पवन अग्रवाल की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी श्री जयेन्द्र कुमार, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) उमाशंकर तथा समस्त नोडल अधिकारियों की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक सम्पन्न हुआ।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट श्री पवन अग्रवाल द्वारा द्वारा जिला पूर्ति अधिकारी से वाहन के लॉगबुक वितरण के बारे में जानकारी चाही गयी। जिला पूर्ति अधिकारी ने अवगत कराया कि प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में पेट्रोल पम्प चिन्हित कर दिया गया तथा लॉगबुक का वितरण करा दिया गया है। ए.आर.टी.ओ. द्वारा बताया गया कि आवश्यकतानुसार वाहनो का अधिग्रहण कर लिया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिया कि जिन बूथो पर बड़ी गाड़ियां नही जा सकती उन बूथो पर छोटे वाहन लगाये जाये। सभी वाहनो का रूट चार्ट, पार्टी आदि का मिलान कर ले। वाहनो को रिजर्व में भी रखे। मतदान कार्य में लगे अन्य कार्मिको का मतदान कराने हेतु लाइब्रेरी में व्यवस्था कराने हेतु उपकृषि निदेशक को निर्देश दिया गया। जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी को मतदान के दिन कन्ट्रोल रूम को सक्रिय करने का निर्देश दिया। सेक्टर/जोनल मजिस्ट्रेट के वाहनो में जीपीएस लगाने का निर्देश दिया। वेवकास्टिंग, शिकायत प्रकोष्ट आदि के बारे में जानकारी प्राप्त की। पोलिंग पार्टियों के रवानगी के समय टेन्ट, पीने के पानी की व्यवस्था, फायर सर्विस, मेडिकल टीम उपलब्ध रहे। इसके साथ ही मतदान बूथो पर दिव्यांग हेतु व्हील चेयर, पीने हेतु पानी, छाया आदि की व्यवस्था होनी चाहिए। सभी नोडल अधिकारियों को जो जिम्मेदारियां दी गयी उनका पूर्ण रूप से पालन करना सुनिश्चित करे। इस अवसर पर उपरोक्त के अतिरिक्त अपर उपजिलाधिकारी प्रदीप कुमार यादव, शशांक शेखर राय, वरिष्ठ कोषाधिकारी रमेन्द्र कुमार मौर्य, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी देवेन्द्र कुमार पाण्डेय, उपकृषि निदेशक अरविन्द विश्वकर्मा, अपर जिला पंचायत राज अधिकारी दिनेश राय, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी तन्मय, जिला आबकारी अधिकारी वीर अभिमन्यु, जिला पूर्ति अधिकारी देवेन्द्र प्रताप सिंह, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी वीरेन्द्र गुप्ता, व अन्य संबधित अधिकारी आदि उपस्थित थे।

## चंबल क्रिकेट लीग सीजन-3 का शुभारंभ

**उरई ( जालौन)।** चंबल म्यूजियम द्वारा आयोजित 'चंबल क्रिकेट लीग सीजन 3' का उद्घाटन समारोह इटावा, भिंड और जालौन की सीमा पर बीहड़ों में स्थित चौरेला ग्राउंड पर संपन्न हुआ। उद्घाटन समारोह में क्रिकेट लीग में शामिल टीमों के अलावा बड़ी संख्या में तीनों ही जिलों से आए गणमान्य लोगों और आसपास के ग्रामीणों ने हिस्सा लिया। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए सेना से सेवानिवृत्त कैप्टन राम तेज सिंह ने कहा कि खिलाड़ी इस भयानक गर्मी में अपना पसीना बहा रहे है। ये चंबल अंचल के युवाओं के ऊर्जावान होने की पहचान है। अतिथि रूप में शामिल किसान जागरूक मंच, मध्य प्रदेश के संयोजक ओ पी तिवारी ने अपनी बात रखते हुए कहा कि क्रिकेट को आधुनिक बच्चे मोबाइल पर खेल रहे है जबकि क्रिकेट ग्राउंड पर खेला जाना चाहिए। इससे सहयोग की भावना बढ़ेगी। उद्घाटन समारोह में वीरचक्र विजेता शहीद सुलतान सिंह की पत्नी शीला देवी ने फीता काट कर चंबल क्रिकेट लीग की शुरूआत तालियों की गड़गड़ाहट के बीच कराई।

## गृह भ्रमण के दौरान आशा बहुएं रखें योग्य दम्पति, गर्भवती एवं बच्चों पर ध्यान



अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** भनवापुर ब्लाक क्षेत्र के सीएचसी सिरसिया में गृह आधारित देखभाल (एचबीवाईसी) कार्यक्रम के अन्तर्गत आयोजित प्रशिक्षण के तीसरे दिन अधीक्षक डॉ. शैलेंद्र मणि ओझा ने प्रतिभागी सभी आशाओं को अपने से संबंधित क्षेत्र में गृह भ्रमण के दौरान योग्य दंपत्ति, गर्भवती महिला तथा बच्चों के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने की बात कही गई तथा गर्भवती महिलाओं के अंतिम मासिक तिथि से एक सप्ताह तक पंजीकरण करते हुए फोलिक एसिड टेबलेट शुरुआत करने की बात की गई। कु. सुषमा द्विवेदी के द्वारा आशा बहू को एचबीवाईसी कार्यक्रम के अंतर्गत नवजात शिशुओं के अभिभावक को हाथ धुलने की जानकारी देना, नवजात शिशु का वजन, तापमान, सांस की गिनती, तथा नवजात शिशु तथा मां के खतरे की लक्षण के विषय में जानकारी दी गई। मास्टर ट्रेनर राजीव कुमार त्रिपाठी व मैराज अहमद ने बताया कि आशा बहू को अपने क्षेत्र में 3, 6, 9, 12 एवं 15 माह के प्रत्येक बच्चों के भ्रमण करने पर आशा को 50 का प्रोत्साहन राशि का भुगतान किया जाएगा। डा. ओझा के द्वारा इस दौरान फूल कुमारी, अनीता, दुर्गेश नंदिनी, संध्या, सुशीला, विनीता, मौजूद रहे।

## सेवानिवृत प्रधानाचार्य को दी गयी विदाई



**टांडा अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** सरस्वती शिशु मन्दिर/उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टाण्डा विद्यालय की सेवा से सेवानिवृत हुए प्रधानाचार्य राम सुन्दर शुक्ल एवं वरिष्ठ आचार्य विजय कुमार वर्मा उनकी निष्ठा लगन व उनके मृदभाषी संस्कृत एवं सभ्यता पर मुबारक़पुर निवासी इंद्रदेव पाठक ने मोमेंटो देकर उनका विशाल वन्दना सभागार में सम्मानजनक रूप से विदाई दी गई इस विदाई समारोह मे विद्यालय के शिक्षक कर्मचारियों सहित प्रधानाचार्य अर्जुन आचार्य. प्रबंधक ज्योति प्रकाश आर्य श्री निर्माण प्रसाद शर्मा श्री मानस वर्मा सक्षम संथा से नगर एवं खंड प्रचारक आरएसएस शनि जी आदि लोग उपस्थित रहे।

## संदीप सिंह भाजपा में शामिल



**अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** सपा छोड़कर भाजपा में शामिल हुए डॉ. सन्दीप सिंह सनी का जिले में प्रथम आगमन पर भाजपाइयों ने जगह जगह किया जोरदार स्वागत। गत 11 मई को भाजपा के प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी व परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह एवं सहकारिता मंत्री जेपीएस राठैर की मौजूदगी में उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठ्क ने सपा युवजन सभा के लगातार तीन बार प्रदेश उपाध्यक्ष रहे डॉ. सन्दीप सिंह सनी को पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई थी। भाजपा में शामिल होने के बाद सोमवार को पहली बार सन्दीप सिंह यहां पहुंचे। जिला मुख्यालय पर जिला अध्यक्ष त्र्यंबक त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष डॉ रजनीश सिंह, जिला उपाध्यक्ष बाबा राम शबद, तथा पूर्व जिला उपाध्यक्ष दिनेश पाण्डेय के नेतृत्व में उन्होंने महाराणा प्रताप, डॉ अंबेडकर व सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण के उपरांत पार्टी कार्यालय में परिचय बैठ्क में शामिल होकर नेताओं व कार्यकर्ताओं से रुबरु हुए। लाव-लश्कर के साथ बसखारी व रामनगर पहुंचने पर दिनेश प्रताप सिंह, प्रवीण सिंह, देवब्रत मिश्र, अमित सिंह, मंगलम तिवारी, दीपक त्रिपाठी, राजेश मिश्रा, मानस त्रिपाठी, अनुराग पांडे, प्रमोद पांडे, दुर्गा सिंह, अवधेशधर द्विवेदी, अमित गिरि, आदि नें तथा आलापुर तहसील पर अधिवक्ता ओंकार नाथ मिश्रा, राम जियावन तिवारी, कलेक्टर मिश्रा, महेंद्र दत्त मिश्र, प्रतीक पांडे, अभय सिंह मोनू नें फूल मालाओं के साथ डॉ. सन्दीप सिंह सनी का स्वागत किया। नरियावं बावली चौक व तिराहे पर राधव तिवारी, सभासद शशिकांत उर्फ मिंकी दूबे, व्यापार मंडल अध्यक्ष रमेश गुप्ता, विकास जायसवाल, अभिषेक त्रिपाठी, राजाबाबू गुप्ता आदि नेताओं व कार्यकर्ताओं नें स्वागत किया तो वहीं ककरापार रोड पर स्थित चुनाव कार्यालय में वरिष्ठ नेता यमुना प्रसाद चतुर्वेदी, पूर्व विधायक त्रिवेणी राम, अनीता कमल, प्रभारी संजीव मिश्रा, संयोजक सुरेश कन्नौजिया आदि के नेतृत्व में स्वागत तथा परिचय बैठ्क हुई।

## डीएम ने किया कंट्रोल रूम का निरीक्षण, दिया निर्देश

अवधनामा संवाददाता




**सिद्धार्थनगर।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी पवन अग्रवाल द्वारा सोमवार को कन्ट्रोल रूम का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने मोबाइल फोन द्वारा बी.एल.ओ. से बात की तथा मतदाता पर्ची के वितरण की जानकारी प्राप्त की तथा मतदाता पर्ची का शत-प्रतिशत वितरण सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी से सीविजिल पर प्राप्त शिकायतो के बारे में जानकारी प्राप्त की। बताया कि 20 मई तक सीबिजिल पर कुल 21 शिकायते प्राप्त हुई जिसका निस्तारण कराया गया है।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के शिकायतों के त्वरित एवं पारदर्शी निस्तारण हेतु सी-विजिल सिटीजन एप (आदर्श आचार संहिता का प्रहरी) निर्वाचन आयोग ने उपलब्ध कराया है। जिला निर्वाचन अधिकारी पवन अग्रवाल ने आमजन से अपील की है कि निर्वाचन समाप्त होने तक प्रलोभन, भ्रष्टाचार अथवा अन्य प्रकार शिकायतों को सी-विजिल सिटीजन एप के माध्यम से किया जा सकता है। इस एप के माध्यम से केवल मौके की फोटो व वीडियो को ही लगाया जा सकता है। शिकायतकर्ता की पहचान गोपनीय रखी जायेगी तथा यदि शिकायत सही मिलती है। तो 100 मिनट के अन्दर कार्यवाही की जायेगी। सी विजिल एप पर प्राप्त शिकायत के निस्तारण के लिए विकास भवन में स्थित लोकसभा सामान्य निर्वाचन, 2024 के लिए संचालित कन्ट्रोल रूम से 24 घण्टे निगरानी रखी जा रही है। शिकायतकर्ता द्वारा सी-विजिल सिटीजन एप पर शिकायत करते ही तत्काल कन्ट्रोल रूम से कार्यवाही की जाती है।

शिकायतों के निस्तारण के लिए प्रत्येक विधानसभा में तैनात एफएसटी (फ्लांइग स्कवॉयड टीम) मौके पर जाकर शिकायत को निस्तारित कराती है तथा अपनी रिपोर्ट सम्बन्धित एआरओ/एसडीएम को भेजती है। एआरओ/एसडीएम द्वारा कार्यवाही को अन्तिम रूप दिया जाता है। शिकायत निस्तारण की रिपोर्ट प्रतिदिन निर्वाचन आयोग को प्रेषित की जाती है। सी-विजिल सिटीजन एप के सम्बन्ध में किसी भी जानकारी के लिये कण्ट्रोल रूम के दूरभाष नम्बर 05544-220006 पर सम्पर्क किया जा सकता है। राजनैतिक दलों के प्रचार-प्रसार हेतु वाहनों की अनुमति जीएसआरक्यू सिंगल विन्डो सिस्टम निर्वाचन आयोग ने उपलब्ध कराया है। उक्त एप के माध्यम से विभिन्न राजनैतिक दलों द्वारा वाहनों की अनुमति हेतु सुविधा पोर्टल से ऑनलाइन आवेदन किया जाता है, जिसके सम्बन्ध में सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी, सिद्धार्थनगर से आख्या प्राप्त कर नियमानुसार वाहनों के प्रयोग की अनुमति प्रदान की जाती है। इस अवसर पर अपर उपजिलाधिकारी शंशाक शेखर राय, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी बृजेन्द्र यादव, एडीएसटीओ वीरेन्द्र सिंह व अन्य संबधित उपस्थित रहे।

## ग्रीष्मकालीन अवकाश से पूर्व प्रतिभा प्रोत्साहन पुरस्कार का हुआ आयोजन




**आलापुर अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** राजकीय हाई स्कूल जहाँगीरगंज में ग्रीष्मकालीन अवकाश के पूर्व दिनांक 20 मई को आयोजित प्रतिभा प्रोत्साहन पुरस्कार सम्मान समारोह का आयोजन करते हुए प्रधानाचार्य सुरेश लाल श्रीवास्तव द्वारा 15 मई से 18 मई के बीच चार चरणों में आयोजित प्रतिभा प्रोत्साहन प्रतियोगिता परीक्षा में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त छात्र/ छात्राओं को पुरस्कृत करते हुए सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कक्षा 9की छात्रा खुशी यादव को पुरस्कार स्वरूप विज्ञान पुस्तिका और सम्मान पत्र प्रदान किया गया। द्वितीय स्थान का पुरस्कार कक्षा 10 के छात्र हर्षित को मिला, जबकि तृतीय स्थान पर कक्षा 9 के छात्र अंश रहे।प्रतियोगिता में चौथे और पाँचवें स्थान पर कक्षा 9 के ही देवव्रत और किशन रहे।सभी को पुरस्कार स्वरूप विज्ञान,सामान्य ज्ञान की पुस्तिका एवं सम्मान पत्र प्रदान किया गया।इस अवसर पर शिक्षक मुकेश कुमार तथा राम जतन वर्मा उपस्थित रहे।समारोह के मौके पर प्रधानाचार्य सुरेश लाल सर ने बताया कि विद्यालय में ग्रीष्मकालीन अवकाश में प्रवेश कार्य एवं ज्ञान विज्ञान की कक्षाएं संचालित होंगी।31 मई को तम्बाकू निषेध दिवस और 05 जून को विश्व पर्यावरण दिवस कई प्रतियोगी कार्यक्रमों के साथ मनाया जायेगा। समर कैंप के दौरान उसके निर्धारित कार्यक्रम भी होंगे।

## नुक्कड़ सभा के माध्यम से कुशल तिवारी को वोट देने की अपील

अवधनामा संवाददाता



**लोटन सिद्धार्थनगर।** सोमवार को लोटन बाजार के दिन लोकसभा चुनाव को लेकर नुक्कड़ सभा के माध्यम से सम्बोधन के दौरान प्रबुद्ध वर्ग जिला अध्यक्ष समाजवादी पार्टी मनोज मिश्रा ने भीष्म शंकर उर्फ कुशल तिवारी के लिए बाजार मे आये वोटरों से वोट डालने की अपील की और लोगों से जनसम्पर्क कर क्षेत्र की महिलाओं एवं बुजुर्गो सहित वृद्ध मतदाताओं से आशीर्वाद लेकर सपा के पक्ष में वोट मांगे।

उन्होंने ने कहा चुनाव के मतदान की तारीख जैसे जैसे करीब हो रहा है वैसे वैसे चुनाव सपा के पक्ष में आता दिखाई दे रहा है।कांग्रेस पार्टी के जिला महामंत्री अनिल राय ने कहा हिन्दू भाई को राम राम मुस्लिम भाई को सलाम हम लोग भाई चारा रखने का कार्य करते है आप लोग को 5किलो राशन दे सकते है लेकिन बच्चों को दबाई और शिक्षा नही दे सकते जिस गाय को माता कहते है उन कम्पनी से करोड़ रूपए चन्दा लिया है। प्रभाकर दुबे ने कहा की यह चुनाव आम चुनाव नही देश की दिशा और दशा बदलने का चुनाव है और हमारे एक भी कार्यकर्ताओं को अगर दबाने का कार्य किया गया तो ईट से ईट कुशल तिवारी बजाने का कार्य करेंगे वर्तमान सांसद का हाल चाल लेने के लिए कुशल तिवारी आये है वर्तमान सांसद को बस्ती भेजने के लिए आये है। भाजपा के लोग बड़े जालिम है अंग्रेज के तरह आप लोग होसियार हो जाओ जितनी जिसकी हिस्से दारी उतनी उसकी भागीदारी । इस बार चुनाव मे सपा प्रत्याशी को सभी वर्गो के वोटरो का अपार सहयोग मिल रहा है। मतदान के समय तक भाजपा लडाई से बाहर दिखेगी। विकास की योजनाओं का लाभ बिना किसी भेदभाव के समस्त जनता को मिलेगा। भाजपा सरकार गरीब विरोधी पार्टी है अमीरो की पार्टी है अमीरो को और अमीर बनाया जा रहा है। शिक्षा और स्वास्थ्य मुफ्त होना चाहिए हमारी पार्टी जो गारंटी दे रही है सरकार बनते ही सबको लाभ मिलेगा। किसानो का कर्ज माफ होगा महिलाओ को हर महीने 8500 सौ रुपए मिलेंगे आदि बातें रखकर लोगों से वोट करने की अपील की।

## अध्यक्ष नगर पंचायत सहित समाजसेवीयों ने की सभी से मतदान की अपील

**किछौछा अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** लोकतांत्रिक देश में हम सबका पहला दायित्व मतदान करना है। ताकि हम अच्छी सरकार का चयन कर सकें। सभी को मिलकर ज्यादा से ज्यादा मतदान करना होगा तभी हम देश के प्रति अपना योगदान दे पाएंगे। मतदान के प्रति नागरीको मे जागरूकता लाने के लिये समाजसेवीओ द्वारा आगामी 25 मई को लोकसभा चुनाव मे बिना लोभ लालच के मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया साथ ही अधिक से अधिक संख्या में मतदान कर मज़बूत लोकतंत्र निर्माण करने हेतु अपील की गई वरिष्ठ समाजसेवी तथा दरगाह पीरज़ादगान इंतेजामिया कमेटी के उपाध्यक्ष सैय्यद आलेमुस्तफ़ा (छोटे बाबू) ने अपील करते हुए कहा बिना किसी लोभ डर व स्वार्थ के अच्छे जनप्रतिनिधियों को चुनकर सांसद में भेजना चाहिए। ताकि, देश का तेजी से विकास हो सके। ताकि सभी वर्ग के लोगों को इसका लाभ मिले समाजसेवी ओमकार गुप्ता अध्यक्ष नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा ने कहा लोकतंत्र के लिए हर वोट महत्वपूर्ण है। देश को सशक्त बनाने के लिए मतदान जरूरी है। सैय्यद अज़ीज़ अशरफ ने लोगों को लोकतंत्र का पाठ पढ़ाया। उन्होंने कहा देश के हर नागरिक को संविधान ने बराबरी का दर्जा दिया है। गरीब हो या अमीर उनके वोट एक बराबर ही हैं। मतदान इसलिए भी जरूरी है। कि सांसद तक अच्छे लोग पहुंच सकें। इन्फेंट इंडिया इंटरनेशनल स्कूल के प्रधानाचार्य कलाम खान ने कहा कि मतदान के दिन सबसे पहले बुथों पर जाकर हर मतदाता वोट करे। उन्होंने लोगों से आने वाले समय में मतदान करने के लिए अपने घरों के सदस्यों को भी इसके लिए जागरूक करने को कहा। खासकर महिलाएं इसमें बढ़-चढ़कर भाग ले श्री हीरालाल जयसवाल इंटर कॉलेज के प्रबंधक सर्वजीत जयसवाल ने लोगो को मतदान के प्रति जागरूक होने के लिए कहा लोकतंत्र में मतदान का दिन एक त्योहार की तरह है। इस दिन मतदाताओं को खुशी के साथ वोट डालने जाना चाहिए। अपने मताधिकार का प्रयोग करें। मतदाताओं का अधिक से अधिक मतदान करना चाहिए। वही मतदान के लिए जनता को प्रेरित करने को अम्बेडकरनगर प्रशासन ने भी अनेक कदम उठाए हैं।

## एक किलो से अधिक अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार



**अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** जनपद में पुलिस अधीक्षक अम्बेडकरनगर डॉ कौस्तुभ द्वारा अपराध तथा अपराधियो पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने के लिये चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस के मुताबिक अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी तथा क्षेत्राधिकारी जलालपुर के कुशल पर्वेक्षण में, शिवांगी त्रिपाठी थानाध्यक्ष मालीपुर के नेतृत्व में दिनांक 20.05.2024 को समय 6.10 बजे दौराने क्षेत्र भ्रमण मुखबिर खास की सूचना पर उ0नि0 शिव कुमार मय हमराही कर्म0गण द्वारा स्थान बाबा झारखण्डी मन्दिर के पहले बाग के किनारे मालीपुर रोड़ सड़क पर बहदग्राम बरौली आशानन्दपुर से एक व्यक्ति जिसका नाम संजय प्रजापति उर्फ राजू पुत्र त्रिभुवन प्रजापति निवासी ग्राम बरौली आशानन्दपुर (भगलापुर) थाना मालीपुर जनपद अम्बेडकरनगर उम्र करीब 38 वर्ष है, को कुल 01 किलो 200 ग्राम नाजायज गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त संजय प्रजापति उर्फ राजू उपरोक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 124/2024 धारा 8/20 NDPS Act पंजीकृत कर मा0 न्यायालय भेजा गया।

## लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करने वाली कविता हो रही है वायरल

अवधनामा संवाददाता



**कवि व अधिशाषी अधिकारी महेश प्रताप श्रीवास्तव अपने कविता के माध्यम से फैला रहे है मतदान के प्रति जागरूकता**

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** लोकसभा चुनाव नजदीक आने के साथ लोगों को मतदान के लिए जागरूक करने की तमाम कोशिशें भी हो रही हैं। इसी सिलसिले में प्रख्यात कवि व अधिशाषी अधिकारी महेश प्रताप श्रीवास्तव ने एक कविता लिखी है, जिसमें आम लोगों को वोटिंग के लिए प्रेरित किया गया है। कविता को अपनी आवाज में सोशल मीडिया के फेसबुक प्लेटफार्म शेयर किया है और यह सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है।

अभी तक इस कविता को दस हजार से ज्यादा लोगों ने देखा और लाइक, शेयर, कॉमेंट करके अपनी प्रतिक्रिया दी हैं। महेश श्रीवास्तव ने बताया कि साहित्य और समाज का बहुत गहरा नाता है। एक कवि इस समाज का ही अभिन्न अंग होता है। समाज का निर्माण लोगों से हुआ है। अतः एक कवि इसी समाज का अंग माना जाएगा। कवि समाज से थोड़ा-सा अलग होता है। वह समाज में व्याप्त असंगतियों से आहत वह रचनाओं का निर्माण करता है। इन्हीं रचनाओं के भंडार को साहित्य कहते हैं। एक कवि अपनी रचनाओं के माध्यम से साहित्य का सृजन करता है और समाज को नई दिशा देता है। कवि का दायित्व होता है कि वह अपनी रचनाओं से समाज में व्याप्त विसंगतियों को दूर करे और समाज में पुरानी सोच की जगह नई सोच विकसित करें। समाज में अनेक प्रकार की कुरीतियाँ, परंपराएँ, विद्यमान हैं। ये परपंराएँ और कुरीतियाँ समय के साथ पुरानी पड़ती जा रही हैं और इसमें विसंगतियाँ विद्यमान हो जाती हैं। कविता के माध्यम से उन्हें हटाने तथा क्रांति लाने का प्रयास किया जाता है। कविता में हर तरह की रचनाएँ सम्मिलित होती हैं। वे चाहे फिर प्रेम, भक्ति, वीरता, सामाजिक-राजनीतिक बदलाव, उनमें हुई उथल-पुथल या व्याप्त विसंगतियाँ इत्यादि विषय पर हों। इस तरह से ये रचनाएँ ऐतिहासिक प्रमाण भी बन जाती हैं।

## बीज गोदाम पर आधा दर्जन धान की प्रजाति उपलब्ध



**कुदरहा, बस्ती अवधनामा संवाददाता।** ब्लाक परिसर में स्थापित राजकीय कृषि बीज भंडार पर नर्सरी धान के आधा दर्जन प्रजाति की बीज आने से किसानो को राहत मिली है। किसान अब समय से नर्सरी डाल कर धान की रोपाई कर सकते है। राजकीय कृषि बीज भंड़ार के इंचार्ज क्षित वर्मा ने बताया कि सांभा सब वन, सांभा बीपीटी-5204, एचयूआर-917 (सुगंधित), सियाट्स-4, एनडीआर-2065 व सीओ-51 सहित छः प्रकार की प्रजाति है। इन सभी पर छूट भी है। सांभा सब-वन, सियाट्स-4, सीओ-51 धान की प्रजाति पर पच्चास प्रतिशत की छूट है शेष पर तीस प्रतिशत की। यह छूट खरीद के समय तत्काल दी जाएगी। किसानों को पंजीयन करने से छुट्टी मिल गई है। अब मशीन पर आधार से अंगूठा लगेगा और तुरंत किसानो को छूट मिल जाएगा। धान की कुछ प्रजातियां अभी और आने वाली है। अभी तक कुल चालिस किसानो ने बीज की खरीददारी कर चुके है। चुनाव नजदीक होने के कारण किसान कम आ रहे हैं। चुनाव के बाद बिक्री बढ़ेगी। नर्सरी डालने का सबसे पीक समय मई माह के अंतिम सप्ताह व जून माह का प्रथम सप्ताह माना जाता है। बीज भंड़ार गोदाम पर लगा है रबी फसल 2023-24 का बैनर खरीफ के फसल की बोआई शुरु हो गया है। राजकीय कृषि बीज गोदाम पर किसानों का जमावड़ा लगना शुरु हो गया है। लेकिन वर्तमान सत्र का बैनर व काउंटर न लगने से किसानो को फसल बीमा की जानकारी नही हो पा रहा है।

## तिरंगे में लिपटा जवान का शव देख फफक पड़े लोग

### गार्ड ऑफ ऑनर की सलामी के साथ जवान को दी गई अंतिम विदाई

अवधनामा संवाददाता



**कुदरहा, बस्ती।** बदहवास मां की आंखें नम थीं, 85 वर्षीय पिता की पथराई आंखे बेटे के पार्थिव शरीर को देखे जा रही थीं, बेसुध पत्नी दहाड़े मारकर दौड़ी और पति के पार्थिव शरीर से लिपटकर फूट पड़ी। मासूम बेटे देवांश और प्रतीक पूछ रहे थे कि पापा को क्या हो गया? यह दृश्य ऐसा था जिसे देखकर वहां मौजूद हर शख्स भावुक हो गया और सभी की आंखें नम हो गई। दरअसल बस्ती जिले के नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ऐलिया गांव में छुट्टी पर घर आये आर्मी जवान 38 वर्षीय यशवंत ओझा करेंट के चपेट में आने से घायल हो गये। स्वजन जिला अस्पताल लेकर गए जहां यशवंत ओझा को मृत घोषित कर दिया गया। पोस्टमार्टम के बाद सोमवार की सुबह जब जवान का शव गांव पहुंचा तो तिरंगे में लिपटे शव को देख हर किसी की आंखे भर आई। पत्नी बेसुध हो गई और बच्चों की आंखों से आंसू थम नहीं रहे थे। वहीं 85 वर्षीय बूढ़ा बाप एक कोने में बैठा पथराई आंखों से बेटे के पार्थिव शरीर को निहार रहा था और शायद यह सोच रहा था कि जिन कंधों पर खुद की अर्थी उठती उसी जवान बेटे की अर्थी को आज कंधा देना पड़ रहा। एक बाप का इससे बड़ा दुर्भाग्य और क्या हो सकता है। जो अपने जीते अपने जवान बेटे को कंधा दे। बूढ़ी मां की आंखों से आंसू रुकने का नाम नहीं ले रहे थे। जवान बेटे के शव से लिपट कर रो रही मां ने कैसे-कैसे सपने देखे थे कि उसका लाल उन सपनों को पूरा करेगा, लेकिन उसको यह नहीं मालूम था कि उसका लाल उसके लिए खुद एक सपना बनकर रह जाएगा। मां की पथराई आंखों में शायद अब आंसू भी सूख चुके थे। जवान यशवंत ओझा के गांव ऐलिया पहुंचे गोरखा रेजिमेंट कूड़ाघाट गोरखपुर से सूबेदार मेजर धनीराम अधिकारी के नेतृत्व में सेना के जवानों की टीम नें राजकीय सम्मान के साथ गार्ड ऑफ ऑनर की सलामी देते हुए नम आंखों से अंतिम विदाई दी गई।

## जीत और दस किलो अनाज

कांग्रेस नेता राहुल गांधी लिख कर दे रहे हैं कि 4 जून के बाद प्रधानमंत्री मोदी इस पद पर नहीं रहेंगे। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े का दावा है कि भाजपा 200 सीटें भी जीत नहीं पाएगी। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव इस हद तक बयान दे रहे हैं कि भाजपा 140 सीटों को भी तरस जाएगी। तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष एवं बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का आकलन है कि भाजपा 195 सीटों तक सिमट जाएगी। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल पहले ही अपना गणित बता चुके हैं कि भाजपा 220-230 सीटें ही जीत सकती है। विपक्ष के ऐसे दावों की हुंकार भरी जा रही है और वह लगातार देश को आश्वस्त करने में जुटा है कि उसने एक आंतरिक सर्वे कराया है, जिसके मुताबिक 'इंडिया' गठबंधन 300 से अधिक सीटें जीत रहा है, लिहाजा अगली सरकार 'इंडिया' की ही बनेगी। खडग़े ने लखनऊ प्रेस वार्ता के दौरान यह वायदा भी किया कि यदि 'इंडिया' की सरकार बनी, तो 80 करोड़ से अधिक उन गरीबों को 10 किलोग्राम अनाज प्रति माह मुफ्त दिया जाएगा, जिन्हें अभी 5 किलो मुफ्त अनाज मिल रहा है।

सरकारी खजाने पर 2 लाख करोड़ रुपए की सबसिडी का बोझ पहले से ही है, लिहाजा 10 किलो अनाज बांटने पर वह दोगुनी हो जाएगी। दिलचस्प है कि कांग्रेस अध्यक्ष ने यह नया जुमला उछाला है, जबकि पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी ने रायबरेली की जनसभाओं में इस योजना पर सवाल उठाते हुए जनता से पूछा है कि आपको रोजगार चाहिए या 5 किलो मुफ्त अनाजज? राहुल गांधी समेत कांग्रेस के बड़े नेता भी इस योजना पर सवाल उठाते रहे हैं कि क्या 80 करोड़ से अधिक भारतीय इतने गरीब हैं कि यदि उन्हें मुफ्त अनाज न मिले, तो वे भूखों मर सकते हैं? इस योजना के 10 किलो तक विस्तार पर कांग्रेस में रणनीतिक विरोधाभास क्यों हैं? क्या नेतागण आपस में विमर्श नहीं करते? कांग्रेस का चुनाव घोषणा-पत्र भी इस मुद्दे पर बिल्कुल खामोश है, लिहाजा कई कांग्रेसी खडग़े की घोषणा से हैरान भी होंगे! कांग्रेस अध्यक्ष ने, सपा अध्यक्ष की मौजूदगी में, नए वायदे की घोषणा तब की है, जब चार चरणों में 378 लोकसभा सीटों पर मतदान सम्पन्न हो चुका है और 164 सीटों पर मतदान ही शेष है। 70 फीसदी से अधिक जनादेश तय होकर ईवीएम में दर्ज हो चुका है। जिन 164 सीटों पर मतदान अभी शेष है, 2019 के चुनाव में उनमें से 97 सीटें भाजपा ने जीत कर हासिल की थीं। इस बार के आम चुनाव में अब विपक्ष के भीतर ऐसा कौनसा 'सुपर विश्वास' जाग उठा है कि उसने जीत के दावों की बौछार कर दी है। कई बार तो विपक्ष के दावों पर थोड़ा-सा यकीन भी होने लगता है, लेकिन देश के गृहमंत्री अमित शाह का दावा भी कौंधने लगता है कि जिन सीटों पर मतदान हो चुका है, उनमें से 270 सीटें मोदी जीत चुके हैं। यानी बहुमत भाजपा-एनडीए के पक्ष में मिल चुका है।

दोनों पक्षों के दावों को छोड़ भी दिया जाए, तो यह भी नहीं भूलना चाहिए कि विपक्ष ने ऐसे दावे 2019 में भी किए थे। ऐसे आंतरिक सर्वे की बात राहुल गांधी तब भी दोहराया करते थे। मोदी प्रधानमंत्री नहीं रहेंगे, चोर चौकीदार नहीं रहेगा, यह तो कांग्रेस का चुनावी जुमला बन गया था। नतीजा पूरा देश जानता है। यदि अब भी आगामी चरणों में भाजपा की 50 फीसदी सीटें भी कम हो जाएं, तब भी वह 319 सीटें जीत सकती है। यदि भाजपा की जीत में 10 फीसदी सीटें ही कम हों, तो भी वह 357 सीटें जीत सकती है। विपक्ष की सबसे बड़ी पार्टी कांग्रेस ने इस बार 328 उम्मीदवार ही मैदान में उतारे हैं, लिहाजा 300 से अधिक सीटें जीतने का 'इंडिया' का दावा सवालिया लगता है। अलबत्ता नतीजों को 4 जून पर छोड़ देना चाहिए। मुफ्त अनाज कोरोना महामारी के दौर में राजनीतिक-सामाजिक विवशता थी। अब हम उस दौर से निकल चुके हैं। 2022 में भारत पर जीडीपी का 81 फीसदी कर्ज था। यह बढ़ चुका होगा! कर्ज तब सार्थक लगता है, जब उसका सदुपयोग किया गया हो। मुफ्त अनाज या रेवडिय़ां बांटने को कर्ज लिया जाएगा, तो भारत भी रसातल में पहुंच सकता है। बेहतर तो यह होगा कि आने वाली सरकार मुफ्त की योजनाएं बंद करे और सभी बेरोजगार युवाओं को सरकारी रोजगार या स्वरोजगार उपलब्ध करवाए। अगर सभी के हाथों में पैसा होगा तो आवश्यक वस्तुएं तो बाजार से खरीदी जा सकती हैं।

## साहित्य अध्ययन और मनन जीवन की श्रेष्ठता का उचित माध्यम

संजीव ठाकुर

साहित्य अध्ययन, उन्नयन मनुष्य के जीवन में उत्कृष्टता का आधार होता है।साहित्य सदैव मनुष्य के जीवन में संवेदना, संवेदनशीलता एवं मानवता लाने का सकारात्मक कार्य करता है। हमारा साहित्य, भाषा, हमें आत्मिक गौरव का सदैव अभिभाष कराती है। इसीलिए जीवन में साहित्यिक पुस्तकों का विशेष महत्व है। सतसाहित्य और भाषा से जीवन गरिमा और गहरी संवेदना लिए हुए होता है। वस्तुत अच्छा साहित्य का वाचक, एक प्रशासक, एक अच्छा अभिनेता और एक अच्छा राजनेता बन सकता है। पर दूसरी तरफ एक अच्छा राजनेता, अच्छा प्रशासक, अच्छा अभिनेता बिना भाषा ज्ञान और साहित्यिक मनन के अच्छा साहित्यकार या उत्कृष्ट मानव नहीं हो सकता है। इसके लिए मनुष्य के जीवन में साहित्य के अध्ययन, मनन और चिंतन की आवश्यकता होती है। क्योंकि साहित्य में मानवीय समाज के सुख-दुख, आशा निराशा,उत्थान और पतन का स्पष्ट परिवेश स्वमेव उपस्थित रहता है। साहित्य की इन्हीं सब खूबियों के कारण उसे समाज का प्रतिबिंब कहा जाता है। साहित्य सर्वमान रूप से एक स्वायत्त आत्मा ही है, और साहित्य का रचयिता खुद स्वयं यह नहीं बता सकता कि साहित्य किसके जीवन में कब और क्या क्या परिवर्तन ला सकता है। मूलतःसाहित्य सत्य के अन्वेषण की साधना और सौंदर्य की अभिव्यंजना भी है। विशुद्ध जीवन एवं उच्च सत साहित्य मानव और समाज की संवेदना और उसकी सहज व्यक्तियों को युगों तक आने वाली पीढ़ियों में संचारित करता रहता है।और यही वजह है कि शेक्सपियर, तुलसीदास की कृतियां आज भी लोगों के हृदय में राज करती है। वैश्विक स्तर पर मनुष्य कितने ही जाति, राजनीति और भौगोलिक तौर पर अनेक गुटों में बट जाए, पर साहित्यिक धरातल एवं परिसीमा में सब एक हैं,सभी का बराबरी का दर्जा है। साहित्य मनुष्य को मानव और एक सहृदय व्यक्ति बनाना सिखाता है।

दुनिया के सभी इंसान एक है,उनकी प्रवृतियां भी एक जैसी ही है। साहित्य सभी मानव में संवेदना भरकर करुणा, दया तथा परस्पर स्नेह के भाव पैदा करता है। साहित्य समय की धारा से अछूता नहीं रह सकता है। साहित्यकार उस समय काल की धारा में बैठकर उस समय की पीड़ा, संत्रास और उत्पीड़न को लेकर अपनी रचनाएं करता है, और समाज को एक परिष्कृत वातावरण बनाने के लिए प्रेरित करता है। जिस समाज में साहित्यिक परंपरा विशाल एवं समृद्ध है,वह समाज हमेशा से जीवंत और प्रगतिशील माना गया है। सत साहित्य सदैव मानवी सहज प्रवृत्तियों के साथ समय की धारा के साथ परिवर्तित एवं परिमार्जित होता रहा है। और यही कारण है कि एक अच्छा साहित्यकार एक अच्छा मनुष्य माना जाता है। और उसकी कृति युगों युगों तक जनमानस को प्रेरित, उत्प्रेरित तथा उत्साहित करती रहती है। साहित्य भविष्य की रूपरेखा वर्तमान को सामने रखकर सुनिश्चित करते हुए मानव के सोए हुए विवेक शक्ति को जागृत करने का प्रयास करता है। और श्रेष्ठतम साहित्य में मनुष्य के भीतर तथा बाहर के सार्वभौमिक मूल्यों,संदेशों और उद्देश्य को अंतर्निहित किए रहता है। यही कारण है की कबीरदास, रविंद्र नाथ टैगोर, जयशंकर प्रसाद, प्रेमचंद, शेक्सपियर, होमर,मिल्टन मानवीय चेतना के चितेरे साहित्यकार माने गए और उन्हें युगों युगों तक याद किया जाता रहेगा।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**


**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

चुनाव परिणामों से जुड़ी अटकलों का शेष रहे दो चुनाव चरणों पर व्यापक प्रभाव पड़ता हैं। पहले तीन चरणों के कम मतदान को सत्तापक्ष के समर्थक मतदाताओं के उत्साह में कमी का संकेत बताया जा रहा है तो महाराष्ट्र और बिहार जैसे राज्यों में एनडीए के सहयोगी दलों की वोट ट्रांसफर करने की क्षमता पर सवाल उठाए जा रहे हैं। जहां तक वोटरों के उत्साह में कमी की बात है तो अव्वल तो चुनाव आयोग के अंतिम आंकड़ों के मुताबिक वोट प्रतिशत का अंतर काफी कम रह गया है, दूसरी बात यह कि वोट न देने वालों में किस पक्ष के समर्थक ज्यादा हैं, इसे लेकर परस्पर विरोधी दावे किए जा रहे हैं जिनकी सचाई 4 जून को ही सामने आएगी।


# चुनाव परिणामों से जुड़ी फिजूल की अटकलें

पांचवें चरण के तहत सोमवार को आठ राज्यों और केंद्रशासित क्षेत्रों की 49 लोकसभा सीटों पर वोट डाले गये, इसके बाद दो ही चरण की वोटिंग शेष रह जाएगी। शेष रहे दो चरणों के चुनाव पर पूरे देश की निगाहें लगी हुई हैं और जैसे-जैसे चुनाव सम्पन्नता की ओर बढ़ रहे हैं, राजनीतिक दलों की आक्रामकता अब चुनाव परिणामों को लेकर फिजूल की अटकलों के रूप में देखने को मिल रही है। वैसे तो तीन चरणों के बाद ही चुनाव परिणामों से जुड़ी अटकलें पर सारे चुनावी परिदृश्य बन रहे हैं। आम मतदाता की जरूरतों से जुड़े मुद्दों पर सार्थक बहस करने की बजाय चुनाव नतीजों की भविष्यवाणियों में चुनाव परिदृश्यों को भटकाने की कुचेष्ठाएं हो रही है, यह लोकतंत्र के इस महानुष्ठान को धुंधलाने का दूषित प्रयास है। चुनाव परिणामों को लेकर हो रही इन चर्चाओं से जहां आम मतदाता भ्रमित हो रहा है, वही देश के शेयर बाजारों में गिरावट की स्थितियां आर्थिक असंतुलन का कारण बन रही है। राजनीतिक दलों की सोची-समझी रणनीति के तहत चुनाव परिणामों की संभावनाएं व्यक्त करना, अटकले एवं कयास लगाना चुनावी परिदृश्यों को भटकाने की कोशिशें हैं, इसमें राजनीतिक विश्लेषण और उनके निष्कर्ष भी कहीं-न-कहीं ऐसा वातावरण बना रहे हैं, जिससे मतदाता को लुभाया जा सके, भटकाया जा सके या गुमराह किया जा सके। कांग्रेस हो या भाजपा और अन्य दल सभी चुनाव परिणाम की अटकलों पर ध्यान लगाये हुए हैं, वे ऐसी अतिश्योक्तिपूर्ण घोषणाएं करते हुए जीत के दावे कर रहे हैं, जिससे मतदाता द्वंद्व की स्थिति में हैं। राजनीतिक दलों ने राष्ट्र के जरूरी एवं बुनियादी मुद्दें को तवज्जों न देकर राजनीतिक अपरिपक्वता का ही परिचय दिया है। दिक्कत यह है कि सभी पार्टियां अपने दल या गठबंधन की जीत को सुनिश्चित बताते हुए इस तरह के विश्लेषण और निष्कर्ष निकाल रहे हैं जो सत्यता से दूर हैं। ऐसे निष्कर्ष अतीत में कई बार गलत साबित हो चुके हैं। 2014 में नरेंद्र मोदी की अगुआई में भाजपा को ऐसी जीत मिली, जिससे देश में तीन दशक बाद किसी पार्टी ने अपने बहुमत वाली सरकार बनाई। 2019 में पार्टी ने उससे भी बड़ी जीत हासिल की। लेकिन 2019 में भी चुनाव नतीजों से पहले शेयर बाजार लड़खड़ाते नजर आ रहे थे एवं विपक्षी दल भाजपा के हार की भविष्यवाणी कर रहे थे। 2014 में भी कई विश्लेषक उत्तरप्रदेश की कई सीटों पर मुस्लिम मतदाताओं के कथित ध्रूवीकरण का हवाला देते हुए खास तरह के चुनाव नतीजों की भविष्यवाणी कर रहे थे, जो गलत साबित हुए। ऐसी ही भविष्यवाणियां इस बार भी बढ़-चढ़ कर हो रही है, लेकिन इस बार के चुनाव परिणाम अप्रत्याशित होने वाले हैं, चौंकाने एवं चमत्कृत करने वाले होंगे।



ललित गर्ग

निश्चित ही चुनाव परिणामों से जुड़ी अटकलों का शेष रहे दो चुनाव चरणों पर व्यापक प्रभाव पड़ता हैं। पहले तीन चरणों के कम मतदान को सत्तापक्ष के समर्थक मतदाताओं के उत्साह में कमी का संकेत बताया जा रहा है तो महाराष्ट्र और बिहार जैसे राज्यों में एनडीए के सहयोगी दलों की वोट ट्रांसफर करने की क्षमता पर सवाल उठाए जा रहे हैं। जहां तक वोटरों के उत्साह में कमी की बात है तो अव्वल तो चुनाव आयोग के अंतिम आंकड़ों के मुताबिक वोट प्रतिशत का अंतर काफी कम रह गया है, दूसरी बात यह कि वोट न देने वालों में किस पक्ष के समर्थक ज्यादा हैं, इसे लेकर परस्पर विरोधी दावे किए जा रहे हैं जिनकी सचाई 4 जून को ही सामने आएगी। लेकिन चुनाव परिणामों को लेकर विरोधाभासी अटकलों का असर मतदाता पर पड़ता ही है। समूचे देश की बात करें तो इस पर लगभग आम राय है कि इन चुनावों में कोई लहर नहीं है। कई चुनाव विशेषज्ञों के अनुसार 2019 के चुनाव में पुलवामा में हुई घटनाओं और उसके बाद बालाकोट में जो हुआ उसके बाद देश भर में राष्ट्रीय सुरक्षा की लहर दौड़ गई थी। इस बार सोचा गया था कि श्रीराम मन्दिर के उद्घाटन का व्यापक असर होगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। विकास का मुद्दा अवश्य मतदाता के दिमाग में रहा है। फिर भी अगर किसी एक नेता के पक्ष में मतदाताओं की पसंद मुखरता से सामने आ रही है तो वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही हैं। सवाल है कि क्या यह मुखरता वोट में भी परिणत होगी? जवाब के लिए 4 जून का इंतजार करना बेहतर होगा।




अनेक चुनाव विश्लेषण बताते हैं कि 1999 और 2004 में कम मतदान प्रतिशत से भाजपा को फायदा हुआ, लेकिन 2014 में अधिक मतदान से लाभ हुआ। लेकिन विश्लेषक मतदान प्रतिशत और अंतिम परिणामों के बीच स्पष्ट संबंध बताने में विफल हैं। बाज़ार के इस उतार चढ़ाव के बीच निवेशक लोकसभा चुनाव में कुछ चरणों के कम मतदान प्रतिशत को लेकर चिंतित हैं। वे चुनाव परिणाम के बारे में अनिश्चितता पाले हुए हैं। निवेशक ही नहीं, मतदाता एवं नेता भी भ्र्रम एवं भटकाव पाले हुए है। लोकसभा चुनाव के बाद केंद्र में भाजपा विरोधी 'इंडिया' गठबंधन के सत्ता में आने पर तृणमूल कांग्रेस नई सरकार के गठन में 'बाहर से समर्थन' देगी। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की इस टिप्पणी के बाद से ही राजनीतिक हलकों में कयासों और अटकलों का दौर तेज़ हो गया था। सवाल उठ रहा था कि क्या उनकी इस टिप्पणी में कोई नया संकेत छिपा है? पांचवें चरण की सम्पन्नता के बाद यह साफ हो गया है कि राष्ट्रीय स्तर पर इस बार सत्तारूढ़ भाजपा की कांग्रेस समाहित विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के साथ कांटे की लड़ाई हैं और दोनों ही पक्ष अपनी-अपनी विजय का दावा कर रहे हैं। कम मतदान की पहेली का एक मतलब ये भी निकाला जा सकता है कि मतदाता को कोई उत्साह नहीं है, क्योंकि उसको ये लगता है कि 400 सीटों की जीत का दावा किया जा रहा है तो उसके वोट से कोई फर्क नहीं पडने वाला है। एक वजह ये भी हो सकती है कि वह परिणाम को लेकर पहले से ही आश्वस्त है, लेकिन इन दोनों वजहों में राजनीतिक कार्यकर्ताओं का रोल है, ये मतदाता की पहचान से जुड़े मामले नहीं हैं। विपक्ष इस बात को हवा दे रहा है कि जब सत्ताधारी दल का कार्यकर्ता जनता को बूथ पर लाने में फेल होता है तो इसका मतलब है कि कुछ गड़बड़ है। कुछ जानकार कह रहे हैं कि मामला उतना सपाट नहीं है। एक तो मौसम की मार और दूसरा ये एक ऐसा राजनीतिक मैच है जिसका नतीजा पहले से पता है इसलिए ऐसे मैच में कोई उत्साह नहीं होना बहुत सामान्य है।

पांचवें चरण में हो रहा लोकसभा का यह चुनाव भाजपा के लिए 'सेफ जोन' की तरह माना जाता है। दरअसल भाजपा और एनडीए ने मिलकर पिछले लोकसभा चुनाव में पांचवें चरण की 49 सीटों पर जिस तरह से बैटिंग की थी, वह उसको सत्ता की सीढ़ी तक ले गई। जबकि 2014 में भी भाजपा ने अपने सियासी ग्राफ को इस चरण में मजबूती के साथ आगे बढ़ाया था। सियासी जानकारों का मानना है कि भाजपा ने अपने इसी मजबूत सियासी ग्राफ के मद्देनजर पूरी फील्डिंग पांचवें चरण की 49 सीटों पर लगा दी है। वहीं इंडिया गठबंधन और उसके सियासी दलों, जिसमें कांग्रेस और सपा समेत शिवसेना ने पांचवें चरण के लिए 2014 से पहले वाली रवायत को आगे बढ़ाने के लिए पूरी तैयारी की है।

# दादागिरी की पराकाष्ठा : महिला सांसद पर लात-घूसे चलाना


सीएम अरविंद केजरीवाल ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के माध्यम से स्वाति मालीवाल को यह संदेशा भिजवाया था। जिसकी बात करने के लिए ही मालीवाल, मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से मिलने के लिए उनके सिविल लाइंस स्थित आवास पर गई थीं। आरोप है कि वहां केजरीवाल के निजी सहयोगी बिभव कुमार ने उनके साथ बदसलूकी की तथा बुरी तरह से मार-पीट की। जो कि पार्टी के भीतर चल रही तानाशाही, अहंकार और व्यक्तिवाद को उजागर करती है। झूठ बोलकर व झूठे वायदे करके आप कुछ समय के लिए लोगों का बेवकूफ बना सकते हो किंतु लंबे समय तक नहीं।

समाज में परिवर्तन का वायदा लेकर एक दशक पहले गठित राजनैतिक पार्टी आज जनता के पैमाने पर धीरे-धीरे असफल साबित होती जा रही है। ईमानदार पार्टी का तगमा लगाकर भ्रष्टाचार व भ्रष्टाचारियों को जड़ से उखाड़कर फेंकने वाला दल आज आकंठ भ्रष्टाचार में डूबा हुआ है जिसके एक-दो नहीं चार-चार मंत्री मुखिया सहित जेल की सलाखों के पीछे रह चुके हैं या रह रहे हैं। भ्रष्टाचार से भी दो कदम आगे महिला अत्याचार के आरोप में भी पार्टी चहुंओर से घिरती जा रही है। अपनी ही युवा सांसद जो कि दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष तथा पार्टी मुखिया के विश्वासपात्र टीम में रह चुकी हैं, आज चीख-चीखकर सुरक्षा की माँग कर रही है। इस युवा महिला सांसद स्वाति मालीवाल का आरोप है कि मुझे मुख्यमंत्री के घर में मुख्यमंत्री के पीए विभव कुमार ने लात-घूंसों का प्रयोग करते हुए बुरी तरह पीटा है। जिस हालात में स्वाति मालीवाल की पिटाई हुई है यह जानकर रोंगटे खड़े हो जाते हैं। पेट में कमर में लात-घूसे मारना जहां एक ओर बिभव कुमार की दादागीरी दर्शाता है वहीं उसे मिली खुली छूट की ओर भी संकेत करता है। जिस दल में अपनी झूठी प्रतिष्ठा के लिए अपनी ही महिला सांसद पर लात-घूसे चलाये जा सकते हैं वहां आम कार्यकर्ता की क्या कद्र होगी इसका अनुमान आसानी से लगाया जा सकता है।



डॉ उमेश प्रताप वत्स

स्वार्थ व भ्रष्टाचार की राजनीति के विरोध का दम भरने वाले आज अपने निजी स्वार्थ के लिए तथा भ्रष्टाचारियों को बचाने के लिए कुछ भी करने को तैयार है। दिल्ली के लोगों में सुगबुगाहट है कि पार्टी के मुखिया केजरीवाल ने स्वाती मालीवाल को राज्यसभा सदस्य से त्यागपत्र न देने पर यह दमनकारी कदम उठाया। 'इकोनोमिक टाइम्स' की रिपोर्ट के अनुसार, सीएम केजरीवाल ने अब स्वाति मालीवाल से राज्यसभा की सदस्यता त्यागने का आग्रह किया है। केजरीवाल अपनी जमानत के बदले अभिषेक मनु सिंघवी को दिल्ली से राज्यसभा भेजना चाहते हैं। दरअसल, कांग्रेस के नेता व वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ट्रायल कोर्ट से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक सीएम केजरीवाल को बचाने के लिए पैरवी कर रहे हैं। अदालत में अभिषेक सिंघवी की दलीलों के चलते ही स्पेशल बेंच ने सीएम अरविंद केजरीवाल को बड़ी राहत देते हुए उन्हें अंतरिम जमानत दी है, ताकि वह चुनाव प्रचार अभियान में भाग ले सकें। अब सीएम केजरीवाल इसके लिए अभिषेक मनु सिंघवी को बड़ा इनाम देना चाहते हैं। अपनी इस मंशा को पूरा करने के लिए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल को बलि का बकरा बनाना चाहा, उनसे संसद के उच्च सदन से इस्तीफा देने का आग्रह किया है, ताकि अभिषेक मनु सिंघवी को पार्टी के दिल्ली कोटे से राज्यसभा भेजा जा सके। इसी वर्ष जनवरी में दिल्ली महिला आयोग की पूर्व प्रमुख स्वाति मालीवाल ने राज्यसभा सदस्यता की शपथ ली थी। सीएम अरविंद केजरीवाल ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के माध्यम से स्वाति मालीवाल को यह संदेशा भिजवाया था। जिसकी बात करने के लिए ही मालीवाल, मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से मिलने के लिए उनके सिविल लाइंस स्थित आवास पर गई थीं। आरोप है कि वहां केजरीवाल के निजी सहयोगी बिभव कुमार ने उनके साथ बदसलूकी की तथा बुरी तरह से मार-पीट की। जो कि पार्टी के भीतर चल रही तानाशाही, अहंकार और व्यक्तिवाद को उजागर करती है। झूठ बोलकर व झूठे वायदे करके आप कुछ समय के लिए लोगों का बेवकूफ बना सकते हो किंतु लंबे समय तक नहीं। कहते भी हैं कि कोई भी व्यक्ति अथवा कोई भी संस्था की बुनियाद झूठ पर बहुत समय तक टिकी नहीं रह सकती अपितु रेत के किले की तरह जमीजोंद हो जाती है।



जनता जनार्दन राजनैतिक दलों के झूठे वायदों से परेशान होकर नये सपने दिखाने वाले को अपने सिर पर बैठा लेती है किंतु जब सपने दिखाने वाला चतुराई दिखाने लगे तो उसे जमीं दिखाने में भी देर नहीं लगाती। अंहकार के घोड़े पर सवार होकर कई बार व्यक्ति ऐसी गलती कर बैठता है कि सवार को गिरते देर नहीं लगती। सेफ गेम खेलने वाला आप मुखिया भी कई बार ऐसी गलतियां दोहरा चुका है, अब उसका गिरना तय है।


आपको याद होगा जब दिल्ली में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर था, फ्लाईओवर निर्माण के कुछ समय बाद ही भुरभुरा कर गिर रहे थे, टू जी थ्री जी, कोयले घोटाले आदि के चर्चे जब गली-गली में चर्चा बने हुये थे, तत्कालीन मुख्यमंत्री शीला दीक्षित के साथ सुरेश कलमाड़ी जैसे नेताओं के भ्रष्टाचार की लिस्ट समाप्त होने का नाम ही नहीं ले रही थी तब नये राजनैतिक दल के उदय को जनता ने हाथों-हाथ लिया और प्रकाशित कर दिल्ली की गद्दी पर विराजमान कर दिया। किंतु बीते लगातार दो सालों से दिल्ली की राजनीति में चर्चाओं में रहे शराब घोटाले की जद में आम आदमी पार्टी के कई शीर्ष नेता आते रहे और अब इसकी चपेट में इनके मुखिया भी आ ही गए। जो कि भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ने की मुहिम के साथ राजनीति में आए थे, वह आज खुद भ्रष्टाचार के आरोप में बुरी तरह घिर गए हैं। इनके लिए मुंबईयां फिल्म की ये पंक्तियां सटीक बैठती है -

**'क्या से क्या हो गए, देखते-देखते' :** भारत में विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र का चुनाव चल रहा है। यह चुनाव अभी तक के सभी चुनावों से अलग तरह का है क्योंकि इस बार एक ओर भारत है तो दूसरी ओर विश्व के कई शक्तिशाली देश विपक्षी पार्टियों को ढाल बनाकर खड़ें है। इस शीतयुद्ध रूपी राजनैतिक मुकाबले में विश्व के बहुत से देश भारत की बढ़ती प्रगति व तीव्र विकास गति से तथा तीसरी आर्थिक शक्ति की घोषणा के बाद अत्यंत घबराये हुए हैं। वे कभी नहीं चाहेंगे कि तीसरी पारी में भी कोई ऐसा व्यक्ति प्रधानमंत्री बने जो भारत की जनता को सबका साथ सबका विकास के नारे से एक सूत्र में पिरो कर विकास का परचम फहराए और भारत को महाशक्ति के रूप में स्थापित करने में सफल रहे। विकास के इन बढ़ते कदमों को रोकने के लिए वे किसी भी हद तक जा सकते हैं और राष्ट्रवादी विचारधारा को रोकने के लिए पानी की तरह पैसा बहाने को तैयार है। इसी पैसे को प्राप्त करने के लिए भारत की सभी राजनैतिक पार्टियों में वर्तमान सरकार को सत्ता के सिंहासन से उखाड़ फेंकने की होड़ लगी हुई है। इसी होड़ के कारण एक-दूसरे से भिन्न विचारधारा वाले, फूटी आँख भी न सुहाने वाले सब एक मंच पर आ गए। जनता में इन दलों ने जो जातिगत, धर्म व अलगाव के बीज बो रखे हैं उनसे पनप रही पौध इनके वोटर के रूप में सक्रिय है और साझा उम्मीदवार खड़ा करने के कारण ये वर्तमान सरकार को जबरदस्त टक्कर भी दे रहे हैं। इस बार का चुनाव 2019 जैसा आसान नहीं है। अब यह जनता को तय करना है कि संविधान द्वारा दिये गये मताधिकार का प्रयोग वे किस विचारधारा को पोषित करने के लिए करते हैं। भ्रष्टाचार, अत्याचार, हिंसा, अहंकार के पक्ष में अथवा राष्ट्र निर्माण व राष्ट्र गौरव के पक्ष में। मतदान जिसके भी पक्ष में हो किंतु मतदान अवश्य हो।

# गुलदस्त-ए-हिन्द में फलती फूलती 'विष बेल'

सपा, कांग्रेस की 'राम' से इतनी दुश्मनी है कि उन्होंने रामलला का प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण ठुकरा दिया卐। प्रधानमंत्री मोदी के उपरोक्त आरोपों से दो अहम सवाल सिर्फ़ मोदी से ही पूछे जाने चाहिये। एक तो यह कि प्रधानमंत्री जैसे सर्वोच्च पद पर बैठे व्यक्ति की इस सूचना का आख़िर क्या स्रोत है कि-सपा-कांग्रेस वाले सरकार में आए तो राम मंदिर पर बुलडोज़र चलवा देंगे? यदि कोई स्रोत नहीं तो यह सफ़ेद झूठ और लफ़्फ़ाज़ी सिर्फ़ साम्प्रदायिक आधार पर मतों का ध्रुवीकरण करने का प्रयास नहीं तो और क्या है? और उन्हीं के आरोपों से जुड़ा दूसरा सवाल यह कि जब सपा व कांग्रेस को उनके अनुसार 'राम' से इतनी दुश्मनी है कि उन्होंने रामलला का प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण ठुकरा दिया और अब मोदी के अनुसार इस पर बुलडोज़र भी चलवा देंगे?

भारतीय लोकतंत्र का सबसे बड़ा पर्व यानी लोकसभा का आम चुनाव अपने समापन की ओर अग्रसर है। देश के चुनावी इतिहास में 2024 का चुनाव हमेशा याद रखा जायेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व उनके सहयोगी नेताओं ने गोदी मीडिया की जुगलबंदी से इस बार चुनाव प्रचार में जितना ज़हर घोलने व झूठ पर झूठ बोलने का कीर्तिमान स्थापित करने की कोशिश की गयी वैसा पहले कभी नहीं देखा गया। भारतीय जनता पार्टी ने वैसे तो पिछले दस वर्षों से अपनी सत्ता की पूरी ताक़त इसी में लगा रखी है कि किस तरह अपने विरोधियों को टुकड़े टुकड़े गैंग का नाम दिया जाये,उन्हें पाकिस्तानी बताया जाये ,देश विरोधी व सेना विरोधी बताया जाये ,भ्रष्ट व निकम्मा बताया जाये ,मुस्लिम परस्त व तुष्टीकरण का पैरोकार साबित किया जाये,पिछले सभी शासन व पूर्व प्रधानमंत्रियों को निकम्मा बताया जाये। और साथ ही स्वयं को दैवीय शक्ति का स्वामी होने के साथ अवतरित होने वाला एक ऐसा महापुरुष जिसे पहले तो गंगा ने केवल बुलाया था परन्तु अब तो गोद भी ले लिया है। चुनावी बेला में सत्ता पर क़ब्ज़ा बरक़रार रखने के लिये और अपने विरोधियों को नीचा दिखाने व बदनाम करने के लिये प्रधानमंत्री स्तर पर जिस तरह के ज़हरीले बोल इन दिनों बोले जा रहे हैं ऐसी बातों की कभी कल्पना भी नहीं की गयी।



तनवीर जाफ़री

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के चुनावी दौरे पर सभाओं में फिर कहा है कि -कांग्रेस व समाजवादी पार्टी अगर सत्ता में आई तो यह लोग रामलला को टेंट में भेज कर मंदिर में बुल्डोज़र चलवा देंगे। कांग्रेस ने तो राम मंदिर पर सुप्रीम कोर्ट के फ़ैसले को पलटने की तैयारी भी कर ली है। उन्होंने कहा कि इनके लिए तो उनका परिवार और पावर यही उनका खेल है। सपा, कांग्रेस की 'राम' से इतनी दुश्मनी है कि उन्होंने रामलला का प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण ठुकरा दिया÷। प्रधानमंत्री मोदी के उपरोक्त आरोपों से दो अहम सवाल सिर्फ़ मोदी से ही पूछे जाने चाहिये। एक तो यह कि प्रधानमंत्री जैसे सर्वोच्च पद पर बैठे व्यक्ति की इस सूचना का आख़िर क्या स्रोत है कि-सपा-कांग्रेस वाले सरकार में आए तो राम मंदिर पर बुलडोज़र चलवा देंगे? यदि कोई स्रोत नहीं तो यह सफ़ेद झूठ और लफ़्फ़ाज़ी सिर्फ़ साम्प्रदायिक आधार पर मतों का ध्रुवीकरण करने का प्रयास नहीं तो और क्या है? और उन्हीं के आरोपों से जुड़ा दूसरा सवाल यह कि जब सपा व कांग्रेस को उनके अनुसार 'राम' से इतनी दुश्मनी है कि उन्होंने रामलला का प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण ठुकरा दिया और अब मोदी के अनुसार इस पर बुलडोज़र भी चलवा देंगे? फिर आख़िर ऐसे राम विरोधियों को निमंत्रण भिजवाया ही क्यों गया? क्या सिर्फ़ इसलिये नहीं कि उन्हें अंदाज़ा था कि वे राम जन्म भूमि प्राण प्रतिष्ठा को राजनैतिक रंग में रंगने के इस भाजपा व संघ के आयोजन को अस्वीकार करेंगे और तब इन्हें यह मौक़ा मिलेगा जो आज कहते फिर रहे हैं? मोदी जी रामलला का प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण ठुकराने को लेकर उन चारों शंकराचार्यों पर क्यों नहीं बोलते जिन्होंने उनका निमंत्रण स्वीकार नहीं किया और इस आयोजन को भी विधि विधान के विरुद्ध बताया? आज भी एक शंकराचार्य वे डंके की चोट पर कह रहे हैं कि प्राण प्रतिष्ठा पुनः की जायेगी,मंदिर निर्माण अभी केवल 30 प्रतिशत हुआ है और अधूरे मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा पूरी तरह अनैतिक व अवैधानिक है। परन्तु शंकराचार्य की इन बातों का कोई जवाब नहीं देता जो खुद 22 जनवरी के इस आयोजन को पूरी तरह राजनैतिक आयोजन बताते रहे हैं?



पिछले दिनों इसी नफ़रती बयानबाज़ियों की एक और बानगी उत्तर पूर्वी दिल्ली के थाना उस्मानपुर इलाक़े के करतार नगर में तब देखने को मिली जब दिल्ली की जवाहर लाल नेहरू यूनिवर्सिटी के पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष और उत्तर पूर्वी दिल्ली से कांग्रेस के लोकसभा उम्मीदवार कन्हैया कुमार को उन्हें माला पहनाने के बहाने से उनके क़रीब पहुंचे दो लोगों ने उनपर पहले स्याही फेंकी फिर अचानक थप्पड़ों से हमला भी कर दिया । इसी बीच आम आदमी पार्टी की महिला निगम पार्षद के साथ भी हाथापाई की गई। निगम पार्षद का आरोप है कि उनके साथ छेड़छाड़ भी की गई है। इस दौरान चार लोगों को चोट भी आई है । बताया जा रहा है कि कन्हैया कुमार व महिला पार्षद से मारपीट करने वाले लोग गोरक्षा दल से जुड़े हुए हैं। घटना की वीडियो में हमलावर यह कहते हुए सुनाई दे रहे हैं कि-भारत के टुकड़े-टुकड़े का नारा लगाने वालों का वह यही हाल करेंगे। देश का अपमान वह किसी क़ीमत पर नहीं सहेंगे। यहां भी सवाल यह है कि टुकड़े तिकडे गैंग की अवधारणा किसने बनाई व प्रचारित की? जिस कन्हैया कुमार के पूर्वजों का जन्म भारत में ही हुआ हो ,जिसकी मां ने आंगनवाड़ी में काम कर अपने बच्चों की परवरिश की हो,जिसका भाई फ़ौजी और बाप किसान हो उस पर सिर्फ़ इसलिये टुकड़े टुकड़े गैंग का लेबल लगा दिया जाये क्योंकि वह वैचारिक रूप से सत्ता का मुखर विरोधी है ? इतना ही नहीं बल्कि उस पूरे जे एन यू को ही बदनाम करने का षड्यंत्र रचा जाये जिसमें पढ़े अनेक नेता आज मंत्री सांसद व सचिव स्तर के अधिकारी हैं? और यह आरोप भी उनके द्वारा लगाए जाएँ जो खुद या तो अनपढ़ हैं या फ़र्ज़ी डिग्रियां रखते हैं? यह आरोप उनके द्वारा लगाए जाएं जिनके पारिवारिक व राजनैतिक वंशजों का देश के लिये बलिदान देने का कोई इतिहास नहीं है? यह आरोप उनके द्वारा लगाये जायें जो खुद समाज को धर्म जाति क्षेत्र व भाषा के नाम पर लड़वाकर देश के टुकड़े टुकड़े करना चाह रहे हों और देश को हिंसा व नफ़रत की आग में झोंकने के लिये प्रयासरत हों? सवाल यह है कि अनेकता में एकता का दर्शन देने वाले गुलदस्त-ए-हिन्द में गत दस वर्षों से सत्ता व सत्ता की दलाल मीडिया द्वारा जिस विष बेल को नफ़रत,साम्प्रदायिकता, झूठ.पाखंड व पूंजीवाद से सींचा गया है क्या अब वह फलती फूलती दिखाई देने लगी हैं?

# आसमान से बरस रही आग: ताजमहल में तप रहे पत्थर

## सात पर्यटकों की हालत बिगड़ी, पारा पहुंचा 47.7 डिग्री सेल्सियस

अवधनामा संवाददाता



**आगरा।** आगरा में सूरज ने ऐसी आंखें तरेरीं कि रविवार सीजन का सबसे गर्म दिन बन गया। रविवार को अधिकतम पारा 47.7 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं सोमवार सुबह से ही गर्मी ने फिर से तेवर दिखाना शुरू कर दिए। आलम ये है कि ताजमहल पर पत्थर तप रहे हैं। बीते दिन गर्मी की वजह से ताज का दीदार करने आए सात पर्यटकों की हालत बिगड़ गई।

इस बार गर्मी हर रिकॉर्ड तोड़ने की ओर बढ़ रही है। मई माह में अधिकतम तापमान 47 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया है। रविवार को सुबह 8 बजे से ही सूरज के तेवर तीखे हो गए। सुबह 11 बजे तक तो बाजारों में सन्नाटा पसर गया। सदर बाजार, राजा मंडी, कमला नगर में मार्केट सूने पड़े थे। हाइवे और एमजी रोड पर भी वाहनों की संख्या बेहद कम रही। जो लोग घर से निकल रहे थे वह सिर से लेकर पैर तक खुद को कवर किए हुए थे। ताजमहल में तपते संगमरमर पर पर्यटकों की हालत बिगड़ रही थी। दोपहर को बहुत कम ही संख्या में पर्यटक ताज पहुंचे। यही हाल आगरा किला सहित अन्य स्मारकों में देखने को मिला।

एक सप्ताह से पारा 45 डिग्री सेल्सियस से अधिक बना हुआ है। रविवार का न्यूनतम तापमान 28.9 डिग्री सेल्सियस रहा, जोकि सामान्य से अधिक दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार अभी गर्मी से राहत मिलने की कोई उम्मीद नजर नहीं आ रही है। आगामी दो से तीन दिन तक गर्म तेज हवाएं चलेगी, जिससे लोगों की परेशानी बढ़ेगी।

आगरा में सबसे गर्म दिन 30 साल पहले 31 मई 1994 को रिकॉर्ड किया गया था। तब अधिकतम तापमान 48.5 दर्ज किया गया था। मौसम विभाग के पूर्वानुमान केंद्र के मुताबिक, भीषण

### 30 साल पहले पारा पहुंचा था 48.5

गर्मी के दौरान लोग सावधानी बरतें। लू चलने पर खेतों आदि खुले स्थानों पर समय बिताने से बचें। आगरा में सूरज ने ऐसी आंखें तरेरीं कि रविवार सीजन का सबसे गर्म दिन बन गया। रविवार को अधिकतम पारा 47.7 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं सोमवार सुबह से ही गर्मी ने फिर से तेवर दिखाना शुरू कर दिए। आलम ये है कि ताजमहल पर पत्थर तप रहे हैं। बीते दिन गर्मी की वजह से ताज का दीदार करने आए सात पर्यटकों की हालत बिगड़ गई।

इस बार गर्मी हर रिकॉर्ड तोड़ने की ओर बढ़ रही है। मई माह में अधिकतम तापमान 47 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया है। रविवार को सुबह 8 बजे से ही सूरज के तेवर तीखे हो गए। सुबह 11 बजे तक तो बाजारों में सन्नाटा पसर गया। सदर बाजार, राजा मंडी, कमला नगर में मार्केट सूने पड़े थे। हाइवे और एमजी रोड पर भी वाहनों की संख्या बेहद कम रही। जो लोग घर से निकल रहे थे वह सिर से लेकर पैर तक खुद को कवर किए हुए थे। ताजमहल में तपते संगमरमर पर पर्यटकों की हालत बिगड़ रही थी। दोपहर को बहुत कम ही संख्या में पर्यटक ताज पहुंचे।

### पानी और बिजली की किल्लत

जिले में भीषण गर्मी के कारण बिजली और पानी की किल्लत नजर आने लगी है। ग्रामीण क्षेत्रों में 12 से 14 घंटे बिजली सप्लाई हो रही है, जिससे पानी की समस्या भी खड़ी हो रही है। पानी की समस्या को लेकर छावनी क्षेत्र के लोगों ने रविवार को प्रदर्शन भी किया। बरौली अहीर, शमसाबाद, लादूखेड़ा, फतेहपुर सीकरी, फतेहाबाद आदि में बिजली कटौती की परेशानी बनी हुई है।

# भाजपा के बढ़ते जनाधार से लोग चिंतित : केशव

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य सोमवार को सिद्धार्थनगर व जौनपुर में आयोजित जनसभा को संबोधित किया। अपने संबोधन से उन्होंने कार्यकर्ताओं में उत्साह भरा। उन्होंने कहा कि 2024 के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी 400 आंकड़ा पार करके अपनी सरकार बनाएगी। भाजपा के बढ़ते जनाधार से लोग चिंतित हैं। सबसे ज्यादा चिंतित विपक्ष के लोग हैं जो देश को बेचना चाहते हैं, आम जनता के हक पर डाका डालना चाहते हैं लेकिन, भाजपा ऐसा नहीं होने देगी। उन्होंने कहा की एक तरफ भाजपा है उसने जो कहा है वो किया है वहीं दूसरी तरफ कट्टर बेईमान लोगों का समूह है, जिन्होंने 12 लाख करोड़ रूपये की लूट की है। सब आरोपी हैं, जिनमें कुछ जेल में हैं और कुछ टेम्परारी बेल पर हैं।

उन्होंने कहा कि सपा की साइकिल ध्वस्त हो चुकी है क्योंकि जनता ने ईवीएम को कमल से लबालब कर दिया है। भाजपा अपना रिकॉर्ड तोड़ने जा रही है। कांग्रेस अमेठी और रायबरेली में भी बुरी तरह पराजित हो रही है। अमेठी में प्रियंका गांधी का सहानुभूति वाला स्वाँग काम नहीं आया है। उन्होंने कहा कि सपा के शासन काल में गुंडो की भरमार थी। अगर सपा का झंडा लगाकर कोई चलता था तो उसमें ऐसा लगता था कि कोई गुंडा ही बैठा है। उन्होंने कहा कि जब अयोध्या में 22 जनवरी को रामलाल की प्राण प्रतिष्ठा हो रही थी तो अखिलेश यादव को निमंत्रण भेजा गया था लेकिन वह अयोध्या में नहीं पहुंचे जबकि माफिया सरगना मुख्तार अंसारी की कब्र पर फातिहा पढ़ने पहुंच गए। इससे ऐसा सिद्ध होता है यह लोग देश को बांटना चाहते हैं। लेकिन भाजपा के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ऐसा नहीं होने देंगे। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि इस बार भाजपा 400 का आंकड़ा पार करके अपनी सरकार बनाएगी और पूरा देश विकास के तरफ अग्रसर होगा। प्रधानमंत्री ने अपने शासनकाल में 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला है जो की एक ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने लोगों से अपील किया कि आप सबका एक-एक वोट कीमती है इसलिए मतदान के दिन जलपान से पहले अपना महत्वपूर्ण वोट भाजपा के पक्ष में डालें और पड़ोसियों के वोट भी डलवायें।

# राघवेन्द्र प्रताप सिंह का इस्तीफा राजनीतिक षडयंत्र : अपना दल

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** अपना दल (एस) के राष्ट्रीय महासचिव डॉ. राघवेन्द्र प्रताप सिंह के पार्टी छोड़ने पर राजनीति गरमा गई है। उन्होंने बीते रविवार को पार्टी में सवर्णों की उपेक्षा का आरोप लगाकर प्राथमिक सदस्यता से त्यागपत्र दिया और यह पत्र इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित किया गया।

अब सोमवार को उनके इस्तीफे पर पार्टी ने आधिकारिक बयान जारी कर इसे राजनीतिक षड्यंत्र बताया है। बीते दिनों कुंडा में पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल ने राजा भैया पर निशाना साधा था और इस घटनाक्रम को उससे भी जोड़कर देखा जा रहा है। डॉ. राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने अपने इस्तीफे में आरोप लगाया है कि राबर्ट्सगंज के सांसद पकौड़ी लाल कोल ने ब्राह्मणों व क्षत्रियों को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। जिसका विरोध भी किया गया था लेकिन इसके बावजूद उनकी पुत्रवधू व छानबे विधानसभा सीट से पार्टी विधायक रिंकी कोल को राबर्ट्सगंज सीट से लोकसभा प्रत्याशी बनाया गया है। ऐसे में सवर्ण समाज में इसे लेकर आक्रोश है। उधर पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता राजेश श्रीवास्तव ने कहा कि एक वर्ष पूर्व राघवेन्द्र कांग्रेस की सदस्यता ले चुके हैं। वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव के बाद नई कार्यकारिणी गठित की गई है और उसमें राघवेन्द्र को महासचिव भी नहीं बनाया गया है। वह चुनाव के समय विरोधियों के इशारे पर झूठा पत्र जारी कर रहे हैं।

# राशनकार्ड धारकों के लिए अच्छी खबर, अब नहीं बंटेगा बाजरा

**बरेली।** बरेली जिले में सरकारी राशन की दुकानों पर अब मई माह के राशन में बाजरा नहीं मिलेगा बल्कि गेहूं और चावल लाभार्थियों को दिया जाएगा। इस आदेश से राशनकार्ड धारकों ने राहत की सांस ली है, क्योंकि कम मात्रा होने से बाजरा मिलने से पिसाना मुश्किल था। गर्मी में बाजरा का सेवन भी नहीं हो पा रहा था।

जिला पूर्ति अधिकारी नीरज सिंह के मुताबिक बतौर मोटा अनाज बाजरा का वितरण कोटे की दुकानों पर शासनादेश के तहत हो रहा था। अबकी बार जो राशन की आपूर्ति हुई है, उसमें बाजरा शामिल नहीं है। सिर्फ गेहूं और चावल ही वितरण के लिए आया है। जिला पूर्ति अधिकारी ने कहा कि पूर्व में उपलब्ध बाजरा का वितरण भी पूरी तरह नहीं हो सका था। शेष स्टॉक में पड़ा है। उसके संबंध में अभी कोई दिशा-निर्देश नहीं मिले हैं। बताया जाता है कि गर्मी के मौसम में बाजरा के सेवन से भारीपन रहता है।

# जूता कारोबारियों पर आयकर छापा : जूतों के डिब्बों में मिली नकदी

अवधनामा संवाददाता



**आगरा।** आगरा में हरमिलाप ट्रेडर्स के प्रतिष्ठानों में आयकर छापे के दौरान बड़ी संख्या में पर्चियां निकली हैं। हींग की मंडी में इन पर्चियों पर ही कारोबार चलता है। इन पर्चियों पर लाखों के भुगतान पलक झपकते ही हो जाते हैं। ऐसे में कारोबारी के हवाला कनेक्शन को भी जांच के दायरे में लाया जा रहा है।

कारोबारी के ठिकानों पर शनिवार से चल रही कार्रवाई के दौरान प्रतिष्ठानों व आवासों में मिली लेनदेन की पर्चियों के अलावा करोड़ों की नकदी मिले हैं। इससे साफ है कि कारोबार में नकद का भुगतान बहुतायत में किया जा रहा था। जिस तरह से नकद के लेनदेन का हिसाब मिला है, उससे कारोबारी के हवाला कनेक्शन के तार भी जुड़े हो सकते हैं। आमतौर पर कारोबारी इतने बड़े पैमाने पर नकद का लेनदेन नहीं करते हैं। कार्रवाई के बाद इस कनेक्शन को जांच के दायरे में लाया जा सकता है। कारोबारी से करोड़ों की अघोषित आय के सरेंडर करने के कयास भी लगाए जा रहे हैं।

आयकर छापे की कार्रवाई के दौरान हरमिलाप ट्रेडर्स के गोविंद नगर स्थित आवास पर जूतों के डिब्बों में नकदी मिलने की जानकारी आई है। इसके बाद टीमें यहां भी नोट बरामद करके उनकी गिनती करने में जुट गई हैं।

### नोट ही नहीं मिलीं ऐसी पर्चियां...जिनसे पलक झपकते ही हो जाते हैं लाखों के भुगतान

छापे के दौरान बरामद की गई नकदी की गिनती के लिए बैंक कर्मचारियों की शिफ्टों में ड्यूटी लगाई गई है। शनिवार शाम से चल रही कार्रवाई के दौरान रविवार शाम तक भी नोटों की गिनती की जा रही थी। यहां पर कई बैंकों के कर्मचारियों को लगाया गया है। छुट्टी के दिन भी उनकी ड्यूटी रही। रविवार को पूरे दिन हींग की मंडी चांदी बाजार और जूता कारोबारियों के बीच भी आयकर छापे की चर्चा रही। छापे में मिली नकदी को लेकर तरह तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। जूता कारोबारी के चांदी के कारोबार से जुड़े होने की आशंका से भी इन्कार नहीं किया जा सकता है।

# मुझे आशा है कि इस बार जरूर बदलाव होगा : मायावती

अवधनामा संवाददाता



**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव 2024 के पांचवें चरण के लिए यूपी की 14 सीटों पर मतदान जारी है। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने लखनऊ में अपना वोट डाला। मतदान के बाद मीडिया से बातचीत में मायावती नेसभी राजनीतिक दलों से विकास और लोगों के कल्याण के मुद्दों को प्राथमिकता देने का आग्रह किया। वहीं, आकाश आनंद को नेशनल कोआर्डिनेटर पद से हटाए जाने के सवाल पर भी बयान दिया।

मायावती ने कहा कि वह इस बारे में एक्स पर बता चुकी हैं और अब इस बारे में कुछ नहीं कहना चाहती हैं। मायावती लखनऊ में वोट डालने वाली पहली राजनीतिक नेताओं में से थीं। उन्होंने सुबह 7 बजे पोलिंग बूथ पर पहुंचकर मतदान किया। मायावती ने कहा, मैंने मतदान कर दिया है...मैं सभी मतदाताओं से अपील करती हूं कि मतदान जरूर करें...मैं सभी राजनीतिक दलों से कहना चाहती हूं कि उनको जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता देनी चाहिए। लोकसभा चुनाव में पांचवें चरण की 14 सीटों के लिए सोमवार को कड़ी सुरक्षा-व्यवस्था के बीच मतदान शुरू हो गया है। इसमें 2.71 करोड़ मतदाता 144 प्रत्याशियों के भाग्य का निर्णय करेंगे। 144 में 13 महिला प्रत्याशी भी शामिल हैं। कुल 17,128 मतदान केंद्रों में 28,688 पोलिंग बूथ पर वोट सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक पड़ेंगे।

# अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दी ओलम्पियाड में सीएमएस छात्रों ने 4 गोल्ड मेडल समेत 8 पदक जीते

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अलीगंज द्वितीय कैम्पस के मेधावी छात्रों ने हिन्दी ओलम्पियाड फाउण्डेशन, नई दिल्ली के तत्वावधान में आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दी ओलम्पियाड में 4 गोल्ड मेडल, 3 सिल्वर मेडल एवं 1 ब्रांज मेडल समेत कुल 8 पदक जीतकर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। इस ओलम्पियाड में जहाँ एक ओर

सी.एम.एस. अलीगंज द्वितीय कैम्पस के छात्र प्राची सिंह, प्रतिभा सिंह, अभिनव वर्मा एवं नेतांशा वार्ष्णेय ने गोल्ड मेडल जीता है तो वहीं दक्षिता, राजशेखर अवस्थी एवं ध्रुव दीक्षित ने सिल्वर मेडल जबकि आराध्या शुक्ला ने ब्रांज मेडल जीता है। यह जानकारी सी.एम.एस. के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी श्री हरि ओम शर्मा ने दी है। श्री शर्मा ने बताया कि ओलम्पियाड में कई देशों के छात्रों ने प्रतिभाग कर हिन्दी ज्ञान का प्रदर्शन किया, जिसमें सी.एम.एस. के इन प्रतिभाशाली छात्रों ने अपने शानदार प्रदर्शन से साबित कर दिया कि आज के युग में सफल होने के लिए देश के प्रत्येक छात्र को अपनी मातृभाषा एवं राष्ट्रभाषा का उत्कृष्ट ज्ञान होना आवश्यक है, साथ ही साथ हिन्दी भाषा का ज्ञान छात्रों के नैतिक व चारित्रिक विकास हेतु भी अपरिहार्य है। प्रतियोगिता के आयोजकों ने सी.एम.एस. छात्र-छात्राओं के हिन्दी ज्ञान की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। सी.एम.एस. प्रबन्धक, प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने इन होनहार छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की है। श्री शर्मा ने बताया कि सी.एम.एस. सदैव ही विभिन्न रचनात्मक एवं सृजनात्मक प्रतियोगिताओं के माध्यम से अपने छात्रों की बहुमुखी प्रतिभा को निखारने एवं जीवन में आगे ही आगे बढ़ने हेतु प्रोत्साहित करता रहता है।

# प्रदेश में भीषण गर्मी में बिजली बड़े पैमाने पर हो रही ब्रेकडाउन

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** वर्तमान में पूरे उत्तर प्रदेश में भीषण गर्मी में जब प्रदेश की बिजली कंपनियां प्रदेश के उपभोक्ताओं तक 27942 सहित 28092 मेगावाट तक अधिकतम आपूर्ति कर चुकी है इसी बीच वर्तमान में लोकल ब्रेकडाउन और रोस्टिंग पर ध्यान दे तो उत्तर प्रदेश में वर्तमान में लगभग 30000 से 30500मेगावाट के बीच डिमांड जा रही है बिजली कंपनियों का वितरण नेटवर्क आज मजबूत होता तो बहुत ही आसानी से मई महीने में अधिकतम डिमांड 31000 तक पहुंच जाती ऐसे में उपभोक्ता परिषद की बात सच साबित हुई उपभोक्ता परिषद ने पहले ही कह दिया था था कि उत्तर प्रदेश में इस बार सितंबर महीने तक 32000 मेगावाट तक डिमांड जाने की पूरी संभावना है वर्तमान में प्रदेश की बिजली कंपनियों के पास लगभग 28200 मेगावाट या उसके इर्द-गिर्द ही बिजली इस भीषण गर्मी में उपलब्ध कराने का इंतजाम है सबसे बडा कठिन विषय यह है की वर्तमान में इस भीषण गर्मी में प्रदेश की सभी बिजली कंपनियों में वितरण नेटवर्क जवाब दे रहा है जिसके चलते बडे -बडे ब्रेकडाउन हो रहे हैं और उपभोक्ताओं में आक्रोश व्याप्त हो रहा है। उत्तर प्रदेश सरकारी इस मामले पर तत्काल हस्तक्षेप करें। उत्तर प्रदेश राज विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने कहा यह बात बिल्कुल सही है कि इस बार आरडीएसएस योजना के तहत सबसे ज्यादा सिस्टम पर काम हुआ है सभी वितरण खंडो को पावर कॉरपोरेशन द्वारा सबसे ज्यादा बिजनेस प्लान के तहत लगभग 5-5 करोड धन इस बात के लिए दिया गया था कि उपभोक्ताओं को अनवरत विद्युत आपूर्ति की जाए ब्रेकडाउन अटेंड तत्परता पर किया जाए।

### बिजली उपलब्ध होते हुए भी नहीं मिल पा रही उपभोक्ताओं को बिजली

# टीएमयू फिजिकल एजुकेशन में निकिता मिस तो मो. इम्तियाज़ मिस्टर फेयरवेल

अवधनामा संवाददाता



**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के टिमिट कॉलेज ऑफ फिजिकल एजुकेशन की फेयरवेल पार्टी में बीपीएड की निकिता बिष्ट को मिस फेयरवेल और एमपीएड के मो. इम्तियाज़ अहमद नूरी को मिस्टर फेयरवेल चुना गया। कार्यक्रम में म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता में बीपीएड के विशाल चौहान विजेता रहे। बलून फोड़ प्रतियोगिता में जीशान अव्वल रहे। सुई में धागा ड़ालने की मनोरंजक प्रतियोगिता में कुनाल चौधरी ने बाजी मारी। बीपीएड और एमपीएड फाइनल ईयर के छात्रों ने रैंप वाक किया। इससे पहले कॉलेज ऑफ फिजिकल एजुकेशन के प्रिंसिपल प्रो. मनु मिश्रा ने बतौर मुख्य अतिथि मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

### गुरू का स्थान माता-पिता से ऊपर : प्रो. मनु मिश्रा

स्टुडेंट्स को संबोधित करते हुए प्रो. मिश्रा ने कहा, जीवन में गुरू का स्थान माता-पिता से भी ऊपर है। अतः हमें अपने शिक्षकों का सम्मान करना चाहिए।

फेयरवेल पार्टी में बीपीईएस की छात्रा ईशा चौहान ने तुम जैसा ही एक तारा... गीत की प्रस्तुति दी, जबकि बीपीईएस के स्टुडेंट्स वैष्णवी, शुभजीत, तेजस्वनी, यशोदा, अर्पित जैन आदि ने ग्रुप डांस की प्रस्तुति से सभी का दिल जीत लिया। बीपीईएस के छात्र अभिषेक और ईशा चौहान ने सामूहिक रूप से तेरी गली में आता सनम, नगमें वफा के गाता सनम... गीत गाकर खूब वाहवाही लूटी। इस मौके पर फाइन आर्ट्स कॉलेज के प्रिंसिपल श्री रविन्द्र देव, फिजिकल एजुकेशन की फैकल्टीज़- श्री तौहीद अख्तर, श्री उनमेश उथासैनी, डॉ. योगेन्द्र शर्मा, श्री यशचन्द्र गंगवार के अलावा बीपीईएस, बीपीएड, एमपीएड के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# खड़े डीसीएम में घुसी कार, हादसे में मां-बेटा व मौसी की मौत

**कानपुर।** कानपुर के महाराजपुर थाना क्षेत्र में भीषण सड़क हादसा हुआ। जिसमें कानपुर की तरफ से फतेहपुर जा रही कार खड़े डीसीएम में जा घुसी। हादसे में मां-बेटा व मौसी की दर्दनाक मौत हो गई। वहीं पांच साल की बच्ची सहित दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची महाराजपुर पुलिस ने तीनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम भेज दिया। वहीं घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया।

जानकारी के मुताबिक तौहीद कादरी (50) दिल्ली में बिजनेस करते हैं। रविवार को वह अपने परिवार के साथ कानपुर एक शादी कार्यक्रम में शामिल होने आए थे। सोमवार सुबह वह अपने गांव फतेहपुर जनपद के खैरही गांव (खागा) जा रहे थे। तभी थाना महाराजपुर क्षेत्र के विराट ढाबा के पास तेज रफ्तार कार खड़ी डीसीएम में पीछे से जा घुसी।

# आइडियाज़ और जुनून स्टार्टअप की संजीवनी

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के तीर्थंकर महावीर कॉलेज ऑफ फार्मेसी और इंस्टिट्यूट इन्नोवेशन काउंसिल- आईईसी की ओर से टीचर्स और स्टडेंट्स के एक डेलीगेशन ने कोलैबोरेशन के तहत बीआईएमटेक, ग्रेटर नोएडा के अटल इनक्यूबेशन सेंटर का दौरा करके स्टार्टअप्स की बारीकियां समझी। विजिट का उद्देश्य सफल स्टार्ट अप कंपनियों के नवोन्मेषकर्ताओं के अनुभवों को आत्मसात करना है। इस भ्रमण के दौरान बीआईएमटेक, ग्रेटर नोएडा के अटल इनक्यूबेशन सेंटर में ऑपरेशन एसोसिएट श्रीमती अनुसूया रौला, असिस्टेन्ट मैनेजर श्री मृणाल ठाकुर, डिप्टी मैनेजर श्री दीक्षा राय और स्टार्टअप उद्यमी केशव झा ने तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के छात्रों और शिक्षकों के संग स्टार्टअप्स की अब तक की विकास यात्रा से अपडेट किया। उन्होंने भविष्य में दोनों संस्थाएं की ओर से विभिन्न योजनाओं पर मिलकर काम करने के तौर तरीकों पर गहनता से चर्चा की। इससे पूर्व टीएमयू, आईईसी कन्वीनर डॉ. गीतांशु डाबर ने बीआईएमटेक के प्रतिनिधियों को तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी की ओर से बुके भेंट की। प्रतिनिधिमंडल के नोएडा रवाना होने से पूर्व फार्मेसी कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. अनुराग वर्मा ने उम्मीद जताई, यह विजिट टीएमयूआईईसी के लिए मील का पत्थर साबित होगी।

### पैसे के पीछे मत भागो, अपनी लगन, उत्साह और श्रम के साथ आगे बढ़ना होगा

असिस्टेन्ट मैनेजर श्री मृणाल ठाकुर ने इन्नोवेशन को लेकर कहा, बीआईएमटेक में खोज, प्रारंभ, गुरुकुल और उड़ान जैसे चार पायदान हैं। इन पर वह स्टार्टअप या आइडियाज को बिजनेस की तरफ ले जाने के लिए इच्छुक छात्रों/व्यक्तियों को सहयोग प्रदान करते हैं, जिनकी समयावधि अलग-अलग है। केबीसीडी, भारत एआई और औरासॉफ्ट जैसे स्टार्टअप चलाने वाले श्री केशव झा ने बताया कि ईमानदारी, काम के प्रति लगन, समर्पण हो तो लक्ष्य हासिल होता है। पैसे के पीछे मत भागो, अपनी लगन, उत्साह और श्रम के साथ एक सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ते हो तो आपको सरकारी अनुदान, बिजनेस पर्सन और उद्यमियों से अनुदान आसानी से प्राप्त हो जाता है।

# पहले मतदान करें फिर जलपान करें मतदाता

## अनुपम पब्लिक स्कूल एंड कालेज में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** विकास खंड बहरिया के बाबूगंज स्थित अनुपम पब्लिक स्कूल एंड कालेज में सोमवार को भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो प्रयागराज द्वारा एक दिवसीय मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें खंड विकास अधिकारी बहरिया देव कुमार मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए। कार्यक्रम में थानाध्यक्ष बहरिया रणविजय सिंह बतौर विशिष्ट अतिथि शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता ट्रैफिक इंस्पेक्टर पवन कुमार पांडेय तथा संचालन केंद्रीय संचार ब्यूरो के कार्यक्रम प्रभारी राम मूरत ने किया।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बीडीओ बहरिया देव कुमार ने कहा कि आगामी 25 मई को सभी मतदाता अपने-अपने बूथों पर जाकर शत-प्रतिशत मतदान करें। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किये गए आंकड़ों के अनुसार पिछले लोकसभा चुनाव में फूलपुर में कम मतदान हुआ था। मत प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित जारी है। मुख्य अतिथि द्वारा उपस्थित लोगों को मतदान की शपथ दिलायी गयी। विशिष्ट अतिथि थानाध्यक्ष बहरिया रणविजय सिंह ने कहा कि सभी मतदाता भयमुक्त होकर देशहित में अपने मतों का सही प्रयोग कर एक अच्छे जनप्रतिनिधि का चुनाव करें। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे यातायात निरीक्षक पवन कुमार पांडेय ने कहा कि मतदाता राष्ट्रनिर्माण के लिए सिर्फ 30 सेकेंड का समय देकर महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकता है। उन्होंने स्लोगन के माध्यम से ÷राष्ट्रप्रेम तुम कैसे करोगे, शतप्रतिशत मतदान से÷ एवं लोकतंत्र को मजबूत करो तुम शतप्रतिशत मतदान से अपील किया। इस दौरान कृष्ण कुमार सत्यार्थी लोकगीत पार्टी द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने के लिए मनमोहक लोकगीत प्रस्तुत किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम प्रभारी राम मूरत ने लोगों के बीच क्वीज प्रतियोगिता का आयोजन किया जिसमें उत्तीर्ण लोगों को विभाग की ओर से अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय प्रचार सहायक बाल मुकुंद सिंह, प्रशिक्षु उपनिरीक्षक प्रकाशिनी सिंह, कालेज के अध्यक्ष राजेंद्र कुमार गुप्ता, डायरेक्टर ऊषा रतन गुप्ता, प्रधानाचार्या शबाना शेख, हेड इंचार्ज सहाना मलिक, राजकुमार गुप्ता, मंजू गुप्ता, गीता विश्वकर्मा, सूर्य प्रकाश, धीरेंद्र शर्मा, रवि शुक्ल, राजेश शर्मा, सुनील, उद्देश्य, राहुल, केसी, आरबी मौर्य, अनिलकांत मिश्र, जावेद, पुष्पेंद्र, संजय, प्रतिमा, अमृता सिंह, गीता, संजीव कुमार, अंकुर, आलोक, कृष्ण मोहन, अजय विश्वकर्मा, आशुतोष श्रीवास्तव, लक्ष्मीकांत, अमरनाथ सिंह, श्याम सिंह, मो. यूनिश, ओपी पाल, अनूप कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम संयोजक वरिष्ठ पत्रकार शिवदत्त नारायण त्रिपाठी ने आये हुए अतिथियों के प्रति आभार प्रकट किया।

### मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में शत-प्रतिशत मतदान की दिलाई गई शपथ

# अन्तिम वर्ष के छात्रों का विदाई समारोह संपन्न

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के अधीन संचालित कृषि अभियंत्रण संकाय, मत्स्य महाविद्यालय एवं दुग्ध प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के तृतीय वर्ष के छात्र छात्राओं ने अपने अन्तिम वर्ष के वरिष्ठ छात्रों के सम्मान में 'विदाई समारोह-2024' का आयोजन बड़ी ही भव्यता के साथ किया। इस अवसर पर विदाई समारोह के अध्यक्ष रहे इटावा जनपद के सुप्रसिद्ध कवि डॉ कमलेश शर्मा द्वारा मॉ सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्जवल कर समारोह का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात मंच से कविता पाठ करते हुये अन्तिम वर्ष के छात्रों को विदाई प्रेषित कर उन्होंने अपने प्रमुख काव्य रचनाओं राम हुए है कितने और प्रमाण दें से छात्रों को आशीर्वाद दिया और खूब प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के अधिष्ठाता डा. एन.के.शर्मा ने विदाई समारोह में अपनी मिश्रित भावनाओं के द्वारा, छात्रों द्वारा किये गये विकास एवं उपलब्धियों पर हर्ष व्यक्त करते हुये अपने आशीर्वचन में कहा कि, हमारे एवं विद्यार्थियों के बीच बिताए गए पल अब समाप्ति की ओर है और आज में आपको विदा करते हुए बेहद भावुक भी हूं लेकिन इसके साथ ही आपके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूं। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति डा.आनन्द कुमार सिंह द्वारा अन्तिम वर्ष के छात्रों को प्रेषित विदाई संदेश में इन छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्होंने जीवन में आने वाली चुनौतियों का हिम्मत से सामना करते रहने के लिये भी प्रेरित किया। विदाई समारोह को सफल बनाने में तृतीय वर्ष के छात्रों ने अथक प्रयास करते हुए अपने वरिष्ठ छात्रों को तिलक वंदन करते हुये उनका सम्मान किया। साथ ही वरिष्ठ छात्रों ने भी अपने कनिष्ठ छात्रों के समक्ष कई प्रकार के प्रेरक कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए उनको अवगत कराया कि, अब तीनों महाविद्यालयों के बदलते हुये वातावरण में सभी कनिष्ठ छात्र अपनी पढ़ाई पर विशेष ध्यान दे और अपने निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने में अपना पूरा समय लगाये। इस अवसर पर दुग्ध प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डा. वेद प्रकाश, महाविद्यालय के उप-कुलसचिव डा. पी.के.एस. भदौरिया, सह अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा.टी.के.माहेश्वरी, ई.एम.ए. हुसैन तथा समस्त गेस्ट फैकल्टी सदस्य की गरिमामयी उपस्थित ने आयोजित कार्यक्रम को भव्यता प्रदान की। इस अवसर पर थानाध्यक्ष सिविल लाइन्स, का स्टाफ भी उपस्थित रहा।

## अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन का भाजपा को समर्थन

**मथुरा।** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतत्व में भरोसा जताते हुए एवं बीजेपी की राष्ट्र हित और जनता के लिए लाभकारी नीतियों को देखते हुए अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन ने अब तक के सभी लोकसभा चुनाव के चरणों में सभी जनपदों में भाजपा प्रत्याशियों को समर्थन दिया गया है एवं आगामी लोकसभा चुनाव के सभी चरणों में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन की घोषणा की है।अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष शिव कुमार के नेतृत्व में लोकसभा क्षेत्र मोहनलालगंज से बीजेपी प्रत्याशी माननीय कौशल किशोर केंद्रीय मंत्री भारत सरकार से लखनऊ में उनके आवास पर मिलकर अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन ने प्रदेश स्तर पर उनको जनसमर्थन दिया। मंत्री जी ने संगठन के प्रदेश अध्यक्ष शिव कुमार, प्रदेश उपाध्यक्ष अजीत सिंह और मंडल उपाध्यक्ष दुर्वेश कुमार आर्या जी को बहुत बहुत आभार व्यक्त किया।

# पंचगव्य की शक्ति को पुनः पहचानने की है आवश्यकताः अजित

- श्रीजी बाबा विद्या मंदिर में गौ सेवा संगम का आयोजन
- लोगों ने लिया गौ पालन व रक्षा का संकल्प



अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मथुरा महानगर गोसेवा गतिविधि द्वारा श्री जी बाबा सरस्वती विद्या मंदिर गोवर्धन रोड के विशाल कक्ष में गौ सेवा संगम कार्यक्रम आयोजित किया गया। गो सेवा संगम में बोलते हुये अखिल भारतीय गोसेवा गतिविधि प्रमुख अजित महापात्र ने कहा कि पंचगव्य की शक्ति को पुनः पहचानने की आज आवश्यकता है। देशी गाय हमारे परिवारों का हिस्सा है। उसे वापस परिवार में स्थान देना हम सबकी प्राथमिकता होनी चाहिये। उन्होंने आगे कहा कि हमें संकल्प लेना होगा कि भगवान की पूजा में हम केवल गाय माता के दूध का ही प्रयोग करेंगे, न मिलने की स्थिति में ढूंढकर लाएंगे। उन्होंने कहा कि सभी गौभक्तों को यह संकल्प लेना होगा गाय का रक्त एक बूंद भी कहीं गिरने नहीं दूंगा,तभी देश में एक आवश्यक परिवर्तन आएगा। अध्यक्षता करते हुये वेटरिनरी विश्व विधालय के कुलपति डॉ. ए के श्रीवास्तव ने कहा कि वैज्ञानिक आधार पर गाय और गाय के दूध की महत्त्वता एवं मानव जीवन में आवश्यकता को समझाया। परम गोभक्त व भागवतवक्ता संजीव कृष्ण ठाकुरजी महाराज ने लोगो को गोसेवा के लिये प्रेरित किया। इससे पूर्व कार्यक्रम में उपस्थित अनेक गौ भक्तों ने गोमूत्र एवं गौ दुग्ध से होने वाले असाध्य रोगों के उपचार का अनुभव कथन सबके सम्मुख रखा। कार्यक्रम का प्रारंभ अतिथियों द्वारा गौ पूजन से हुआ तत्पश्चात भारत माता चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्चन किया गया। अतिथियों का स्वागत सम्मान महानगर कार्यवाह विजय बंटा सर्राफ एवम सहकार्यवाह श्रीओम ने पटुका से किया। संचालन विष्णु शर्मा ने किया। कार्यक्रम का समापन पर गौ माता की आरती से पूर्व उपस्थित विशाल समूह ने गौ माता की रक्षा एवं गौ पालन का संकल्प लिया।

# हज के मुक़द्दस सफर के लिए शाहनवाज हुये रवाना



अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** शहर के अंजुमन हिदायतुल इस्लाम हाई स्कूल के प्रधानाचार्य शाहनवाज अतहर सोमवार को अपनी माँ के साथ हज के मुक़द्दस सफर के लिए रवाना हुए। मोहल्ला नई बस्ती आज़ाद नगर के लोगों, रिश्तेदारों व दोस्तों ने उनके घर पर जाकर फूल-मालाओं, शाल उड़ाकर व गले मिलकर उन्हें ख़ुशी-ख़ुशी विदा किया। जानकारी के अनुसार सोमवार को जनपद से तीन लोग हज के पवित्र सफर के लिए रवाना हुए, इससे पूर्व 16 मई को 13 लोगों की रवानगी हो चुकी है। शाहनवाज से मिलने गए सभी रिश्तेदारों व दोस्तों ने अपने-अपने हक़ में व मुल्क़ की तरक़्क़ी, खुशाली व सलामती के वास्ते दुआ के लिए कहा। इस मौके पर मदरसा दारुल उलूम गौसिया तजबीदुल कुरआन के प्रबंधक कारी सरफ़राज़ आलम निज़ामी, हाजी फईम उद्दीन मंसूरी उर्फ गुड्डू वारसी (वारसी ट्रेवल्स), हाजी अज़ीम वारसी, वाई के शफी चिश्ती आदि कई लोगों ने गुलपोशी कर व गले मिल कर शाहनवाज को मुबारकबाद दी और अल्लाह तआला की बारगाह में सभी ने दुआ की हज का मुक़द्दस सफर ख़ुदा पाक आसान बनाये।

## आईपीएल मैच मै चल रही सट्टेबाजी

**मथुरा।** थाना गोवर्धन पुलिस टीम ने एसओजी के साथ मिल कर दो लोगो को गेस्ट हाउस से सट्टे का व्यापार चलाते पकड़ा है, दोनों अभियुक्तों के पास से लैपटॉप, मोबाइल और नगद रुपए बरामद किए। पुलिस टीम को सूचना मिली कि गोवर्धन में जमकर आईपीएल मैच मै जम कर पैसा लगाया जा रहा है। अब तक कई युवा इन लोगों के सट्टे के खेल मै लाखों रुपए गवा चुके है। लेकिन बदनामी के डर से अपना मुंह नही खोल पा रहे है। पुलिस टीम सूचना प्राप्त होते ही हरकत मै आ गई और अपने खास मुखबिरो को इस काम पर लगा दिया, पुलिस टीम की मेहनत रंग लाई तत्काल पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि गोवर्धन के डीग रोड पर राधा कृष्ण गेस्ट हाउस में जमकर आईपीएल मैच पर पैसा लूटा जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस और एसओजी टीम ने संतुत रूप से गेस्ट हाउस पर छापा मारकर दो लोगों को धर दावोचा। पुलिस टीम द्वारा योगेश पुत्र विपुल और राजवीर पुत्र अमर निवासी गोवर्धन को 9 मोबाइल, एक लैपटॉप, एक टेबलेट,3 कैलकुलेटर और नगद 80,500 रुपए और तीन डायरी बरामद की ।

# संकीर्तन के बीच नित्यानंद व गौरांग महाप्रभु ने किया नौका विहार

वहाज अली निहाल

**इटावा।** श्री श्री गौर निताई परिवार के तत्वाधान में नौका विहार महा महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान भक्तों के द्वारा भगवान गौरांग महाप्रभु व नित्यानंद महाप्रभु को नौका विहार कराया गया। महामंत्र हरे रामा हरे कृष्णा संकीर्तन व भजनो पर श्रद्धालु झूमते रहे और भगवान का जयघोष करते रहे। भक्तों के बीच नौका विहार महा महोत्सव बहुत ही आकर्षण का केंद्र रहा सभी ने नौका विहार कर रहे भगवान को अपलक निहारा।



गौर निताई परिवार के तत्वाधान में द्वितीय नौका विहार महामहोत्सव का आयोजन आलमपुरहौज स्थित नारायण कॉलेज में किया गया। कॉलेज परिसर में बने स्विमिंग पूल में भक्तों के द्वारा एक कुंटल से ज्यादा विभिन्न प्रकार के फूलों से आकर्षक रंगोली सजाई गई थी। यहां पर नौका विहार महामहोत्सव से पूर्व भगवान गौरांग महाप्रभु व नित्यानंद महाप्रभु को फूलों व रंग विरंगी लाइटो से सजी-धजी नौका में विराजमान किया गया। इसके बाद पंडित मनुपुत्र दास ने भगवान की महाआरती उतारी और विभिन्न प्रकार के जूस, रस, फल, मिल्क बादाम, मिल्क शेक, लस्सी व मिठाई का भोग अर्पित किया। इसके बाद भगवान का नौका विहार शुरू हुआ। लगभग 3 घंटे तक हरिनाम संकीर्तन के बीच भगवान ने नौका विहार का आनन्द उठाया। भगवान के नौका विहार दर्शन के लिए आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। भक्तों के द्वारा भगवान के ऊपर जमकर पुष्प वर्षा भी की गई। वृज मंडल की तरह दूसरी बार नौका विहार महामहोत्सव का आयोजन इष्टिकापुरी की धरती पर हुआ था। महामहोत्सव में मौजूद हर भक्त भगवान की नौका को स्पर्श करने लिए आतुर दिखाई दिया। भक्तों के द्वारा विभिन्न वाद्य यंत्रों के बीच हरिनाम संकीर्तन करते हुए नृत्य भी किया गया। प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। नौका बिहार महामहोत्सव के संबंध में पंडित मनुपुत्र दास ने बताया कि गुरु परंपरा के द्वारा परम भगवान की सेवा के क्रम में भगवान को आनंद देने के लिए नौका विहार महा महोत्सव आयोजित किया जाता है। अक्षय तृतीया से बसंत रितु समाप्त होती है और ग्रीष्म ऋतु प्रारम्भ होती है भगवान को गर्मी के दिनों में गर्भ ग्रह से बाहर निकाल कर आनंद प्राप्त कराने के लिए यह महोत्सव आयोजित किया जाता है। इससे भक्तों को भी परम आनंद की प्राप्ति होती है और भगवान की कृपा बनी रहती है। गौर निताई परिवार के भक्तों ने भगवान के लिए चार दिनों में विशेष नौका तैयार की थी और पानी में गुलाब जल व विभिन्न प्रकार इत्र व चंदन डालकर भगवान को श्रद्धाभाव के साथ हर्षोल्लास से नौका विहार कराया। इस नौका बिहार के साक्षी काफी संख्या में श्रद्धालु बने।

## यमुना एक्सप्रेस-वे किनारे हरे वृक्षों का हो रहा कटान

**महावन (मथुरा)।** महावन तहसील टीटीजेड क्षेत्र में आता है वातावरण को शुद्ध बनाने के लिए हर वर्ष वन विभाग द्वारा लाखों पौधे रोपने का लक्ष्य रखा जाता है वहीं महावन तहसील क्षेत्र में महावन, राया, बल्देव में अवैध आरा मशीन चलाई जा रही हैं जिनके लिए आरा मशीन मालिक शीशम ,नीम, पापरी,बबूल आदि हरे वृक्षों का अवैध कटान कराते रहते हैं जिन पर कार्यवाही करने के लिए वन विभाग के अधिकारी चुप्पी साधे रहते हैं।

सोमवार को दोपहर लगभग दो बजे यमुना एक्सप्रेस-वे के किनारे खप्परपुर पुलिस चौकी के समीप लगभग आधा दर्जन ठेकेदार के लोग मशीन द्वारा हरे वृक्षों को काट कर थे। जो अवैध आरा मशीनों पर भेजते हैं। डीएफओ रजनी कान्त मित्तल को फोन से वर्जन लेने की कोशिश की गई लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया।

# सात दिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** भारत सरकार की आईक्यूएसी योजना के तहत अमरनाथ गर्ल्स डिग्री कॉलेज मथुरा मेंअनुसंधान पद्धति और सांख्यिकी % पर दिनांक 20/05/24 से दिनांक 26/05/24 तक सात दिवसीय कार्यशाला का सुभारंभ किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य प्रतिभागियों को अनुसंधान के क्षेत्र में व्यावहारिक कौशल व मौलिक ज्ञान प्रदान करना था। कार्यशाला का उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉ. मीनाक्षी वाजपेई गवर्नमेंट डिग्री कॉलेज मांट, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अनिल कुमार वाजपेई, कोऑर्डिनेटर नीता वाजपेई द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अनिल कुमार बाजपेई व कोऑर्डिनेटर नीता बाजपेई ने मुख्य अतिथि डॉ मीनाक्षी वाजपेई व मुख्य वक्ता बीएसए कॉलेज के प्रोफेसर डॉ रवीश शर्मा का पटुका पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। मुख्य अतिथि डॉ मीनाक्षी वाजपेई ने अपने उद्घाटन भाषण में अनुसंधान की जटिलताओं पर प्रकाश डाला और उपस्थित लोगों को अध्ययन के उद्देश्यों को प्रभावी ढंग से परिभाषित करने के बारे में मार्गदर्शन किया। प्राचार्य डॉ अनिल कुमार बाजपेई ने अनुसंधान अकादमिक लेखन के एक आवश्यक पहलू व संदर्भ की बारीकियों को समझाया साथ ही यह भी बताया कि अनुसंधान आधारित शिक्षा देश को मौजूदा संकट से बाहर निकालने में मदद कर सकती है। मुख्य वक्ता डॉ रवीश शर्मा ने प्रतिभागियों को शोध की मूल बातें, विभिन्न प्रकार के शोध, डेटा के प्रकार और सर्वे विश्लेषण ,अनुसंधान समीक्षा के महत्व और शोध में साहित्यिक चोरी के मुद्दे पर प्रकाश डाला।साथ ही बताया पिछली एक सदी में अनुसंधान ने समाज को कई लाभ पहुंचाए हैं, लेकिन अनुसंधान केवल लाभ के बारे में ही नहीं है, बल्कि यह सोचने का एक तरीका भी प्रदान करता है। इसके बाद डॉ आर के अग्रवाल , डॉ राजेश अग्रवाल व डॉ आशीष कुमार शर्मा ने अपने तर्क रखे। वर्कशॉप का संचालन कनिका अग्रवाल ने किया। वर्कशॉप में महाविद्यालय की प्रोफेसर डॉ सरिता शर्मा, रोहित वाजपेई, शैलजा चौधरी, डॉ निर्मल वर्मा, डॉ रचना दीक्षित, डॉ आर पी पाठक, डॉ मनोरमा कौशिक, नूतन देहर आदि उपस्थित रहे।

# पहलवानो की दबंगई आरओ प्लांट संचालक को पीटा, रिपोर्ट

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** प्राचीन काल से पहलवानी के लिए विख्यात रहा है मथुरा की इस पावन धरती पर बढ़े बढ़े पहलवान हुए जिन्होंने अपने नाम सहित मथुरा के नाम को भारत मै विख्यात किया, मथुरा से उत्तर प्रदेश केशरी से लेकर भारत केसरी तक का खिताब मथुरा के पहलवानों ने जीत कर पहलवानों का मान बढ़ाया किंतु अब जमाना बदल रहा है पहलवान अपने कर्मो से अपना नाम खराब करने पर तुले है।शहर कोतवाली के कृष्णापुरी इलाके में कैंपर में पानी भरने के बाद पैसे मांगने पर कुछ पहलवानों ने आरओ प्लांट संचालक के कर्मचारी के साथ मारपीट कर दी। पीड़ित ने कोतवाली में नामजदों पर मुकदमा दर्ज कराया है।

महाराज सिंह निवासी पिचूना, उच्चैन, भरतपुर ने बताया कि वह कृष्णापुरी पदमपुरी आरओ प्लांट पर नौकरी करते हैं। शनिवार को प्लांट पर सात-आठ पहलवान पानी भरने के लिए कैंपर लेकर आए। उनका कैंपर भर दिया और पानी के पैसे मांगे तो वे गाली देने लगे। विरोध पर मारपीट कर दी। शोर मचाने पर अंदर से मालिक का बेटा योगेश चौधरी व एक अन्य व्यक्ति आ गया।

# सरसई मध्य प्रदेश ने सिंडौस उत्तर प्रदेश को दी करारी मात

- रोमांचक मुकाबले में दर्शकों की थमी रही सांसे



अवधनामा ब्यूरो

**इटावा, पंचनद।** चंबल म्यूजियम द्वारा आयोजित चंबल क्रिकेट लीग सीजन 3 के दूसरे दिन चौरैला ग्राउंड पर सिंडौस उत्तर प्रदेश और सरसई मध्य प्रदेश के बीच क्रिकेट मैच हुआ। सरसई टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया। सिंडौस ने बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 12 ओवर में 9 विकेट के नुकसान से 104 रन बनाए। सिंडौस टीम के चंद्रकांत ने 50 रन बनाए जवाब में उतरी सरसई टीम ने 9.5 ओवर में 7 विकेट के नुकसान से मैच में जीत हासिल की। इस मुकाबले में सिंडौस टीम के खिलाड़ी जीतू ने सर्वाधिक तीन विकेट झटके, वही सरसई के खिलाड़ी आदित्य सिंह ने 3 विकेट लिए। सरसई टीम के खिलाड़ी अंकुश सिंह ने नाबाद रहकर 21 रन बनाए और 2 विकेट लेकर मैन ऑफ द मैच रहे। अंकुश को मैन ऑफ द मैच ट्रॉफी चंबल पर्यटन जुहीखा प्रभारी अजय कुमार और चंबल क्रिकेट लीग से जुड़े रमाकांत ने प्रदान किया। चंबल क्रिकेट लीग के दूसरे दिन अंपायर की भूमिका वैभव रंजन और पंकज सिंह ने अदा की। कमेंट्री अशोक द्विवेदी ने की। स्कोर बुक में डाटा दर्ज करने का काम देवेंद्र सिंह और स्कोर बोर्ड पर लिखने का काम अरुण प्रताप ने किया।

# सेवायत ने यजमान लेकर गए दूसरे सेवायत को पीटा

अवधनामा संवाददाता

- पीड़ित सेवायत ने थाने में दी तहरीर
- सोशल मीडिया पर सेवायत के खिलाफ जमकर हल्ला बोल मचा

**बरसाना (मथुरा)।** आज लाडलीजी मंदिर में राधा रानी दर्शन के लिए यजमान लेकर गए मंदिर के एक सेवायत को वर्तमान से सेवा पूजा चल रही सेवायत ने मन माफिक चढ़ावा नहीं देने पर उसके यजमान के साथ अभद्रता कर दी। यहीं नहीं विरोध करने पर सेवायत की पिटाई कर दी। पीड़ित सेवायत ने दूसरे सेवायत के खिलाफ थाने में तहरीर दी। सोशल मीडिया पर चल रही बहस के आधार पर मिली जानकारी के अनुसार रविवार की दोपहर को सेवायत दीनदयाल गोस्वामी उम्र 60 वर्ष अपने यजमान को लेकर राधा रानी मंदिर गए जहां उन्होंने यजमान को वीआईपी एंट्री से अंदर से दर्शन करा दिए । दर्शन के दौरान यजमान से वर्तमान सेवायत सत्यनारायण गोस्वामी व उसके पुत्रों ने दूसरे सेवायत दीन दयाल गोस्वामी के यजमान से चढ़ावे के रूप में 5100 रुपए मांगे तो यजमान ने कहा कि में 15 दिन पहले आया था तब घी का एक टीन दिया था। जिसपर सेवायत नाराज हो गया और यजमान से अभद्रता के साथ वार्ता करने लगा तो यजमान के साथ गए सेवायत ने उसका विरोध किया तो वर्तमान सेवायत ने अपने पुत्रों के साथ दीनदयाल गोस्वामी को पीट दिया। पिटाई के बाद पीड़ित सेवायत दीनदयाल गोस्वामी ने थाने में तहरीर दी। तहरीर दिए जाने के दो दिन बाद तक कोई कार्यवाही पुलिस द्वारा नहीं होने से सोशल मीडिया पर सेवायत के कारनामे की बहस शुरू हो गई। जिसमें लोगों ने बर्तमान सेवायत के खिलाफ जमकर आक्रोश प्रकट किया। कुछ लोग वीआईपी दर्शन के नाम पर मंदिर परिसर में हो रही अबैध वसूली को बंद कराने की मांग करने लगे। कुछ लोग यह भी कह रहे हैं कि मंदिर सेवायत मंदिर में अंदर से दर्शन कराने के नाम पर अबैध वसूली करके श्रद्धालुओं की आस्था के खिलाफ खिलवाड़ कर रहा है। अबैध उगाही करने वाले सेवायतों के खिलाफ वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर की तरह कार्यवाही होनी चाहिए। थाना प्रभारी ने बताया कि सेवायत दीन दयाल गोस्वामी के द्वारा तहरीर दी गई है जिसकी जांच कर कार्यवाही की जाएगी। वहीं मंदिर रिसीवर पद पर बड़े भाई के होने के चलते वर्तमान सेवायत के हौंसले बुलंद हैं।

# श्री कृष्ण जन्म स्थान मामले में सुनवाई 21 को

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** श्री कृष्ण जन्मभूमि मंदिर से ईदगाह मस्जिद को हटाने वाले केस में आज सूट नंबर 15 पर सुनवाई हुई हुई। हिंदू पक्ष की तरफ से एडवोकेट सत्यवीर सिंह ने बहस करते हुए आज हाईकोर्ट प्रयागराज में बक्कबोर्ड एक्ट और वरशिप एक्ट 1991 पर हिंदू पक्ष द्वारा दलील दी गई। श्री कृष्णा जन्मभूमि मंदिर का केस लड़ रहे पक्षकार दिनेश शर्मा ने बताया कि लगभग सभी सूट पर बहस पूरी हो चुकी है,कल सूट नंबर चार पर बकाया बहस होगी। दिनेश शर्मा ने कहा कि मुस्लिम पक्ष बार-बार उन्ही दलीलों को पेश कर रहा है जो मथुरा न्यायालय में जिन पर बहस कर चुका है, मुस्लिम पक्ष के पास नया कुछ नहीं है बताने को,वह पुरानी बातों को रिपीट करता रहता है, उन्होंने कहा मुस्लिम पक्ष बिजली और पानी का बिल भी जमा नहीं कर रहा है। जिसको वह दिखा सके, वह केवल कांग्रेस सरकार द्वारा बनाए गए काले कानून वरशिप एक्ट 1991 को आधार मानकर चल रहा है, हिंदू पक्ष चाहता है कि ज्ञान व्यापी की तरह मथुरा में ईदगाह मस्जिद का सर्वे हो जाए और दूध का दूध पानी का पानी हो जाए. जिससे हिंदुओं को न्याय मिल सके, उन्होंने कहा मथुरा ईदगाह मस्जिद में वह सभी हिंदू मंदिर के साक्ष्य मौजूद हैं, मस्जिद में शंखपुष के निशान है,शेषनाग का निशान है, सुदर्शन चक्र निशान, कमल का निशान है, प्राचीन कलाकृतियों के निशान है, उन्होंने कहा कि मुगल शासको ने भगवान श्री कृष्ण के भव्य मंदिर को तोड़ करके यह विवादित ढांचा बना दिया था, जिसको हटाने के लिए हम न्यायालय में लड़ाई लड़ रहे हैं, उन्होंने कहा उनको संविधान पर विश्वास है,एक न एक दिन वह लड़ाई अवश्य जीतेंगे,क्योंकि न्यायालय भी सबूत के आधार पर फैसला करता है। वह सबूत हिन्दू मंदिर के ईदगाह में मौजूद हैं।

## रिफाइनरी के संविदा श्रमिकों ने डीएम को दिया ज्ञापन

**मथुरा।** रिफाइनरी के संविदा श्रमिकों ने आज पेट्रोलियम वर्कर्स यूनिन के तत्वावधान में आज जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर डीएम शैलेन्द्र कुमार सिंह को ज्ञापन देकर समस्याओं के समाधान की गुहार लगाई।

यूनियन के अध्यक्ष मधुवन दत्त चतुर्वेदी ने बताया कि रिफाइनरी प्रबंधन के साथ श्रमिकों की कई बार वार्ता अब तक हो चुकी है। लेकिन संविदा श्रमिकों की समस्याओं का समाधान नहीं हो । इससे क्षुब्ध होकर सोमवार को सभी श्रमिक एकत्रित होकर डीएम सहाब के पास गुहार लगाने के लिए आए हैं।

# जिलाधिकारी को दिया ज्ञापन

अवधनामा संवाददाता



**मथुरा।** कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदेश सफाई मजदूर संघ के प्रांतीय अध्यक्ष महेश काजू बाल्मीकि के नेतृत्व में नगर पंचायत फरह के सफाई कर्मचारियों की समस्यायों के समाधान के लिए जिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह को ज्ञापन देकर उनका शीघ्र निस्तारण कराने की मांग की। संघ के प्रांतीय अध्यक्ष महेश काजू ने बताया कि फरह नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी द्वारा सफाई कर्मचारियों का आए दिन उत्पीड़न किया जा रहा है। वे सफाई कर्मचारियों को चेतावनी देते हैं कि वे फर्रूखाबाद में दो संविधाम सफाई कर्मचारियों की सेवाएं समाप्त करके आये हूं। वह यही डर सफाई कर्मचारियों को दिखाते रहते हैं। ज्ञापन में सफाई कर्मचारियों ने कहा कि संविदा कर्मचारियों का ईपीएफ नहीं काटा जा रहा है। एक सप्ताह में ईपीएफ काटकर पूरी धनराशि जमा की जाए। कोई भी सफाई कर्मचारी कबाड़ा एकत्रित नहीं करेगा, अलग से कूड़ा निस्तारण प्लांट पर कर्मचारी नियुक्ति करके कबाड़ा एकत्रित कराया जाए, संविदा सफाई कर्मचारियों को मंहगाई भत्ता के भुगतान की व्यवस्था हो, आउट सोर्सिंग सफाई कर्मचारियों का ईएसआई का प्रैसा प्रत्येक माह वेतन से काटा जा रहा है, लेकिन उन कर्मचारियों को आज तक ईएसआई का कार्ड नहीं बनवाया गया है।

# व्यापारियों को ठगने का एक नया ट्रेंड आया सामने

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** थाना कोसीकला क्षेत्र के अंतर्गत धोखाधड़ी का नया मामला प्रकाश में आया है वर्तमान के दौर मै भरोसा किस पर करे और करे भी तो क्यों हर जगह ज्यादातर गलती या थोड़े स्वार्थ के वशीभूत हो कर ना चाहते हुए भी भरोसा कर बैठ जाते है लोग। मथुरा जनपद के थाना कोसीकलां मैं। नई दुकान खोलने के बहाने रविवार को एक शातिर ठग कई व्यापारियों से लाखों रुपये का उधार माल लेकर भाग गया।

पीड़ित व्यापारियों ने थाने मे तहरीर दी है। जानकारी के अनुसार बस स्टैंड के पास फौजदार मार्केट में एक युवक ने राजू इंटरप्राइजेज नाम से दुकान खोली। दुकान पर बोर्ड लगाकर उस पर प्रोपराइटर का नाम संदीप बताया। संदीप ने अजीजपुर के ग्रामीण से शनिवार को 20 हजार रुपये माह दुकान किराए पर ली। पेशगी की तौर पर एक हजार रुपये एडवांस देकर दुकान खोल ली।

दुकान का मुहूर्त सोमवार को कराने के लिए मार्केट में कह दिया। सामान मंगाने के लिए उसने रविवार को बाजार में दुकानदारों से संपर्क कर किया और हरीमोहन, राजेश बंसल, अंशु अग्रवाल आदि से लाखों रुपये का सामान मंगा लिया।

# पराविधिक स्वयंसेवक हेतु आवेदन आमंत्रित 25 मई अंतिम तारीख

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश / सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री सुरेंद्र सिंह ने अवगत कराया है कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली, उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ तथा माननीय जनपद न्यायाधीश / अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मथुरा के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जनपद न्यायालय, मथुरा मथुरा के द्वारा समाज के निम्नतम व्यक्ति / अनुसूचित एवं जनजाति के सदस्य, अनैतिक अत्याचार के शिकार लोग या ऐसे लोग जिनसे बेगार करायी जाती है, महिलाए एवं बच्चे, मानसिक रोगी एवं विकलांग, अनपेक्षित अभाव जैसे बहुविनाश, जातीय हिंसा, बाढ़ सूखा भूकम्प या औद्योगिक विनाश की दशाओं के अधीन सताये हुए व्यक्ति या शहीद सैनिक के आश्रित, औद्योगिक श्रमिक, किशोर, कारागार, मनोचिकित्सक अस्पताल या मनोचिकित्सकीय परिचार्यगृह में अभिरक्षा में रखे गये व्यक्ति, समाज के प्रत्येक वर्ग का प्रतिनिधित्व एवं हर जरूरतमंद एवं पात्र व्यक्तियों तक विधिक जागरूकता एवं विधिक सहायता कार्यक्रमों की पहुँच सुनिश्चित कराने व ऐसे सभी व्यक्ति जिनकी वार्षिक आय तीन लाख रूपये से कम हो को विधिक सहायता व न्याय दिलाने हेतु पराविधिक स्वयंसेवको की नियुक्ति एक वर्ष के लिए की जानी है। पराविधिक स्वयंसेवको हेतु निम्नलिखित से आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

अध्यापक (सेवानिवृत्ति सहित), सेवानिवृत्त सरकारी सेवक तथा वरिष्ठ नागरिक,एम.एस.डब्लू के छात्र तथा अध्यापक, आंगनबाड़ी कार्यकत्र चिकित्सक /फिजीशियन विधि के छात्र गैर राजनीतिक दल के सदस्य तथा एन.जी.ओ. के सदस्य महिला कल्याण में लगे व्यक्ति, मैत्री संगठन एवं अन्य इसी प्रकार के संघ शिक्षित बंदी जो दीर्घकालीन अवधि तक निरूद्ध हों विशेष प्रतिभावान खिलाड़ी, विशिष्ट कलाकार,विलक्षण एवं प्रतिभाशील व्यक्ति, जिसने किसी भी क्षेत्र में उल्लेखनीय कौशल का प्रदर्शन किया हो।

# मप्र नर्सिंग कॉलेज घोटाले में सीबीआई का एक और इंस्पेक्टर रिश्वत लेते गिरफ्तार

**भोपाल (हि.स.)।** मध्यप्रदेश में नर्सिंग कॉलेज घोटाले के मामले में दिल्ली की सीबीआई टीम लगातार कार्रवाई कर रही है। सोमवार को

**रिमांड**

**कोर्ट ने 12 आरोपितों को 29 मई तक सीबीआई रिमांड पर भेजा**

सीबीआई टीम के एक और इंस्पेक्टर सुशील मजोकर को दो लाख रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। मजोकर एसीबी भोपाल सीबीआई में अटैच था। इसके अलावा रतलाम नर्सिंग कॉलेज वाइस प्रिंसिपल जुगल किशोर शर्मा और भाभा कॉलेज भोपाल के प्रिंसिपल जलपना अधिकारी को भी गिरफ्तार किया गया है।

दरअसल, दिल्ली सीबीआई को मध्य प्रदेश के नर्सिंग घोटाला मामले में कई अहम सबूत हाथ लगे हैं, जिसके बाद ताबड़तोड़ गिरफ्तारियां की जा रही हैं। इससे पहले रविवार रात सीबीआई इंस्पेक्टर राहुल राज



को 10 लाख रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया था। सीबीआई निरीक्षक राहुल राज को रिश्वत देने वाले भोपाल के मलय कॉलेज ऑफ नर्सिंग के चेयरमैन अनिल भास्करन, प्रिंसिपल सूना अनिल भास्करन और एक मीडिएटर सचिन जैन को भी गिरफ्तार किया है।

विजिलेंस टीम ने नर्सिंग घोटाले में सीबीआई के दो निरीक्षक समेत 13 आरोपितों में से 12 को सोमवार को अदालत में पेश किया, जहां कोर्ट ने उन्हें 29 तारीख तक रिमांड पर सीबीआई को सौंप दिया है। हाई कोर्ट के निर्देश पर सीबीआई का एक जांच दल नर्सिंग कॉलेज घोटाले की जांच कर रहा है। सीबीआई के जांच दल में एमपी नर्सिंग काउंसिल के अधिकारी, सीबीआई के अफसर और पटवारी शामिल हैं।

**सीबीआई इंस्पेक्टर के घर से मिले सोने के बिस्किट**

सीबीआई की एक टीम ने भोपाल में रविवार को आरोपित सीबीआई इंस्पेक्टर राहुल राज के प्रोफेसर कॉलोनी स्थित घर पर छापा मारा और उन्हें रिश्वत लेते पकड़ा। राहुल राज के घर से तलाशी में 7 लाख 88 हजार रुपए नकद और 100-100 ग्राम के सोने के बिस्किट भी मिले हैं। राहुल राज के साथ तीन अन्य आरोपितों को रविवार रात को भोपाल में सीबीआई के विशेष न्यायाधीश अरविंद कुमार शर्मा की कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने सभी आरोपितों को 29 मई तक पीआर पर भेज दिया है। सीबीआई ने भ्रष्टाचार अधिनियम की धारा 7, 7, 8, 9, 10 और 12 के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

**मध्य प्रदेश के 70 नर्सिंग कॉलेज सीबीआई की रडार पर**

मध्य प्रदेश के 70 नर्सिंग कॉलेज दिल्ली सीबीआई की रडार पर हैं। दिल्ली सीबीआई को भ्रष्टाचार के कई सबूत मिले हैं।

## महाराष्ट्र में सबसे सुस्त मतदान, दोपहर 3 बजे तक 38.77 फीसदी हुई वोटिंग

**मुंबई (हि.स.)।** महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में कुल 13 सीटों पर सोमवार को दोपहर तीन बजे तक औसतन 38.77 फीसदी मतदान दर्ज किया गया है। सर्वाधिक मतदान दिडोरी संसदीय क्षेत्र में 45.95 प्रतिशत तो सबसे कम मतदान कल्याण संसदीय क्षेत्र में 32.43 प्रतिशत मतदान दर्ज हुआ है। मतदान की रफ्तार काफी धीमी है।

पांचवें चरण में 13 लोकसभा क्षेत्रों में से धुले में 39.97 प्रतिशत, दिडोरी में 45.95 प्रतिशत, नासिक में 39.41 प्रतिशत, पालघर में 42.48 प्रतिशत, भिवंडी में 37.06 प्रतिशत, कल्याण में 32.43 प्रतिशत, ठाणे में 36.07 प्रतिशत, मुंबई उत्तर में 39.33 प्रतिशत, मुंबई उत्तर मध्य में 37.66 प्रतिशत, मुंबई उत्तर पूर्व में 39.15 प्रतिशत, मुंबई उत्तर पश्चिम में 39.91 प्रतिशत, मुंबई दक्षिण में 36.64 प्रतिशत और मुंबई दक्षिण मध्य में 38.77 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया है।

# स्वाति मालीवाल की घटना पर केजरीवाल की चुप्पी बरकरार, नई स्क्रिप्ट पर काम शुरूः वीरेन्द्र सचदेवा

**नई दिल्ली (हि.स.)।** स्वाति मालीवाल की घटना पर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की चुप्पी पर भारतीय जनता पार्टी ने निशाना साधते हुए कहा कि अब लोगों की सहानुभूति पाने के लिए उन्होंने नई स्क्रिप्ट पर काम करना शुरू कर दिया है। भाजपा ने संजय सिंह के बयान को एक फिल्मी स्क्रिप्ट बताया और कहा कि अब 25 मई तक अरविंद केजरीवाल अपने नेताओं से अलग-अलग स्क्रिप्ट लिखवाएंगे ताकि जनता की सहानुभूति मिल सके। उल्लेखनीय है कि आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने दावा किया है कि भाजपा दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर हमले की योजना बना रही है। दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने सोमवार को संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि स्वाति मालीवाल की घटना पर एक शब्द नहीं बोलने वाले केजरीवाल ने अपने इशारे पर अब नई - नई स्क्रिप्ट लिखवाना शुरु कर दिया है जिसका पहला एपिसोड आज देखा गया है। उन्होंने कहा कि 8 अप्रैल 2014 और 25 अगस्त 2016 यह दो तारीख है



जब अरविंद केजरीवाल ने अपने पर थप्पड़ चलवाया था, जिस खेल को दिल्ली की जनता समझ चुकी है इसलिए अब नई नौटंकी शुरू करी है क्योंकि थप्पड़ चलवाने का हथकंडा अब पुराना हो चुका है।

दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि अब आम आदमी पार्टी ने तय कर लिया है कि किस दिन क्या करवाना है। प्रशासन और चुनाव आयोग से मेरी अपील है कि अगर आने वाले समय में अरविंद केजरीवाल के साथ कुछ होता है तो उसके इकलौते जिम्मेदार अरविंद केजरीवाल स्वयं ही होंगे। उन्होंने दिल्ली पुलिस से गुजारिश कि केजरीवाल की सुरक्षा बढ़ा दी जाए। यह जनता के सवालों से बचने और उनकी सहानुभूति बटोरने के लिए अलग-अलग तरह की नौटंकी करेंगे। झूठी बात को प्रचारित करना ही इनका काम है। सचदेवा ने कहा कि केजरीवाल का चेहरा कल ही बेनकाब हो गया जब सिर्फ 36 मिनट में उनका पूरा संघर्ष खत्म हो गया। भाजपा राष्ट्रीय कार्यालय के सामने पूरे दिन बैठने की जगह केजरीवाल सिर्फ 36 मिनट में ही अपना धरना प्रदर्शन खत्म कर दिया।

## आरबीआई गवर्नर ने किया मतदान, लोगों से वोट डालने की अपील की

**मुंबई (हि.स.)।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने सोमवार को यहां सपरिवार मतदान किया। दास ने वोट डालने के बाद कहा कि यह हर भारतीय के लिए गर्व का क्षण है। देश के 140 करोड़ लोगों का चुनाव में हिस्सा लेना गर्व की बात है। मैं इसके लिए चुनाव आयोग और देशभर में काम कर रहे सभी अधिकारियों को बधाई देना चाहता हूं। मैं प्रत्येक मतदाता से अपील करता हूं कि वे बाहर आएं और मतदान करें। 18वीं लोकसभा के लिए हो रहे चुनाव के पांचवें चरण में छह राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों के 48 सीटों पर मतदान जारी है। पांचवें चरण में 695 प्रत्याशी मैदान में हैं। आज के मतदान में 8.95 करोड़ से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे, जिसमें 4.69 करोड़ पुरुष, 4.26 करोड़ महिलाएं और 5409 थर्ड जेंडर के मतदाता शामिल हैं।

# प्रभारी सचिव बोले- सुगम, सुरक्षित और निर्बाध चारधाम यात्रा के लिए उत्तराखंड सरकार प्रतिबद्ध

**रुद्रप्रयाग/देहरादून (हि.स.)।** तीन दिवसीय जनपद भ्रमण पर रुद्रप्रयाग पहुंचे स्वास्थ्य सचिव व चारधाम यात्रा के प्रभारी सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार ने सोमवार को केदारनाथ धाम में जिला प्रशासन और विभिन्न विभागों की ओर से की गई तैयारियों, सुविधाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि सुगम, सुरक्षित और निर्बाध यात्रा के लिए राज्य सरकार पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। स्लाइडिंग जोन सिरोबगड़ के निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिशासी अभियंता राष्ट्रीय राजमार्ग एवं जिला प्रशासन के अधिकारियों से कहा कि सिरोबगड़ से ही जनपद की सीमा प्रारंभ हो जाती है। ये क्षेत्र अति-संवेदनशील है। ऐसे में हल्की वर्षा में भी मलबा आने से मार्ग बाधित हो जाता है। इसके लिए उन्होंने समुचित व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्लाइडिंग जोन पर 24म7 जीसीबी मशीन उपलब्ध रहे। जीसीबी ऑपरेटर का नंबर भी सभी



प्रशासनिक अधिकारियों को उपलब्ध कराया जाए ताकि यातायात मार्ग अवरुद्ध होने पर तत्काल यातायात सुचारु किया जा सके।

डॉ. राजेश कुमार ने जिला चिकित्सालय के विभिन्न वार्डों का निरीक्षण कर सुविधा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मुख्य चिकित्साधिकारी एवं मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को निर्देश दिए कि केदारनाथ धाम में आने वाले श्रद्धालुओं का यदि स्वास्थ्य खराब हो जाता है तो उनका प्राथमिकता पर उपचार किया जाए। उन्होंने बताया कि उपचार के लिए चारों धामों में 180 चिकित्सक तैनात हैं। निरीक्षण के दौरान जिला चिकित्सालय में सिटी स्कैन मशीन तत्परता से स्थापित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सिटी स्कैन कक्ष के लिए विद्युत भार बढ़ाने के लिए उपलब्ध कराई जाने वाली धनराशि के लिए महानिदेशक स्वास्थ्य को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

प्रभारी सचिव ने नगर पालिका, नगर पंचायत एवं जिला पंचायत को यात्रा मार्ग के विभिन्न पड़ाव पर बेहतर सफाई व्यवस्था के निर्देश दिए। साथ ही जल संस्थान को यात्रा मार्ग एवं विभिन्न पड़ाव पर उचित पेयजल व्यवस्था कराने के निर्देश दिए। विद्युत विभाग को भी व्यवस्था दुरुस्त रखने को कहा।

स्वास्थ्य सचिव ने रुद्रप्रयाग शहर के विभिन्न प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर सभी होटल व्यवसाय एवं व्यापारियों से खाद्य सामग्री को खुले में न रखकर इसके लिए उचित प्रबंध करने के निर्देश दिए। साफ-सफाई एवं खाने-पीने की सामग्री में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने को कहा। उन्होंने व्यापार मंडल के पदाधिकारियों एवं व्यापारियों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी।

# चुनाव से पहले जितनी भी गारंटी दी थी उन सबको सफलतापूर्वक कर्नाटक में लागू किया: जयराम रमेश

**नई दिल्ली (हि.स.)।** कर्नाटक में कांग्रेस सरकार के एक वर्ष पूरे होने पर पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने सोशल मीडिया एक्स पर दावा किया है कि चुनाव से पहले दी गई सभी गारंटियों को उनकी सरकार ने सफलतापूर्वक लागू किया है। लोकसभा चुनावों के लिए हमारी कई गारंटियां कर्नाटक मॉडल के आधार पर बनाई गई हैं। केंद्र में सरकार बनने पर इन गारंटियों को लागू किया जाएगा। जयराम रमेश ने दावा किया है कि गृहलक्ष्मी योजना के तहत कांग्रेस सरकार 1.21 करोड़ परिवारों की महिला मुखिया के खातों में हर महीने 2,000 रुपए देती है। 2,430 करोड़ के मासिक आवंटन के साथ गृहलक्ष्मी के लिए अब तक लगभग 23,365 करोड़ रुपए खर्च किए जा चुके हैं।



जयराम रमेश ने आगे कहा कि शक्ति योजना के तहत 60 लाख महिलाएं प्रतिदिन बसों में मुफ्त यात्रा करती हैं। कुल मिलाकर क़रीब 210 करोड़ मुफ्त यात्राओं पर 5,096 करोड़ की लागत आई है। इसी तरह से अन्नभाग्य कर्नाटक में भुखमरी की समस्या को ख़त्म करने के लिए 1.38 करोड़ परिवारों और 4.08 करोड़ लाभार्थियों को 5 किलो मुफ्त चावल दे रहे हैं।

जयराम रमेश ने यह भी दावा किया कि युवानिधि योजना के तहत नौकरी की तलाश कर रहे युवाओं का समर्थन करने के लिए, स्नातकों को 3000 रुपये प्रतिमाह और डिप्लोमा धारकों को 1500 रुपये प्रतिमाह दिए जाते हैं। 1.53 लाख पंजीकरण प्राप्त हुए हैं। गृहज्योति योजना के तहत 200 यूनिट मुफ्त बिजली से 1.67 करोड़ से अधिक परिवारों को फ़ायदा हो रहा है।

जयराम रमेश ने कहा कि जब 4 जून को कांग्रेस और आईएनडीआईए की सरकार पूर्ण और स्पष्ट बहुमत के साथ केंद्र में बनेगी तब हम राष्ट्रीय स्तर पर अपनी 5 न्याय 25 गारंटी स्कीम्स को लागू करके फिर से अपना वादा निभाएंगे।

# हिंसा मामले में इमरान खान को अदालत से मिली राहत, दो मामलों में बरी हुए

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में जिला एवं सत्र अदालत ने सोमवार को जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पाकिस्तान



तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के अन्य नेताओं को दो मामलों में बरी कर दिया। अदालत मार्च 2022 में आयोजित मार्च के दौरान हिंसा से संबंधित दो मामलों पर सुनवाई कर रही थी। बरी किए गए पार्टी के अन्य नेताओं में जरताज गुल अली नवाज अवान फैसल जावेद शाह महमूद कुरैशी आदि शामिल हैं।

पाकिस्तान में जिला एवं सत्र अदालत ने सोमवार को जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के अन्य नेताओं को दो मामलों में बरी कर दिया है।

अदालत मार्च 2022 में आयोजित मार्च के दौरान हिंसा से संबंधित दो मामलों पर सुनवाई कर रही थी। बरी किए गए पार्टी के अन्य नेताओं में जरताज गुल, अली नवाज अवान, फैसल जावेद, शाह महमूद कुरैशी आदि शामिल हैं। धारा 144 के उल्लंघन के लिए खान और अन्य राजनेताओं के खिलाफ कोहसर और कराची कंपनी पुलिस स्टेशन में मामले दर्ज किए गए थे।

खान के वकील नईम पंजोथा ने कहा कि पीटीआई संस्थापक के खिलाफ मामले राजनीतिक प्रतिशोध से प्रेरित थे। उन्होंने कहा कि मार्च के दौरान इमरान के खिलाफ तोड़फोड़ का कोई सुबूत नहीं मिला। उन्होंने कहा कि इस्लामाबाद प्रशासन ने शहर में धारा 144 लागू करने के लिए कोई अधिसूचना जारी नहीं की थी।

# उत्तराखंड : एम्स ऋषिकेश के डाक्टर समेत हरियाणा-पंजाब के पांच नकल माफिया गिरफ्तार

**देहरादून (हि.स.)।** एम्स की ओर से ऑल इंडिया स्तर पर आयोजित एमडी परीक्षा (इंस्टीट्यूट आफ नेशनल इंपोर्टेंस कंबाइंड एंट्रेंस टेस्ट जुलाई 2024) में नकल कराते पांच अभियुक्तों को दून पुलिस ने गिरफ्तार किया है। परीक्षार्थियों को नकल कराने में एम्स ऋषिकेश के दो डाक्टर भी शामिल थे, जो दो-दो लाख रुपये में हायर किए गए थे। तीन अभ्यर्थियों से एमडी की परीक्षा पास कराने के एवज में 50 लाख रुपये लिए गए थे। एम्स की ऑल इंडिया स्तर पर आयोजित एमडी परीक्षा के दौरान नकल माफिया के सक्रिय होने और देहरादून से अन्य प्रांतों में परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा के दौरान परीक्षार्थियों को नकल कराए जाने की गोपनीय सूचना पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने क्षेत्राधिकारी ऋषिकेश के नेतृत्व में कोतवाली ऋषिकेश और एसओजी देहात की सयुंक्त टीम का गठन किया था। टीम ने 19 मई को बैराज रोड से कार सवार पांच व्यक्तियों को एम्स की ऑल इंडिया स्तर पर आयोजित एमडी परीक्षा में

**एमडी परीक्षा**

**एम्स की ओर से ऑल इंडिया स्तर पर हो रही थी एमडी की परीक्षा**

**ऋषिकेश से हिमाचल प्रदेश के परीक्षा केंद्र पर मोबाइल से करा रहे थे नकल**

गैर प्रांत कांगडा, हिमाचल के परीक्षा केंद्र पर अभ्यर्थियों को मोबाइल फोन एवं टैब के माध्यम से प्रश्न पत्रों के उत्तर उपलब्ध कराते हुए गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों में से दो एम्स ऋषिकेश के चिकित्सक हैं, जो परीक्षार्थियों को प्रश्न पत्रों के सॉल्वड उत्तर बता रहे थे। पुलिस अधीक्षक ने सोमवार इसके नेटवर्क का खुलासा करते हुए मीडिया को जानकारी दी।

पूछताछ में मुख्य अभियुक्त अजीत ने बताया कि प्रातः नौ से 12 बजे तक आयोजित एम्स की एमडी




परीक्षा में हिमाचल इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी विध्यानगर नियर गर्वनमेंट डिग्री कॉलेज शाहपुर जिला कांगडा, हिमाचल प्रदेश में स्थित परीक्षा केंद्र पर परीक्षा दे रहे तीन अभ्यर्थियों को वे सब नकल करा रहे थे। परीक्षा केंद्र में बैठे परीक्षार्थी उन्हें अपने मोबाइल से प्रश्न पत्रों की फोटो खींचकर टेलीग्राम के माध्यम से उपलब्ध करा रहे थे, जिसका उत्तर टेलीग्राम पर बनाए गए ग्रुप के माध्यम से परीक्षार्थियों बताया जा रहा था। प्रश्न पत्रों के उत्तर सॉल्वड कराने के लिए एम्स अस्पताल के डॉक्टर वैभव जेआर व एक अन्य डॉक्टर अमन को हायर किया गया था। डा. अमन अभियुक्त के एक दोस्त की मौसी का लड़का है। अभियुक्त ने प्रत्येक अभ्यर्थी को एमडी की परीक्षा पास कराने के एवज में 50 लाख रुपये लिए थे। प्रश्न पत्रों को हल करने के लिए एम्स ऋषिकेश से दो-दो लाख रुपये में डॉक्टरों को हायर किया गया था। पूछताछ में अभियुक्त अजीत ने बताया कि उसकी तीन लैब है, जिनके माध्यम से वह अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में भी परीक्षार्थियों को नकल कराने के एवज में मोटी रकम लेता है। गिरफ्तार अभियुक्तों में चार आरोपित हरियाणा तो एक पंजाब का रहने वाला है, जिसमें अजीत (44) पुत्र स्व. सतवीर सिंह निवासी मकान नंबर 540 सेक्टर 8 थाना जींद जिला जींद हरियाणा, अमन शिवाच (24) पुत्र अर्जुन निवासी गली नंबर 18/10 विकास कॉलोनी रोहतक हरियाणा, वैभव कश्यप (23) पुत्र संजीव कश्यप निवासी 260 अंबिका एनक्लेव सनौर पटियाला पंजाब, विजुल गौरा (31) पुत्र गोविंद लाल निवासी 2/5 पटेल नगर जिला हिसार हरियाणा, जयंत (22) पुत्र प्रकाश निवासी मकान नंबर 423 डिफेंस कॉलोनी जिला हिसार हरियाणा शामिल है। साथ ही पुलिस ने तीन टैब, तीन मोबाइल, दो मेडिकल संबंधी किताब, दिल्ली नंबर की टाटा सफारी कार बरामद किया।

# ईरान में पांच दिन का राष्ट्रीय शोक, मोहम्मद मोखबर होंगे अंतरिम राष्ट्रपति

**तेहरान (हि.स.)।** ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई ने राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी की हेलीकॉप्टर दुर्घटना में मौत पर देश में पांच दिन के राष्ट्रीय शोक की घोषणा की है। उन्होंने मोहम्मद मोखबर को अंतरिम राष्ट्रपति नियुक्त करने को मंजूरी दी है। दुनिया के प्रमुख नेताओं ने राइसी के निधन पर शोक जताया है। इनमें भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी हैं।

भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ईरान के राष्ट्रपति के हेलीकॉप्टर हादसे में निधन पर दुख जताया है। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स हैंडल पर जारी अपने शोक संदेश में कहा है कि दुख की इस घड़ी में भारत ईरान के साथ खड़ा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लिखा है, इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान के राष्ट्रपति डॉ. सैयद इब्राहिम राइसी के दुखद निधन से बहुत दुखी और स्तब्ध हूं। भारत-ईरान द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने में उनके योगदान को हमेशा याद किया जाएगा। उनके परिवार और ईरान के लोगों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदना। दुख की इस घड़ी में भारत ईरान के साथ खड़ा है।

सर्वोच्च नेता अली खामेनेई ने राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी और

**दुख जताया**

**भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ईरान के राष्ट्रपति के हेलीकॉप्टर हादसे में निधन पर दुख जताया है।**

विदेशमंत्री होसैन अमीर अब्दुल्लाहियन व अन्य के निधन पर शोक संदेश जारी किया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति राइसी ने अपना संपूर्ण जीवन ईरान और इस्लाम की निरंतर सेवा में बिताया। राइसी ने अन्य सभी विचारों से ऊपर, लोगों की भलाई और संतुष्टि को प्राथमिकता दी, जो ईश्वर की संतुष्टि के बराबर है। खामेनेई ने कहा है कि ईरान ने एक ईमानदार, समर्पित और मूल्यवान सेवक खो दिया।

ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी के दुर्घटनाग्रस्त हेलीकॉप्टर का मलबा सुबह अजरबैजान की



पहाड़ियों पर मिला। हेलीकॉप्टर में राष्ट्रपति के साथ ईरान के विदेश मंत्री होसैन अमीराब्दुल्लाहियन समेत नौ लोग सवार थे। रईसी 19 मई की सुबह अजरबैजान के राष्ट्रपति इल्हाम अलीयेव के साथ एक बांध का उद्घाटन करने गए थे। लौटते वक्त अजरबैजान की सीमा के करीब ईरान के वरजेघन शहर में यह हादसा हुआ। उनका हेलीकॉप्टर रविवार शाम 7:30 बजे अजरबैजान के पास लापता हो गया था।

हेलीकॉप्टर में राष्ट्रपति रईसी, विदेश मंत्री होसैन के अलावा पूर्वी अजरबैजान प्रांत के गवर्नर मलिक रहमती, तबरीज के इमाम मोहम्मद अली अलेहाशेम, एक पायलट, को-पायलट, क्रू चीफ, हेड ऑफ सिक्योरिटी और बॉडीगार्ड सवार थे। ईरान के आपदा प्रबंधन संगठन प्रमुख मोहम्मद हसन नामी ने कहा है कि राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी और उनके प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों के शवों की पहचान कर ली गई है। डीएनए परीक्षण कराने की कोई आवश्यकता नहीं है।

रईसी का जन्म 1960 में उत्तर पूर्वी ईरान के पवित्र शहर मशहद में हुआ था। रईसी के पिता मौलवी थे। रईसी जब पांच साल के थे, तभी उनके पिता का निधन हो गया था। वह धार्मिक स्कॉलर और वकील भी रहे। इब्राहिम रईसी ने जब जून 2021 में ईरान की सत्ता संभाली, तब उनके सामने घरेलू स्तर पर कई चुनौतियां थीं। उन्हें 20 साल की उम्र में ही तेहरान के करीब स्थित कराज का महा अभियोजक नियुक्त किया गया था। 1989 से 1994 के बीच रईसी तेहरान के महा अभियोजक रहे और इसके बाद 2004 से अगले एक दशक तक न्यायिक प्राधिकरण के उप प्रमुख रहे। वर्ष 2014 में वो ईरान के महाभियोजक बनाए गए।

# हंगामे के बीच प्रधानमंत्री प्रचंड को चौथी बार मिला बहुमत, पक्ष में 157 सांसदों ने डाले वोट

**काठमांडू (हि.स.)।** नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल 'प्रचंड' ने संसद से चौथी बार विश्वास का मत हासिल किया है। विपक्षी दलों के हंगामें और नारेबाजी के बीच प्रधानमंत्री प्रचंड ने विश्वास का मत हासिल किया है।

प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल प्रचंड ने सोमवार को संसद में विश्वास मत हासिल करने के लिए प्रस्ताव पेश किया। विपक्षी दलों के गतिरोध के बीच स्पीकर देवराज घिमिरे ने मत विभाजन की प्रक्रिया आगे बढ़ाई। प्रधानमंत्री के पक्ष में 157 सांसदों ने मतदान किया। मतदान की प्रक्रिया में कुल 158 सांसदों ने हिस्सा लिया था। एक सांसद तटस्थ रहा, जबकि विपक्षी दलों में नेपाली कांग्रेस, राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी, जनता समाजवादी पार्टी नेपाल, लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी ने मतदान प्रकिया का बहिष्कार किया।



प्रधानमंत्री प्रचंड के पक्ष में मतदान करने वालों में उनकी पार्टी माओवादी के 32, नेकपा एमाले के 75, राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के 21, एकीकृत समाजवादी पार्टी के 10, जनमत पार्टी के 6, नागरिक उन्मुक्ति पार्टी के 3 सहित कुछ अन्य छोटे दलों के सांसद शामिल हैं।

## नेपाल की संसद में विपक्षी दलों का गतिरोध

**काठमांडू (हि.स.)।** नेपाल की संसद में विपक्षी दलों के गतिरोध के बीच प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल 'प्रचंड' ने सोमवार को सदन में विश्वास मत पेश किया है। सहकारी घोटाले की जांच के लिए संसदीय समिति पर सहमति नहीं बन पाने के कारण संसद में विपक्षी दलों का हंगामा आज भी हो रहा है। इस बीच विश्वास का मत लेने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। प्रतिनिधि सभा की कार्यसूची में आज प्रधानमंत्री की ओर से विश्वास मत पेश करने का कार्यक्रम तय था लेकिन विपक्षी दलों ने सदन की कार्रवाई शुरू होते ही नारेबाजी शुरू कर दी और स्पीकर के आसन के आगे जमा हो गए। सदन की कार्रवाई शुरू होने से पहले विपक्षी मोर्चा की बैठक में सदन की कार्रवाई अवरोध करने का फैसला लिया गया था।

# जिले में 88 हजार मुस्लिम परिवारों का बना आयुष्मान कार्ड

- टूट चुकी थी आस, डबल इंजन सरकार में जागा विश्वास
- प्रयागराज में लंबे समय से योजनाओं से अछूते रहे अल्पसंख्यकों की आर्थिक स्थिति में आया बदलाव
- 48 हजार मुस्लिम परिवार प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थी

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** जीवन की गुणवत्ता में बेहतरी लाने के लिए विकास की योजनाओं को समावेशी रूप से लागू करना डबल इंजन सरकार की प्राथमिकता रही है। समाज के सभी वर्गों को इसका लाभ पहुंचा है। सरकार की सबका साथ, सबका विकास की नीति ने इसे और प्रभावी बना दिया है। प्रयागराज में इन योजनाओं का लाभ अल्पसंख्यक वर्ग के पास पहुंचा है जिससे लंबे वक्त से अछूते रहे इस वर्ग के लोगों की सामाजिक और आर्थिक स्थिति में सुधार आया है। देश बदल रहा है विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं इस बदलाव का अहसास करा रही हैं। हर वर्ग लाभान्वित हो रहा है। लाभार्थी जहां योजनाओं का लाभ प्राप्त कर प्रसन्न हैं। जो अल्संख्यक वर्ग लंबे समय से कल्याणकारी योजनाओं के लाभ से पीछे रहा है डबल इंजन की सरकार आने के बाद उसके हालात बदले हैं। प्रयागराज में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 7.32 लाख लाभार्थियों के कार्ड बने हैं इनमें 88 हजार कार्ड मुस्लिम परिवारों के हैं। नैनी इलाके के रिक्शा ट्राली चला कर गुजर बसर करने वाले अजीमुद्दीन बताते हैं कि घर में किसी सदस्य के बीमार हो जाने के बाद उसके इलाज के लिए पैसा जुटाना बेहद मुश्किल था लेकिन सरकार की तरफ से आयुष्मान कार्ड बनने से इस चिंता से वह मुक्त हैं।

प्रयागराज में प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ भी तेजी से वंचित और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग तक पहुंचा है। जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना में 4.32 लाख मकान बनाए गए हैं। इसमें 47 हजार 576 लाभार्थी मुस्लिम परिवार से हैं। करेली की गुड़िया बेगम बताती हैं कि छप्पर के झोपड़े नुमा घर में उनका परिवार रहता था। लेकिन सरकार में लूकरगंज में प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के अंतर्गत उनके परिवार को नया फ्लैट दिलवा दिया। नेवादा गांव की आशिया बेगम का सपना था कि वह परिवार के साथ पक्के घर में रहें। उनका सपना पूरा हुआ जब डबल इंजन की सरकार आई और अब उनका घर बनकर तैयार है।

केंद्र में 2014 में नरेन्द्र मोदी और फिर 2017 में योगी आदित्यनाथ की सरकार बनने के बाद सामाजिक कल्याण योजनाओं का आम आदमी तक पहुंचने से बदलाव सामने आया है। विकास के साथ हर वर्ग के लोगों को बिना भेदभाव के कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। जनपद में लगभग एक लाख नौ हजार मुस्लिम परिवारों को मुफ्त राशन मिल रहा है। अल्पसंख्यकों को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए भी सरकार कई योजनाएं चला रही है। किसानों को भी इससे मदद मिल रही है। जनपद में लगभग 35 हजार मुस्लिम को पीएम किसान सम्मान निधि का लाभ मिल रहा है। भाजपा महानगर के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष यूसुफ खान का दावा है कि बिना किसी भेदभाव के डबल इंजन की सरकार ने अल्पसंख्यक वर्ग तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया है और सरकार को भी इनका साथ मिलेगा।

# इंडिया एलांइस की सरकार बनना तयः प्रमोद

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने इंडिया गठबंधन की अगली सरकार बनने का दावा किया है। उन्होंने कहा कि कहा कि पांचवे चरण तक के संपन्न चुनाव में जनता ने भाजपा को पूरी तरह नकार दिया है।

सिविल लाइंस स्थित टूरिस्ट बंगला में अपराह्न पत्रकारों से बातचीत करते उन्होंने कहा कि देश में मोदी सरकार विरोधी लहर चल रही है। प्रधानमंत्री मोदी एक के बाद दूसरा, तीसरा ,चौथा झूठ बोलते हैं। आम जनता महंगाई बेरोजगारी और गरीबी से परेशान है । आरोप लगाया कि भाजपा ने इलेक्टोरल बांड्स के जरिए हजारों करोड़ रुपये की बसूली की।



चंदा दो धंधा लो के जरिये भाजपा ने मेघा इंजीनियरिंग, जिंदल स्टील, शिर्ड़ी साई यहाँ तक कि कोविड वैक्सीन और गोमांस कंपनियों से पैसा लिया।

श्री तिवारी ने दावा किया कि इलाहाबाद, फूलपुर, कौशांबी, रायबरेली, अमेठी , प्रतापगढ़ सहित सूबे की तीन चौथाई सीटों पर गठबंधन क्लीन स्वीप कर रहा है। राहुल गांधी की प्रशंसा करते तिवारी ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा के जरिए उन्होंने लोगों की असलियत को करीब से जाना। कहा कि हिंदू मुस्लिम, मंदिर मस्जिद करने वाले पीएम मोदी और भाजपा को नफरत के बजाय विकास पर वोट मांगना चाहिए।

इस दौरान जिलाध्यक्ष द्वय सुरेश यादव व अरूण तिवारी, शहर अध्यक्ष प्रदीप अंशुमन , मुकुंद तिवारी, फुज़ैल हाशमी, सुधाकर तिवारी, किशोर वार्ष्णेय, हरिकेश त्रिपाठी, संजय तिवारी मौजूद थे।

# जौनपुर गौ रक्षा टीम ने दिये 80 हजार रूपये

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** गौ रक्षा टीम द्वारा निराश्रित गोवंश के सेवा हेतु बाबा राम अधीन दास जनसेवा संस्थान को 80000 दिया गया। इसी को लेकर गौ रक्षा के विभाग प्रमुख पवन जी की अध्यक्षता में जनपद मुख्यालय पर बैठक हुई जहां गौ रक्षा दल के सदस्यों द्वारा नाभिपुर में संचालित गौशाला बाबा राम अधिन दास जनसेवा संस्थान को 80000 चेक के माध्यम से संस्था के प्रबंधक जय प्रकाश मिश्रा को प्रदान किया गया।

बैठक में बोलते हुए अकिंचन फाउंडेशन के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ चिकित्सक डॉ अमरनाथ पाण्डेय ने कहा कि गौ माता हम सबके लिए पूजनीय हैं। हमारे धर्म और संस्कृति में गौ माता का बहुत ही महत्वपूर्ण स्थान है। उनके सुरक्षा सेवा के लिए और भी जो किया जा सकता है, हम सभी लोग संयुक्त रूप से करते रहेंगे।



इसी क्रम में गौ रक्षा विभाग प्रमुख पवन ने कहा कि गौ सेवा बहुत ही महत्वपूर्ण और धर्म का कार्य है जिसे कर पाना हम सबके लिए सौभाग्य का विषय है। गौ रक्षा दल के सभी सदस्यों ने शपथ लिया कि आने वाले समय में हम सभी लोग गौ सेवा हेतु जनसंपर्क के माध्यम से गौशाला को और भी सुविधा मुहैया करायेंगे जिससे निराश्रित गोवंश के सेवा में कोई कमी किसी भी प्रकार की न रह जाय और न कमी आने पाये। इस अवसर पर अवधेश मौर्य, राज दुबे, रतन सिंह परमार, यादवेंद्र मिश्र एडवोकेट सहित तमाम लोग उपस्थित रहे। आभार और धन्यवाद संस्थाध्यक्ष जय प्रकाश मिश्रा ने ज्ञापित किया।

# राजेश केसरवानी होंगे प्रधानमंत्री की जनसभा की मीडिया प्रभारी



**प्रयागराज।** 21 मई को होने वाली प्रयागराज में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा के संयोजक भाजपा बृज क्षेत्र के अध्यक्ष दिग्विजय शाक्य एवं सहसंयोजक क्षेत्रीय महामंत्री सुशील त्रिपाठी होंगे। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विशाल जनसभा की मीडिया कवरेज के लिए भाजपा जिला प्रवक्ता राजेश केसरवानी, दिलीप चतुर्वेदी एवं विवेक मिश्रा को जनसभा का मीडिया प्रभारी एवं मीडिया सह प्रभारी नियुक्त किया है।

# जयंती पर याद किए गए प्रकृति के सुकुमार कवि सुमित्रानंदन पंत

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** हिन्दुस्तानी एकेडेमी के तत्वावधान में आज छायावादी कवि सुमित्रानंदन पंत की जयंती के अवसर पर पंत जी के चित्र पर एकेडेमी के सचिव देवेन्द्र प्रताप सिंह, कोषाध्यक्ष दुर्गेष कुमार सिंह एवं एकेडेमी के समस्त कार्मिकों के द्वारा माल्यार्पण एवं पुष्पार्चन किया गया।

इस अवसर पर एकेडेमी के सचिव देवेन्द्र प्रताप प्रताप सिंह ने कहा कि 'सुमित्रानंदन पंत को 'प्रकृति के सुकुमार कवि' के रूप में भी जाना जाता है, उनका जन्म आज के उत्तराखण्ड के बागेष्वर ज़िले के कौसानी में 20 मई 1900 को हुआ। प्रयाग में उच्च शिक्षा के दौरान 1921 के असहयोग आंदोलन में महात्मा गाँधी के बहिष्कार के आह्वान पर उन्होंने महाविद्यालय छोड़ दिया और हिन्दी, संस्कृत, बांग्ला और अँग्रेज़ी



भाषा-साहित्य के स्वाध्याय में लग गए। 'युगांतर', 'स्वर्णकिरण', 'कला और बूढ़ा चाँद', 'मुक्ति यज्ञ', 'युगवाणी', 'उत्तरा', 'रजतशिखर', 'मेघनाद वध' आदि उनके अन्य प्रमुख काव्य-संग्रह हैं। कविताओं के अतिरिक्त उन्होंने नाटक, उपन्यास, निबंध और अनुवाद में भी योगदान किया है।

एकेडेमी के कोषाध्यक्ष दुर्गेष कुमार सिंह ने कहा कि हिन्दी साहित्य में छायावादी युग के चार स्तंभों में से एक हैं। सुमित्रानंदन पंत नये युग के प्रवर्तक के रूप में आधुनिक हिन्दी साहित्य में उदित हुए। सुमित्रानंदन पंत ऐसे साहित्यकारों में गिने जाते हैं, जिनका प्रकृति चित्रण समकालीन कवियों में सबसे बेहतरीन था। सुमित्रानंदन पंत आकर्षक व्यक्तित्व के धनी थे।

इस अवसर पर गोपाल जी पाण्डेय, रतन पाण्डेय, अनुराग ओझा, अमित कुमार सिंह, संतोष कुमार तिवारी, अंकेश श्रीवास्तव, सुनील कुमार, मोहसिन खां, सहित समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## चुनाव ड्यूटी पर आए सिपाही की मौत

**प्रयागराज।** चुनाव ड्यूटी पर प्रयागराज आए सिपाही की तबीयत बिगड़ने के बाद मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 32 वर्षीय अमरोहा जलालपुर निवासी विकेश कुमार पुलिस विभाग में सिपाही के पद पर तैनात है। उनकी पोस्टिंग रामपुर में है। चुनाव के दौरान विकेश की 16 मई को प्रतापगढ़ में प्रधानमंत्री की सभा में ड्यूटी लगी थी। उसके बाद कल प्रयागराज में होने वाली प्रधानमंत्री की सभा के लिए प्रयागराज भेजा गया था। कल देर शाम अचानक उनकी तबीयत बिगड़ी तो उन्हें एसआरएन लाया गया जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मौत की सूचना परिजनों को दे दी है।

## रोडवेज बस की चपेट में आने से अधेड़ की मौत

**प्रयागराज।** हंडिया थाना क्षेत्र में रोडवेज की बस ने मोटरसाइकिल सवार अधेड़ को रौंद दिया। मौके पर ही अधेड़ की मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार चांदपुर भदोही निवासी दिनेश कुमार पांडेय अपने पुत्र पंकज को मोटरसाइकिल से प्रयागराज छिवकी स्टेशन छोड़ने के लिए आए हुए थे। लौटते समय हंडिया के रसड़ा के पास पहुँचे थे कि सामने से अनियंत्रित रोडवेज की बस बोलेरो को टक्कर मारते हुए आकर मोटरसाइकिल से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी की दिनेश कुमार की मौके पर ही मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पास मिले कागजात से परिजनों को इसकी सूचना दी और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## कछार में मिल किसान का शव, मची सनसनी

**प्रयागराज।** धूमनगंज थाना क्षेत्र के नीवां गावं कछार में खेत मे पानी लगाने गए किसान का शव मिलने से सनसनी मच गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार धूमनगंज थाना क्षेत्र के उमरपुर नीवां निवासी संजय उर्फ मितालु नीवां कछार के खेत पर खेती कर तीन बच्चों और पत्नी नीलम का पालन पोषण करता था। मृतक के भाई अंशु ने बताया कि संजय कल शाम खेत में पानी लगाने के लिए निकले थे लेकिन वापस नहीं आए ढूंढने पर खेत से 5 किलोमीटर दूर कछार में उनका जख्मी हालत में शव मिला शरीर पर चोट के निशान थे। अंशु ने बताया कि एक साल पहले बड़े भाई अजय की भी हत्या हो चुकी है। अंशु ने गांव के ही लोगों पर जमीन के लिए हत्या का आरोप लगाया है। फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच में जुट गई है।

## रेलवे ट्रैक पर मिला बुजुर्ग का शव

**प्रयागराज।** मेजा थाना क्षेत्र में एक बुजुर्ग की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार करछना कटका निवासी भैरव लाल अपनी बेटी के ससुराल मांडा के लिए कल शाम निकले थे। देर रात होने पर जब परिजनों ने फोन कर मांडा में पता किया तो बेटी ने बताया कि भैरव लाल उसके घर नहीं पहुंचे हैं। परिजन परेशान होकर उसे ढूंढते हुए मेजा स्टेशन के पास गए तो पता चला कि एक बुजुर्ग की ट्रेन से कटकर मौत हुई है। जब परिजन जाकर देखा तो वह शव भैरव लाल की थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार भैरव लाल करछना से बस से निकले थे तो मेजा रेलवे स्टेशन के पास कैसे पहुंच गए। पुलिस अब यह जांच कर रही है कि भैरव लाल ने आत्महत्या की या हादसे के शिकार हो गए। फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# मतदान में उत्सव के समान ही होनी चाहिये आपकी शत-प्रतिशत सहभागिता

- राष्ट्रहित में मतदान और हम सब परिवारों की भूमिका विषय पर कार्यक्रम आयोजित

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** भारत विकास परिषद शौर्य के संस्थापक अध्यक्ष डा. सन्दीप पाण्डेय के नेतृत्व में लोकतंत्र के महापर्व के आयोजन के समय लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से एक वृहद कार्यक्रम राष्ट्रहित में मतदान और हम सब परिवारों की भूमिका का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि/मुख्य वक्ता के रूप में प्रसिद्ध अन्तर्राष्ट्रीय कथावाचक आचार्य शान्तनु महाराज का आगमन हुआ।



कार्यक्रम का प्रारम्भ सर्वप्रथम भारत माता एवं स्वामी विवेकानन्द के चित्र पर पुष्पार्पण से किया गया। महिला संयोजिका ज्योति श्रीवास्तव द्वारा वन्दे मातरम गीत गाया गया। संस्थाध्यक्ष डा. सन्दीप पाण्डेय ने अपने स्वागत उद्बोधन में सभी का स्वागत करते हुए कहा कि मतदान हमारा अधिकार भी है और नैतिक कर्तव्य भी। हम सभी को अपने राष्ट्र धर्म का पालन करते हुए निश्चित रूप से मतदान करना चाहिये। उन्होंने कहा कि इस तरह के जागरूकता आयोजनों से मत प्रतिशत में वृद्धि अवश्य देखने को मिलेगी। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता आचार्य शान्तनु महाराज ने कहा कि हम जब परिवार में कोई उत्सव मनाते हैं उसमें जो सबसे आवश्यक बात है, वह है परिजनों की शत–प्रतिशत सहभागिता। इसी प्रकार हमारा लोकतंत्र भी सर्वश्रेष्ठ बन सके, उसके लिये आवश्यक है कि इस मतदान में आप सभी की शत प्रतिशत सहभागिता बने। ऐसी घटनाएं भी होती है कि एक मतदान से प्रत्याशी चुनाव हार गये इसलिये प्रत्येक वोट का महत्व है। उन्होंने बताया कि ऐसे आंकड़ें हमें सदैव प्राप्त होते हैं जिससे यह पता चलता है कि नगरीय क्षेत्रों में जहां पढ़े लिखे लोगों का प्रतिशत ज्यादा है वहां मतदान का प्रतिशत सबसे कम है। निराशा व उदासीनता मत प्रतिशत घटाती है। यह आवश्यक है कि हम सब लोकतंत्र के इस महापर्व को उत्सव की तरह मनायें और उसमें अपनी सम्पूर्ण सहभागिता सुनिश्चित करें। इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संघचालक डा. सुभाष सिंह, नगर संघचालक धर्मवीर तथा जिला प्रचारक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ रजत उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले डा. रामनारायण सिंह, दया निगम, अवधेश गिरि, रविन्द्र गुप्ता वेद डायग्नोस्टिक को मुख्य अतिथि के हाथों सम्मानित किया गया। इसके पश्चात् अध्यक्ष डा. सन्दीप पाण्डेय के साथ संगठन के लोगों ने मिलकर आचार्य शान्तनु महाराज को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

# मतदाता जागरूकता रैली के माध्यम से की मतदान करने की अपील

**आजमगढ़।** तहसील क्षेत्र के पल्हना में सोमवार को नायब तहसीलदार हरिशंकर दुबे की अध्यक्षता में मतदाता जागरुकता अभियान के अंतर्गत मोटरसाइकिल रैली का आयोजन किया गया मतदाता जागरूकता रैली को संबोधित करते हुए नायब तहसीलदार हरिशंकर दुबे ने कहा कि लोक सभा का चुनाव एक महापर्व है जिसमें सभी को मतदान करना जरूरी है । क्यों कि आजमगढ के चुनाव में मतदान प्रतिशत 52ः है इसके लिए हमे मिलकर सब लोगो को मतदान के प्रति सबको जागरूक करना है जिससे मतदान शत प्रतिशत हो जाय इस चुनावी महापर्व में बढ़चढ़ का हिस्सा लेना है।

# यह चुनाव संविधान बचाने का चुनाव हैः धर्मेंद्र यादव

**मुबारकपुर,आजमगढ़।** सपा के चुनावी नुक्कड़ जनसभा स्थानीय थाना क्षेत्र के मखदुमपुर गांव में की गई। जिसमें सपा प्रत्याशी धर्मेंद्र यादव वह मुबारकपुर विधानसभा के वर्तमान विधायक अखिलेश यादव एमएलसी शाह आलम गुड्डू जमाली ने सपा के पक्ष में वोट करने की लोगों से अपील की। सुबह को संबोधित करते हुए लोकसभा प्रत्याशी धर्मेंद्र यादव ने कहा कि यह चुनाव संविधान बचाने का चुनाव है भाजपा पर जमकर बरसते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी हिंदू मुस्लिम को आपस में लड़ना चाहती है लेकिन जनता अब सब समझ चूकी है अब बीजेपी वाले जान चुके हैं कि जाने का वक्त आ गया है उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन की सरकार बनने जा रही है इसलिए मैं आप लोगों से हाथ जोड़कर निवेदन करता हूं कि 25 मई का दिन बहुत ही खास दिन है अपना एक एक वोट पोल करें।

# डायट में जिलाधिकारी ने प्रशिक्षुओं को मतदान हेतु किया प्रेरित

- डायट प्रशिक्षु स्वयं मतदान करें और अन्य मतदाताओं को भी मतदान हेतु करें जागरुक

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** जनपद में चलाये जा रहे स्वीप कार्यक्रम के तहत सोमवार को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डायट परिसर जौनपुर में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम बहुत ही भव्य रुप में आयोजित किया गया । जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मांदड़ ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर जनपद स्तरीय रंगोली, पोस्टर, स्लोगन व मेहंदी प्रतियोगिता में प्रशिक्षुओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए मतदाताओं को जागरूक किया। जिसका जिलाधिकारी ने अवलोकन किया और सभी प्रतिभागियों की खूब सराहना किया। एक से बढ़ कर एक पोस्टर व रंगोली ने सभी को खूब आकर्षित किया। इसके पूर्व जिलाधिकारी ने ''25 मई को वोट करेगा जौनपुर'' लिखा पोस्टर-बैलून के साथ हवा में उड़ाकर लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया। जिलाधिकारी कार्यक्रम से बहुत उत्साहित दिखे, और उन्होंने सर्वश्रेष्ठ रंगोली, पोस्टर, मेहंदी बनाने वाले प्रशिक्षुओं को सम्मानित किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने उपस्थित लोगों को मतदान की शपथ दिलाई। उप शिक्षा निदेशक/प्राचार्य ने अतिथियों का स्वागत किया और उन्होंने डायट के अन्तर्गत जनपद के 101 डी.एल.एड. कालेजों के माध्यम



से चलाए जा रहे स्वीप कार्यक्रम के बारे में विस्तार से बताते हुए सभी को अपने मताधिकार का प्रयोग करने एवं लोकतंत्र को सशक्त करने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि हमारे वोट से सरकार बनती है और देश चलता है। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मांदड़ ने डायट के निर्वाचन साक्षरता क्लब द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम की सराहना की। उन्होंने प्रशिक्षुओं से आह्वान किया कि स्वयं मतदान करें तथा अपने घर तथा आस-पड़ोस में सभी मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि एक जागरूक मतदाता ही देश का भाग्य विधाता होता है तथा मत के उचित प्रयोग द्वारा ही लोकतंत्र को सशक्त बनाया जा सकता है। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ईशिता किशोर ने कहा कि मतदान के प्रति सभी को जागरुक होना चाहिए। विशेषकर महिलाओं को क्योंकि महिलाएं पूरे परिवार को प्रेरित करती है इसलिए सभी मतदाता निर्भीक होकर निष्पक्ष रुप से अपने मताधिकार का उपयोग करें। एक अच्छे जनप्रतिनिधि का चुनाव करें। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा0 गोरखनाथ पटेल ने कहा कि स्वीप का प्राथमिक लक्ष्य मतदाताओं को मतदान के लिए प्रोत्साहित करना है। मजबूत लोकतंत्र के लिए शत-प्रतिशत मतदाताओं की भागीदारी जरुरी है। संचालन धर्मेन्द्र कुमार शर्मा ने किया। इस अवसर पर वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ. रवींद्र नाथ, जिला स्वीप कोआर्डिनेटर सै. मो. मुस्तफा, डायट स्वीप कोऑर्डिनेटर डायट प्रवक्ता नवीन कुमार सिंह, समस्त डायट प्रवक्ता सहित डायट व विभिन्न डी.एल.एड. कालेजों के शिक्षक व प्रशिक्षु आदि उपस्थित रहे।

# कमल का बटन टकाटक, टकाटक, दबा रही है जनताः केशव प्रसाद मौर्य



**जौनपुर।** सूबे के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्या ने जौनपुर लोकसभा सीट के बीजेपी प्रत्याशी के पक्ष में एक जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने सपा, बसपा और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि इस चुनाव में जनता से कमल का बटन टकाटक, टकाटक , टकाटक दबा रही है। जौनपुर लोकसभा 73 के उम्मीदवार कृपाशंकर सिंह के पक्ष में मौर्य जाति के बाहुल्य इलाके चंबलतारा बाजार में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करने जौनपुर पहुंचे उपमुख्यमंत्री ने मंच से संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी को सॉपनाथ ,बसपा पार्टी और कांग्रेस पार्टी को कालिया नाग कहकर संबोधित किया। पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि आज जहां 14 सीटों पर भारी मतदान हो रहा है वहां टकाटक कमल का फूल खिल रहा है। साइकिल पंचर हो चुकी है कांग्रेस का पंजा जनता ने हाथ मरोड़ दिया है और हाथी यूपी छोड़कर भाग गई है।

# धर्म की हानि पर प्रभु का आना तयः नीरजानंद महराज

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर (महराजगंज)** क्षेत्र के केवटली ग्राम स्थित संतोष दुबे के यहां चल रही संगीतमय सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन वाराणसी की धरती से पधारे कथा व्यास पं. नीरजानंद महराज द्वारा भागवत कथा सुनाई जा रही है। कथा के दौरान कहां की जब-जब पृथ्वी पर धर्म की हानि होती है तब तब प्रभु जन्म लेते हैं और राक्षसों का संघार करते हैं। धर्म की रक्षा से बढ़कर कोई पुण्य नहीं वही कथा के दौरान प्रहलाद चरित्र बड़े ही मार्मिक ढंग से सरलता एवं सहजता के साथ भजन गाते हुए लोगों को सुनाया तथा भगवान कृष्ण जन्मोत्सव पर सोहर गाकर सबको



झूमने पर मजबूर कर दिया मंच से क्षेत्र का बखान करते हुए व्यास ने कहा की अनवरत कई वर्षो से सवंसा हनुमान मंदिर पर श्री राम कथा सुनाने से क्षेत्र के लोगों से लगाव हो गया है और इस क्षेत्र को हम अपना परिवार मानते हैं वही हिरणाकश्यप के वध के दौरान मुख्य यजमान राम रक्षा दुबे के घर की चौखट का भी बखान किया इस मौके पर दूर-दूर से आए कथा प्रेमियों ने व्यास का माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया जिनमें पत्रकार अमित पाण्डेय, प्रधान प्रतिनिधि ओम प्रकाश सेठ, विनोद निगम, रंकज मिश्रा, रमाकांत तिवारी, जयप्रकाश मिश्रा, अचार्य अरुण, शिवपूजन सेठ, सूरज सिंह आदि रहे आगंतुकों का स्वागत संतोष दुबे द्वारा किया गया इस मौके पर द्वारिका प्रसाद दुबे, संजय दुबे, सुरेश दुबे, राजेश दुबे, विनोद दुबे, रोहित दुबे, विपिन, सौरभ, सोनू तथा सैकडो कथा प्रेमी मौजूद रहे।

# मैं मधुमास ढूँढ़ने आया काव्य संग्रह का शानदार लोकार्पण

**अवधनामा संवाददाता**

**आजमगढ़।** कप्तानगंज स्थित प्रभात मैरिज हॉल के सभागार में सुप्रसिद्ध कवि लालबहादुर चौरसिया लाल द्वारा रचित काव्य संग्रह 'मैं मधुमास ढूंढने आया' का भव्य लोकार्पण समारोह सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षाविद् डॉ. श्याम वृक्ष मौर्य ने की तथा मुख्य अतिथि मुंबई के प्रसिद्ध समालोचक डॉ. जीतेंद्र पांडेय रहे। मुख्य वक्ता साहित्य भूषण डॉ. राजाराम सिंह, विशिष्ट अतिथि धार्मिक कवि पंडित सुभाष चंद्र तिवारी कुंदन व लोक कवि बालेदीन बेसहारा थे। कार्यक्रम का संचालन घनश्याम यादव व डॉ. अजय गौतम ने किया।



विश्व हिंदी शोध एवं संवर्धन अकादमी आजमगढ़ के तत्वावधान में आयोजित इस लोकार्पण के कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष रुद्रनाथ चौबे रुद्र, उपाध्यक्ष सोहनलाल गुप्त, कोषाध्यक्ष महेंद्र मृदुल, संगठन मंत्री घनश्याम यादव, साहित्यिक मंत्री महेंद्र मौर्य, महिला प्रकोष्ठ प्रभारी सरोज यादव, सांस्कृतिक प्रकोष्ठ प्रभारी वीरेंद्र भारती, सूचना मंत्री रोहित राही व मीडिया प्रभारी लकी सोनी ने मुख्य अतिथि डॉ. जीतेंद्र पांडेय को युवा साहित्य सर्जना का 'हरिऔध' सम्मान प्रदान किया।

मुख्य अतिथि डॉ जितेंद्र पांडेय ने अपने उद्बोधन में लालबहादुर लाल की रचनाओं को लोकमंगलकारी बताया। पंडित सुभाष चन्द तिवारी कुंदन ने कहाकि आज के समय में ऐसी ही रचनाओं की महती आवश्यकता है, जो समाज को निरंतर चिंतन करने पर मजबूर करती हैं। बालेदीन बेसहारा ने पुस्तक 'मैं मधुमास ढूंढने आया' को एक श्रेष्ठ काव्य संग्रह बताया। पुस्तक लोकार्पण एवं परिचर्चा में रुद्रनाथ चौबे रुद्र, महेंद्र मृदुल देवमणि त्रिपाठी अंगार, राकेश पांडे सागर, शैलेंद्र मोहन राय अटपट, विजय प्रताप बुढ़नपुरी, महेंद्र मौर्य, अजय कुमार पाण्डेय, लक्ष्मण दूबे, शालिनी राय, सरोज यादव, राजनाथ राज, संदीप गांधी नेहाल, आदित्य दीपशिखा चौरसिया, शिवम् चौरसिया, महंत संजय पांडेय सहित सैकड़ों गणमान्य लोग उपस्थित रहे। लोकार्पण कार्यक्रम के आयोजक सोहनलाल गुप्त स्नेहिल ने आए हुए लोगों का आभार व्यक्त किया।

# टायर इंडस्ट्री को FTA से बाहर रखने की गुहार

## 10 लाख से अधिक रबड़ उत्पादकों की रोजी-रोटी का हवाला

**नई दिल्ली।** टायर मैन्युफैक्चरर्स के संगठन एटीएमए ने कहा है कि देश में टायर मैन्युफैक्चरिंग की पर्याप्त क्षमता है और इसलिए मुक्त व्यापार समझौतों के जरिये शुल्क रियायतें देकर आयात को उदार नहीं बनाया जाना चाहिए। ऑटोमोटिव टायर मैन्युफक्चरर्स एसोसिएशन ने केंद्र को दिए सुझाव में कहा है कि वाहन टायर उन क्षेत्रों में सबसे आगे हैं जहां घरेलू मैन्युफैक्चरिंग क्षमताएं आयात को गैरजरूरी बना सकती हैं।

टायर मैन्युफैक्चरर्स के संगठन एटीएमए ने कहा है कि देश में टायर मैन्युफैक्चरिंग की पर्याप्त क्षमता है और इसलिए मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) के जरिये शुल्क रियायतें देकर आयात को उदार नहीं बनाया जाना चाहिए। ऑटोमोटिव टायर मैन्युफक्चरर्स एसोसिएशन (एटीएमए) ने केंद्र को दिए सुझाव में कहा है कि वाहन टायर उन क्षेत्रों में सबसे आगे हैं, जहां घरेलू मैन्युफैक्चरिंग क्षमताएं आयात को गैरजरूरी बना सकती हैं।



एटीएमए ने बयान में कहा कि भारत के पास आत्मनिर्भर होने की क्षमता वाले उद्योगों के बारे में मांगे गए सुझावों के संदर्भ में उसने सरकार को अपनी राय से अवगत करा दिया है। घरेलू उद्योग के हितों की रक्षा करते हुए आगामी एफटीए का मसौदा तैयार करने के लिए सरकार ने सुझाव मांगे थे।

**दुनिया का सबसे बड़ा टायर उद्योग**

एटीएमए ने भारत के घरेलू टायर उद्योग को दुनिया में सबसे बड़ा बताते हुए कहा है कि दोपहिया, यात्री वाहन, वाणिज्यिक वाहन सहित विभिन्न श्रेणियों में वार्षिक उत्पादन 20 करोड़ इकाई से अधिक है।

पर्याप्त मैन्युफैक्चरिंग क्षमता होने के बावजूद वित्त वर्ष 2023-24 की पहली तीन तिमाहियों में 2,000 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के टायर आयात किए गए, जो एक साल पहले की समान अवधि के मुकाबले 27 प्रतिशत अधिक है।

**35,000 करोड़ से अधिक का निवेश**

एटीएमए के चेयरमैन अर्नब बनर्जी ने कहा, %पिछले कुछ वर्षों में अग्रणी टायर निर्माताओं ने क्षमता विस्तार, प्रौद्योगिकी उन्नयन और शोध एवं विकास पर 35,000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया है। नई इकाइयों में उत्पादन शुरू होने के साथ मांग की पूर्ति आयात के बजाय घरेलू मैन्युफैक्चरिंग से करना अहम है।%

बयान के मुताबिक, टायर के घरेलू विनिर्माण को प्राथमिकता देना इसलिए भी जरूरी है कि 10 लाख से अधिक रबड़ उत्पादकों की आजीविका टायर उद्योग पर निर्भर करती है जो 70 प्रतिशत से अधिक घरेलू प्राकृतिक रबड़ की खपत करता है।

# सोनी आईएमएक्स 890 के साथ 19,999 रुपए की शुरुआती कीमत पर कैमरा मास्टर टेक्नो कैमॉन 30 सीरीज़ लॉन्च

**नई दिल्ली।** युवा यूज़र्स के लिए विशेष रूप से डिज़ाइन करते हुए और टेक+स्टाइल भावना को बढ़ावा देते हुए, टेक्नो ने इसके शॉट ऑन कैमॉन कैलेंडर का पहला एडिशन लॉन्च किया है ग्लोबल स्मार्टफोन कंपनी, टेक्नो लेकर आ रहा है स्मार्टफोन फोटोग्राफी में क्राँति! इसने हाल ही में कैमॉन 30 सीरीज़ लॉन्च की है। यह बहुप्रतीक्षित लाइनअप एक प्रीमियम और क्लासिक डिज़ाइन और कैमरा की सबसे शानदार टेक्नोलॉजी से लैस है। इसे यूज़र्स के फोटोग्राफी गेम के अनुभव को सबसे बेहतर बनाने के उद्देश्य से डिज़ाइन किया गया है, जिसमें 50 मेगा पिक्सेल ऑटो फोकस फ्रंट कैमरा, सुपर नाइट मोड और एआई मैजिक के साथ भारत का पहला 100 मेगा पिक्सेल ऑप्टिकल इमेज स्टैबिलाइज़ेशन मोड जैसी सुविधाएँ शामिल हैं। कैमॉन 30 सीरीज़ के साथ, टेक्नो यूज़र्स को वह देखने के अवसर देता है, ÷जो पहले कभी नहीं देखा गया है÷। और साथ ही, उन्हें उच्च-स्तर के फोटोज़ और वीडियोज़ को सहजता से कैप्चर करने के लिए अपनी क्रिएटिविटी दिखाने



का मौका देता है। यह सीरीज़ 23 मई से भारत में बिक्री के लिए उपलब्ध होगी। इस प्रकार, टेक्नो देश में मोबाइल फोटोग्राफी के लिए नए मानक स्थापित कर रहा है और यह साबित कर रहा है कि टेक्नो स्टाइल में लाइफ को कैप्चर करने का हुनर रखता है। कैमॉन 30 सीरीज़, सोनी आईएमएक्स 890 सेंसर द्वारा संचालित है। जीवन के सबसे खास अनुभवों को सबसे अच्छी याद के रूप में सहेजने और जीवंत रंगों के साथ उन्हें कैप्चर करने के लिए यह सीरीज़ यूज़र्स की पहली पसंद बनने के लिए पूरी तरह तैयार है। चाहे आप सूर्योदय का आनंद ले रहे हों या फिर रात में झिलमिलाते तारों की छत के नीचे बैठे हों, इसका सेंसर यह सुनिश्चित करता है कि हर एक तस्वीर सबसे सुंदर हो।

कैमॉन 30 सीरीज़ सदाबहार डिज़ाइन के साथ आती है, जिसमें नवीनता का दमदार मिश्रण शामिल है। यह ट्रिपल-कैमरा सेटअप से लैस है, जो एक क्लासिक कैमरे के सम्पूर्ण सार को प्रदर्शित करता है। और इतना ही नहीं, यह 24 जीबी तक रैम और 512 जीबी तक रोम के साथ आता है, जो यूज़र्स की तमाम जरूरतों को सरलता और सहजता से पूरा करने वाली शानदार परफॉर्मेंस और पर्याप्त स्टोरेज सुनिश्चित करता है।

उक्त लॉन्च पर बोलते हुए, अरिजीत तालापात्रा, सीईओ, टेक्नो इंडिया, ने कहा, ÷टेक्नो कैमॉन 30 सीरीज़ हमारे युवा ग्राहकों के जुनून को बरकरार रखते हुए, स्टाइल में प्रो-फोटोग्राफी का अनुभव प्रदान करती है।

## पाकिस्तान के साथ नरमी बरतने के मूड में नहीं IMF

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान इस वक्त भारी आर्थिक संकट से जूझ रहा है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने उसे इस संकट से उबारने के लिए काफी सख्त शर्तें रखी हैं, जिससे महंगाई से जूझ रही जनता की कमर टूट सकती है। पाकिस्तानी समाचार एजेंसी ARY न्यूज के मुताबिक, IMF मिशन ने पाकिस्तानी अधिकारियों से कहा है कि वे 1 लाख रुपये अधिक मासिक पेंशन पर टैक्स लगाएं। ग्लोबल लेंडर ढ्ढरूस्न की एक अन्य मांग यह है कि पाकिस्तान को नए बेलआउट पैकेज के लिए पेंशन रिफॉर्म्स करने की जरूरत होगी। पाकिस्तान और IMF के बीच नए लोन के लिए बातचीत आखिरी दौर में पहुंच गई है। IMF की मिशन टीम मंगलवार को पाकिस्तान अधिकारियों के साथ नीतिगत वार्ता शुरू करेगी। IMF ने पेंशन पर जो टैक्स लगाने का सुझाव दिया है, उसका असर सिर्फ रईस पेंशनभोगियों पर होगा। इससे पाकिस्तान के नीति निर्माता उम्मीद कर सकते हैं कि उन्हें इसके लिए जरूरी विधायी समर्थन मिल जाएगा।

# जादुई जोड़ी तनिष्क बागची और जुबिन नौटियाल ने मिलकर मिस्टर एंड मिसेज माही का रोमांटिक गाना अगर हो तुम बनाया

**नई दिल्ली।** पहले गाने देखा तेनु के लिए शानदार प्रतिक्रिया मिलने के बाद, निर्माता राजकुमार राव और जान्हवी कपूर अभिनीत मिस्टर एंड मिसेज माही आगामी फिल्म का दूसरा गाना अगर हो तुम रिलीज करके दर्शकों को एक बार फिर मंत्रमुग्ध करने के लिए तैयार हैं। तनिष्क बागची द्वारा रचित, जुबिन नौटियाल द्वारा गाया गया और कौसर मुनीर द्वारा लिखा गया, अगर हो तुम एक रोमांटिक गीत है जो दर्शकों के बीच सही तालमेल बिठाएगा। राजकुमार राव और जान्हवी कपूर के बीच की खूबसूरत केमिस्ट्री को दर्शाते हुए, अगर हो तुम जीवन की साधारण खुशियों में पाए जाने वाले प्यार का जश्न मनाता है। जयपुर की सुरम्य पृष्ठभूमि पर आधारित यह गाना उनके रिश्ते की यात्रा को खूबसूरती से दर्शाता है, जो हमें प्यार के शाश्वत सार और साथ की सुंदरता की याद दिलाता है। अगर हो तुम भावनाओं से भरा गाना है, जो प्यार और साझेदारी की भावना पर जोर देता है।


इसके अलावा, अगर हो तुम



बनाने के बारे में अपने विचार साझा करते हुए, संगीतकार तनिष्क बागची ने कहा, अगर हो तुम एल्बम का एक ताज़ा रोमांटिक तत्व है। कौसर मुनीर के खूबसूरत गीत और जुबिन की मधुर आवाज़ दर्शकों से जुड़ेगी। यह लाता है हम आशा करते हैं कि सही प्रकार की भावनाओं और अहसासों के कारण दर्शक इस गीत को पसंद करेंगे और इसका आनंद लेंगे। गायक जुबिन नौटियाल ने साझा किया, अगर हो तुम में काम करना अद्भुत रहा। मुझे गाना रिकॉर्ड करने में मजा आया। यह गाना एक साथी के साथ रहने और यह महसूस करने के बारे में है कि अगर मेरे पास तुम हो तो और कुछ मायने नहीं रखता। भावनाएँ और शब्द फिल्म की स्थिति के अनुरूप हैं, और राजकुमार और जाह्नवी की केमिस्ट्री गाने के माध्यम से चमक उठी है। गाने के बोल तुरंत गूंजते हैं, और हमने वास्तव में इसके सार का सम्मान करने के लिए गाने को गहरी भावनाओं से भरने की कोशिश की है। शब्दों का सही चयन और शानदार रचना सर्वश्रेष्ठ को सामने लाती है। तनिष्क के साथ दोबारा सहयोग करना अद्भुत था और मुझे उम्मीद है कि दर्शकों को यह पसंद आएगा।

गीतकार कौसर मुनीर ने कहा, इस गीत के बोल लिखते समय, हमारा लक्ष्य भावनाओं के सही मिश्रण को पकड़ना था, अपनेपन और एकजुटता की भावनाओं को व्यक्त करना था।

# आम आदमी पार्टी को विदेशों से करोड़ों रुपये की अवैध फंडिंग, ईडी ने गृह मंत्रालय को सौंपी रिपोर्ट




**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय ने आम आदमी पार्टी पर विदेशी फंड को लेकर बड़ा खुलासा किया है। ईडी ने पार्टी पर विदेशी दानदाताओं से प्राप्त करीब 7 करोड़ रुपये के स्रोत छिपाने का आरोप लगाया है। इस मामले में ईडी ने सोमवार को एक रिपोर्ट गृह मंत्रालय को सौंपी है। ईडी ने गृह मंत्रालय को सौंपी रिपोर्ट में कहा है कि आम आदमी पार्टी ने विदेशी फंड हासिल करने में एफसीआए का उल्लंघन किया है। रिपोर्ट से पता चलता है कि आप ने 2014 और 2022 के बीच कनाडा, अमेरिका, मध्य पूर्व, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया में स्थित विदेशी दानदाताओं से प्राप्त 7 करोड़ रुपये के स्रोत की पहचान छिपाई है।

जांच एजेंसी ने आम आदमी पार्टी पर इस विदेश फंड को हासिल करने में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), जन प्रतिनिधित्व अधिनियम (आरपीए) और विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम (एफसीआरए) के उल्लंघन करने का आरोप लगाया है। इस फंड को हासिल करने के लिए विदेशी दानदाताओं की पहचान और राष्ट्रीयता के साथ-साथ कई अन्य तथ्यों को छिपाने से आरोप ईडी ने अपनी रिपोर्ट में लगाए हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक कई दानदाताओं ने आम आदमी पार्टी के खजाने में पैसा डालने के लिए एक ही पासपोर्ट नंबर, क्रेडिट कार्ड, मोबाइल और ई-मेल आईडी का इस्तेमाल किया गया है। विदेश में रहने वाले 155 व्यक्तियों ने 55 पासपोर्टों का उपयोग करके 404 अवसरों पर कुल 1,02,48,189 करोड़ रुपये का दान दिया है।

## सीबीएसई 10वीं के परिणाम में चमके आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड के होनहार

# 65 स्टूडेंट्स ने हासिल किए 90 प्रतिशत व उससे अधिक मार्क्स

**प्रयागराज।** परीक्षण तैयारी सेवाओं में राष्ट्रीय अग्रणी आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) ने प्रयागराज से अपने 65 स्टूडेंट्स की असाधारण उपलब्धि की घोषणा करते हुए गर्व महसूस किया, जिन्होंने सीबीएसई बोर्ड की 10वीं की परीक्षा में 90 प्रतिशत और उससे अधिक मार्क्स हासिल किए हैं। सीबीएसई बोर्ड ने हाल ही में 10वीं के परिणाम घोषित किए हैं। उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वाले स्टूडेंटस में राजश्री राय ने 98.20 प्रतिशत, सान्वी सिंह ने 97.60 प्रतिशत, अरुणव वेदांत अग्रहरि ने 97.40 और अमिषी मिश्रा ने 97.20 प्रतिशत मार्क्स हासिल कर सफलता प्राप्त की। इसी क्रम में अन्य स्टूडेंट्स ने 90 प्रतिशत व उससे अधिक मार्क्स अपने नाम किए। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने शिक्षकों को दिया। उनकी उपलब्धि में उनके परिवार, शिक्षक और आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड के समर्थन का बड़ा हाथ है। आकाश



एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) के रीजनल डायरेक्टर, डॉ. एच. आर. राव ने स्टूडेंट्स को हार्दिक बधाई देते हुए कहा, ÷हम अपने स्टूडेंट्स के असाधारण प्रदर्शन पर बहुत गर्व कर रहे हैं, उन्होंनें सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में अंकों के साथ सफलता प्राप्त की है। यह उपलब्धि उनकी मेहनत, प्रयासों, उनके माता-पिता के अटूट समर्थन और आकाश में प्रदान की गई प्रभावी परीक्षण तैयारी और मार्गदर्शन को दर्शाती है. हमारे सभी स्टूडेंट्स को परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए हार्दिक बधाई. हम उनके भविष्य के प्रयासों के लिए उन्हें शुभकामनाएं देते हैं। आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) हाई स्कूल और उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्रों के लिए विभिन्न पाठ्यक्रम प्रारूपों के माध्यम से व्यापक आईआईटी-जेईई कोचिंग प्रदान करता है। हाल ही में, आकाश ने कंप्यूटर-आधारित प्रशिक्षण विकसित करने पर अपना ध्यान केंद्रित किया है। इसका अभिनव आई ट्यूटर प्लेटफ़ॉर्म रिकॉर्ड किए गए वीडियो व्याख्यान देता है, जिससे छात्र स्व-पुस्तक सीखने में संलग्न हो सकते हैं और छूटे हुए सत्रों को पकड़ सकते हैं। इसके अलावा, नकली परीक्षण वास्तविक परीक्षा स्थितियों का अनुकरण करते हैं, परीक्षा से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए आवश्यक परिचितता और आत्मविश्वास के साथ छात्रों को लैस करना।

# अजूनी बायोटेक लिमिटेड के 43.81 करोड़ रुपए का राइट्स इश्यू आज खुलेगा

**अनुमान**

**कंपनी का टर्नओवर वित्त वर्ष 2026-27 में 250-270 करोड़रुपये रहने का अनुमान**

**लखनऊ।** अग्रणी प्योर वेज पशु स्वास्थ्य देखभाल कंपनी 'अजूनीबायोटेक लिमिटेड 21मई को अपना 43.81 करोड़ रुपये का राइट्स इश्यू खोलने जा रही है। इश्यू के माध्यम से जुटाई गई धनराशि का उपयोग कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं एवं कॉर्पोरेट उद्देश्यों का आंशिक वित्तपोषण,भूमि अधिग्रहण, साइट विकास और सिविल कार्य, संयंत्र और मशीनरी के अधिग्रहण के लिए किया जाएगा। राइट्स इश्यू मेंशेयरों की कीमत5 रुपए प्रति शेयरनिर्धारित की गई है जो की18 मई 2024 को बंदशेयर मूल्य पर 20 प्रतिशत से अधिक की छूट पर आधारित है। राइट्स इश्यू 31 मई, 2024 को बंद होगा। कंपनी प्रमोटर समूह भी राइट्स इश्यू में भाग ले रहा है।कंपनी इस राइट्स इश्यू में रुपये 5 प्रतिइक्विटी शेयरके कुल



8,76,13,721 इक्विटी शेयर जारी कर 43.81 करोड़ रुपए हासिल करेगी। प्रस्तावित इश्यू के लिए राइट्स एंटाइटेलमेंट अनुपात 1:1 परतय किया गया है (रिकॉर्ड तिथि - 7 मई,2024 को इक्विटी शेयरधारकों द्वारा रखे गए प्रत्येक 1 इक्विटीशेयर के लिए 2 रुपयेके अंकित मूल्य का 1 इक्विटीशेयर)। ऑन-मार्केट अधिकार अधिकारों के त्याग की अंतिम तिथि 27 मई,2024 है। कंपनीजी.टी. रोड, खन्ना,पंजाब में (उनके मौजूदा संयंत्र के निकट) 87,000 वर्गफुट कानया प्लांट पर 16.50करोड़ रुपये के निवेश के साथ स्थापित करने की योजना बना रही है। । नई इकाई 3 ब्याजछूट, भारत सरकार द्वारा 50 लाखकी कैपिटल सब्सिडी, 100 प्रतिशत जीएसटीऔर 100 प्रतिशत स्टांप शुल्क प्रतिपूर्ति सहित कई अन्य लाभ प्राप्त होंगे। कंपनी वित्त वर्ष 2026-27 में250-270 करोड़ काटर्नओवर रुपये के दायरे में रहने का अनुमान है और शुद्ध लाभ मार्जिन टर्नओवर का 5 प्रतिशत रहने काअनुमान है। कंपनी रुपये के निवेश से एक नया प्लांट स्थापित करने की योजना बना रही है। जी.टी. खन्ना, पंजाब में सड़क पर 16.50 करोड़ (उनके मौजूदा संयंत्र के निकट) 87,000 वर्गफुट में फैली हुई है। नई इकाई 3 प्रतिशत ब्याजछूट, रुपये की पूंजी सब्सिडी सहित प्रोत्साहन की हकदार होगी। भारत सरकार द्वारा 50 लाखकी पेशकश, 100 प्रतिशत जीएसटीऔर 100 प्रतिशत स्टांप शुल्क प्रतिपूर्ति सहित कई अन्य फायदे मिलेंगे। अजूनीबायोटेक लिमिटेड के प्रबंधन के कहाकि ÷हम उच्च गुणवत्ता वाले, शुद्ध शाकाहारी पशु आहार और शुद्ध शाकाहारी सप्लीमेंट्सपेश करने में विशेषज्ञ हैं जो मवेशियों की आहार संबंधी जरूरतों को पूरा करते हैं। हमारे उत्पाद स्वस्थ विकास को बढ़ावा देने, प्रजनन क्षमता में सुधार करने और समग्र पशु स्वास्थ्य और कल्याण कल्याण को बढ़ाने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं। पशु स्वास्थ्य और कल्याण पर अपने ध्यान के साथ, हम किसानों को उनके मवेशियों के लिए सर्वोत्तम संभव समाधान प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम अब बी2सी बाजार में प्रवेश कर रहे हैं, जो हमारे व्यवसाय के दायरे में एक महत्वपूर्ण विस्तार की अनुमति देगा। हम सीधे व्यक्तिगत उपभोक्ताओं तक पहुंचेंगे, उन्हें उत्पादों और सेवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला की पेशकश करेंगे, इससे कंपनी की टॉप लाइन और बॉटम लाइन में भी सुधार होगा। हम नए डीलरों की नियुक्ति की प्रक्रिया में हैं और पहले महीने में 100 सेअधिक डीलर होंगे। कंपनी द्वारा स्वयं को पैन इंडिया आधार पर पहले ही नियुक्त किया जा चुका है। इश्यू से होने वाली आय कंपनी की बैलेंस शीट को और मजबूत करेगी और कंपनी की विस्तार योजनाओं और रणनीतिक विकास पहलों को वित्तपोषित करने में मदद करेगी। 17 मई 2024 को, कंपनी ने उनाती एग्री एलाइड एंड मार्केटिंग मल्टी स्टेट कोऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड के साथ एक एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं। इस साझेदारी का उद्देश्य शुद्ध शाकाहारी भोजन को बढ़ाना है।

## बिरला ओपस के साथ पेंट्स के नए युग में प्रवेश करें!




**लखनऊ।** आदित्य बिरला ग्रुप ने फरवरी 2024 में 'बिरला ओपस' के लॉन्च के साथ पेंट उद्योग में प्रवेश किया था। बिरला ओपस की शुरुआत के स्साथ आदित्य बिरला ग्रुप तेजी से बढ़ते हुए 80,000 करोड़ रुपये के भारतीय डेकोरेटिव पेंट उद्योग में प्रवेश कर गया, जिसके लिए कंपनी ने 10,000 करोड़ रुपये का बड़ा अग्रिम निवेश किया। मई, 2024 से कंपनी के मजबूत डीलर नेटवर्क द्वारा 'बिरला ओपस' के सभी उत्पाद पूरे देश में उपलब्ध होंगे। विभिन्न स्थानों पर आयोजित अपनी पिछली एक्स्पो और डीलर मीट्स को मिली जबरदस्त प्रतिक्रिया के बाद बिरला ओपस अब बाजार में उतरने के लिए उत्साहित है और हम विभिन्न स्थानों पर तेजी से अपना विस्तार कर रहे हैं। बिरला ओपस सभी सेगमेंट्स में विस्तृत पोर्टफोलियो प्रदान करता है, जिसमें इंटीरियर, एक्सटीरियर, वाटरप्रूफिंग, इनैमल पेंट्स, वूड फिनिश, और वॉलपेपर्स सहित सभी श्रेणियों में बेहतर उत्पाद शामिल हैं। बिरला की विरासत और ओपस की क्रिएटिविटी के साथ बिरला ओपस का उद्देश्य पेंट उद्योग में इनोवेशन लाना है। बिरला ओपस के सीईओ, रक्षित हर्गवे ने कहा, ''बिरला ओपस आदित्य बिरला ग्रुप के लिए एक रणनीतिक पहल है। इसका उद्देश्य पेंट्स उद्योग में एक नया युग शुरू करना है। हम विभिन्न शहरों में वितरण और अपने नेटवर्क को मजबूत बनाकर इसकी उपलब्धता बढ़ाना चाहते हैं। एक्स्पो में हमें अपनी डीलर मीट्स, पेंटर्स, कॉन्ट्रैक्टर्स, आर्किटेक्ट्स, और इंटीरियर डिज़ाईनर्स से बहुत ही अच्छी प्रतिक्रिया मिली है। हमने विशाल स्तर पर कॉन्ट्रैक्टर्स को सैंपल प्रदान किए, और वो सभी बिरला ओपस पेंट्स का उपयोग कर अपने ग्राहकों को बेहतर सेवा देने के लिए उत्साहित हैं।'' बिरला ओपस अपनी टेक्नोलॉजिकल विशेषज्ञता के साथ पेंट उद्योग में एक इनोवेटर के रूप में अपनी अलग पहचान बनाते हुए ग्राहकों के बीच निष्ठा और विश्वास को बढ़ावा देने पर केंद्रित है।

बिरला ओपस की संपूर्ण जानकारी https://www.birlaopus.com/ से प्राप्त करें।

## लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बंद रहा शेयर बाजार, अब मंगलवार को होगा कारोबार



**नई दिल्ली।** देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 18वीं लोकसभा के लिए सोमवार को मतदान के मद्देनजर सार्वजनिक अवकाश होने से शेयर, मुद्रा और जिंस बाजार बंद रहा। शेयर बाजार में मंगलवार को कारोबार होगा।

बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) के मार्किट हॉलिडे कैलेंडर के मुताबिक सोमवार को मुंबई में लोकसभा चुनाव के चलते शेयर बाजार बंद रहा, जिसकी वजह से कोई ट्रेडिंग नहीं हुई। लोकसभा चुनाव के चलते इक्विटी के अलावा एसएलबी और डेरिवेटिव सेगमेंट में भी कारोबार बंद रहा। हालांकि, मल्टी-कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) शाम के सत्र में (पांच बजे से रात 11.30 बजे) तक खुलेगा। बीएसई और एनएसई के मुताबिक शेयर बाजार में मंगलवार को कारोबार सामान्य समय के मुताबिक होगा। शेयर बाजार में अगला ट्रेडिंग हॉलिडे 17 जून बकरीद के दिन है। शनिवार को स्पेशल ट्रेडिंग सेशन की वजह से शेयर बाजार खुला था। इस कारोबार के दौरान दोनों प्रमुख सूचकांक में तेजी रही। सेंसेक्स 88 अंक यानी 0.12 फीसदी बढ़कर 74,005 अंक पर और निफ्टी 35 अंक यानी 0.16 फीसदी बढ़कर 22,502 अंक पर बंद हुआ था।

# सेलविन ट्रेडर्स करेगी पटेल कंटेनर में रणनीतिक निवेश, वित्त वर्ष 2024 में राजस्व 56 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 61.7 करोड़ हुआ

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद स्थित सेलविन ट्रेडर्स लिमिटेड के निदेशक मंडल ने पटेल कंटेनर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड में रणनीतिक निवेश करने

SELLWIN TRADERS LIMITED

के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। कंपनी पटेल कंटेनर में 36% हिस्सेदारी का अधिग्रहण करेगी, जिसे अगले दो वर्षों में 51% तक बढ़ाया जा सकता है। सेलविन ट्रेडर्स के निवेश का उपयोग गुजरात के भावनगर जिले में लॉजिस्टिक कंटेनरों के लिए एक नई विनिर्माण इकाई की स्थापना में सहायता के लिए किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि पटेल कंटेनर ने वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट, 2024 में गुजरात के भावनगर जिले में लॉजिस्टिक कंटेनरों की सुविधा स्थापित करने के लिए भावनगर में विनिर्माण सुविधा के लिए 45 करोड़ रुपये का निवेश करने के लिए एक समझौता किया था। इस परियोजना से 100 लोगों के लिए रोजगार पैदा होने का अनुमान है और वर्ष 2025 में परियोजना शुरू होने की उम्मीद है। इस इकाई के लिए भावनगर रणनीतिक लाभ प्रदान करता है, जिसमें प्रमुख बंदरगाहों और व्यापार मार्गों से निकटता शामिल है।

वित्त वर्ष 2024 के दौरान, कंपनी ने अपने व्यवसाय संचालन में बदलाव किया एवं वित्त वर्ष 2023 में अर्जित 39.60 करोड़ रुपए के मुकाबले में 56% की वृद्धि के साथ 61.7 करोड़ रुपए का राजस्व अर्जित किया है।


सेलविन ट्रेडर्स लिमिटेड के प्रबंध निदेशक, श्री वेदांत पंचाल ने कहा कि पटेल कंटेनर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड में रणनीतिक निवेश करने के लिए एमओयू 15 मई 2024 को किया गया था। यह उद्यम न केवल सेलविन ट्रेडर्स के पोर्टफोलियो में विविधता लाता है, बल्कि इसे लॉजिस्टिक एवं मेटल उद्योग में लाभप्रद उद्योग के रूप से उच्च स्थान पर रखता है। उन्नत विनिर्माण प्रौद्योगिकियों का लाभ उठाकर और कुशल परिचालन सेटअप स्थापित करके, सेलविन ट्रेडर्स का प्रबंधन पटेल कंटेनर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड में निवेश से फलदायी परिणामों की उम्मीद करता है।

कंपनी ने दीर्घकालिक विकास रणनीति के अनुरूप अगले दो वर्षों में शाह मेटाकॉर्प लिमिटेड (बीएसई और एनएसई सूचीबद्ध कंपनी) में 200 मिलियन रुपए निवेश की योजना की भी घोषणा की है। कंपनी का निवेश मेटल उद्योग में आशाजनक अवसरों को हासिल करने का लक्ष्य है। निवेश का उपयोग शाह मेटाकॉर्प लिमिटेड की विस्तार पहलों का समर्थन करने, उत्पादन क्षमता बढ़ाने, अनुसंधान और विकास क्षमताओं को मजबूत करने और नए बाजार क्षेत्रों का पता लगाने के लिए किया जाएगा। शाह मेटाकॉर्प लिमिटेड अपनी मजबूत परिचालन क्षमताओं, नवीन उत्पादों और टिकाऊ व्यावसायिक प्रथाओं के लिए जाना जाता है और कंपनी के लिए एक आकर्षक निवेश अवसर प्रस्तुत करता है।

17 मई 2024 को कंपनी की बोर्ड बैठक में, कंपनी ने श्री वेदांत राकेश पंचाल को कंपनी के प्रबंध निदेशक और अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया है।कंपनी ने 1.2 करोड़ वारंट के तरजीही आवंटन को 10/- रुपये अंकित मूल्य के 1.2 करोड़ इक्विटी शेयरों में बदलने का काम भी पूरा कर लिया है। रूपांतरण के अनुसार 10/- रुपये अंकित मूल्य पर कंपनी द्वारा जारी, सब्स्क्राइब्ड और पेड-अप इक्विटी शेयर पूंजी 20.26 करोड़ रुपये के 2,02,60,000 पूरी तरह से भुगतान किए गए इक्विटी शेयर के अनुसार है। कंपनी ने शेष राशि प्राप्त होने पर 12.95 रुपये प्रति इक्विटी शेयर 9.7125 रुपए प्रति इक्विटी शेयर की कीमत पर 1.20 करोड़ इक्विटी शेयर जारी किए हैं।

अप्रैल 2024 में, कंपनी ने पटेल एंड पटेल ई-कॉमर्स एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड में रणनीतिक निवेश करने के लिए शेयर खरीद समझौता किया है । कंपनी इक्विटी शेयरों के रूप में कुल भुगतान शेयर पूंजी का 66.67% हासिल करने के लिए सहमत हुई है। पटेल एंड पटेल ई-कॉमर्स एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, पटेल एंड पटेल ई-कॉमर्स एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, वर्तमान में सॉफ्टवेयर डिजाइनिंग, डेवलपमेंट, अनुकूलन, कार्यान्वयन, रखरखाव, परीक्षण व बेंचमार्किंग, डिजाइनिंग, विकास और कंप्यूटर के आधार पर काम करने के व्यवसाय में संलग्न है।

## कच्चा तेल 85 डॉलर प्रति बैरल के करीब, पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर




**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में उतार-चढ़ाव जारी है। ब्रेंट क्रूड का मूल्य 85 डॉलर और डब्ल्यूटीआई क्रूड 81 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने सोमवार को पेट्रोल-डीजल के मूल्य में कोई बदलाव नहीं किया है।

पहले दिन शुरुआती कारोबार में ब्रेंड क्रूड 0.23 डॉलर यानी 0.27 फीसदी की उछाल के साथ 84.21 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है। वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड भी 0.10 डॉलर यानी 0.12 फीसदी बढ़कर 80.16 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये, डीजल 87.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये, डीजल 92.15 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 103.94 रुपये, डीजल 90.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपये और डीजल 92.34 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है।

# मतदाताओं के लिए निष्पक्ष एवं स्वतंत्र माहौल प्रदान करना हम सबकी जिम्मेदारी है: डीएम

- सभी मतदान कार्मिक सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन पूरी तत्परता एवं ईमानदारी से करें
- मतदान कार्मिकों के द्वितीय प्रशिक्षण का प्रथम दिन जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया निरीक्षण

**अवधनामा ब्यूरो**



**कुशीनगर।** लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं सकुशल सम्पन्न कराए जाने के क्रम में सोमवार को मतदान कार्मिकों का द्वितीय प्रशिक्षण के प्रथम दिन उदित नारायण इण्टर कालेज/उदित नारायण डिग्री कालेज, पडरौना में दो पालियों में संपन्न हुआ। जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश मिश्रा ने प्रशिक्षण स्थल का निरीक्षण किया तथा प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे मतदान कार्मिकों से वार्ता किया। प्रशिक्षण दौरान मतदान की संपूर्ण प्रक्रिया से 102 मास्टर ट्रेनर द्वारा ग्रीन पेपर सील, स्पेशल टैग, पिंक पेपर सील एवं रबर स्टैम्प, मतदाता रजिस्टर (17 क), एड्रेस टैग, लाख (लाह), मुहर पैड, एरोक्रास मार्क, कम्यूनिकेशन प्लान, वल्नरेबुल मतदेय स्थल/ मजरा, पीठासीन अधिकारी की डायरी, समस्त फार्म एवं लिफाफे, डमी बैलेट यूनिट के बारे में प्रशिक्षण कराया गया। इस दौरान पी.पी.टी. के अतिरिक्त ई.वी.एम. के प्रयोग संबंधी समस्त जानकारी दी गई तथा मतदान कार्मिकों से निर्वाचन के दौरान भरे जाने वाले सभी प्रपत्रों, विभिन्न तरह के लिफाफे, सील, पीठासीन डायरी तथा मॉकपोल के बाद अपनाए जाने वाली प्रक्रिया क्लोज रिजल्ट क्लियर (सीआरसी) के बारे में भी सरलता पूर्वक जानकारी देने उपरांत प्रशिक्षणार्थियों मतदान कार्मिकों से विभिन्न तरह के प्रश्न भी पूछे गए। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनरों द्वारा बताया गया की पीठासीन अधिकारी संपूर्ण मतदेय स्थल के प्रभारी रहेंगे। मतदान अधिकारी प्रथम मतदाता की पहचान एवं मतदाता सूची के चिन्हित प्रति का प्रभारी होगा। मतदान अधिकारी द्वितीय अमिट स्याही लगाएंगे एवं मतदाता रजिस्टर भरेंगे। इसी तरह मतदान अधिकारी तृतीय के दायित्वों से भी प्रशिक्षित किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मौसम प्रतिकूल है तेज धूप से बचने के लिए सर पर कपड़ा अवश्य रखें तथा लगातार पानी/नींबू, ओआरएस पीते रहे जिससे कि शरीर में पानी की कमी ना रहे। हम सभी को पूर्ण मतदान बिल्कुल निष्पक्ष होकर संपन्न करना है। उन्होंने कहा की पार्टी रवानगी के दिन सुबह आकर अपने निर्वाचन संबंधी वीवीपीएटी, बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट मशीन प्राप्त कर ले जिससे कि दोपहर की गर्मी से बचा जा सके तथा सभी मतदान केन्द्रों पर जाने के लिए वाहनों (बस) की उचित व्यवस्था की गई है, जिससे कि मतदान केंद्रों पर पहुंचने हेतु आप सभी को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी ना हो। प्रशिक्षण के दौरान अगर किसी को कोई डाउट/ कन्फ्यूजन हो तो अपने मास्टर ट्रेनर से उसे तुरंत पूछे। किसी प्रकार की कोई समस्या हो तो मुझे भी अवगत कराए। प्रशिक्षण के दौरान उन्हे मतदान प्रतिशत भरने हेतु एम.पी.एस. एप के बारे में जानकारी दी गई। जिला निर्वाचन अधिकारी ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे सभी कार्मिकों को सौंपे गए दायित्वों का पूरी जिम्मेदारी से निर्वहन करने सहित आयोग द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों का भलीभांति अध्ययन कर लेने की अपेक्षा की। कहा कि पूरा जिला प्रशासन स्वतंत्र, निष्पक्ष, विश्वसनीय ढंग से तथा पारदर्शी, शांतिपूर्ण चुनाव कराने के लिए प्रतिबद्ध है। हमारा केवल एक ही उद्देश्य है कि चुनाव के दौरान सभी मतदाताओं के लिए निष्पक्ष एवं स्वतंत्र माहौल प्रदान करना जिससे कि वह घर से निकलकर मतदान अवश्य करें। मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं मतदान कार्मिकों को निर्वाचन दौरान कार्मिकों की भूमिका उनके महत्व पर के बारे में अवगत कराया। प्रशिक्षण 26 मई तक चलेगा जिसके अंतर्गत प्रत्येक दिन दोनो पालियों में मिलाकर 1664 मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षित किए जाने का लक्ष्य उदित नारायण इंटर कॉलेज एवं उदित नारायण डिग्री कॉलेज पडरौना में रखा गया है।

# अब पडरौना से करें नीट, आईआईटी की तैयारी, कैटलिस्ट कोचिंग सेंटर उद्घाटन



कैटलिस्ट कोचिंग सेंटर का उद्घाटन करते प्रबंधक रजनीश

**अवधनामा संवाददाता**

**पडरौना, कुशीनगर।** नगर स्थित एक होटल में कैटलिस्ट केएसएस पडरौना ब्रांच के द्वारा सेमिनार का आयोजन किया गया। इंजीनियरिंग और मेडिकल समेत अन्य परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्रों के लिए कैटलिस्ट गोरखपुर कोचिंग सेंटर ने अपना नया क्लासरूम सेंटर पडरौना में खोला है। यह सेंटर पडरौना शहर में नीट, आईआईटी जेईई, ओलिंपियाड कोचिंग और फाउंडेशन कोर्सो की बढ़ती मांग को पूरा करेगा। यह नया सेंटर विद्यार्थियों को अपने निवास स्थान पर ही गुणवत्तापूर्ण प्रत्यक्ष कोचिंग सेवाएं दी जायेगी। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि कैटलिस्ट गोरखपुर के प्रबंधक इंजीनियर रजनीश सर ने मां सरस्वती के चित्र पर पूजन अर्चन करके किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रजनीश सर ने कहा कि एजुकेशन कोटा से नही बल्कि टीचर से होता है। वर्ष 2004 लगातार 20 वर्षो से कैटलिस्ट बच्चों को शिक्षा दे रहा है। हमारी टीम में आईआईटी, डॉक्टर्स व अनुभवी शिक्षक शामिल है जो बेहतर शिक्षा देते है। डायरेक्टर अरुण मिश्रा ने बताया कि कैटलिस्ट केएसएस पडरौना की टीम अपने छात्रों को स्टडी मैटेरियल्स, टेस्ट सीरीज, एप्प व लाइब्रेरी की सुविधा देंगी। इसमें पंजीकृत सभी छात्रों को फाउंडेशन कोर्स के साथ ही कंप्यूटर की निःशुल्क शिक्षा दी जाएगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नवनीत ने कहा कि पडरौना आर्थिक दृष्टि से कमजोर क्षेत्र है। हमारा उद्देश्य उन छात्रों को डॉक्टर व इंजीनियर बनाना है जो संसाधन न होने के कारण कोटा व दिल्ली नही जा सकते। कार्यक्रम का संचालन बलराम सिंह ने किया।

# हाटा व रामकोला क्षेत्र में बूथों का सामान्य प्रेक्षक ने किया निरीक्षण

**अवधनामा ब्यूरो**



**कुशीनगर।** सोमवार को कुशीनगर 65 संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के पर्यवेक्षण हेतु नियुक्त सामान्य प्रेक्षक दीपांकर चौधरी द्वारा विधानसभा हाटा एवं रामकोला के विभिन्न बूथों का औचक निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं का स्थलीय जायजा लिया। इस दौरान प्रेक्षक ने मतदेय स्थलों पर व्यवस्थाएं चाक चौबंद करने का निर्देश दिया।

सामान्य प्रेक्षक ने विधानसभा हाटा एवं रामकोला में उपजिलाधिकारी हाटा प्रभाकर सिंह एवं तहसीलदार नरेंद्र राम के साथ विधान सभा रामकोला के अंतर्गत बूथ संख्या 227, 228, 229, 230, 231, 221, 222, 223, 115, 116, 117 का विधान सभा हाटा के अंतर्गत 95, 97, 31, 31 27, 28, 28, 29, 30, 117, 118 आदि सहित विभिन्न मतदान केंद्रों व बूथों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रेक्षक ने बूथ पर किए गए व्यवस्था वेवकास्टिंग, सीसीटीवी, सुरक्षा बल आदि बिंदुओं पर गहनता से निरीक्षण करते हुए संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। 01 जून मतदान के दिन मतदाताओं के सुविधा के दृष्टिगत मतदान केंद्रों पर पर्याप्त रोशनी, पेयजल, छायादार प्रतिक्षा स्थल, शौचालय, आदि आधारभूत सुविधाओं को परखते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा की प्रत्येक बूथों पर निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित एश्योर्ड मिनिमम फैसिलिटीज उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि बीएलओ के माध्यम से सभी मतदाताओं को मतदान तिथि के पहले ही मतदाता पर्ची सूची व वोटर गाइडलाईन अनिवार्य रूप से उपलब्ध करा दिया जाए। जिससे मतदाताओं को यह स्पष्ट रहें कि उनका मतदान किस मतदान केन्द्र के किस बूथ पर पड़ना है।इसी क्रम में आवश्यक निरीक्षण कर स्थलीय तैयारी का अवलोकन करते हुए आवश्यक निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी हाटा प्रभाकर सिंह, तहसीलदार नरेंद्र राम, उप निबंधक पडरौना अजय सिंह आदि जनपद स्तरीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# संविधान बचाने का चुनाव है: अजय कुमार लल्लू

**अवधनामा संवाददाता**



**देवरिया।** इण्डिया महागठबंधन से लोकसभा देवरिया से प्रत्याशी अखिलेश प्रताप सिंह एवं उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष /पूर्व विधायक अजय कुमार लल्लू आज तमकुहीराज विधानसभा क्षेत्र के परसौना, मथौली, करनपट्टी, पथरवा, माधोपुर खुर्द, गोड़ईता, मंझरिया, मोखन, मुन्नीपट्टी सहित दर्जनों गांवों में भ्रमण, जनसंपर्क एवं जनसंवाद किया। इस दौरान अखिलेश प्रताप सिंह ने कहा कि सत्तासीन जनप्रतिनिधियो ने तमकुहीराज विधानसभा क्षेत्र के साथ हमेशा सौतेला व्यवहार किया है जिसके कारण यह क्षेत्र विकास से पूरा अछूता है इस क्षेत्र में ना कोई उद्योग धंधा है ना कृषि के संसाधन जिस कारण युवा, किसान सहित आमजन हताश और परेशान है इस क्षेत्र के बांधो की हालत जर्जर है जिस कारण क्षेत्र के लोग हर साल भयंकर बाढ़ की विभीषिका झेलते है। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष/पूर्व विधायक अजय कुमार लल्लू ने कहा की यह चुनाव सामान्य चुनाव नहीं है यह देश की एकता,अखंडता,और संविधान बचाने का चुनाव है भाजपा की सरकार और इनके नेता झूठ की पराकाष्ठा पार कर दिए है और झूठे विकास की बात कर अपनी पीठ थपथपाते है अब इनकी उल्टी गिनती शुरू हो गई है आने वाला समय इण्डिया गठबंधन का है। इस दौरान प्रभारी लोकसभा अशोक कुशवाहा, लोहिया वाहिनी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मधुश्याम राय,पूर्व ब्लाक प्रमुख उदयनारायण गुप्ता,राजेश यादव, धुआं सिंह, राजन यादव, बी एन सिंह कुशवाहा, अरविन्द यादव,लालमन यादव, मान सिंह चौहान आदिलोग उपस्थित रहे।

# शशांक मणि ने किया दर्जनों गांवों का भ्रमण



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** सोमवार, देवरिया लोकसभा से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार शशांक मणि त्रिपाठी ने विधानसभा पथरदेवा के महुआडीह मंडल के विभिन्न गांव में सघन जनसंपर्क किया। भ्रमण के दौरान उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री सूर्य प्रताप शाही भी मौजूद रहे। जनसंपर्क के दौरान रामपुर गौनरिया, बग्गापार, हरैया बसंतपुर में नुक्कड़ सभाएं की गई तथा पहाड़पुर गांव में कार्यकर्ताओं से के साथ आयोजित कार्यकर्ता बैठक को संबोधित करते हुए कृषि मंत्री ने कहा कि कहा की हम लोग 2024 के चुनावी रण में राष्ट्र के उत्थान के लिए तथा एक नए विकसित भारत के निर्माण के लिए मोदी जी के नेतृत्व में कार्य कर रहे हैं, गांव गरीब और किसानों की आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाने का लिए डबल इंजन की सरकार ने पिछले 10 वर्षों में मजबूती से काम किया है। सभा को सम्बोधित करते हुए भाजपा प्रत्याशी शशांक मणि ने कहा कि सरकार की नीतियों की वजह से देश आज विश्व की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा है और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का सम्मान बढ़ा है। इस अवसर पर जिला महामंत्री श्रीनिवास मणि त्रिपाठी, पथरदेवा विधानसभा के प्रभारी संजय सिंह सैंथवार, संयोजक अवधेश सिंह, जिला पंचायत सदस्य विजय गोंड, मंडल अध्यक्ष उमेश मल्ल सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जिले में 42 मतदान केंद्रों पर रही विशेष सजावट




**गौरीगंज (अमेठी) अवधनामा संवाददाता।** मतदान के दिन मतदाताओं की सुविधा के लिए सखी दिव्यांग और मॉडल मतदान केंद्र बनाये गए। महिला मतदाताओ को आकर्षित करने के लिए जिले में 8 सखी बूथ बनाये गए। पाँच दिव्यांग बूथ बनाये गए। 29 मॉडल मतदान केंद्र बनाये गए। तिलोई में प्रा.वि. ठेंकरपुर के दो बूथ जगदीशपुर विधानसभा में प्रा. पाठशाला पूरे सोहरा सिंह और जूनियर हाई स्कूल गढ़ा को सखी बूथ बनाया गया। गौरीगंज में कंपॉजिट विद्यालय पचेहरी के दो बूथ सखी बनाये गए। अमेठी विधानसभा में प्रा. विद्यालय देवीपाटन को सखी बूथ बनाया गया। दिव्यांग मतदाताओं के लिए 298 प्राथमिक विद्यालय जायस 286 प्रा. वि. कंजास 224 प्रा.वि जूठीपुर और अमेठी में प्राथमिक विद्यालय बेनीपुर पर दिव्यांग मतदाताओ के लिए विशेष प्रबंध किये गए हैं। इसके अतिरिक्त तिलोई में 12 जगदीशपुर में 3 गौरीगंज में 2 और अमेठी में 12 मतदान केंद्रों को मॉडल बूथ के रूप में तैयार किया गया है। भूसियावां के तीन मतदान केंद्र मॉडल बूथ बनाये गए। अमेठी में कंपॉजिट विद्यालय अमेठी संग्रामपुर में प्रा. वि. मल्लूपुर और भादर में कंपॉजिट वि. भादर को मॉडल बूथ बनाया गया। अमेठी नगर क्षेत्र के परिषदीय स्कूल देवी पाटन को पिंक बूथ बनाया गया था। इन आकर्षक मतदान केंद्रों पर मतदाताओं ने खूब सेल्फी ली।

# चार पहिया वाहन की टक्कर से युवक की दर्दनाक मौत

**आलापुर (अम्बेडकरनगर)।** थाना क्षेत्र राजेसुल्तानपुर अंतर्गत ग्राम मुबारकपुर पिकार निवासी युवक की आजमगढ़ जनपद के थाना क्षेत्र अतरौलिया बूढ़नपुर अतरैठ मार्ग चार पहिया वाहन की टक्कर लगने से घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मालूम हो कि ग्रामसभा मुबारकपुर पिकार निवासी आकाश कुमार पुत्र राम अवध दोपहर लगभग एक बजे अपने रिश्तेदार के यहां शादी में आजमगढ़ के कप्तानगंज थाना क्षेत्र के लहरपार गांव में जा रहा था। युवक मोटरसाइकिल से बूढ़नपुर अतरैठ मार्ग पर शेरवा पुल के निकट पहुंचा ही था कि अनियंत्रित तेज रफ्तार में आ रही होंडा कार वाहन संख्या-यूपी 65 डीएफ 1176 ने युवक की मोटरसाइकिल मे जोरदार टक्कर मार दिया टक्कर लगने से बाइक सवार युवक आकाश कुमार की घटना स्थल पर दर्दनाक मौत हो गई।

# महायोगी गोरखनाथ विवि में लोकतंत्र का महापर्व

**अवधनामा संवाददाता**




**गोरखपुर।** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना एवं राष्ट्रीय कैडेट कोर के संयुक्त तत्वावधान मे आयोजित मतदाता जागरूकता अभियान, लोकतंत्र को मजबूत करे ..चले वोट करे सेल्फी पॉइंट और वृहद मतदाता जागरूकता हस्ताक्षर अभियान पर हस्ताक्षर करके कुलपति मेजर जनरल डॉ अतुल बाजपई जी ने अभियान की शुरुआत किया।

सेल्फी पॉइंट और हस्ताक्षर अभियान कर मतदाताओं को जागरूक करते हुए कुलपति जी ने कहा की लोकतंत्र में वोट की शक्ति मतदाता का शत प्रतिशत अधिकार होता है। सही मत के अधिकार से सशक्त सरकार के निर्माण बहुमूल्य योगदान दे सकते हैं। लोकतंत्र के महापर्व में महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर जन जन को मतदान करने के लिए प्रेरित कर मतदाता जागरूकता अभियान से वोट के प्रति निरंतर संकल्पित कर रहा है। भारत निर्वाचन आयोग के पहल पर शिक्षा मंत्रालय द्वारा निरंतर नवाचारों के माध्यम से युवाओं को मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। कुलसचिव डॉ प्रदीप कुमार राव ने कहा की लोकतंत्र में मतदाता को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवम शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्य बनाए बनाए रखने के लिए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा, अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनो में अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए। हस्ताक्षर अभियान में उपस्थित आयुर्वेद विभाग के प्राचार्य डॉ मंजूनाथ एन यस ने कहा कि 18 वे लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान के लिए महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के युवा मतदाता तैयार है। 1 जून की अपने बूथ पर पहला वोट डालकर लोकतंत्र को सशक्त बनाने में अपना अहम योगदान देंगे। राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डॉ अखिलेश दुबे ने कहा कि विश्वविद्यालय में लोकतंत्र के महायज्ञ में युवा मतदाताओं को निरंतर नूतन नवाचारों से वोट की शक्ति पहचानने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। पूर्ण विश्वास है इस लोकतंत्र में युवा मतदाता अपने साथ साथ आसपास के लोगो को भी वोट के प्रति जागरूक कर वोट प्रतिशत की समृद्ध करेंगे। नोडल अधिकारी डॉ. संदीप कुमार श्रीवास्तव ने कहा की भारत के नवनिर्माण में शसक्त लोकतंत्र के लिए हर वोट जरूरी है। मतदान के सही सदुप्रयोग वोट की शक्ति से सशक्त राष्ट्र सशक्त सरकार का चयन किया जा सकता है। महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय ने शत प्रतिशत मतदाता पंजीकरण कराने में सफल रहा है। विश्वविद्यालय में मतदाता पहचान पत्र के पंजीकरण के लिए शिविर लगाकर शत प्रतिशत मतदाता पंजीकरण रिकॉर्ड को पूरा किया गया। विश्वविद्यालय में युवा विद्यार्थियों का मतदान को लेकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। मतदाता जागरूकता अभियान के सेल्फी पॉइंट और हस्ताक्षर अभियान के शुभारंभ में ,उपकुलसचिव प्रशासन श्री श्रीकांत जी, प्राचार्य मंजूनाथ एन. यस , डॉ. रोहित श्रीवास्तव, डॉ. कुलदीप सिंह, श्री धनंजय पांडेय, निर्वाचक योद्धा ,शिवानी सिंह, सागर जायसवाल, खुशी गुप्ता, मतदाता जागरूकता अभियान के निर्वाचक योद्धा सागर जायसवाल, खुशी गुप्ता, अभिषेक चौरसिया, आशुतोष सिंह, हर्षव साहनी, भानु प्रताप सिंह, अमित चौधरी, आदर्श मौर्या, शिवम सिंह, शुभम मौर्य, अस्मिता सिंह, अमृता कनौजिया,अमित कुमार चौधरी सहित राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक, राष्ट्रीय कैडेट कोर के कैडेट्स, सभी शिक्षकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# सड़कों पर सांय सांय बजते रहे सायरन

**अमेठी।** जनपद में मतदान को शांति पूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए प्रशासनिक अधिकारी दिन भर मतदान केंद्रों पर भ्रमणशील रहे। सड़कों पर सांय सांय सायरन बजते रहे। मतदान केंद्रों पर पहुंचे अधिकारी इस बीच कहीं मतदाताओं को अगर कोई असुविधा का सामना करना पड़ रहा था तो उसका निराकरण भी होते देखा गया। शांति और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मतदान केंद्रों पर पर्याप्त सुरक्षा बलों की तैनाती की गई थी। शांतिपूर्ण माहौल में मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करें इसके लिए जिला प्रशासन पूरी तरह कटिबद्ध नजर आ रहा था। जिला अधिकारी और पुलिस अधीक्षक लगातार भ्रमणशील रहकर मतदान केंद्रों की निगरानी करते नजर आए। वहीं सेक्टर मजिस्ट्रेट और अन्य संबंधित अधिकारियों का दल भी लगातार मतदान केंद्र पर पहुंच रहा था।व्यवस्था पर पैनी नजर रखी जा रही थी। इससे मतदाता निर्भय होकर मतदान करने के लिए तत्पर दिखाई दे रहा था।

# भीषण गर्मी पर भारी रहा मतदाताओं का उत्साह



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** लोकसभा चुनाव के दौरान मतदाताओं का उत्साह भीषण गर्मी और तेज धूप पर भारी दिखाई पड़ा ।सोमवार को पांचवें चरण के तहत जिले में मतदान हुआ। मतदान केंद्रों पर सुबह से ही मतदाताओं की लंबी-लंबी कतारें लग गई। मत डालने के लिए लोग अपनी बारी की प्रतीक्षा करते नजर आए। दिन चढ़ने के साथ ही धूप लोगों को आहत करने लगी लेकिन वोट डालने का ऐसा उत्साह रहा कि मतदाता तनिक भी विचलित होते नहीं दिखाई दिए। हलाकि जैसे-जैसे धूप कड़े तेवर अपना रही थी वैसे-वैसे मतदान की प्रक्रिया में कुछ शिथिलता आई। लेकिन धूप ढलने के बाद फिर मतदाताओं की कतारे मतदान केदो के बाहर लगने लगी देर शाम तक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करते रहे। अधिकांश बूथों पर छाए और पानी की पर्याप्त व्यवस्था दिखाई पड़ी लेकिन कुछ ऐसे भी स्थान थे जहां यह व्यवस्थाएं पर्याप्त नजर नहीं आई। लेकिन मतदाताओं के हौसले इस भीषण गर्मी और तेज धूप में भी पस्त नहीं हुये ।बुजुर्गों को उनके घर के लोग विभिन्न वाहनों पर सवार होकर मतदान केंद्र के बाहर तक पहुंचाए उसके बाद उन्होंने पंक्तिबद्ध होकर अपना वोट डाला। लोगों के अंदर एक भावना यह थी कि उनका मत राष्ट्र के निर्माण में बहुत जरूरी है। इसलिए वोट डालने से लोग चूक नहीं करना चाहते थे।

# कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच जिले में हुआ मतदान



**अवधनामा संवाददाता**

**अमेठी।** लोकसभा चुनाव में पांचवे चरण के तहत जिले में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सोमवार को निर्धारित समय पर मतदान प्रक्रिया लगभग सभी मतदान केंद्रों पर प्रारंभ हो गई। सुबह से ही मतदाता वोट डालने के उत्साह में कतार बद्ध खड़े हो गए। मतदान केंद्रों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे।

मतदाताओं की सुविधा को भी ध्यान में रखा गया था।दिन चढ़ने के साथ ही मतदान प्रतिशत में भी इजाफा हुआ दोपहर में कड़ी धूप के दौरान मतदान प्रतिशत में कुछ कमी आई लेकिन धूप ढलने के बाद मतदान प्रक्रिया ने फिर तेजी पकड़ी। हालांकि जिले में आशातीत मतदान प्रतिशत आंकड़ा नहीं दिखाई पड़ा। लोक सभा क्षेत्र सुबह 9 बजे तक मतदान प्रतिशत इस प्रकार रहा विधान सभा क्षेत्र गौरीगंज 13.36 फीसदी अमेठी 12.71 फीसदी तिलोई 14.7 फीसदी जगदीशपुर 13.36 फीसदी सलोन 12.86 फीसदी। पूर्वान्ह 11 बजे तक मतदान प्रतिशत इस प्रकार रहा मतदान केंद्रों पर शाम 6 बजे तक लोगों की कतारें लगी रही और मतदान जारी रहा। संसदीय क्षेत्र अमेठी में पांच विधानसभा क्षेत्र हैं जिनमें से सलोन विधानसभा क्षेत्र जनपद रायबरेली के अंतर्गत आता है शेष अन्य चार विधानसभा क्षेत्र जनपद अमेठी के अंतर्गत आते हैं।जिले में मतदान शांति पूर्ण रहा समाचार लिखे जाने तक कहीं से अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली।

गौरीगंज 27.03 फीसदी
अमेठी 25.38 फीसदी
तिलोई 29.14 फीसदी
जगदीशपुर 27.37 फीसदी
सलोन 26.67 फीसदी।

**दोपहर 01 बजे तक मतदान प्रतिशत इस प्रकार रहा**

गौरीगंज 38.41 फीसदी
अमेठी 35.64 फीसदी
तिलोई 40.57 फीसदी
जगदीशपुर 38.37 फीसदी
सलोन 38.08 फीसदी।

**अपरान्ह 03 बजे तक मतदान प्रतिशत इस प्रकार रहा**

गौरीगंज 45.03 फीसदी
अमेठी 41.32 फीसदी
तिलोई 47.81 फीसदी
जगदीशपुर 45.03 फीसदी
सलोन 45.59 फीसदी

**शाम 5 बजे तक मतदान प्रतिशत इस प्रकार रहा**

गौरीगंज 53.45 फीसदी
अमेठी 49.67 फीसदी
तिलोई 55.12 फीसदी
जगदीशपुर 52 फीसदी
सलोन 53.14 फीसदी।

## कई मतदान केन्द्रों पर खराब हुई ईवीएम

**अमेठी।** जिला निर्वाचन कार्यालय और प्रशासन की तमाम व्यवस्थाओं के बावजूद मतदान दिवस के दिन ई वी एम कई बूथों पर खराब हुई। ईवी एम की खराबी के कारण एक दर्जन से अधिक मतदान केन्द्रों पर मतदान देर से शुरू हुआ। अमेठी तहसील के अमहा मतदान केंद्र पर ई वी एम खराब होने के कारण लगभग डेढ़ घंटे देरी से मतदान शुरू हुआ। सोमवार को मतदान दिवस के दिन सुबह मतदान 7 बजे माकपोल के बाद सभी मतदान केंद्रों पर शांतिपूर्ण ढंग से मतदान शुरू हुआ। प्राथमिक विद्यालय अमहा गंगौली में दो बूथ बनाए गए हैं। यहां पर बूथ संख्या 120 पर 905 मतदाता और बूथ संख्या 121 पर 803 मतदाता है। सुबह 10.22 बजे तक 163 वोट पड़ चुके थे।

# भाजपा जिला अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह की प्रेरणा से ओमप्रकाश राव ने थामा भाजपा का दमन



**अवधनामा संवाददाता**

**तरकुलवा देवरिया।** एक तरफ भारतीय जनता पार्टी का बढ़ता हुआ करेज दूसरे तरफ मोदी और योगी के नाम पर विशेष लगाव को देखते हुए तरकुलवा विकासखंड के वर्तमान ग्राम प्रधान संघ के अध्यक्ष ओमप्रकाश राव ने भाजपा का दामन थाम लिया। जिस समय ओमप्रकाश राव भाजपा के लिए सदस्यता ग्रहण करने निकले उनके साथ उनके सहयोगी ग्राम प्रधान सत्येंद्र गुप्ता,ओंकार राव, शैलेश सिंह, चुन्नू राव, रणधीर सिंह, रणजीत सिंह अनेक समर्थकों के साथ भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पहुंचकर के जिला अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह के प्रेरणा से भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम लिए। इस विषय में पूछे जाने पर ओमप्रकाश राव ने बताया कि जब तक मैं भारतीय जनता पार्टी में नहीं था हमें घुटन सी महसूस होती थी उन्होंने बताया की भारती जनता पार्टी जिला अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह की अगुवाई और प्रेरणा से ही मैं भारतीय जनता पार्टी ज्वाइन कर रहा हूं। उक्त अवसर पर हरेराम दुबे,नगर पंचायत अध्यक्ष जनार्दन कुशवाहा तरकुलवा मंडल अध्यक्ष जीवनपति त्रिपाठी दुष्यंत राव आदि लोग की उपस्थित थे।

# आप ही हैं माई-बाप, मतदाताओं की चुप्पी छुड़ा रही है प्रत्याशियों के पसीने

- बीजेपी और सपा गठबंधन में बीच दिख रहा है कड़ा मुकाबला
- जातीय समीकरण के मकड़जाल में फंसे नेता, मान-मनुहार भी बेअसर



डा0अवधेश शुक्ला

**सुल्तानपुर।** चौथे चरण के चुनाव में 25 मई को सुल्तानपुर समेत प्रदेश की 14 लोकसभा सीटों पर मतदान होना है। मतदान से पांच दिन पहले तक भी प्रत्याशियों को नहीं पता है कि ऊंट किस करवट बठेगा। मतदाताओं के मन की थाह लेने में उनके पसीने छूट रहे हैं। छठे चरण के मतदान में महज पांच दिन शेष रह गए हैं, परंतु मतदाताओं की चुप्पी बीजेपी, सपा गठबंधन तथा बसपा प्रत्याशियों का पसीना छुड़ा रही है। सुल्तानपुर समेत प्रतापगढ़, फूलपुर, इलाहाबाद, अंबेडकरनगर, श्रावस्ती, डुमरियागंज, बस्ती, संतकबीरनगर, लालगंज, आजमगढ़, जौनपुर, मछली शहर, भदोही की सीट के लिए छठे चरण में 25 मई को मतदान होना है। जिले की वर्तमान सांसद व बीजेपी प्रत्याशी मेनका गांधी तथा सपा गठबंधन से राम भुवाल निषाद और बसपा से उदयराज वर्मा प्रमुख रूप से चुनावी मैदान में हैं।

जिले के राजनैतिक गणितज्ञों की मानें तो सुलतानपुर लोकसभा सीट पर इस समय कांटे की टक्कर बीजेपी प्रत्याशी मेनका गांधी व सपा गठबंधन प्रत्याशी राम भुवाल निषाद के बीच जबरदस्त हो रही है। जहां मेनका गांधी को बीजेपी ने दूसरी बार टिकट दिया है वहीं सपा गठबंधन ने राम भुवाल निषाद को टिकट देकर जिले का चुनावी पारा चढ़ा दिया है। मतदाताओं का मन टटोलने में प्रत्याशी व उनके समर्थक ऊहापोह की स्थिति में हैं। जातीय आधार पर बस अनुमान के भरोसे हैं।

ऐसे में ऊंट किस करवट बैठेगा यह तो चुनाव के बाद ही पता चलेगा। मतदाताओं को रिझाने-मनाने में सभी प्रत्याशी और समर्थक एड़ी-चोटी एक किए हुए हैं। इस बार के लोकसभा चुनाव का पारा मौसमी पारे से कहीं अधिक दिन-प्रतिदिन बढ़ रहा है। बीजेपी तथा सपा गठबंधन व बसपा के नेता और कार्यकर्ता घर-घर जाकर वोट मांग रहे हैं। सभी को आश्वासन भी मिल रहा कि वोट उन्हीं को जाएगा। मन टटोलने पर मतदाता किंतु-परंतु में जवाब दे रहे हैं।

**खुलकर नहीं कर रहे बात:**

जिले के पांच विधानसभा क्षेत्र इसौली, सुल्तानपुर सदर, लंभुआ और जयसिंहपुर, कादीपुर (सुरक्षित) लोकसभा क्षेत्र में आते हैं। यहां शहरी तथा ज्यादातर ग्रामीण इलाकों में मतदाता खामोश हैं। इसौली विधानसभा क्षेत्र के भंडरा परशुरामपुर ग्रामसभा के लाला का पुरवा निवासी रमेश निषाद कहते हैं अभी तय नहीं किए हैं। गांव वाले बैठेंगे तब तय करेंगे। राम भुवाल निषाद को ही वोट करने की बात अभी चल रही है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव व निषाद पार्टी के संजय निषाद के सुल्तानपुर में पहुंचकर जनसभा करने से बीते तीन-चार दिनों से सियासी पारा दिनों दिन बढ़ता जा रहा है। उधर ज्यादातर मतदाताओं की चुप्पी नहीं टूट रही है।

### सुलतानपुर से अब तक के विजयी सांसद

1952- बीवी केसकर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1957- गोविंद मालवीय भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1962-कुंवर कृष्ण वर्मा भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1967- गनपत सहाय निर्दलीय
1971- केदार नाथ सिंह भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1977-जुल्फिकारुल्ला जनता पार्टी
1980- गिरिराज सिंह भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1984- राज करन सिंह भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
*1989-* राम सिंह जनता दल
1991- विश्वनाथ दास शास्त्री भाजपा
1996-देवन्द्र बहादुर राय भाजपा
1998- देवन्द्र बहादुर राय भाजपा
1999- जय भद्र सिंह बहुजन समाज पार्टी
2004- ताहिर खान बहुजन समाज पार्टी
2009-संजय सिंह भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
2014- वरुण गांधी भाजपा
2019-मेनका गांधी भाजपा

वहीं इस बार जिले में कुल 18 लाख 34 हजार 355 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। नवीन मण्डी समिति अमहट में चार जून को मतगणना होगी। अब देखना यह है कि किसके सिर पर जीत का ताज सजेगा।

# जिला समन्वयक ने विद्यार्थियों को बताए हीट वेव से बचाव के उपाय

अवधनामा संवाददाता



**सिरसागंज।** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश के अंतर्गत जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद के तत्वाधान में श्री एम डी जैन इंटर कॉलेज, सिरसागंज में विद्यालय के प्रधानाचार्य नीरज कुमार जैन के निर्देशन एवं विद्यालय के प्रवक्ता, जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद के जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन के संयोजन में विद्यार्थियों को हीट वेव की जानकारी एवं बचाव की जानकारी प्रदान की गई। अश्वनी कुमार जैन ने विद्यार्थियों को बताया कि बढ़ते तापमान एवं हीट वेव से बचने के लिए शरीर को ढककर रखें। धूप में बाहर जाते समय हल्के रंग के, ढीले और हवादार सूती कपड़े पहनें। धूप के चश्मे, छाता, टोपी या चप्पल का प्रयोग करें। यदि आप खुले में कार्य करते हैं, तो सिर, चेहरा, हाथ पैरों को गीले कपड़ों से ढके रहें। उचित वायु संचरण वाले शीतल स्थानों पर रहें। इस गर्म मौसम में हाइड्रेटेड रहने के लिए पर्याप्त पानी पीते रहें। भले ही आपको प्यास न लगी हो, परन्तु जितना संभव हो, पानी अवश्य पीते रहें। आर. एस . का घोल या घर में बने जैसे लस्सी, नीबू पानी, आम का पना आदि पीकर स्वंय को तरो ताजा रखें। इस अवसर पर कु निवेदिता मिश्रा, मोहिनी, नन्दनी, हिमानी, विशाखा, संजना, नीतू, तनुजा, आराधना, पुष्पांजलि, वर्षा, स्नेहा, दीपशिखा, गुलशन, विमल कुमार आदि विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर हुआ हादसा, बल्दीराय पुलिस ने शव को लिया कब्जे में

- कानपुर से मऊ जाते समय दगा टायर, ड्राइवर की मौत

अवधनामा संवाददाता




**सुल्तानपुर।** जनपद के बल्दीराय थानाक्षेत्र अंतर्गत पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर सुबह सुबह हादसा हो गया। बताया जाता है कि कानपुर से मऊ जाते समय वैन का टायर फट गया। गाड़ी कई पल्टी मारते हुए दूर जाकर गिरी। इस हादसे में ड्राइवर की मौत हो गयी। पता चला है कि वाहन ड्राइवर हीरालाल चला रहे थे। उसमें अभिनव पुत्र राधेश्याम जायसवान, विजय कुमार निखिल जायसवाल पुत्र कन्हैयालाल, आशोक गौतम पुत्र रामनाथ निवासीगण कानपुर, नन्हेलाल पुत्र रामफेर (निवासी सरपतहा जौनपुर) बैठे थे।सभी कानपुर जनपद से से मऊ जिले को जा रहे थे। पता चला है कि वाहन सवार यात्री आज भोर में समय एल एच एस 87/700 किमी पर पहुँचे तो वाहन का टायर फट गया। जिससे अनियंत्रित वैन पलट गयी। वाहन में सवार सभी लोग घायल हो गये। सूचना पर एम्बुलेंस के जरिये घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुमारगँज (अयोध्या जनपद) ले जाया गया। चालक हीरालाल की रास्ते मे मृत्यु हो गयी। मौकै बल्दीराय पुलिस टीम के साथ साथ, गश्ती दल 14 ईगल , गश्तीदल पीआर वी 112, कार्यदायी सस्था की टीम मौजूद थी। मृतक के सम्बन्ध मे बल्दीराय पुलिस पँचायतनामा भर रही है। पूर्वांचल एक्सप्रेस से क्षतिग्रस्त वाहन को हटाकर हलियापुर टोल पर भेजा गया।

## सील्ड स्ट्रांग रूम की निगरानी के लिए प्रतिनिधि नियुक्त कर सकते हैं प्रत्याशी

**बहराइच।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 के मतदान के पश्चात जनपद अन्तर्गत 57-कैसरगंज (आंशिक) लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में समाविष्ट विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 287-पयागपुर एवं 288-कैसरगंज की सील्ड इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन/वीवीपैट कृषि उत्पादन मण्डी समिति सलारपुर, बहराइच के विभिन्न कक्षों/दुकानों में बने स्ट्रांग रूम में रखी जायेगी। डीएम ने बताया कि सील्ड स्ट्रांग की निगरानी हेतु सबसे बाहरी परिधि के बाहर पेयजल, शौचालय, स्ट्रांग रूम तथा देखने के लिए सीसीटीवी की व्यवस्था पूर्व से सुनिश्चित करायी जा चुकी है। डीएम ने 57-कैसरगंज लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के समस्त निर्वाचन लड़ने वाले उम्मीदवारों को सूचित किया है कि सील्ड स्ट्रांग रूम की निगरानी के लिए स्वयं अथवा किसी प्रतिनिधि को प्राधिकृत कर उसके उपस्थित रहने के लिए अनुमति प्राप्त कर सकते हैं।

# शारीरिक रूप से स्वस्थ लोगों को रक्तदान अवश्य करना चाहिए: डॉ. आर के मिश्रा

अवधनामा संवाददाता



**कादीपुर, सुल्तानपुर।** संत तुलसीदास स्नातकोत्तर महाविद्यालय कादीपुर में सोमवार को विद्यालय के प्रबंध तंत्र द्वारा मतदान बढ़ाने के लिए रक्तदान शिविर का आयोजन दिन में 9:00 बजे से 1:00 बजे तक आयोजित किया गया जिसमें 26 रक्तदानियों ने रक्तदान किया रक्तदान शिविर में डॉक्टर सुधाकर सिंह विद्यालय के प्रबंधक सौरभ त्रिपाठी प्राचार्य आर एन सिंह अभिषेक सिंह उपस्थित रहे रक्त कोष के प्रभारी डॉक्टर आरके मिश्रा की उपस्थिति में रक्तदाताओं ने रक्तदान किया डॉक्टर आरके मिश्रा ने कहा कि सभी आम जनमानस को जो शारीरिक रूप से स्वस्थ हैं उन्हें रक्तदान अवश्य करना चाहिए रक्तदान से शरीर में किसी भी तरह की कमी नहीं आती है गायत्री परिवार के जिला सामान्य डॉक्टर सुधाकर सिंह उपस्थित शिक्षकों एवं बच्चों को संबोधित करते हुए सभी बच्चे जो 18 वर्ष से ऊपर है वह रक्तदान अवश्य करें रक्तदान करने से शरीर में ऊर्जा का संचार होता है और शरीर में किसी भी तरह की कमजोरी नहीं होती विद्यालय के प्रबंधक सौरभ त्रिपाठी ने कहा कि हमने किया रक्तदान आप करें मतदान के लिए सबको प्रेरित करने के लिए मतदाता जागरूकता शिविर के माध्यम से एक प्रयास किया जा रहा है रक्त कोष की टीम में प्रमुख रूप से पैथोलॉजी डॉक्टर अमृता यादव विजय चौधरी लैब टेक्नीशियन अरविंद पांडे का सराहनीय योगदान रहा।

## असलाह सहित दो शातिर पुलिस गिरफ्त में

**सिरसागंज।** जनपद फिरोजाबाद के थाना सिरसागंज पुलिस टीम द्वारा क्षेत्राधिकारी सिरसागंज के कुशल नेतृत्व में शनिवार की रात्रि मुखबिर की सूचना पर भदान रेलवे ओवर ब्रिज के पास से भगवन्त राजपूत पुत्र गंगाराम तथा विकास राठौर पुत्र गौरीशंकर निवासीगण इटावा को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से 02 तमंचा 315 बोर व 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुए है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध थाना सिरसागंज पर सुसंगत धाराओं में मुक्कदमा पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी। दोनो अभियुक्तों के खिलाफ विभिन्न थानों में कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक सिरसागंज बैजनाथ सिंह, उ0नि0 गौरव शर्मा, प्रशि0उ0 नि0 कौशल कुमार, प्रशि0उ0नि0 तरूण कुमार, का0 राहुल गुप्ता थाना सिरसागंज शामिल रहे।

# नेत्र परीक्षण में 28 बंदियों को मोतियाबिंद, 92 की नजर कमजोर



- जिला कारागार में हुआ नि:शुल्क नेत्र परीक्षण

अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** जिला कारागार में निरुद्ध दर्जनों बंदियों का नेत्र परीक्षण हुआ। तकरीबन 120 लोगों की आंखों का परीक्षण हुआ जिसमें कई दर्जन लोगों की आंख की रोशनी कम पाई गई। पाल चश्मा वाल के तत्वावधान में जिला कारागार के स्टाफ ने दर्जनों बंदियों का नेत्र परीक्षण कराया। इस मौके पर जेल अधीक्षक प्रांजल अरविंद, जेलर नीरज कुमार श्रीवास्तव आदि की मौजूदगी के दौरान तकरीबन 28 लोगों को मोतियाबिंद की शिकायत मिली तथा 92 बंदी मरीजों को चश्मे की जरूरत बताई गई। इस मौके पर डिप्टी जेलर राजकुमार सिंह, डिप्टी जेलर कविता, डिप्टी जेलर गौरव कुमार सिंह, पाल चश्मा के प्रोपराइटर राहुल पाल, सहायक मंसूर इमरान, अरमान आदि रहे।

# शान्तिपूर्ण मतदान के लिए निरन्तर भ्रमणशील रहीं डीएम व एसपी

- आयुक्त, डीआईजी व प्रेक्षकगण ने भी किया क्षेत्र का भ्रमण

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 अन्तर्गत 57-कैसरगंज (आंशिक) लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में जनपद की समाविष्ट विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 287-पयागपुर एवं 288-कैसरगंज के मतदान को स्वतन्त्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्वक सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी व पुलिस अधीक्षक बृन्दा शुक्ला सहित जनपद के अन्य प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी, मतदान व्यवस्था के लिए नियुक्त किये गये ज़ोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट व समकक्ष पुलिस अधिकारी निरन्तर भ्रमणशील रहकर मतदान प्रक्रिया का जायज़ा लेते रहे तथा मौके पर मौजूद अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते रहे। इसके अतिरिक्त आयुक्त देवीपाटन मण्डल गोण्डा योगेश्वर राम मिश्र, डीआईजी अमरेन्द्र प्रसाद सिंह तथा भारत निर्वाचन आयोग की ओर से लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र कैसरगंज के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक निधि निवेदिता, पुलिस प्रेक्षक अर्नब राय व व्यय प्रेक्षक गौरांगा चन्द्रा दास भी क्षेत्र का भ्रमण कर मतदान प्रक्रिया का जायज़ा लेते रहे। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र कैसरगंज अन्तर्गत घाघरा नदी के कछार में स्थित मतदान केन्द्र तप्पेसिपाह, बम्भौरा, उ.प्रा.वि. जरवल, जय जवान जय किसान इण्टर कालेज, गण्डारा, गोड़हिया नम्बर-2 के मंगल मेला इत्यादि मतदान केन्द्रों तथा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र पयागपुर अन्तर्गत मतदान केन्द्र राजा राम सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गंगवल, प्राथमिक विद्यालय सीताराम नगर, संविलियन विद्यालय विशेश्वरगंज, प्राथमिक विद्यालय उधरना ठकुराइन, उच्च प्राथमिक विद्यालय पयागपुर व झाला तरहर इत्यादि मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। डीएम व एसपी ने मतदान केन्द्रों के निरीक्षण के दौरान लोगों से अपील की कि वोट देने के बाद वह अपने घरों की ओर प्रस्थान करें तथा अनावश्यक रूप से मतदान केन्द्र के आस-पास भीड़ न लगायें। भ्रमण के दौरान पोलिंग एजेन्ट्स को भी हिदायत दी गयी कि वह मतदान केन्द्र के अन्दर बैठकर प्रक्रिया को देखते रहें, अनावश्यक रूप से इधर-उधर न घूमें। मतदान केन्द्रों पर मौजूद सुरक्षा बलों को निर्देश दिया गया कि मतदान केन्द्र के अन्दर किसी को मोबाइल न ले जाने के आदेशों पर सख्ती से अमल कराया जाय तथा मतदान केन्द्र के आस-पास अनावश्यक भीड़- भाड़ एकत्र ने होने दें।

# विद्यालय ने दिलायी पर्यावरण सुरक्षा की शपथ

अवधनामा संवाददाता

**शिकोहाबाद।** पालीवाल महाविद्यालय शिकोहाबाद की राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र-छात्राओं को आज जिला नोडल अधिकारी, राष्ट्रीय सेवा योजना, डॉ एमपी सिंह ने पर्यावरण सुरक्षा की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वालंटियर की यह जिम्मेदारी है कि वह अपने आसपास की पर्यावरण को सुरक्षित रखने हेतु सरकार तथा विभिन्न एजेंसीयों द्वारा बताए गए एवं स्वयं के द्वारा सुझाए गए नियमों के अनुसार पर्यावरण को सुरक्षा प्रदान करें। हमें अपनी जैव विविधता पर नकारात्मक प्रभाव डालने वाले कारकों के प्रति सजग रहना होगा। हमें अपने प्राकृतिक संसाधन जैसे जल, खनिज आदि का समुचित उपयोग करते हुए आने वाली जेनरेशन के लिए भी सुरक्षित रखना है। शपथ में यह भी बताया गया कि यह एक जागरूकता कार्यक्रम है जो हमें अपने आसपास के क्षेत्र में भी लोगों को पर्यावरण के प्रति सजग रखना है। प्राचार्य प्रोफेसर प्रवीण कुमार ने पर्यावरण संरक्षण के लिए छात्र-छात्राओं को प्रेरित किया। संचालन डॉ टी एच नकवी ने किया। इस दौरान डॉ सुशील कुमार, डॉ आर बी पांडे, श्री राम सिंह, ईश्वर, शोध छात्रा प्रियंका, कौशलेंद्र, प्राची, लाइबा, प्राची, वंदना, रौनक आदि छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# लोकतंत्र के महापर्व में ललितपुर भी अहम भागीदारी

- लोगों ने बढ़-चढ़कर डाले वोट, सौलदा गांव में सबसे पहले हुआ शत-प्रतिशत मतदान
- जनपद ललितपुर में हुआ कुल 66.23 प्रतिशत मतदान



अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को लेकर सोमवार को मतदाताओं में खासा उत्साह देखा गया। भीषण गर्मी में आग की तपन जैसे सिर पर चढ़ते भगवान भास्कर भी मतदाताओं के मजबूत हौंसले डिगा नहीं सके। मतदाताओं के उत्साह में मतदान केंद्र में जिला निर्वाचन अधिकारी अक्षय त्रिपाठी के नेतृत्व में कई गयी व्यवस्थाओं से भी काफी मनोबल बढ़ाया, वहीं पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक द्वारा की गयी अभेद्य सुरक्षा व्यवस्था को भी मतदाता सराहते नजर आए। लोकसभा चुनाव को लेकर सुबह निर्धारित समय पर मतदान केंद्रों पर मॉक पोल किया गया। इसके बाद मतदाताओं के पहुंचते ही मतदान प्रक्रिया शुरू कर दी गयी। जिसमें सुबह 9 बजे तक 226 ललितपुर विधानसभा में 16.03 व 227 महरौनी विधानसभा क्षेत्र में 16.38 प्रतिशत मतदान संपन्न हुआ था। 9 बजे तक ललितपुर में कुल मतदान 16.20 प्रतिशत संपन्न हुआ। इसी प्रकार सुबह 11 बजे तक 226 ललितपुर विधानसभा में 32.87 व 227 महरौनी विधानसभा क्षेत्र में 33.50 प्रतिशत मतदान संपन्न हुआ था। 11 बजे तक ललितपुर में कुल मतदान 33.18 प्रतिशत संपन्न हुआ। अपराह्न 1 बजे तक 226 ललितपुर विधानसभा में 46.93 व 227 महरौनी विधानसभा क्षेत्र में 49.48 प्रतिशत मतदान संपन्न हुआ था। अपराह्न 1 बजे तक ललितपुर में कुल मतदान 48.10 प्रतिशत संपन्न हुआ। अपराह्न 3 बजे तक 226 ललितपुर विधानसभा में 55.78 व 227 महरौनी विधानसभा क्षेत्र में 59.39 प्रतिशत मतदान संपन्न हुआ था। अपराह्न 3 बजे तक ललितपुर में कुल मतदान 57.58 प्रतिशत संपन्न हुआ। शाम 5 बजे तक 226 ललितपुर विधानसभा में 63.97 व 227 महरौनी विधानसभा क्षेत्र में 68.49 प्रतिशत मतदान संपन्न हुआ था। शाम 5 बजे तक ललितपुर में कुल मतदान 66.23 प्रतिशत संपन्न हुआ। समाचार लिखे जाने तक जिले की दोनों विधानसभा क्षेत्रों के कई मतदान केन्द्रों पर वोटिंग जारी थी।

**अभेद्य रही सुरक्षा व्यवस्था**

अठारहवीं लोकसभा चुनाव को लेकर जिले में सोमवार को बनाये गये मतदान केन्द्रों पर वोट डाले गये। यहां मतदाताओं की सुरक्षा और सहजता के लिए पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के कुशल नेतृत्व में पुलिस सुरक्षा व्यवस्था का बेहतर इंतजाम किया गया था। इसके लिए लगाये गये पुलिस कर्मियों ने जहां वृद्ध और अक्षम मतदाताओं को मतदान केन्द्र तक पहुंचाने में मदद करते हुये नजर आये।

### कंट्रोल रूम से भी नजर रखे रहे जिलाधिकारी

जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी मतदान दिवस को लेकर काफी सजग रहे। कई दिनों की लगातार बैठकों और तमाम व्यवस्थाओं को दुरुस्त करते हुये प्रशासन की ओर से कोई कोरी कसर नहीं छोड़ी गयी थी। ताकि मतदान सकुशल संपन्न हो सके और अधिक से अधिक मतदाता मतदान केन्द्र तक पहुंच कर अपने मत का प्रयोग करे। इसके लिए जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी कंट्रोल रूम से भी व्यवस्थाओं पर नजर बनाये रहे।

# 24 घण्टे में पुलिस ने किया हत्या का खुलासा, 4 पुलिस गिरफ्त में

अवधनामा संवाददाता

- अवैध सम्बन्धों के चलते प्रेमिका ने प्रेम संग मिलकर करायी पति की हत्या




**फिरोजाबाद।** थाना उत्तर पुलिस एवं सर्विलांस पुलिस टीम द्वारा शनीदेव मंदिर के पास खेतों में मिले शव की घटना का 24 घंटे के अंदर सफ्ल अनावरण करते हुए मृतक की पत्नी सहित कुल 04 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा घटना के खुलासे हेतु अपर पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में सर्विलांस सहित 03 पुलिस टीमों का गठन थाना उत्तर पर किया गया। गठित पुलिस टीम द्वारा ठोस साक्ष्य संकलन, गहनता से पूछताछ के आधार पर दिनांक 20-05-2024 को हत्या में शामिल मृतक की पत्नी सहित 04 अभियुक्त जिनमें जय सिंह यादव पुत्र लाखन सिंह निवासी जारखी थाना पचोखरा जनपद फिरोजाबाद उम्र 26 वर्ष, योगेश पुत्र दयाशंकर निवासी मदावली थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद उम्र 26 वर्ष, प्रानूशु पुत्र राकेश निवासी मदावली थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद उम्र 19 वर्ष, ज्ञानवती पत्नी जोनी निवासी सरजीवन नगर पैट्रोल पम्प के पीछे थाना रामगढ़ फिरोजाबाद को नगला बैंदी पुलिया आश्रम के पास से गिरफ्तार किया गया है जिनके कब्जे से 04 अदद मोबाइल व 01 अदद मो0सा0 हीरो स्पेलेन्डर बिना नम्बर प्लेट नीला रंग बरामद हुयी है। अभियुक्तों के विरूद्ध विधिक कार्यवाही की जा रही है।

बताया जाता है कि गत दिवस शनीदेव मंदिर के पास खेतों में एक शव मिला था। सूचना पर तत्काल उच्चाधिकारियों द्वारा मौके पर पहुँचकर शव को पोस्टमार्टम हेतु मोर्चरी भिजवाया गया एवं मिल शव की पहचान जोनी पुत्र सत्यप्रकाश निवासी सरजीवन नगर पेटर्ल पम्प के पीछे वाली गली थाना रामगढ के रूप में की गयी। मृतक की गुमशुदगी आवेदिका एवं मृतक की पत्नी श्रीमती ज्ञानदेवी द्वारा थाना उत्तर पर दर्ज करायी गयी थी। जोनी की हुई हत्या के मामले में वादी भाई की तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0 312/24 धारा 302 भादवि थाना उत्तर पर पंजीकृत कराया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष वैभव कुमार सिंह थाना उत्तर, प्र0नि0 प्रदीप कुमार सिंह थाना रामगढ़, सर्विलांस प्रभारी उ0नि0 अमित तोमर सर्विलांस टीम, उ0नि0 अशोक कुमार थाना उत्तर, उ0नि0 अर्जुन राठी, म0उ0 नि0प्रि0 नीतू , एचसीपी जितेन्द्रपाल राजौरिया, म0उ0नि0 श्रीमती सुनीता, म0का0 1533 अंशुल वर्मा, है0 का0 200 अशोक राघव, का0 836 लवप्रकाश, है0का0 करन कुमार सर्विलांस टीम, का0 723 कृष्ण कुमार सर्विलांस टीम जनपद फिरोजाबाद शामिल रहे।

# वाहन की टक्कर से पत्नी की मौत पति घायल

**सिरसागंज।** थाना सिरसागंज क्षेत्र के अन्तर्गत एक अज्ञात वाहन ने बाइक सवार दंपति को टक्कर मार दी। जिससे पत्नी की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गयी तथा पति गंभीर रूप से घायल हो गया। बाइक सवार मानवेंद्र अपनी पत्नी रितु कुमारी के साथ अपनी रिस्तेदारी में जा रहा था जैसे ही वह सिरसागंज थाना क्षेत्र के करहल रोड पर आइडियल पब्लिक स्कूल के पास पहुंचा कि तभी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। सूचना होने पर इलाका पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और घायलों को एंबुलेंस द्वारा इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया। सिरसागंज अस्पताल से रैफर करने के बाद दोनों को गंभीर हालत में इलाज के लिए मिनी पीजीआई सैफई ले जाया गया जहां पर डॉक्टरों ने घायल रितु कुमारी को मृत घोषित कर दिया। जबकि घायल मानवेन्द्र का इलाज सैफई में चल रहा है। बताया गया कि गंभीर घायल मानवेंद्र नगर पालिका सिरसागंज में कंप्यूटर ऑपरेटर ठेका कर्मचारी के पद पर कार्यरत है। सूचना मिलने पर नगर पालिका सिरसागंज अध्यक्ष रंजना गुरुदत्त सिंह तथा अन्य पालिका कर्मचारी मौके पर अस्पताल पहुंच गये।

# ड्यूटी में लगे हेड कांस्टेबिल की मौत

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में चुनाव की ड्यूटी कर रहे एस.ए.पी. पुलिस कर्मी की अचानक तबीयत बिगडऩे से जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया, जहां उसकी हालत नाजुक होने पर उपचार के लिए झांसी मेडीकल कॉलेज रेफर कर दिया गया, जहां उपचार के दौरान चिकित्सकों ने पुलिसकर्मी को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिनले पर पुलिस ने उक्त कर्मी के परिजनों को दूरभाष पर संपर्क कर सूचित कर दिया तो वहीं पुलिस कर्मी का शव पोस्टमार्टम को भेज दिया गया। बताया गया है कि हेड कांस्टेबिल 50 वर्षीय हौजमंग मणिपुर एस.ए.पी. कम्पनी की 10 वीं बटालियन में तैनात थे। वह लोकसभा चुनाव के मतदान के लिए ललितपुर आये हुये थे। यहां उनकी ड्यूटी थाना बार क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय मिर्चवारा में लगायी गयी थी। बताया जा रहा है कि वह मतदान केन्द्र बस द्वारा जा रहे थे रास्ते में ठंडा पानी पिया और बस में सो गये बस मतदान केन्द्र मिर्चवारा पहुँची तो अन्य सहकर्मी द्वारा उठाया गया तो उठे नहीं और देखा तो बेहोशी की हालत में थे। सूचना पर तत्काल थाना बार पुलिस द्वारा मौके पर पहुँच कर हे.का. हौजमंग को उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बार में भर्ती कराया गया हालत गम्भीर होने के कारण इलाज हेतु हाई सेंटर इन्सीटीयूट के लिए रिफर किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी /जिलाधिकारी से सम्पर्क कर उक्त हे.कां. को ए.एल.एस. एम्बुलेंस की मदद से हाई सिक्योरिटी और ग्रीन कॉरिडोर बनाकर हाई सेंटर मेडिकल कॉलेज झाँसी लाया गया।

# 60.36 प्रतिशत मतदान के साथ प्रत्याशियों की किस्मत ईवीएम में कैद

**हमीरपुर लोकसभा 47**

- 2019 की तुलना में लगभग 2 प्रतिशत कम हुआ मतदान
- पांचों विधान सभाओं में सब से अधिक राठ विधान सभा में 63.2 प्रतिशत पड़ा मतदान

हिफजुर्रहमान (अवधनामा संवाददाता)




**हमीरपुर/मौदहा/राठ।** हमीरपुर-महोबा-तिंदवारी लोकसभा संसदीय क्षेत्र नम्बर 47 में पांचवे चरण का मतदान बम्पर वोटिंग के साथ सकुशल सम्पन्न हुआ कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की कोई खबर नहीं आई अलबत्ता मौदहा में वोटर लिस्ट में नाम न होनें की शिकायते जरूर आयीं। विगत एक माह से भारी मतदान के लिए हर सम्भव प्रयास जिला प्रशासन की ओर से किये गये जा रहे थे जिस का असर देखनें को मिला जो मतदान 60.63 प्रतिशत तक पहुंच गया। पहली बार मतदाता बनें युवाओं में अपनें मताधिकार के प्रयोग को लेकर खूब जोश देखनें को मिला। शदीद गर्मी और लू के सख्त तफेडे भी मतदाताओं हौसलों कम नही कर जहाँ युवाओं और नौजवानों नें खूब मतदान किया वहीं बुजुर्ग, बीमार तथा विकलांग मतदाता भी किसी से पीछे नही रहे। पांचों विधानसभाओं में सब से अधिक मत प्रतिशत राठ विधान सभा में रहा जहाँ 63.5 प्रतिशत मतदान हुआ प्रतिशत के हिसाब से दूसरे नम्बर पर हमीरपुर विधानसभा रही जहाँ 60.86 प्रतिशत पड़ा मत तथा तीसरे नम्बर पर महोबा विधान सभा रही जहाँ 60.08 प्रतिशत वोटिंग हुयी। चौथे नम्बर पर चरखारी विधान सभा रही जहाँ 59.54 प्रतिशत मत पडें तथा पांचवें नम्बर पर तिन्दवारी विधान सभा रही जहाँ 57.48 प्रतिशत मतदान हुआ। जिलाधिकारी राहुल पांडे व पुलिस अधीक्षक दीक्षा शर्मा ने सुबह हमीरपुर विद्या मंदिर पहुंचकर अपने अपने मत का प्रयोग किया दोनों जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक नें साधारणतया आम लोगों की पंक्ति में लाईन लगा कर मतदाता किया। हमीरपुर में साध्वी निर्जन ज्योत व राज्य सभा सांसद बाबूराम निषाद नें भी अपनें मत का प्रयोग किया। गर्मी और धूम के मद्देनजर अधिकाशं मतदाता सुबह ही अपनें बूथों मे पहुंच गये थे जिस से सुबह 10 बजे तक खासी लम्बी लाईनें दिख रही थी।

### जिले व कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्र में उत्साह से किया गया मतदान

हमीरपुर महोबा तिंदवारी संसदीय क्षेत्र में सोमवार को मतदान शुरू हुआ। जहां जिले मे व कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्र में लोकसभा चुनाव में सुबह से मतदान करने के लिए महिला पुरषों की लाइन लगी रही। वही दोपहर में बूथों पर सन्नाटा पसरा रहा। इक्का दुक्का लोग मतदान करने आते रहे। तीन बजे के बाद मतदाता बूथों पर गए। कुल मिलाकर शांति पूर्वक माहौल में मतदान संपन्न हुआ। जिले के कस्बो सहित ग्रामीण क्षेत्रों में बने पोलिंग बूथों पर सुबह सात बजे से मतदान करने के लिए मतदाता पहुंचे। तथा तेज धूप के चलते दोपहर में मतदान की गति धीमी रही। लेकिन शाम तीन बजे के बाद मतदाताओं की लाइन बूथ पर दिखाई दी।शाम तक लोगो ने उत्साह पूर्वक मतदान किया। महिलाएं व पुरुष मतदान के लिए बूथ पर गए। शांति पूर्वक माहौल में मतदान संपन्न हुआ।

### 450 बूथों को वेब कास्टिंग के लिए किया गया था चयनित

चुनाव आयोग के निर्देशानुसार शांतिपूर्ण व निष्पक्ष चुनाव संपन्न करने के उद्देश्य जिले के 450 बूथो को वेब कास्टिंग के लिए चयनित किया गया था। इन बूथो में सिम बेस्ट कैमरे लगाए गए थे, जो मतदान शुरू होने से लेकर समापन तक चालू रहे। इसका कंट्रोल रूम कलेक्ट्रेट के कलाम सभागार में बनाया गया था। बूथो की वेब कास्टिंग सुबह 7:00 से शाम 6:00 बजे तक हुई। निर्वाचन आयोग की वेबसाइट की मदद से वेब कास्टिंग को देखा जा सका।अगर किसी बूथ में मतदान के दौरान किसी भी तरीके की कोई गड़बड़ी होती है तो आसानी से उसे पकड़ा जा सके। क्रिटिकल और थाने से अधिक दूरी वाले बूथो को इस श्रेणी में रखा गया था ताकि कैमरे की नजर में मतदान प्रक्रिया को देखा जा सके। इन सभी बूथों में सिम बेस्ट कैमरे लगाए गए थे। कंट्रोल रूम से 10 एलईडी लगाई गई, कंट्रोल रूम में करीब 20 कर्मचारियों को नियुक्त किया गया था। इसका नोडल बिजली विभाग के अधिशासी अभियंता अनिल आहूजा को बनाया गया था। जो सीसी कैमरे में इन बूथो की पल-पल की निगरानी रखे हुए थे।

# मिमिक्री आर्टिस्ट जय विजय सचान ने किया मतदान

अवधनामा संवाददाता




**हमीरपुर।** पंचम चरण के मतदान में अपने जनपद हमीरपुर आ कर मतदेय स्थल संख्या 94 आर्य समाज महर्षि दयानंद विद्यालय हमीरपुर में मतदान किया। सर्वप्रथम बूथ के बाहर स्वीप नोडल अधिकारी चन्द्रशेखर शुक्ला मुख्य विकास अधिकारी और बूथ के बीएलओ अकबर अली ने उन्हें निर्वाचन आयोग द्वारा जारी मतदाता पहचान पत्र व बुकें दिया। इसके बाद अपने मतदान स्थल 94 पर जाकर वोटिंग की। बाहर आकर मतदाताओं को जल्द से जल्द बूथ पर आने के लिए अपील करते हुए पैदल चलकर मतदान हेतु जागरूक किया तथा अपने मुहल्ले के मित्रो साथ सेल्फी भी ली। इनके द्वारा पहले भी हमीरपुर के मतदाताओ को जागरूक करने हेतु अपील जारी की गयी। जय विजय सचान ने बताया कि उनके बीएलओ अकबर अली ने उनसे मतदान हेतु अपने बूथ पर जनपद आकर मतदान की अपील की गयी थी जिससे मतदाताओं मे उत्साह आए तथा मतदान प्रतिशत बढ़े। जिसके क्रम में कल आगरा शो से वह सीधे हमीरपुर मतदान करने आए हैं। उन्हे अपने जनपद आकर व मतदान कर बहुत खुशी हो रही है। इसके लिए वह हमीरपुर जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल पाण्डेय को तहेदिल से धन्यवाद देते हैं। इस अवसर पर आलोक सिंह जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं अजीत कुमार श्रीवास्तव जिला विकास अधिकारी हमीरपुर उपस्थित रहे।

# मेरा सोनभद्र मेरी शान, 1 जून को करे मतदान

अवधनामा ब्यूरो




**सोनभद्र।** सोमवार स्वीप 2024 के अंतर्गत जिला निर्वाचन अधिकारी / जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह के निर्देशानुसार मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन विकासखंड दुद्धी में किया गया। आज के इस आयोजन में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज दुद्धी,सोनांचल इंटर कॉलेज दुद्धी एवं राजकीय इंटर कॉलेज दुद्धी के छात्र-छात्राओं द्वारा संयुक्त रूप से मतदाता जागरूकता संबंधी बैनरो व पोस्टर सहित प्रतिभाग किया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम उप जिला अधिकारी दुद्धी सुरेश राय ने उपस्थित शिक्षक शिक्षिकाओ, बच्चों व जन मानस को मतदान हेतु शपथ दिलाई तत्पश्चात उप जिला अधिकारी एवं जिला विद्यालय निरीक्षक द्वय द्वारा हरी झंडी दिखाकर मतदाता जागरूकता रैली को राजकीय बालिका इंटर कॉलेज परिसर से रवाना किया गया। लोकसभा चुनाव में जनमानस को मतदान हेतु जागरूक करने के उद्देश्य से रैली म्योरपुर मोड ,रामलीला मैदान व मुख्य मार्गो से सोनभद्र हमारी शान है,1 जून को मतदान है, उम्र 18 पूरी है मतदान देना जरूरी है,, सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो, जैसे नारों सहित जीजीआईसी ओबरा की शिक्षिका पूनम मैम के मतदान संबंधी गीतों से दुद्धी नगर की गलियां गूंजायमान रही। इस कार्यक्रम में जीजीआईसी प्रधानाचार्या डॉ श्वेता सिंह सहित संगीता सिंह, डॉ रितिका श्रीवास्तव, डॉ दिव्या राय, रचना , शोभा यादव, डॉ प्रीति शर्मा, वर्षा के साथ सोनांचल इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य राजेश्वर श्रीवास्तव, जगत नारायण यादव, आदर्श तिवारी , विजय शंकर , कृपा शंकर सहित जीआईसी दुद्धी के प्रधानाचार्य अजय सिंह , संजीव गुप्ता, विनय वर्मा, फैजान, संजय पटेल ,डॉ अनिल प्रजापति के साथ खंड शिक्षा अधिकारी महेंद्र मौर्य के निर्देशन पर बेसिक शिक्षा विभाग से संतोष सिंह , राम रक्षा (स्काउट शिक्षक), टीएससीटी नोडल प्रवीण द्विवेदी, श्याम बिहारी , लोकपति वर्मा एवं स्वीप नोडल शिक्षक आनंद त्रिपाठी ने अपनी उपस्थिति व सहयोग से कार्यक्रम को सफल बनाया।

# ईवीएम कमिशनिंग व्यवस्था हेतु अधिकारियों/कर्मचारियों की ली जानकारी

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** ई.वी.एम. कमिशनिंग व्यवस्था हेतु अधिकारियों/ कर्मचारियों की गयी नियुक्ति, बिना पास के कमिशनिंग हॉल में प्रवेश पूर्णत रहेगा निषेध- जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी वही जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने आज कलेक्ट्रेट परिसर में स्थापित ई.वी.एम. कमिशनिंग व्यवस्था का जायजा लिया, इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उ.प्र. लखनऊ के निर्देशानुसार लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 एवं 403-दुद्धी (अ.ज.जा.) विधानसभा उप निर्वाचन-2024 के लिए कार्यक्रम निर्गत किया गया, जिसका अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित कराया जाये, 80-राबर्टसगंज (अ.जा.) लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र एवं 403-दुद्धी (अ.ज.जा.) विधानसभा उप निर्वाचन-2024 के मतदान 01 जून 2024 को होना सुनिश्चित है उक्त के दृष्टिगत भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार ई.वी.एम. एवं वी.वी.पैट मशीनों को तैयार कराये जाने (कमिशनिंग) का कार्य 21 मई 2024 से कलेक्ट्रेट कैम्पस में प्रारम्भ किया जायेगा, जिसके लिए कलेक्ट्रेट कैम्पस के अन्दर शांति व्यवस्था सुनिश्चित कराने हेतु मजिस्ट्रेट तैनात किये गये हैं, अनिकेत त्रिपाठी राज्य कर अधिकारी मो. नं.-7235 003511 को कलेक्ट्रेट कैम्पस में जिलाधिकारी न्यायालय कक्ष के सामने व बद्री विशाल सिंह राज्य कर अधिकारी मो. नं.-8318716235 को चारों विधानसभाओं के कमिशनिंग हॉल की व्यवस्था हेतु मजिस्ट्रेट नियुक्त करते हुए ई.वी.एम. कमिशनिंग के दौरान निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया है।

निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि बीईएल इजीनियरों के परामर्श से उपर्युक्त हॉल में प्रत्येक एसएलयू के लिए एक टीवी मॉनिटर स्थापित किया जाय ताकि उम्मीदवार/ उनके प्रतिनिधि साथ-साथ एक ही समय में मशीनों की तैयारी की प्रक्रिया को देख सकें। कमिशनिंग हॉल को किसी भी इलेक्ट्रानिक घटक या डिवाइस से मुक्त रखा जायेगा, हॉल में सुरक्षा को पूरी तरह से सुनिश्चित करने के लिए एकल प्रवेश और निकास स्थल हो तथा 24म7 सीसीटीवी कवरेज के साथ सशस्त्र पुलिस द्वारा चौबीस घंटे सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाये, हॉल में प्रवेश करने वाले समस्त व्यक्ति का पहचान पत्र प्राधिकृत अधिकारी द्वारा जारी हो तथा प्रवेश करने वाले मेटल डिटेक्टर वाले दरवाजे से होकर प्रवेश करेगें, प्रत्येक प्रवेश पर उचित तलाशी की जायेगी तथा किसी भी व्यक्ति को हॉल के अंदर प्रवेश करने पर किसी भी इलेक्ट्रानिक उपकरण/डिवाइस को ले जाने की अनुमति नहीं होगी और न ही किसी को हॉल से कुछ बाहर ले जाने की अनुमति होगी, कमिशनिंग हॉल की वीडियोग्राफी की जायेगी। लोकसभा सामान्य निर्वाचन एवं 403-दुद्धी (अ.ज.जा.) विधानसभा उप निर्वाचन-2024 में प्रयुक्त होने वाली ई.वी.एम. मशीनों की कमिशनिंग सम्बन्धित ए.आर.ओ. करायेगें, अभ्यर्थी तथा उनके अभिकर्ताओं के वोटिंग मशीन की कमिशनिंग की प्रकिया सम्बन्धित आर.ओ. या ए.आर.ओ. के द्वारा विस्तृत रूप से बतायी जायेगी।

# बालिकाओं को सशक्त बनाने की अनुकरणीय पहल है, विंध्याचल का जेम प्रोग्राम

अवधनामा संवाददाता

- ग्रामीण बालिकाओं को इस अभियान से मिलेगा उचित मंचः समीर शर्मा
- कलेक्टर ने किया विंध्याचल बालिका सशक्तीकरण अभियान, 2024 सपनों की उड़ान का शुभारंभ




**सोनभद्र/विंध्यनगर।** बालिकाओं ने प्रस्तुत किये आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम, अभिवावकों एवं दर्शकों ने सराहा ग्रामीण बालिकाओं को सशक्त एवं शिक्षित बनाने के लिए एनटीपीसी विंध्याचल परियोजना द्वारा आयोजित किया जाने वाला बालिका सशक्तिकरण अभियान अनुकरणीय पहल है। इस अभियान के माध्यम से ग्रामीण बालिकाएँ शिक्षित होंगी वहीं उन्हें आत्मनिर्भर बनाने मे यह अभियान सहयोगी बनेगा। उक्त बातें जिले के कलेक्टर चंद्रशेखर शुक्ला ने कही। कलेक्टर आज एनटीपीसी विंध्याचल परियोजना के मैत्री सभागार में बालिका सशक्तिकरण अभियान जेम के शुभारंभ अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। शुक्ला ने कहा कि इस अभियान के माध्यम से ग्रामीण बालिकाओं की प्रतिभा को नई उचाइयाँ मिलेंगी और वह अपने सपनों को साकार कर सकेंगी। कलेक्टर ने कहा कि जैसा कि जानकारी दी गई कि इस अभियान के माध्यम से एनटीपीसी विंध्याचल द्वारा अब तक ग्रामीण क्षेत्र के शासकीय विद्यालयों की पाँचवी पास तकरीबन 7000 बालिकाओं को इस अभियान के माध्यम से सशक्त एवं शिक्षित बनाने का कार्य किया और यह अभियान विंध्याचल परियोजना मे वर्ष 2018 से प्रतिवर्ष चलाया जा रहा है। कलेक्टर ने कहा कि सपने देखना हर व्यक्ति का कार्य है और हर देखा गया सपना पूरा नहीं होता परंतु मेहनत और लगन से किए जाने वाले कार्य से देखे गये सपने पूरे होते है। कलेक्टर ने कहा कि विंध्याचल बालिका सशक्तिकरण अभियान 2024 के माध्यम से ग्रामीण बालिकाओं में सपनों के पंख लगाकर उन्हे पूरा करने का हौसला प्रदान कर रही है , जो सराहनीय है। इस दौरान कलेक्टर ने केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा बालिकों एवं महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए चलाई जा रही लाड़ली लक्ष्मी योजना एवं लाड़ली बहना योजना का भी जिक्र किया। कार्यक्रम में उपस्थित विशिष्ट अतिथि विंध्याचल परियोजना के मुख्य महाप्रबंधक(प्रचालन एवं अनुरक्षण) समीर शर्मा नें अपने उद्बोधन में बालिका सशक्तिकरण अभियान, 2024 की सफलता की शुभकामनाएँ देते हये कहा कि इस अभियान के माध्यम से ग्रामीण बालिकाओं को हौसले का उचित मंच मिलेगा, जिससे वे अपने सपनों को पूरा करने में सफल होंगी। इससे पूर्व कार्यक्रम के उदघाटन अवसर पर मुख्य अतिथि कलेक्टर , चन्द्रशेखर शुक्ला, विशिष्ट अतिथि मुख्य मुख्य महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) समीर शर्मा एवं अन्य अतिथियों ने द्वीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में स्वागत उद्बोधन विंध्याचल के मानव संसाधन प्रमुख राकेश अरोड़ा नें देते हुये बताया कि बालिका सशक्तिकरण अभियान एनटीपीसी विंध्याचल का पायलेट प्रोजेक्ट था जिसकी शुरुआत वर्ष 2018 में एनटीपीसी विंध्याचल परियोजना से की गई थी और इसकी सफलता को देखते हुये इस अभियान को एनटीपीसी के सभी परियोजनाओं में संचालित किया जा रहा है। उन्होनें बताया कि इस अभियान के लिए इस वर्ष परियोजना के आसी-पास के 18 शासकीय विद्यालयों की पाँचवी पास 120 बच्चियो को चयनित किया गया है, जिन्हें 4 सप्ताह का आवासीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। अरोड़ा ने बताया कि इन बच्चियों में से सर्वश्रेष्ठ 10 बच्चियों का चयन कर 5 बच्चियों को परियोजना के डीपीएस एवं 5 बच्चियों को डी-पॉल विद्यालयों में प्रवेश दिलाया जाता है और इन बच्चियों की सारी व्यवस्थाएँ एनटीपीसी प्रबंधन द्वारा मुहैया कराई जाती है। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ प्रबन्धक(मानव संसाधन) कामना शर्मा ने किया तथा उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन) प्रणव वर्मा ने मुख्य अतिथि कलेक्टर एवं अन्य अतिथियों का आभार ज्ञपित किया। कार्यक्रम के दौरान पूर्व वर्ष की जेम अभियान की ग्रामीण बच्चियों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियाँ दी गई जिसे मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों द्वारा सराहा गया।

# रोड नहीं तो वोट नहीं के चलते मतदान का किया बहिष्कार



अवधनामा संवाददाता

**हमीरपुर।** कुरारा विकास खंड क्षेत्र के जलाला ग्राम पंचायत के मजरा जमरेही तीरके ग्रामीणों ने रोड नही तो वोट नहीं के चलते दोपहर तक मतदान का बहिष्कार किया। जानकारी मिलने पर ब्लाक प्रमुख व चेयरमैन हमीरपुर ने मौके पर जाकर ग्रामीणों से वार्ता कर मतदान करने के लिए तैयार किया। दोपहर से मतदान शुरू किया।क्षेत्र के जलाला भटपुरा गांव के मजरा जमरेही तीर के ग्रामीणों का मतदान केन्द्र भोली गांव के बूथ में है। इस मजरा में साढ़े तीन सौ मतदाता है। इस मजरा तक आवागमन के लिए सड़क नहीं है। जिससे ग्रामीणों को आवागमन में समस्या का सामना करना पड़ता है। आज मतदान के दिन ग्रामीणों ने मतदान का बहिष्कार किया। तथा रोड नही तो वोट नहीं का नारा दिया। इसकी जानकारी मिलते ही ब्लाक प्रमुख आशीष पालीवाल व चेयरमैन हमीरपुर कुलदीप निषाद के साथ गांव पहुंचे तथा ग्रामीणों से वार्ता कर सड़क बनवाने का आश्वासन दिया। तब सब ग्रामीण मतदान करने को तैयार हुए।तब बारह बजे के बाद ग्रामीणों ने बूथ पर जाकर मतदान किया।

# हिण्डाल्को सीएसआर ने वितरित किया प्रशिक्षण किट व सिलाई मशीन

अवधनामा संवाददाता



**सोनभद्र/रेणुकूट।** हिण्डाल्को द्वारा रीप्रिज़्म के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर अपने विनिर्माण को उत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। इसी क्रम में हिण्डाल्को, रेणुकूट ग्रामीण विकास विभाग (सी.एस.आर.) द्वारा क्लब हिण्डाल्को, रेणुकूट परिसर में कौशल विकास एवं आजीविका संवर्धन पर आधारित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

प्रारंभ में कार्यक्रम में उपस्थित सभी को हिण्डाल्को ग्रामीण विकास विभाग द्वारा रेणुकूट में संचालित कौशल विकास कार्यक्रमों की प्रगति के बारे में अवगत कराया गया। विगत वित्त वर्ष में रेणुकूट में संचालित दो प्रशिक्षण केन्द्रों से कुल 105 प्रशिक्षुओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया था जिसमें कम्प्यूटर टेऊ्ड में 45, सिलाई टेऊ्ड में 30 एवं ब्यूटी पार्लर टेऊ्ड में 30 प्रशिक्षु शामिल हैं। वर्तमान वित्त वर्ष में उपरोक्त प्रशिक्षण टेऊ्ड में कुल 112 प्रशिक्षु प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।

इसके पश्चात् हिण्डाल्को संस्थान के ग्रामीण विकास विभाग में सामयिक अध्ययन करने के लिए आये महाविद्यालयीन छात्राएं तनिष्का एवं साक्षी ने महिला सशक्तिकरण पर आधारित लघु नाटिका प्रस्तुत किया जिसमें हिण्डाल्को सी.एस.आर. द्वारा महिलाओं के सर्वांगीण विकास के लिए संचालित विभिन्न कार्यक्रमों के साथ कौशल विकास प्रशिक्षण के बारे में प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर हिण्डाल्को के मुखिया एन. नागेश ने प्रशिक्षुओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आजीविका संवर्धन के क्षेत्र में सी.एस.आर. द्वारा आयोजित कौशल विकास प्रशिक्षण एवं उद्यमिता विकास कार्यक्रमों का महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। हिण्डाल्को के क्लस्टर एच.आर. हेड जसबीर सिंह ने अपने उद्बोधन में सभी प्रशिक्षुओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि सी.एस.आर. टीम लगातार महिलाओं के उद्यमिता विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है एवं कौशल विकास के द्वारा महिलाओं एवं युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने में महती योगदान दे रही है। कार्यक्रम में एन. नागेश एवं जसबीर सिंह तथा सीएसआर प्रमुख अविजित ने विगत वर्ष कौशल विकास प्रशिक्षण प्राप्त चुके 105 प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र वितरित किया तथा 112 नवप्रवेशी प्रशिक्षुओं को विभिन्न टेऊ्ड के अनुसार प्रशिक्षण किट प्रदान किया।

## आयोजित हुई जनसभा



**जयसिंह पुर, सुल्तानपुर।** भाजपा की मौजूदा सांसद व लोकसभा सुल्तानपुर से भाजपा प्रत्याशी मेनका संजय गांधी के पक्ष में परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह की हजारों की भीड़ को सम्बोधित करते हुए धर्मेंद्र सिंह के निवेदन पर सेमरी मार्केट में बसअड्डा बनाने की घोषणा की। वर्तमान सांसद और प्रत्याशी भाजपा माननीय मेनका गांधी जी धर्मेंद्र सिंह की प्रशंसा करते हुए कहा की इतनी भीड़ मुख्यमंत्री की सभा में होती है।विधायक राजबाबू उपाध्याय ने कहा कार्यक्रम समय से 1 घंटा पहले होने पर भी हजारों की संख्या में लोग आए हैं ।में धर्मेंद्र सिंह जी की भूरि भूरि प्रशंसा करता हूँ। जिलाअध्यक्ष डॉ आर ए वर्मा जी ने कहा धर्मेंद्र सिंह से ने ऐसा कार्यक्रम करके इस क्षेत्र में एक इतिहास बनाया है,मै उनको साधुवाद देता हूँ। इस ऐतिहासिक मौके पर विनय सोनी,डॉ अखिलेश सिंह, पंकज सिंह प्रधान दिनेश दूबे गायक, आदित्य तिवारी, शुभम सिंह, पवन प्रधान, संतोष सिंह मास्टर आदि लोगो की उपस्थिति रही।

# तीन करोड़ गरीबों को मिलेगा आवास : केशव

- डिप्टी सीएम केशव बोले, सपा, कांग्रेस का होगा सफाया

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** यूपी के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि देश के तीसरी बार नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। पीएम बनते ही तीन करोड़ गरीबों को आवास देंगे। समाजवादी पार्टी और कांग्रेस का सफाया होगा। डिप्टी सीएम एनडीए के उम्मीदवार रिंकी कोल के समर्थन में गोविंद सिंह महाविद्यालय खजूरी में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे है।

उन्होंने कहा कि भाजपा कन्नौज और रायबरेली में भी जीत हासिल करने जा रही है, अबकी बार 400 से पार एनडीए को सीट मिल रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यो से विपक्षी पार्टियां घबरा गई है। कहा सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के निमंत्रण को ठुकरा दिया और शामिल नहीं हुए। डिप्टी सीएम ने कहा कि भाजपा सरकार में अपराधियों का सफाया किया जा रहा है, जबकि सपा सरकारों में गुंडों और माफियाओं को पनाह दिया जाता था। उन्होने कहा लोकसभा चुनाव एक तरफ दुनिया और देश का डंका बजाने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी है तो दुसरी तरफ गण्डे माफिया और भ्रष्टाचारियों का गिरोह है। कहा कि एक ओर उज्जवल भविष्य के हर पथ के कांटे बूनने वाले और देश का नाम ऊंचा करने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं तो वहीं दूसरी ओर पूरा विपक्ष 2024 में उन्हें प्रधानमंत्री नहीं रहने देना चाहता। आज पूरा देश मोदी के साथ खड़ा है। जब सपा, बसपा और कांग्रेस सरकार थी तब इन्होंने कभी फ्री राशन नहीं दिया आज कहते हैं कि 10 किलो राशन देंगे, उस 10 किलो राशन में से आठ किलो यही लोग खा जाएंगे, जैसा कि पहले होता था। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि मोदी जी ने कहा है ना खाऊंगा और ना खाने दूंगा। मोदी जी सुरक्षा और विकास की गारंटी है। मोदी जी ने राम मंदिर बनवाया, कांग्रेस के समय लगाए गए 370 जैसे कानून से मोदी ने मुक्ति दिलाई। अब जल्द ही काशी और मथुरा को भी न्याय मिलेगा। इसलिए आप सभी को 370 वोट हर बूथ पर बढ़ाना होगा। योगी सरकार में माफिया और गुंडा समाप्त हो गए हैं। उनका घर अब जेल हो चुका है। सपा सरकार में गुंडा माफियाओं का बोलबाला था। सपा अब समाप्तवादी पार्टी बनकर रह गई है। सभा मे एनडीए प्रत्याशी रिंकी कोल व दुद्धी विधानसभा उपचुनाव के प्रत्याशी श्रवण सिंह गोंड को भारी मतों से जीताने की अपिल किया। कार्यक्रम कि अध्यक्षता करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष नन्द लाल जी ने मुख्यअतिथि को पुष्पगुच्छ व अंगवस्त्र से स्वागत किया। सभा को मुख्यरुप से कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल, राज्यसभा सांसद रामशकल, पकौडी कोल, भूपेश चौबे, अनिल कुमार मौर्या, कैलास खरवार ने भी संबोधित किया। सभा मे मुख्यरुप से लोकसभा प्रभारी रामप्रकाश दूबे, जिला प्रभारी अनिल सिंह, लोकसभा संयोजक अमरेश पटेल, अपना दल जिलाध्यक्ष सत्यनारायण पटेल, पूर्व जिलाध्यक्ष धर्मवीर तिवारी, घोरावल प्रभारी विद्याधर तिवारी, विधानसभा संयोजक कैलास बैसवार, सुभासपा जिलाध्यक्ष मनोज पाण्डेय, निषाद पार्टी के जिलाध्यक्ष अनिकेत निषाद, विस्तारक सागरमणी, अजीत रावत, दीपक पटेल, जिला मिडिया प्रभारी अनूप तिवारी सहित हजारों की संख्या मे आमजनमानस मौजूद रहे।

# इंडी गठबंधन के किसी भी घटक दल की निष्ठा भारत में नहीं

## प्रभु की कृपा, मोदी का नाम और जमीन पर हमारे काम की बदौलत जनता दे रही परिणामः मुख्यमंत्री योगी

अवधनामा ब्यूरो

**कुरुक्षेत्र (हरियाणा) लखनऊ।** हरियाणा के चुनावी समर में उतरे भाजपा के स्टार प्रचारक व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को कांग्रेस की नीतियों पर खूब फायर रहे। उन्होंने कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार नवीन जिंदल के पक्ष में न्यू अनाज मंडी में विजय संकल्प रैली की। योगी ने कुरुक्षेत्र की धरा को प्रणाम किया। फिर बोले कि कमल के फूल पर बटन दबाकर 'अबकी बार-400 पार' और 'फिर एक बार मोदी सरकार' बनाना है। अयोध्या का जिक्र कर मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने रात-रात भर जगकर अयोध्या को अयोध्या बनाया है। आजाद भारत की पहली सरकार है, जिसने आस्था को सम्मान दिया है।



- कांग्रेस शासन में सुबह की शुरुआत घोटाले और शाम का अंत आतंकी हमलों से होता थाः मुख्यमंत्री
- मुख्यमंत्री योगी ने कुरुक्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार नवीन जिंदल के लिए की विजय संकल्प रैली
- आज यूपी में 14सीटों पर चुनाव हो रहा, सभी भाजपा जीत रही, इसलिए मैं हरियाणा प्रचार करने आया हूं

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 25 करोड़ के यूपी में पहले सरकार कमजोर और माफिया हावी थे। उनकी समानांतर हुकूमत चलती थी। आज हमने सभी अपराधियों व माफिया को जहन्नुम में पहुंचा दिया। उनका राम नाम सत्य हो गया। यूपी में बेटी-व्यापारी की सुरक्षा से खिलवाड़ करने वालों के लिए जेल नहीं, जहन्नुम के रास्ते खुले हैं। यूपी में आज 14 सीटों पर चुनाव हो रहा है। मुझे पता है कि सभी सीटें हमारे पास आनी है, इसलिए मैं हरियाणा प्रचार करने आया हूं। प्रभु की कृपा, मोदी का नाम और जमीन पर हमारे काम की बदौलत जनता परिणाम दे रही है।

इंडी गठबंधन पर बरसे योगी ने कहा कि इनके लिए चुनाव सत्ता प्राप्त का माध्यम है। इंडी गठबंधन से जुड़े सभी घटक के कारनामों को आप जानते हैं। पंजाब में आम आदमी पार्टी आपस में लड़ रही है। बिहार में राजद, यूपी में सपा, महाराष्ट्र और साउथ के पार्टनर की निष्ठा भारत के प्रति नहीं है। बल्कि आपस में लड़ाकर फूट डालो और राज करो की नीति पर विश्वास करते हैं।

### जेब और घर पर लहरा सके तिरंगा, जिंदल ने सुप्रीम कोर्ट तक लड़ी थी लड़ाई

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ब्रह्म सरोवर में तिरंगा लहरा रहा है। यह तिरंगा जेब और घर पर शान से लगा सकें, इसकी लड़ाई नवीन जिंदल ने सांसद बनने के पहले सुप्रीम कोर्ट तक लड़ी थी। इन्होंने कहा था कि भारत के आन-मान-शान के प्रतीक राष्ट्रीय चिह्न को लगाने का अधिकार हमें मिलना चाहिए, जिससे गर्व से कह सकें कि हम भारतीय हैं। राष्ट्रीय चिह्न के लिए लड़ी गई लड़ाई अभिनंदनीय थी। जब भारत के स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूर्ण हो रहे थे तो मोदी जी ने वही तिरंगा हर घर में फहराने का कार्य किया था, लेकिन 2004 में नवीन जिंदल ने इस लड़ाई की शुरुआत कर विजयश्री प्राप्त की थी। बाबा विश्वनाथ धाम को सजाने और वहां के घाटों के सुंदरीकरण में यह परिवार योगदान दे रहा है।



पूर्व राज्यपाल तथा वरिष्ठ भाजपा नेता राम नाईक ने अपने मतदान केंद्र पर सबसे पहले जाकर मतदान किया। संयोग वश इसी मतदान केंद्र में मतदान के लिए उबाठा शिवसेना के उम्मीदवार अमोल कीर्तिकर भी पहुंचे। दोनों ने एक दूसरे से मिलकर पत्रकारों को एक साथ छायाचित्र दिया

# सपा की साइकिल की हवा पूरी तरह निकल गईः पाठक

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने संतकबीरनगर जिले के धनघटा विधानसभा क्षेत्र के देबरी चौराहा के बगल में स्थित ग्राउंड में एक बड़ी जनसभा को संबोधित किया। उनके साथ कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी की साइकिल की हवा पूरी तरह निकल गई है। सपा की अराजकता, गुंडागर्दी और भ्रष्टाचार की जनता स्थाई रूप से विदाई कर चुकी है। अब उसकी वापसी संभव नहीं है। कमल खिल चुका है, मोदी जी तीसरी बार जनता



के आशीर्वाद से प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। 4 जून को एनडीए की सीटें 400 पार होने जा रही है।

श्री पाठक ने कहा कि मोदी सरकार ने देश में गरीब कल्याण योजना के माध्यम से गरीबों को ऊपर उठाने का काम किया। गरीबों को पक्का मकान दिया। देश के चार करोड़ लोगों को पक्का मकान देने का काम किया है।

# अब देश और प्रदेश के लोगों का मोदी की गारंटी पर नहीं रहा भरोसा

- प्रदेश की जनता अब भाजपा के झूठे वादों और जुमलों में नहीं आने वाली

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** पांचवें चरण के मतदान के बाद कांग्रेस ने कहा कि जिस तरह देश-प्रदेश की जनता ने इंडिया गठबंधन को अपना प्यार और समर्थन दिया है, इससे निश्चित तौर पर देश में इंडिया गठबंधन की सरकार बनने जा रही है। देश और प्रदेश की जनता ने पिछले 10 साल की भारतीय जनता पार्टी और नरेन्द्र मोदी की नीतियों और गारंटियों को नकार इंडिया गठबंधन को अपना प्यार और समर्थन दिया है। प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग



के चेयरमैन डॉ. सी.पी. राय ने कहा कि अब देश और प्रदेश के किसान, मजदूर, युवा, महिलाओं का भरोसा मोदी की गारंटी पर नहीं रहा। क्योंकि सरकार पिछले 10 सालों में युवाओं को प्रतिवर्ष 2 करोड़ रोजगार, किसानों की आय दोगुनी करने का वादा और महंगाई पर अंकुश लगाने में विफल साबित रही है। डॉ. राय ने कहा कि आज प्रदेश की 14 लोकसभा सीटों पर चुनाव सम्पन्न हो गये और 9 सीटों पर इंडिया गठबंधन जीत हासिल कर भाजपा को करारी शिकस्त देगा।

अन्य सीटों पर भी कांटे की टक्कर है और आगे के चरणों के चुनाव में भी प्रदेश की जनता महंगाई, बेरोजगारी के खिलाफ वोट की चोट करते हुए इंडिया गठबंधन को अपना प्यार और समर्थन देने जा रही है। प्रदेश की जनता अब भाजपा के झूठे वादों और जुमलों में नहीं आने वाली है। अब वह कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे और जननायक राहुल गांधी व कांग्रेस के घोषणा पत्र न्याय पत्र की 5 गारंटी और 25 न्याय पर भरोसा जताते हुए मतदान कर रही है।

## 1730 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित

**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। 16 मार्च, 2024 को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता प्रभावी है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में पुलिस, आयकर, आबकारी, नार्कोटिक्स एवं अन्य विभागों द्वारा कार्यवाही की जा रही है। सघन जॉच के लिए 464 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट तथा 1730 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित हैं। 16 मार्च से 19 मई, 2024 तक पुलिस विभाग द्वारा अपराधिक व्यक्तियों के 537 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किये गये। 4765 लाइसेंसी शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर जमा कराये गये।

## प्रवास कार्यक्रम

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार 21 मई 2024, को प्रयागराज व वाराणसी के प्रवास पर रहेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दोपहर 01:30 बजे परेड ग्राउण्ड, प्रयागराज में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके पश्चात सायं 05:30 बजे सम्पूर्णानंद विश्वविद्यालय का खेल मैदान, वाराणसी में आयोजित महिला सम्मेलन को संबोधित करेंगे।

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार 21 मई 2024, को बलरामपुर, सिद्धार्थनगर, संतकबीरनगर, बस्ती, आजमगढ़ व वाराणसी के प्रवास पर रहेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सुबह 10:30 बजे कोहरगड्डी बांध के अंदर की खाली भूमि में, गैसड़ी, बलरामपुर में श्रावस्ती लोकसभा में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे तथा सुबह 11:50 बजे राजकीय कन्या इंटर कॉलेज, डुमरियागंज, सिद्धार्थनगर में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके पश्चात दोपहर 01 बजे प्रेमलता महाविद्यालय अछिया मेंहदावल, संतकबीरनगर में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे तथा दोपहर 02:05 बजे जनता इंटर कॉलेज नगर बाजार, महादेवा, बस्ती में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दोपहर 03:25 बजे नवोदय विद्यालय के सामने संजय अग्रवाल के खेत में मेहनाजपुर, जीयनपुर, सगड़ी, आजमगढ़ में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे तथा सायं 05:30 बजे सम्पूर्णानंद विश्वविद्यालय का खेल मैदान, वाराणसी में आयोजित महिला सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ सम्मिलित रहेंगे।

### राष्ट्रीय महामंत्री अरूण सिंह

**लखनऊ।** राष्ट्रीय महामंत्री अरूण सिंह मंगलवार 21 मई 2024, को सोनभद्र के प्रवास पर रहेंगे। राष्ट्रीय महामंत्री अरूण सिंह दोपहर 01 बजे हरसेवानंद महाविद्यालय चुर्क, राबर्टसगंज, सोनभद्र में आयोजित युवा मोर्चा को संबोधित करेंगे।

### राष्ट्रीय महामंत्री राधामोहन दास अग्रवाल

**लखनऊ।** राष्ट्रीय महामंत्री राधामोहन दास अग्रवाल मंगलवार 21 मई 2024, को प्रयागराज के प्रवास पर रहेंगे। राधामोहन दास अग्रवाल प्रयागराज में जनसम्पर्क करेंगे।

### भाजपा प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह

**लखनऊ।** भाजपा प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह मंगलवार 21 मई 2024 को गोरखपुर, कुशीनगर व देवरिया के प्रवास पर रहेंगे। भाजपा प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह सुबह 10 बजे क्षेत्रीय कार्यालय गोरखपुर तथा दोपहर 02:30 बजे कुशीनगर में आयोजित संगठनात्मक बैठकों में मार्गदर्शन करेंगे। इसके पश्चात् सायं 4:30 बजे रेनूका इन होटल सिविल लाइन, देवरिया में आयोजित संगठनात्मक बैठकों में मार्गदर्शन करेंगे।

### उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य

**लखनऊ।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य मंगलवार 21 मई को प्रयागराज के प्रवास पर रहेंगे। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य दोपहर 01:30 बजे परेड ग्राउण्ड, प्रयागराज में आयोजित विशाल जनसभा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ सम्मिलित होंगे।

### उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक

**लखनऊ।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक मंगलवार 21 मई को प्रतापगढ़ व जौनपुर के प्रवास पर रहेंगे। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक दोपहर 12:35 बजे लक्षीपुर बाजार माल्ती देवी की जमीन पर, प्रतापगढ़ में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके पश्चात दोपहर 02 बजे राजा हरपाल इंटर कॉलेज, बदलापुर, जौनपुर में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे।

### केन्द्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल

**लखनऊ।** केन्द्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल मंगलवार 21 मई 2024, को प्रयागराज के प्रवास पर रहेंगी। केन्द्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल दोपहर 01:30 बजे परेड ग्राउण्ड, प्रयागराज में आयोजित विशाल जनसभा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ सम्मिलित रहेंगी।

### अनुसूचित मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालसिंह आर्य

**लखनऊ।** अनुसूचित मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य मंगलवार 21 मई को गाजीपुर के प्रवास पर रहेंगे। लाल सिंह आर्य सुबह 11 बजे अभय कोल्ड स्टोरेज बद्दूपुर, गाजीपुर में आयोजित अनुसूचित जाति व जनजाति मोर्चा को संबोधित करेंगे।

### मंत्री ओमप्रकाश राजभर

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार में मंत्री ओमप्रकाश राजभर मंगलवार 21 मई को बलिया व देवरिया के प्रवास पर रहेंगे। प्रदेश सरकार में मंत्री ओमप्रकाश राजभर सुबह 11 बजे जमुना प्रसाद इंटर कॉलेज विद्या भवन, नारायणपुर बांसडीह, बलिया तथा दोपहर 12:25 बजे सुरौली मझगवां, देवरिया में आयोजित जनसभाओं को सम्बोधित करेंगे। इसके पश्चात दोहपर 01:45 बजे गांधी इंटर कॉलेज, सिकन्दपुर, बलिया तथा दोपहर 03:05 बजे गौरीशंकर राय महाविद्यालय करनई, फेंफना, बलिया में आयाजित जनसभाओं को संबोधित करेंगे।

### मंत्री डा. संजय निषाद

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार में मंत्री डा. संजय निषाद मंगलवार 21 मई को, प्रयागराज के प्रवास पर रहेंगे। प्रदेश सरकार में मंत्री डा. संजय निषाद दोपहर 01:30 बजे परेड ग्राउण्ड, प्रयागराज में आयोजित विशाल जनसभा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ सम्मिलित रहेंगे।

### मंत्री धर्मवीर प्रजापति

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार में मंत्री धर्मवीर प्रजापति मंगलवार 21 मई को, प्रयागराज के प्रवास पर रहेंगे। प्रदेश सरकार में मंत्री धर्मवीर प्रजापति दोपहर 01:30 बजे परेड ग्राउण्ड, प्रयागराज में आयोजित विशाल जनसभा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ सम्मिलित रहेंगे।

### मंत्री एके शर्मा

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार में मंत्री एके शर्मा मंगलवार 21 मई को, प्रयागराज के प्रवास पर रहेंगे तथा प्रयागराज में जनसम्पर्क करेंगे।

### मंत्री असीम अरूण

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार में मंत्री असीम अरूण मंगलवार 21 मई को अम्बेडकरनगर के प्रवास पर रहेंगे तथा अम्बेडकर नगर में जनसम्पर्क करेंगे।

# हर मतदान केन्द्र पर रेड कारपेट से मतदाताओं का किया गया स्वागत

- लखनऊ विकास प्राधिकरण ने शहर के विभिन्न अपार्टमेण्ट्स व बटलर पैलेस कॉलोनी में मॉडल मतदान केन्द्र बनाये थे

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** अधिक से अधिक मतदान के लिए लखनऊ विकास प्राधिकरण की ओर से पहली बार बहुमंजिला आवासीय इमारतों में बनाये गये मॉडल मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं का उत्साह देखने को मिला। आकर्षक तरीके से सजाये और सुविधाओं से लैस मतदान केन्द्रों पर वोट भी खूब पड़े। प्राधिकरण उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने बताया कि प्राधिकरण ने शहर के विभिन्न अपार्टमेण्ट्स व बटलर पैलेस कॉलोनी में मॉडल मतदान केन्द्र बनाये थे। उन्होंने बताया कि हर मतदान केन्द्र पर रेड कारपेट से मतदाताओं का स्वागत किया गया और मतदान केन्द्रों के प्रवेश द्वारों को फूल-माला व गुब्बारों से सजाया गया था। मतदाताओं को धूप से बचाने के लिए टेण्ट लगा कर शेड की व्यवस्था के साथ ही पुरुष और महिला वोटरों के बैठने के लिए अलग से वेटिंग एरिया बना था, जहां कूलर और पंखे लगे थे। मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं के लिए ठण्डे पानी के साथ ही मट्ठा और लस्सी का वितरण शाम तक हुआ। मतदान के लिए आने वाले वरिष्ठ नागरिकों, मरीजों व गर्भवती महिलाओं की सुविधा के लिए व्हील चेयर व मेडिकल किट की भी



व्यवस्था थी। हर केन्द्र पर खूबसूरत सेल्फी प्वाइंट बने थे, जहां मतदाताओं ने परिजनों व दोस्तों के साथ तस्वीरें खींच इस दिन को यादगार बनाया। डॉ. त्रिपाठी ने बताया कि मतदान केन्द्रों पर उपलब्ध सुविधाओं की मतदाताओं ने जमकर सराहना की और सभी केन्द्रों पर बड़ी संख्या में मतदान हुआ। डॉ. त्रिपाठी ने बताया कि सहारा सिटी होम्स अल्लूनगर डिगरिया में 67.73 प्रतिशत, एल्डिको सिटी मुत्तकीपुर 62.10 प्रतिशत, पारिजात अपार्टमेण्ट विक्रांत खण्ड-3, 73.98 प्रतिशत, ओमेक्स हाईट्स, विभूतिखण्ड में 61.39, एल्डिको एलिगेंस, विभूतिखण्ड में 68, सरयू अपार्टमेण्ट, गोमती नगर विस्तार में 80.99, ओमेगा ग्रीन पार्क, तारा का पुरवा, 70, स्प्रिंग ग्रीन्स अपार्टमेण्ट, अनौरा खुर्द 65.34, आकाश एन्क्लेव, सेक्टर-6 वृंदावन योजना 70.93, सनराइज अपार्टमेण्ट, मानसरोजवर योजना 76, सरयू एन्क्लेव, घुसवल कलां 64, भागीरथी एन्क्लेव, अवध बिहार योजना 67.25, स्मृति अपार्टमेण्ट, कुर्सी रोड 72 प्रतिशत और बटलर पैलेस में सबसे कम 43.39 प्रतिशत मतदान हुआ।

# कुल 88.82 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग व नकदी जब्त

अवधनामा ब्यूरो


**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी, श्री नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में प्रवर्तन एजेन्सियों व उड़नदस्तों द्वारा अवैध शराब, नकदी आदि की जब्ती संबंधी आयोग के निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 16 मार्च, 2024 को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता प्रभावी है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 01 मार्च से 19 मई, 2024 तक कुल 42918.38 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नकदी आदि जब्त किये गये। इसमें 3431.82 लाख रुपये नकद धनराशि, 5434.31 लाख रुपये कीमत की शराब, 23543.30 लाख रुपये कीमत की ड्रग, 2294.24 लाख रुपये कीमत की बहुमूल्य धातुएं, 5405.26 लाख रुपये कीमत के मुफ्त उपहार एवं 2809.45 लाख रुपये कीमत की अन्य सामग्री जब्त की गयी।

# भाजपा सभी 14 सीटें जीतने जा रही हैः भूपेन्द्र सिंह चौधरी

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने सोमवार को कहा कि पाँचवें चरण में भाजपा सभी 14 सीटें जीतने जा रही है। राहुल गांधी की वापसी का टिकट बन चुका है वे भी पराजित हो चुके हैं। अमेठी में कांग्रेस का इको सिस्टम अब खत्म हो चुका है वहाँ दोबारा कमल खिल रहा है। अमेठी और रायबरेली से जो संदेश जनता ने भाजपा के पक्ष में दिया है उससे यह साफ है कि 4 जून के बाद राहुल बाबा देश में कांग्रेस खोजो यात्रा पर निकलने वाले हैं।

उन्होंने कहा कि पाँचवें चरण का चुनाव संपन्न हो चुका है। इन पाँच चरणों में भाजपा जनता के आशीर्वाद से प्रदेश की सभी 53 सीटें जीत रही है। देश और प्रदेश में भाजपा के पक्ष में जो माहौल बना है उससे यह साफ है कि मोदी जी ही के नेतृत्व में तीसरी बार जनादेश मिल रहा है। जनता जनार्दन ने अब प्रदेश की सभी 80 सीटों पर कमल



खिलाने का स्पष्ट मन बना लिया है। पांचो चरणों में जनता ने विपक्ष का सूपड़ा साफ कर दिया है। उन्होंने कहा कि मोदी जी सभी देशवासियों को अपने परिवार का सदस्य मानते हैं। जनता अपने मोदी जी के साथ खड़ी है। मोदी जी और जनता के बीच का जो गठबंधन है वह अटूट और अजेय है। यही कारण है कि सपा, कांग्रेस और इंडी गठबंधन हताश और निराश है। जनविश्वास खो चुकी सपा और कांग्रेस हताशा और निराशा में है। उनके नेताओं के पास कोई नीति नहीं है। उनकी नीयत में खोट है, उनका केवल एक एजेंडा है वह खुद के परिवार को ही पोषण देना है।

श्री चौधरी ने कहा कि इंडी अलायंस की रैलियों में गुंडों की भीड़ आ रही है, अराजकता का आलम ऐसा है कि युवराज रैलियां नहीं कर पा रहे हैं। आज चुनाव में विपक्ष को बस्ते लगाने के लिए भी कार्यकर्ता नहीं मिले हैं। जनता ने कमल का बटन दबाकर भाजपा को अपना भरपूर समर्थन दिया है। मेरा सभी मतदाताओं और भाजपा कार्यकर्ताओं को नमन है।

## सभी मतदाता बढ़-चढ़कर प्रतिभाग करें

**लखनऊ।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में लोकतंत्र के इस महापर्व पर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा, अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुज कुमार झा, अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी निधि श्रीवास्तव, अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी कुमार विनीत ने पांचवें चरण के मतदान के दिन लखनऊ में अपना अमूल्य मत देकर देश के साथ लोकतंत्र को सशक्त, मजबूत बनाने के कार्य में अपना योगदान दिया।




लखनऊ लोकसभा मतदान में अरमा नर्सिंग होम के द्वारा यूनिटी कॉलेज पूलन स्टेशन पर व्हीलचेयर की सुविधा उपलब्ध कराई गयी

# ईरान के राष्ट्रपति की शहादत पर मजलिस उलमा-ए-हिन्द ने दुख व्यक्त किया

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** ईरान के राष्ट्रपति आयतुल्लाह सैय्यद इब्राहीम रईसी और उनके साथियों की हेलीकाप्टर दुर्घटना में हुई शहादत पर मजलिस उलमा-ए-हिन्द ने गहरा दुख व्यक्त की है। मजलिस उलमा-ए-हिन्द के महासचिव मौलाना कल्बे जव्वाद नकवी ने कहा कि आयतुल्लाह रईसी इमाम रजा के एक गैरतमंद खादिम थे और इमाम रजा के जन्मदिवस पर इमाम की खिदमत में बरियाब हो गये। उनकी सेवाओं को हमेशा याद रखा जाएगा। मौलाना जव्वाद ने कहा कि यह ऐसा हादसा है जिसे भुलाना आसान नहीं है। उनकी शहादत न केवल ईरान बल्कि इस्लामी जगत की एक बड़ी क्षति है। आयतुल्लाह रईसी



और उनके साथ शहीद सभी लोग मिल्लते इस्लामिया का अजीम सरमाया थे, जिनकी शहादत ने पूरी मिल्लत को सोगवार किया है। हम इस हादसे को कभी भुला नहीं पाएंगे। मौलाना ने कहा कि ईरान से इससे पहले भी गंभीर दुर्घटनाओं का सामना किया है और खुदा ने चाहा तो ईरान इससे भी उभरेगा और लगातार तरक्की की राह पर आगे बढ़ता रहेगा। मौलाना कल्बे जव्वाद ने कहा कि इस मुश्किल और गम की घड़ी में हम इमामे जमाना, आयतुल्लाह सैय्यद अली खामेनाई, ईरान, उनके परिवार के सदस्यों और इस्लामी जगत के प्रति संवेदना व्यक्त करते हैं और दुआ करते हैं कि अल्लाह ईरान और शहीदों के परिवार को सब्र अता फरमाये।